I.3.28 यह पाया गया है कि जीवन बीमाकर्ताओं के अधिकांश कार्यालय अर्ध-शहरी कस्बों में स्थित हैं जहाँ की जनसंख्या 10,000 से 99,000 के बीच है। जीवन बीमा कार्यालयों का लगभग 49% इन छोटे शहरों में स्थित हैं। यह तथ्य दोनों निजी क्षेत्र (38.4% कार्यालय अर्ध-शहरी कस्बों में हैं) और सरकारी क्षेत्र के जीवन बीमाकर्ताओं (61.5% कार्यालय अर्ध-शहरी कस्बों में हैं) के लिए एकसमान है। अर्ध-शहरी कस्बों के बाद अधिकांश जीवन बीमा कार्यालय अर्थात 31.8% कार्यालय शहरी क्षेत्रों में हैं जहाँ की जनसंख्या 1,00,000 से 9,99,990 के बीच में है। यह दोनों निजी क्षेत्र (35.2% कार्यालय शहरों में हैं) और सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं (27.6% कार्यालय शहरों में हैं) के लिए लागू है।

सारणी I.20
जीवन कार्यालयों की संख्या
(31 मार्च की स्थिति)

बीमा कर्ता	2007	2008	2009	2010	2011	2012	2013	2014	2015	2016
निजी	3072	6391	8785	8768	8175	7712	6759	6193	6156	6179
एलआईसी	2301	2522	3030	3250	3371	3455	3526	4839	4877	4892
उद्योग	**5373**	**8913**	**11815**	**12018**	**11546**	**11167**	**10285**	**11032**	**11033**	**11071**

टिप्पणी: 1) बीमाकर्ताओं से एक विशेष विवरणी द्वारा डेटा संगृहीत।
2) कार्यालय बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीसी के अंतर्गत यथापरिभाषित।
3) 2001-2007,के लिए इसी प्रकार के डेटा के लिए आईआरडीए वार्षिक रिपोर्ट 2007-08 देखें।

सारणी I.21ए
जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालयों का वितरण जीवन कार्यालयों की संख्या
(31 मार्च 2016 को)

बीमाकर्ता	महानगर	शहरी	अर्ध-शहरी	ग्रामीण	कुल
निजी क्षेत्र	1287	2176	2372	344	6179
एलआईसी	380	1349	3009	154	4892
उद्योग	**1667**	**3525**	**5381**	**498**	**11071**

****स्थानों का वर्गीकरण निम्नानुसार है:*
महानगर: 10,00,000 और उससे अधिक *शहरी: 1,00,000 से 9,99,999 तक*
अर्ध-शहरी: 10,000 से 99,999 तक *ग्रामीण: जनसंख्या 9999 तक*

सारणी I.21बी
जीवन कार्यालयों की संख्या - 31 मार्च 2016 को स्तर-वार

जीवन बीमाकर्ता	वर्ष	स्तर	स्तर	स्तर	स्तर	स्तर	स्तर	कुल
एलआईसी	2015	1704	569	1186	1265	75	78	4877
	2016	1729	569	1219	1221	81	73	4892
निजी क्षेत्र	2015	4636	798	507	137	53	25	6156
	2016	4746	836	426	112	29	30	6179
कुल	**2015**	**6340**	**1367**	**1693**	**1402**	**128**	**103**	**11033**
	2016	**6475**	**1405**	**1645**	**1333**	**110**	**103**	**11071**

टिप्पणी :
स्तर - जनसंख्या 1,00,000 ऊपर *स्तर - जनसंख्या 10,000 से 19,999 तक*
स्तर -जनसंख्या 50,000 से 99,999 तक *स्तर - जनसंख्या 5,000 से 9,999 तक*
स्तर - जनसंख्या 20,000 से 49,999 तक *स्तर - जनसंख्या 5,000 से कम*

जीवन कार्यालयों की जिला-स्तरीय उपस्थिति:

I.3.29 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार सरकारी क्षेत्र के एकमात्र जीवन बीमाकर्ता, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कार्यालय देश में 640 जिलों में से 606 जिलों में हैं (दशवार्षिक जनगणना 2011 के अनुसार)। इस स्थिति के होते हुए इसने देश में सभी जिलों के 94.69 प्रतिशत को समाविष्ट किया है, जबकि निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के पास 554 जिलों में कार्यालय हैं जिनके साथ वे देश में सभी जिलों के 86.56 प्रतिशत को समाविष्ट करते हैं। कुल मिलाकर दोनों एलआईसी और निजी क्षेत्र मिलकर देश में सभी जिलों के 95.31 प्रतिशत को सम्मिलित किया है। देश में जीवन बीमा कार्यालयों की उपस्थिति से रहित जिलों की संख्या 30 है। इनमें से, 23 जिले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से छह राज्यों के हैं अर्थात अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम। 23 राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों (देश में कुल 36 राज्यों/ / संघराज्य क्षेत्रों में से) में सभी जिले जीवन बीमा कार्यालयों द्वारा शामिल किये गये हैं।

चार्ट I.11: जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या



चार्ट I.12: कार्यालयों का भौगोलिक विभाजन-निजी क्षेत्र



चार्ट I.13: कार्यालयों का भौगोलिक वितरण-एलआईसी



चार्ट I.14: कार्यालयों का भौगोलिक वितरण-उद्योग



गैर-जीवन बीमा

प्रीमियम

I.3.30 गैर-जीवन बीमा उद्योग ने भारत में 2014-15 के ₹84686 करोड़ की तुलना में वर्ष 2015-16 में ₹96379 करोड़ के कुल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया और इस प्रकार पिछले वर्ष में दर्ज 9.20 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 13.81 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने पिछले वर्ष की 10.24 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में 12.08 प्रतिशत पर 2015-16 में वृद्धि प्रदर्शित की। निजी साधारण बीमाकर्ताओं ने पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त 9.62 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले 13.12 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की।

I.3.31 स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने पिछले वर्ष की 31.07 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में 41.12 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की तथा विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने पिछले वर्ष की 12.7 प्रतिशत की अव-वृद्धि (डी-ग्रोथ) की तुलना में 18.04 की वृद्धि दर दर्ज की।

I.3.32 2015-16 में 23 निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं द्वारा (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) जोखिम-अंकित प्रीमियम 2014-15 के ₹38,033 करोड़ की तुलना में ₹43847 करोड़ था। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने लगातार निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी

सारणी I.22
गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय (भारत के अंदर)

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता	42551 (10.24)	47691 (12.08)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	35090 (9.62)	39694 (13.12)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	2943 (31.07)	4153 (41.12)
विशेषीकृत बीमाकर्ता	4102 (-12.7)	4842 (18.04)
कुल	**84686 (9.20)**	**96380 (13.81)**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत में वृद्धि निर्दिष्ट करते हैं।

चार्ट I.15 भारत में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय: गैर-जीवन बीमाकर्ता



गैर-जीवन बीमा कंपनी के रूप में अपना स्थान जारी रखा, जिसका बाजार अंश पिछले वर्ष के 7.89 प्रतिशत के बाजार अंश के मुकाबले चालू वर्ष में 8.39 प्रतिशत रहा। बजाज अलायंज़ निजी क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी गैर-जीवन बीमा कंपनी है, जिसने ₹5,832 करोड़ के कुल प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया, 2014-15 के 6.18 प्रतिशत के बाजार अंश में समीक्षाधान वर्ष में 6.05 प्रतिशत तक कमी सूचित की। वर्ष 2015-16 मंप परिचालन में लगे हुए 23 निजी बीमाकर्ताओं में से 21 बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2015-16 के लिए जोखिम-अंकित प्रीमियम में वृद्धि की सूचना दी। भारती अक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और मैगमा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वर्ष 2015-16 के लिए जोखिम-अंकित प्रीमियम में कमी सूचित की।

I.3.33 सरकारी क्षेत्र के गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में सभी चार कंपनियों ने प्रीमियम संग्रहणों के संबंध में वृद्धि के साथ अपने व्यवसाय का विस्तार किया। तथापि, सरकारी क्षेत्र के दो बीमाकर्ताओं का बाजार अंश पिछले वर्ष की तुलना में कम हुआ। ओरियन्टल का बाजार अंश पिछले वर्ष के 8.75 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 8.63 प्रतिशत हुआ तथा नेशनल इंश्योरेंस का बाजार अंश पिछले वर्ष के 13.27 प्रतिशत की तुलना में 2015-16 में 12.43 प्रतिशत तक कम हुआ। तथापि, न्यू इंडिया का बाजार अंश पिछले वर्ष के 15.60 प्रतिशत से बढ़कर 2015-16 में 15.72 प्रतिशत हो गया तथा युनाइटेड इंडिया के बाजार अंश में पिछले वर्ष के 12.63 प्रतिशत से 2015-16 में 12.71 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। न्यू इंडिया, जिसने ₹15150 करोड़ के प्रत्यक्ष प्रीमियम का संग्रहण किया, एक बार पुनः भारत में सबसे बड़ी साधारण बीमा कंपनी रही।

खंड-वार प्रीमियम

I.3.34 मोटर व्यवसाय सबसे बड़े गैर-जीवन बीमा खंड के रूप में जारी रहा जिसका अंश 43.89 प्रतिशत (2014-15 में 44.14 प्रतिशत) था। इसने 13.17 प्रतिशत की वृद्धि दर सूचित की ((2014-15 में 10.52 प्रतिशत)। स्वास्थ्य खंड में प्रीमियम संग्रहण लगातार उत्थान पर था जो 2014-15 के ₹22,636 करोड़ से बढ़कर 2015-16 में ₹27,457 करोड़ पर अग्रसर रहा और इसने 21.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। तथापि, स्वास्थ्य खंड का बाजार अंश पिछले वर्ष के 26.73 प्रतिशत से बढ़कर 28.49 प्रतिशत हुआ। अग्नि (फायर) से प्रीमियम संग्रहण 8.35 प्रतिशत बढ़ा, तथा मरीन खंडों के लिए यह 2015-16 में 1.19 प्रतिशत घटा जबकि पिछले वर्ष के लिए फायर और मरीन खंडों में वृद्धि दर क्रमशः 9.44 प्रतिशत और -4.49 प्रतिशत थीं।

सारणी I.23
भारत में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय गैर-जीवन बीमाकर्ता कंपनी-वार

(₹ लाख)

बीमाकर्ता	कुल प्रीमियम		बाजार अंश (%)	
	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता				
नेशनल	1124189	1197607	13.27	12.43
न्यू इंडिया	1320939	1514951	15.60	15.72
ओरियन्टल	740796	831474	8.75	8.63
युनाइटेड	1069173	1225036	12.63	12.71
उप-जोड़	**4255097**	**4769068**	**50.25**	**49.49**
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता				
रॉयल सुंदरम	156920	169412	1.85	1.76
रिलायंस	271584	279156	3.21	2.90
इफ़्को टोकियो	332997	369133	3.93	3.83
टाटा एआईजी	271414	295856	3.20	3.07
आईसीआईसीआई लोम्बार्ड	667780	809071	7.89	8.39
बजाज अलायंज़	522985	583215	6.18	6.05
चोलामंडलम	189043	245200	2.23	2.54
कोटक महिन्द्रा	--	371	--	0.00
एचडीएफसी एग्रो	318221	337955	3.76	3.51
फ्यूचर जनराली	143825	155526	1.70	1.61
यूनिवर्सल सोम्पो	70111	90379	0.83	0.94
श्रीराम	149652	171227	1.77	1.78
भारती अक्सा	145707	127441	1.72	1.32
रहेजा क्यूबीई	2163	2876	0.03	0.03
एसबीआई	157690	203985	1.86	2.12
एल एण्ड टी	33171	47339	0.39	0.49
मैगमा एचडीआई	47360	40394	0.56	0.42
लिबर्टी वीडियोकॉन	28386	40872	0.34	0.42
उफ-जोड़	**3509009**	**3969407**	**41.44**	**41.18**
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता				
अपोलो म्यूनिख	80313	102218	0.95	1.06
सिगना टीटीके	2183	14382	0.03	0.15
मैक्स बूपा	37266	47601	0.44	0.49
रेलिगेर	27580	50332	0.33	0.52
स्टार हेल्थ	146919	200734	1.73	2.08
उप-जोड़	294261	415267	3.47	4.31
विशेषीकृत बीमाकर्ता				
ईसीजीसी	136240	132073	1.61	1.37
एआईसी	273970	352122	3.24	3.65
उप-जोड़	410210	484195	4.84	5.02
कुल जोड़	**8468577**	**9637937**	**100.00**	**100.00**

चार्ट I.16 गैर-जीव बीमाकर्ताओं का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम - 5 वर्ष



सारणी I.24
गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम-अंकित प्रीमियम (भारत के अंदर) - खंड-वार

(₹ करोड़)

विभाग	2014-15	2015-16
फायर	8058 (9.51)	8731 (9.06)
मरीन	3020 (3.57)	2984 (3.10)
मोटर	37379 (44.14)	42301 (43.89)
स्वास्थ्य	22636 (26.73)	27457 (28.49)
अन्य	13593 (16.05)	14905 (15.47)
कुल प्रीमियम	**84686**	**96379**

टिप्पणी : 1. कोष्ठक में आंकड़े संबंधित खंड का अनुपात (प्रतिशत में) निर्दिष्ट करते हैं।
2. उपर्युक्त आंकड़ों में विशेषीकृत बीमाकर्ताओं और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का प्रीमियम शामिल है।
3. स्वास्थ्य बीमा में यात्रा और वैयक्तिक दुर्घटना बीमा शामिल है।

चार्ट I.17

गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम-अंकित (भारत के अंदर) प्रीमियम खंड-वार



भारत के बाहर जोखिम-अंकित प्रीमियम

I.3.35 सरकारी क्षेत्र के सभी बीमाकर्ता (युनाइटेड इंडिया को छोड़कर) भारत के बाहर गैर-जीवन बीमा का जोखिम-अंकन कर रहे हैं। युनाइटेड इंडिया ने 2003-04 में भारत के बाहर परिचालन समाप्त किये थे। सरकारी क्षेत्र के तीन बीमाकर्ताओं द्वारा देश के बाहर जोखिम-अंकित कुल प्रीमियम 2014-15 के ₹2,466 करोड़ के मुकाबले 2015-16 में ₹2,954 करोड़ पर रहा जिसने पिछले वर्ष के 3.61 प्रतिशत की तुलना में 19.79 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। भारत के बाहर जोखिम-अंकित प्रीमियम गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम-अंकित कुल प्रीमियम का 3.06 प्रतिशत था जबकि पिछले वर्ष में यह 2.91 प्रतिशत था।

I.3.36 भारत के बाहर जोखिम-अंकित प्रीमियम के तौर पर न्यू इंडिया लगातार सबसे बड़ा सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता रहा। 2015-16 में उक्त बीमाकर्ता द्वारा जोखिम-अंकित कुल प्रीमियम विदेशी प्रीमियम का 14.71 प्रतिशत (2014-15 में 14.67%) था। ओरियन्टल के मामले में यह 2015-16 में 3.45 प्रतिशत (2014-15 में 2.12%) है। नेशनल इंश्योरेंस 2015-16 में 0.36 प्रतिशत पर लगातार विदेशी व्यवसाय का एक छोटा घटक अपने पास रखा (2014-15 में 0.37 प्रतिशत सूचित)।

I.3.37 2015-16 में भारत के बाहर जोखिम-अंकित ₹2954 करोड़ के कुल प्रीमियम में से न्यू इंडिया ने ₹2614 करोड़ के उच्चतर प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया (2014-15 में ₹2271 करोड़)। सरकारी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं के कुल भारत के बाहर प्रीमियम में इसका बाजार अंश 2014-15 के 92.10 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 88.50 प्रतिशत हो गया। नेशनल इंश्योरेंस ने 2015-16 में ₹43 करोड़ के प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया (2014-15 में ₹41 करोड़)। भारत के बाहर ओरियन्टल इंश्योरेंस द्वारा जोखिम-अंकित प्रीमियम ₹297 करोड़ पर था जो पिछले वर्ष के ₹154 करोड़ की तुलना में उच्चतर रहा और इस प्रकार इसने 92.79 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की।

सारणी I.25
कुल प्रीमियम की तुलना में भारत के बाहर प्रीमियम का अनुपात

(प्रतिशत)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
नेशनल	0.36	0.36
न्यू इंडिया	14.67	14.71
ओरियन्टल	2.04	3.45
युनाइटेड	0.00	0.00

सारणी I.26
भारत के बाहर व्यवसाय से जीडीपी

(₹ लाख)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
नेशनल	4073 (6.90)	4291 (5.34)
न्यू इंडिया	227095 (3.81)	261380 (15.10)
ओरियन्टल	15398 -(0.47)	29685 (92.79)
युनाइटेड	0	0
कुल	**246566**	**295356**

टिप्पणी : कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि का प्रतिशत निर्दिष्ट करते हैं।

जारी की गई पॉलिसियों की संख्याः

I.3.38 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं ने (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य निजी और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं को छोड़कर) वित्तीय वर्ष 2014-15 में जोखिम-अंकित 1182.79 लाख पॉलिसियों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 में 1220.76 लाख पॉलिसियों का जोखिम-अंकन किया और इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2014-15 के मुकाबले 3.21 प्रतिशत की वृद्धि सूचित की। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने जारी की गई पॉलिसियों की संख्या में एक सीमांत कमी देखी। उन्होंने जारी की गई पॉलिसियों की संख्या में वित्तीय वर्ष 2014-15 में की गई 12.95 की वृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 0.96 प्रतिशत कमी सूचित की। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में जारी की गई पॉलिसियों की संख्या में 8.84 प्रतिशत की वृद्धि (वित्तीय वर्ष 2014-15 में 18.96 प्रतिशत) सूचित की।

सारणी I.27
जारी की गई पॉलिसियों की संख्या
गैर-जीवन बीमाकर्ता*

(₹ लाख में)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र	677.82 (12.95)	671.32 (-0.96)
निजी क्षेत्र	504.97 (18.96)	549.44 (8.84)
कुल	**1182.79 (15.44)**	**1220.76 (3.21)**

**स्टैंडअलोन स्वास्थ्य निजी और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं को छोड़कर*
टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि (प्रतिशत में) निर्दिष्ट करते हैं।

चुकता पूँजी

I.3.39 31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की चुकता पूँजी ₹11,504 करोड़ थी। 2015-16 के दौरान, गैर-जीवन बीमाकर्ताओं ने अपनी ईक्विटी पूँजी के आधार में ₹1099 करोड़ जोड़ दिये। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने पूँजी नहीं जोड़ी, जबकि विशेषीकृत संस्था ईसीजीसी ने ₹100 करोड़ की अतिरिक्त पूँजी प्रदान की। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने ₹694 करोड़ की सीमा तक अतिरिक्त पूँजी शामिल की। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने ₹305 करोड़ की पूँजी जोड़ दी। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार कुल चुकता पूँजी ₹12603 करोड़ है।

अन्य प्रकार की पूँजी

I.3.40 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 की धारा 6ए(1)(i) के अधीन दी गई शक्ति के अनुसरण में तथा बीमा अधिनियम की धारा 114ए और आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 26 के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (अन्य प्रकार की पूँजी) विनियम, 2016 अधिसूचित किये।

सारणी I.28
चुकता पूँजी : गैर-जीवन बीमाकर्ता और पुनर्बीमाकर्ता*
(₹ करोड़)

	2014-15	2015-2016
गैर-जीवन		
सरकारी क्षेत्र	650	650
निजी क्षेत्र	6972	7666
विशेषीकृत संस्थाएँ		
ईसीजीसी	1200	1300
एआईसी	200	200
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता		
स्टार हेल्थ	362	387
अपोलो म्यूनिख	349	357
मैक्स बूपा	791	898
रेलिगेर हेल्थ	350	475
सिगना टीटीके	200	240
पुनर्बीमाकर्ता		
जीआईसी	430	430
कुल	**11504**	**12603**

*टिप्पणीः *इसमें शेयर प्रीमियम और शेयर आवेदन राशि शामिल नहीं है।*

जोखिम-अंकन अनुभव

I.3.41 गैर-जीवन बीमा कंपनियों की जोखिम-अंकन हानियाँ पिछले वर्ष के ₹10576 करोड़ से बढ़कर 2015-16 में ₹14962 हो गईं। जोखिम-अंकन हानियाँ पिछले वर्ष की तुलना में 41.47 प्रतिशत बढ़ीं। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं की हानियाँ 2014-15 के ₹7019 करोड़ से 54.42 प्रतिशत बढ़कर 2015-16 में ₹10839 करोड़ हुईं। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं की हानियाँ 2014-15 के ₹2495 करोड़ से 2015-16 में ₹3662 तक बढ़ीं। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता की जोखिम-अंकन हानियाँ 2014-15 के ₹611 करोड़ से घटकर 2015-16 में ₹273 करोड़ रहीं। विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने 2015-16 में जोखिम-अंकन हानियों में उल्लेखनीय कमी सूचित की जो 2014-15 के ₹450 करोड़ की जोखिम-अंकन हानि की तुलना में ₹188 करोड़ है।

(टिप्पणी: पिछले वर्ष के आँकड़े मे परिवर्तन का कारण रक्षित प्रिमीयम का अभाव है।)

गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के व्यय

I.3.42 सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं, निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के

सारणी I.29
जोखिम-अंकन अनुभव : गैर-जीवन बीमाकर्ता
(₹ करोड़)

	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता	-7019 (-18.25)	-10839 (-25.33)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	-2495 (-10.23)	-3662 (-13.49)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	-611 (-28.40)	-273 (-8.98)
विशेषीकृत बीमाकर्ता	-450 (-17.20)	-188 (-6.62)
कुल	**-10576 (-15.64)**	**-14962 (-19.73)**

टिप्पणी : कोष्ठक में आंकड़े निवल अर्जित प्रीमियम की तुलना में जोखिम-अंकन लाभ/हानि का अनुपात निर्दिष्ट करते हैं।
(जोखिम-अंकन लाभ/हानि= अर्जित प्रीमियम (निवल)-उपगत दावा (निवल)-कमीशन-बीमा व्यवसाय से संबंधित परिचालन व्यय-प्रीमियम कमी)

कमीशन व्यय 2015-16 के लिए क्रमशः ₹3343 करोड़, ₹1983 करोड़, ₹457 करोड़ और ₹28 करोड़ रहे, और संचयी तौर पर गैर-जीवन उद्योग के लिए कुल कमीशन व्यय ₹5811 करोड़ रहे। कमीशन व्यय लगातार स्वास्थ्य खंड के लिए अधिकतम रहे, जो ₹2168 करोड़ थे जिनमें सरकारी क्षेत्र के लिए ₹1114 करोड़, निजी क्षेत्र कंपनियों के लिए ₹597 करोड़, और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए ₹457 करोड़ थे।

I.3.43 कुल व्ययों में से एक बड़ा भाग कमीशन व्ययों और परिचालन व्ययों का है। गैर-जीवन बीमा कंपनियों के परिचालन व्यय 2014-15 के ₹20206 करोड़ की तुलना में 2015-16 में ₹23230 करोड़ थे, जो 14.97 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दर्शाते हैं। सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं, निजी गैर-जीवन बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के परिचालन व्ययों में पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 12.11 प्रतिशत, 19.84 प्रतिशत, 14.22 प्रतिशत और 0.73 प्रतिशत वृद्धि हुई।

I.3.44 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 की धारा 40बी और 40सी के अंतर्गत दी गई शक्ति के अनुसरण में तथा बीमा अधिनियम की धारा 114ए के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (साधारण और स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के प्रबंधन के व्यय) विनियम, 2016

सारणी I.30
कमीशन व्यय-गैर-जीवन बीमाकर्ता (सकल प्रत्यक्ष कमीशन)

(₹ करोड़)

खंड	निजी क्षेत्र बीमाकर्ता		सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता		स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता		विशेषीकृत बीमाकर्ता		कुल	
	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16
फायर	192.14	223.91	568.04	602.07	0.00	0.00	0.00	0.00	760.18	825.98
मरीन	99.16	104.35	169.37	141.06	0.00	0.00	0.00	0.00	268.53	245.41
मोटर	716.53	789.16	870.95	983.88	0.00	0.00	0.00	0.00	1587.48	1773.04
स्वास्थ्य	526.02	597.05	1000.52	1113.87	311.98	456.78	0.00	0.00	1838.52	2167.70
अन्य	226.87	268.74	496.23	501.94	0.00	0.00	34.19	27.97	757.29	798.65
कुल	**1760.72**	**1983.21**	**3105.11**	**3342.82**	**311.98**	**456.78**	**34.19**	**27.97**	**5212.00**	**5810.78**

जारी किये हैं। उपर्युक्त विनियमों में बीमाकर्ताओं को वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए यह विकल्प उपलब्ध कराया है कि वे या तो बीमा नियम, 1939 के पहले के नियम 17ई का पालन करें या इन विनियमों का अनुसरण करें।

I.3.45 प्राधिकरण ने 23 निजी बीमाकर्ताओं को उनके परिचालनों के प्रथम पाँच वर्षों में नियम 17ई के अंतर्गत सीमाओं के संबंध में छूट प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 6 निजी बीमाकर्ता छूट की अवधि के अधीन हैं। पाँच वित्तीय वर्षों की उक्त अवधि प्रथम आंशिक वित्तीय वर्ष के अतिरिक्त होगी।

सारणी I.31
परिचालन व्यय : गैर-जीवन बीमाकर्ता

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता	11181	12535
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	7527	9020
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	1224	1398
विशेषीकृत बीमाकर्ता	275	277
कुल	**20206**	**23230**

उपगत दावा अनुपात

I.3.46 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के निवल उपगत दावे 2014-15 के ₹55232 करोड़ के मुकाबले 2015-16 में ₹64495 करोड़ रहे। 2015-16 के दौरान उपगत दावों ने 16.77 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित की। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं, निजी क्षेत्र के गैर-जीवन बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने उपगत दावों में क्रमशः 20.71 प्रतिशत, 12.01 प्रतिशत, 32.41 प्रतिशत और (-)1.40 प्रतिशत की वृद्धि सूचित की। 2015-16 के दौरान उपगत दावा अनुपात में समग्र वृद्धि 16.77 प्रतिशत पर थी जो पिछले वर्ष में दर्ज 12.31 प्रतिशत से उच्चतर थी।

I.3.47 गैर-जीवन बीमा उद्योग का उपगत दावा अनुपात (निवल अर्जित प्रीमियम की तुलना में निवल उपगत दावे) 2015-16 के दौरान 85.05 प्रतिशत था जो पिछले वर्ष के 81.70 प्रतिशत के आंकड़े से उच्चतर है। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के लिए उपगत दावा अनुपात वर्ष 2015-16 के लिए 89.03 प्रतिशत था जो पिछले वर्ष के 82.09 प्रतिशत के उपगत दावा अनुपात से बढ़ा था। जबकि निजी क्षेत्र के गैर-जीवन बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के लिए वर्ष 2015-16 के लिए उपगत दावा अनुपात क्रमशः 80.17 प्रतिशत, 58.20 प्रतिशत और 100.54 प्रतिशत था, जबकि तुलनीय रूप में पिछले वर्ष का अनुपात क्रमशः 79.69 प्रतिशत, 62.18 प्रतिशत और 110.68 प्रतिशत था।

I.3.48 विभिन्न खंडों के बीच स्वास्थ्य बीमा और मोटर बीमा का दावा अनुपात उच्च रहा जो क्रमशः 98.43 प्रतिशत और 81.18 प्रतिशत था। मोटर खंड का उपगत दावा अनुपात पिछले वर्ष के अनुपात 77.14 प्रतिशत से वर्ष 2015-16 में 81.18 प्रतिशत तक बढ़ा। तथापि, अन्य खंडों का उपगत दावा अनुपात पिछले वर्ष के 73.91 प्रतिशत से बढ़कर 75.94 प्रतिशत हो गया है। फिर भी, फायर खंड का उपगत दावा अनुपात पिछले वर्ष के 73.78 प्रतिशत की तुलना में 74.47 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

सारणी I.32
निवल उपगत दावे: गैर-जीवन बीमाकर्ता

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता	31567.75 (13.48)	38104.27 (20.71)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	19430.46 (8.71)	21764.44 (12.01)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	1336.62 (31.55)	1769.76 (32.41)
विशेषीकृत बीमाकर्ता	2897.21 (17.27)	2856.56 (-1.40)
कुल योग	**55232.04 (12.31)**	**64495.03 (16.77)**

टिप्पणीः कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि दर्शाते हैं।

निवेश आयः गैर-जीवन बीमाकर्ता

I.3.49 2015-16 के दौरान सभी गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की निवेश आय ₹19090 करोड़ थी (2014-15 में ₹16607 करोड़ थी) जिसने पिछले वर्ष के 16.44 प्रतिशत के मुकाबले 14.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं की निवेश आय उल्लेखनीय रूप में 35.90 प्रतिशत बढ़ी है तथा निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने क्रमशः 19.27 प्रतिशत और 8.28 प्रतिशत की वृद्धि की है। दूसरी ओर, सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के लिए निवेश आय ने 13.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई थी।

सारणी I.34
गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की निवेश आय

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र	10725.02 (14.17)	12147.41 (13.26)
निजी क्षेत्र	4770.95 (21.60)	5690.17 (19.27)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	178.56 (34.98)	242.67 (35.90)
विशेषीकृत बीमाकर्ता	932.75 (14.77)	1009.98 (8.28)
कुल जोड़	**16607 (16.44)**	**19090 (14.95)**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े संबंधित क्षेत्रों की वृद्धि दर (प्रतिशत में) दर्शाते हैं।

सारणी I.33
उपगत दावा अनुपात : गैर-जीवन बीमाकर्ता

(प्रतिशत में)

खंड	सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता		निजी क्षेत्र बीमाकर्ता		स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता		विशेषीकृत बीमाकर्ता		कुल	
	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16	2014-15	2015-16
फायर	75.21	76.03	66.19	66.31	--	--	--	--	73.78	74.47
मरीन	57.80	63.66	87.38	85.90	--	--	--	--	67.44	72.05
मोटर	72.38	79.83	81.91	82.54	--	--	--	--	77.14	81.18
स्वास्थ्य*	109.97	115.45	79.17	74.59	62.18	58.21	--	--	96.93	98.43
अन्य	55.97	59.24	60.61	75.11	--	--	110.68	100.54	73.91	75.94
कुल	**82.09**	**89.03**	**79.69**	**80.17**	**62.18**	**58.21**	**110.68**	**100.54**	**81.70**	**85.05**

**: स्वास्थ्य बीमा में यात्रा और वैयक्तिक दुर्घटना बीमा शामिल है।*

गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के निवल लाभ

I.3.50 वर्ष 2015-16 के दौरान गैर-जीवन बीमा उद्योग का कुल निवल लाभ 2014-15 के ₹4639 करोड़ की तुलना में ₹3238 करोड़ था। सरकारी क्षेत्र की कंपनियों ने ₹1499 करोड़ के निवल लाभ की सूचना दी। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने ₹1333 करोड़ का निवल लाभ सूचित किया और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने ₹583 करोड़ के निवल लाभ की सूचना दी जबकि स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने ₹177 करोड़ की निवल हानि सूचित की।

I.3.51 सरकारी क्षेत्र के सभी चार बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2015-16 के दौरान निवल लाभ सूचित किये। न्यू इंडिया ने 2014-15 के ₹1431 करोड़ के लाभ की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान ₹829 करोड़ का निवल लाभ सूचित किया और इस प्रकार 42.07% की कमी हुई। नेशनल के निवल लाभ में वर्ष 2014-15 के ₹970 करोड़ से ₹149 करोड़ तक कमी आई, ओरियन्टल ने 2014-15 के ₹392 करोड़ के मुकाबले 2015-16 के दौरान ₹300 करोड़ का निवल लाभ सूचित किया और इस प्रकार 23.47% की कमी आई। युनाइटेड इंडिया ने 2014-15 के ₹301 करोड़ की तुलना में 2015-16 के दौरान ₹221 करोड़ के निवल लाभ की सूचना दी।

I.3.52 2015-16 के दौरान अठारह निजी साधारण बीमा कंपनियों के बीच जबकि बारह कंपनियों ने निवल लाभों की सूचना दी, शेष छह कंपनियों ने निवल हानियाँ उठाईं। वर्ष 2015-16 के दौरान बजाज अलायंज़ का निवल लाभ वर्ष 2014-15 के ₹562 करोड़ के निवल लाभ के मुकाबले ₹564 करोड़ था। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का निवल लाभ ₹536 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में ₹507 करोड़ था। जिन सात बीमाकर्ताओं ने निवल हानियों की सूचना दी वे थे भारती अक्सा, फ्यूचर जनराली, एलएण्डटी जनरल, मैगमा एचडीआई, कोटक महिन्द्रा, लिबर्टी वीडियोकॉन और एसबीआई जनरल। वर्ष 2014-15 के समान ही, अपोलो म्यूनिख को छोड़कर सभी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2015-16 के दौरान निवल हानियाँ सूचित कीं। अपोलो म्यूनिख ने वर्ष 2015-16 के दौरान ₹7.46 करोड़ का निवल लाभ सूचित किया। दोनों विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2015-16 के दौरान निवल लाभ की सूचना दी।

सारणी I.35
गैर-जीवन बीमाकर्ताओं का निवल लाभ

(₹ लाख)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र	309399	149900
निजी क्षेत्र	164351	133324
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	-44651	-17692
विशेषीकृत बीमाकर्ता	34814	58316
कुल जोड़	**463913**	**323848**

शेयरधारकों को प्रतिलाभ

I.3.53 सरकारी क्षेत्र की चार गैर-जीवन बीमा कंपनियों में न्यू इंडिया ने वर्ष 2014-15 में अदा किये गये ₹300 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2015-16 के दौरान ₹250 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया। नेशनल इंश्योरेंस ने वर्ष 2014-15 के दौरान दिये ₹194 करोड़ के लाभांशों के मुकाबले वर्ष 2015-16 के दौरान ₹45 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया। ओरियन्टल इंश्योरेंस ने पिछले वर्ष में अदा किये गये ₹110 करोड़ की तुलना में वर्ष 2015-16 में ₹120 करोड़ का लाभांश अदा किया। जबकि युनाइटेड इंडिया ने वर्ष 2014-15 में भुगतान किये गये ₹61 करोड़ की लाभांश राशि की तुलना में वर्ष 2015-16 में ₹67 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया।

निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के बीच वर्ष 2015-16 के दौरान तीन कंपनियों ने लाभांशों का भुगतान किया। एचडीएफसी एरगो ने ₹67.30 करोड़ का लाभांश अदा किया, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने ₹134.17 करोड़ का लाभांश अदा किया और श्रीराम जनरल ने ₹45.72 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया।

I.3.54 जीआईसी ने वर्ष 2014-15 के दौरान अदा किये गये ₹540 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2015-16 के दौरान ₹860 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया। ईसीजीसी ने वर्ष 2014-15 में अदा किये गये ₹48 करोड़ की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान ₹65 करोड़ का भुगतान किया। एआईसी द्वारा वर्ष 2015-16 के लिए किसी लाभांश का भुगतान नहीं किया गया।

सारणी I.36
भुगतान किये गये लाभांश : गैर-जीवन बीमाकर्ता
(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2014-15	2015-16
गैर-जीवन		
सरकारी क्षेत्र	665	482
निजी क्षेत्र	211	247
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	**0**	**0**
विशेषीकृत बीमाकर्ता		
ईसीजीसी	48	65
एआईसी	20	0
पुनर्बीमाकर्ता		
जीआईसी	540	860
कुल	**1484**	**1654**

कार्यालयों की संख्या

I.3.55 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार गैर-जीवन बीमा कंपनियाँ देश भर में 10,803 कार्यालयों से परिचालन कर रही थीं।

जिला स्तरीय व्याप्ति

I.3.56 गैर-जीवन खंड में देश में चार सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के 607 जिलों में कार्यालय हैं (94.84 प्रतिशत)। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता 297 जिलों को समाविष्ट करते हैं (46.40 प्रतिशत)।

सारणी I.37
गैर-जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या
(31 मार्च को)

क्षेत्र	2015	2016
सरकारी क्षेत्र	8120	8331
निजी क्षेत्र	1742	1869
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य	458	520
विशेषीकृत बीमाकर्ता	87	83
कुल	**10407**	**10803**

विशेषीकृत बीमाकर्ता

भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लि.

I.3.57 भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लि. (ईसीजीसी) एक विशेषीकृत बीमाकर्ता है जो निर्यात ऋण बीमा में जोखिम-अंकन करता है। इस कंपनी ने 2015-16 में ₹1321 करोड़ के सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया तथा 2014-15 के ₹1362 करोड़ के मुकाबले 3 प्रतिशत की कमी सूचित की। उक्त बीमाकर्ता ने पिछले वर्ष के ₹292 करोड़ की जोखिम-अंकन हानि की तुलना में ₹250 करोड़ की जोखिम-अंकन हानि की सूचना दी। इस बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम पिछले वर्ष के ₹1019 करोड़ की तुलना में

सारणी I.38
गैर-जीवन कार्यालयों की संख्या - 31 मार्च 2016 को स्तर-वार

गैर-जीवन बीमाकर्ता	वर्ष	स्तर I	स्तर II	स्तर III	स्तर IV	स्तर V	स्तर VI	कुल
सरकारी क्षेत्र	2015	3866	1282	1517	1233	170	52	8120
	2016	3901	1307	1579	1316	173	55	8331
निजी क्षेत्र	2015	1706	28	6	2	0	0	1742
	2016	1823	36	7	2	1	0	1869
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य	2015	255	203	0	0	0	0	458
	2016	290	62	168	0	0	0	520
विशेषीकृत बीमाकर्ता	2015	87	0	0	0	0	0	87
	2016	83	0	0	0	0	0	83
कुल	**2015**	**5914**	**1513**	**1523**	**1235**	**170**	**52**	**10407**
	2016	**6097**	**1405**	**1754**	**1318**	**174**	**55**	**10803**

टिप्पणी :
स्तर I - जनसंख्या 1,00,000 ऊपर
स्तर II -जनसंख्या 50,000 से 99,999 तक
स्तर III - जनसंख्या 20,000 से 49,999 तक
स्तर IV - जनसंख्या 10,000 से 19,999 तक
स्तर V - जनसंख्या 5,000 से 9,999 तक
स्तर VI - जनसंख्या 5,000 से कम

चार्ट I.18 2015-16 के लिए स्तर-वार गैर जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या



₹979 करोड़ का है। कंपनी का निवल लाभ पिछले वर्ष के ₹180 करोड़ से बढ़कर ₹276 करोड़ हुआ। उक्त बीमाकर्ता ने 2015-16 में 102% का उपगत दावा अनुपात (2014-15 में 114%) सूचित किया।

I.3.58 कंपनी के पास अंतरण गारंटियों सहित 2015-16 में 11525 अल्पकालिक निर्यात ऋण बीमा पॉलिसियाँ (2014-15 में 11,236) थीं। वर्ष के दौरान अल्पकालिक पॉलिसियों पर अर्जित प्रीमियम आय ₹382.08 करोड़ (2014-15 में ₹382.87 करोड़) थी। वर्ष के दौरान अल्पकालिक ईसीआईबी पर अर्जित प्रीमियम आय ₹910.67 करोड़ (2014-15 में ₹942.29 करोड़) थी। मध्यावधि और दीर्घावधि व्यवसाय से प्रीमियम आय 2014-15 के ₹36.24 करोड़ की तुलना में 2015-16 के दौरान ₹27.04 करोड़ थी।

भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि.

I.3.59 भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि. (एआईसी) एक विशेषीकृत बीमाकर्ता है जो कृषि बीमा में जोखिम-अंकन करता है। इस कंपनी ने 2014-15 के ₹2740 करोड़ की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि सूचित करते हुए वर्ष 2015-16 के दौरान ₹3521 करोड़ के सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया। इस बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम पिछले वर्ष के ₹1598 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2015-16 के लिए ₹1862 करोड़ है। उक्त बीमाकर्ता ने 2014-15 में उठाई गई ₹158 करोड़ की जोखिम-अंकन हानि की तुलना में 2015-16 में ₹61.66 करोड़ का जोखिम-अंकन लाभ अर्जित किया। कंपनी का निवल लाभ पिछले वर्ष के ₹168 करोड़ से बढ़कर ₹307 करोड़ हो गया। कंपनी का उपगत दावा अनुपात 2014-15 में विद्यमान 108.47% की तुलना में 2015-16 में 99.66% है।

भारतीय साधारण बीमा निगम

I.3.60 भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी) राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता है जो भारत में प्रत्यक्ष साधारण बीमा कंपनियों को पुनर्बीमा उपलब्ध कराता है। निगम का पुनर्बीमा कार्यक्रम इस प्रकार से अभिकल्पित है कि देश के अंदर प्रतिधारण को अनुकूलतम स्तर तक ले जाने, एक्सपोज़र के लिए पर्याप्त कवरेज को सुनिश्चित करने और देशी बाजार के अंदर पर्याप्त क्षमताओं को विकसित करने के उद्देश्य पूरे किये जा सकें।

I.3.61 जीआईसी द्वारा जोखिम-अंकित कुल निवल प्रीमियम 2014-15 के ₹13857 करोड़ से 18.17 प्रतिशत बढ़कर 2015-16 के दौरान ₹16375 करोड़ हो गया। उक्त पुनर्बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम 2014-15 के ₹13558 करोड़ की तुलना में 2015-16 में ₹15173 करोड़ तक बढ़ा है। निवल उपगत दावा अनुपात 2014-15 के 87.71 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 85.02 प्रतिशत रहा। कंपनी ने 2014-15 के ₹2694 करोड़ के निवल लाभ के मुकाबले 2015-16 में ₹2848 करोड़ का निवल लाभ सूचित किया।

I.4 समीक्षा

I.4.1 पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण

I.4.1.1 पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण विनियम का प्रारूपः- पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण का मूलभूत ढाँचा आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 में निहित है। तब से बीमा उद्योग ने अनेक परिवर्तनों को देखा है, जैसे सूक्ष्म बीमा उत्पादों, यूलिप उत्पादों, स्वास्थ्य बीमा आदि जैसे नये प्रकार के उत्पादों का प्रारंभ तथा कॉरपोरेट एजेंटों, बीमा दलालों, वेब संग्राहकों और बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) जैसे नई श्रेणियों के वितरण माध्यमों को बीमा वितरण कार्यकलाप करने के लिए अनुमति दी गई है। यह पाया गया है कि प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होने के साथ ही, बीमा विक्रय प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने, एजेंटों और मध्यवर्तियों द्वारा आचरण-संहिता के कड़ाई से पालन को लागू करने की आवश्यकता उत्पन्न हुई है।

उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित एफएसएलआरसी की सिफारिशें भी वित्तीय लेनदेनों के सभी स्तरों पर अधिकाधिक उपभोक्ता संरक्षण के लिए व्यवस्था करने हेतु विनियमों की अपेक्षा करती हैं। अतः बदलते समय के अनुरूप वर्तमान विनियमों की जाँच करने की आवश्यकता महसूस की गई। इस स्थिति के होते हुए आईआरडीएआई ने उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित वर्तमान विनियमों का पुनरीक्षण करने, विभिन्न सेवाओं के लिए टीएटी की समीक्षा करने और प्रत्येक व्यवसाय की व्यवस्था में विभिन्न सेवाओं के लिए समय-सीमाएँ निर्धारित करते हुए बीमा उद्योग के लिए नागरिक चार्टर लागू करने पर विचार करने के लिए एक स्थायी सलाहकार समिति का गठन किया। उक्त समिति की सिफारिशों के आधार पर आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम 2014 का प्रारूप अभिमतों के लिए सार्वजनिक पहुँच (पब्लिक डोमेन) में रखा गया। प्राप्त टिप्पणियों और सुझावों पर विचार करते हुए आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम यथासमय जारी किये जाएँगे। वे पॉलिसीधारकों के संरक्षण के वर्तमान ढाँचे का अधिक्रमण करेंगे। प्रयास किसी विचलन के बिना पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करने और बीमा पॉलिसियों की सर्विसिंग में न्यूनतम मानदंड (बेंचमार्क) निर्धारित करने के लिए है।

I.4.1.2 अपविक्रय और छल-कपटपूर्ण कॉलः आईआरडीएआई और अन्य वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के नाम से छल-कपटपूर्ण कॉल बीमा उद्योग के लिए चिंता का विषय है। आईआरडीएआई ने विभिन्न संपर्क बिन्दुओं पर और मीडिया में भी छल-कपटपूर्ण कॉलों के विरुद्ध जनसाधारण को सतर्क करने के लिए कई सार्वजनिक सूचनाएँ, नोटिस, प्रेस प्रकाशनियाँ, अग्रणी टीवी चैनलों पर और समाचारपत्रों में विज्ञापन एवं बीमा कंपनियों को निदेश जारी किये हैं। यह देखा गया है कि 'अपविक्रय और छल-कपटपूर्ण कॉल' श्रेणियों के अंतर्गत उपभोक्ताओं की अनेक शिकायतें निरंतल बनी हुई हैं तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि अपविक्रय और छल-कपटपूर्ण कॉलों के अंतर्गत सभी शिकायतों के संबंध में सभी मामलों में बीमा कंपनी द्वारा निर्धारित नीते के अनुसार कार्रवाई की जाए, सभी जीवन बीमाकर्ताओं को निम्नलिखित को बनाने के लिए सूचित किया गयाः

- अपविक्रय संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई करने के संबंध में कंपनी विशिष्ट नीति, एवं
- छल-कपटपूर्ण कॉलों संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई करने के संबंध में कंपनी विशिष्ट नीति

सभी जीवन बीमाकर्ताओं को इस संबंध में एक निदेश 05.08.2015 को जारी किया गया। तदनुसार सभी जीवन बीमाकर्ताओं ने अपनी कंपनी विशिष्ट नीति बनाई है तथा प्राधिकरण को वह नीति प्रस्तुत की है। उपभोक्ता कार्य विभाग ने सभी बीमाकर्ताओं की शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा संबंधित शिकायत निवारण अधिकारियों के साथ 2015-16 में की है तथा शिकायतों पर शून्य सहिष्णुता की अपेक्षा की। अपविक्रय को रोकने पर विशिष्ट फोकस के साथ संबंधित बीमाकर्ताओं को अपविक्रय के लिए अंतर्निहित कारणों की पहचान करने और उपयुक्त व्यवस्था/ प्रक्रियाएँ कायम करने के प्रति निदेश उपलब्ध कराये गये जिससे अपविक्रय के संकट का उन्मूलन किया जा सके जो बीमा उद्योग की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर रहा है।

I.4.1.3 ऐसे दृष्टांत प्राधिकरण की जानकारी में लाये गये हैं कि बीमाकर्ता (क) उपभोक्ता फोरमों, (ख) एमएसीटी के आदेशों और (ग) बीमा लोकपालों के अधिनिर्णयों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं।

अतः प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं को यह सूचित करते हुए दिनांक 03.11.2015 का परिपत्र संदर्भः आईआरडीए/सीएडी/सीआईआर/एमआईएससी/194/11/2015 जारी किया है कि वे उपर्युक्त न्यायिक और अर्ध-न्यायिक निकायों के आदेशों का पालन उक्त आदेशों में विनिर्दिष्ट समय-सीमाओ के अनुसार अथवा जहाँ आदेश में कोई समय-सीमा विनिर्दिष्ट नहीं की गई हो वहाँ ऐसे मामलों में बीमाकर्ता द्वारा आदेश/ अधिनिर्णय की प्राप्ति से 60 दिन के अंदर करें। यदि बीमाकर्ता उक्त आदेश के विरुद्ध अपील करना चाहता हो, तो लागू नियमों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के अंदर ऐसी अपील उक्त आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत की जाएगी तथा तदनुसार ग्राहक को सूचित किया जाएगा।

I.4.1.4 उपर्युक्त के अनुक्रम में प्राधिकरण ने उपर्युक्त 1.4.1.3 में उल्लिखित परिपत्र के अनुपालन की निगरानी करने की दृष्टि से बीमाकर्ताओं से आवधिक रूप से डेटा की माँग करते हुए दिनांक 31.03.2016 का एक परिपत्र संदर्भ सं. आईआरडीए/सीएडी/सीआईआर/ एमआईएससी/063/03/2016 भी जारी किया है।

पॉलिसीधारकों के संरक्षण हेतु पहलें

I.4.1.5 पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने की दृष्टि से आईआरडीएआई ने कई पहलें की हैं। संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने के लिए विनियमों का ढाँचा आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 में निहित है। इन विनियमों के अंतर्गत विक्रय-स्थान पर अनुसरण की जानेवाली प्रक्रिया; जीवन बीमा और साधारण बीमा पॉलिसी में किये जानेवाले प्रकीटीकरण; जीवन बीमा और साधारण बीमा पॉलिसी के संबंध में दावा प्रक्रिया; तथा पॉलिसी सर्विसिंग के समय विभिन्न कार्यों के लिए टर्नअराउंड समय (टीएटी) उपलब्ध हैं।

I.4.1.6 आईआरडीए (विज्ञापन और प्रकटीकरण) विनियम, 2000 और अन्य दिशानिर्देशों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी सूचना (इंटरनेट पर उपलब्ध सूचना सहित) जो प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अंततः पॉलिसी की बिक्री अथवा अपेक्षा के रूप में परिणत होती है, अनुचित अथवा भ्रामक नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें प्रस्तावित किये जानेवाले उत्पाद के बारे में उचित सूचना निहित होनी चाहिए ताकि ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार बीमा उत्पाद का चयन करने के बारे में सुविचारित निर्णय ले सके।

I.4.1.7 बीमा अपेक्षा करने का विषय है तथा प्राधिकृत व्यक्ति अथवा संस्थाएँ बीमे की अपेक्षा करने में संबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल लाइसेंसप्राप्त व्यक्ति अथवा संस्थाएँ ही बीमा उत्पादों के संबंध में पूर्वेक्षण और विक्रय करने में संबद्ध हों, आईआरडीएआई ने लाइसेंसीकरण के लिए विनियम जारी किये हैं। ये विनियम हैं, आईआरडीएआई (बीमा एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016 वैयक्तिक बीमा एजेंटों के लिए; आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 कॉरपोरेट एजेंटों के लिए; आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2013 बीमा दलालों के लिए; आईआरडीए (वेब संग्राहक) विनियम, 2013 वेब संग्राहकों के लिए; तथा आईआरडीएआई (बीमा विपणन फर्म का पंजीकरण) विनियम, 2015 बीमा विपणन फर्मों के लिए। ये विनियम एजेंटों, कॉरपोरेट एजेंटों, दलालों, वेब संग्राहकों और बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) के लिए उनमें निर्धारित आचरण-संहिता के पालन को अनिवार्य करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीमा व्यवसाय की अपेक्षा करनेवाले व्यक्ति पात्र व्यक्ति होने चाहिए तथा वे विक्रय के लिए प्रस्तावित बीमा उत्पादों के संबंध में आवश्यक सूचना का प्रसारण करें, बेची जा रही पॉलिसी को समझें और ग्राहकों की आवश्यकता के आधार पर उपयुक्त परामर्श देने में सक्षम हों जिससे प्रस्तावित / विक्रय की जा रही पॉलिसी संभावित ग्राहक की आवश्यकताएँ पूरी कर सके। उनसे यह भी अपेक्षित है कि वे बिक्री के बाद की सेवा, जैसे नवीकरण, दावा प्रस्तुत करने में सहायता आदि भी उपलब्ध कराएँ।

I.4.1.8 बीमाकर्ताओं, कॉरपोरेट एजेंटों और दलालों के द्वारा टेली-कॉलिंग, एसएमएस, ई-मेल, इंटरनेट, डीटीएच, डाक मेल, और अन्य विधियों के माध्यम से पॉलिसियों की अपेक्षा (अग्रता उत्पादन सहित) जो व्यक्तिगत रूप से संचार के साथ संबद्ध नहीं हैं, का सहारा लेने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति के चलते एवं दूरस्थ विधि से बीमा उत्पादों की सूचना और बिक्री की अपेक्षा करते हुए ग्राहकों से प्राप्त हो रहे अनुरोधों को देखते हुए; आईआरडीए ने दूरस्थ विपणन दिशानिर्देश जारी किये हैं। विक्रय के प्रस्ताव, बातचीत और निर्णय के समय अनुपालन की जानेवाली अपेक्षाओं का उद्देश्य दूरस्थ विपणन माध्यमों

का सहारा लेनेवाले संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों को संरक्षण देना है।

I.4.1.9 चूँकि बीमा का लाभ केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है यदि उपयुक्त उत्पादों का विक्रय किया जाए; अतः आईआरडीएआई ने दोनों जीवन और गैर-जीवन उत्पादों के फाइल एण्ड यूज़ के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये हैं। इन दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह आईआरडीएआई को आवेदन प्रस्तुत करने के द्वारा उत्पादों के लिए अनुमोदन माँगे। आवेदन के साथ बीमाकर्ता को पॉलिसी बांड का नमूना, प्रस्ताव फार्मों का नमूना, विक्रय से संबंधित साहित्य का नमूना एवं वित्तीय पूर्वानुमानों का विवरण प्रस्तुत करने चाहिए। शर्तों में परिवर्तन के लिए इसी प्रकार की प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। उस स्थिति में भी जब कोई बीमाकर्ता किसी उत्पाद को हटाना चाहता हो, तब भी वह आईआरडीएआई को सूचित करने के बाद ही और उत्पाद को हटाने के लिए कारण देने के बाद ही ऐसा कर सकता है। ये विनियम यह सुनिश्चित करते हैं कि जनता को केवल अनुमोदित उत्पाद ही बेचे जाएँ।

I.4.1.10 आईआरडीए (असंबद्ध उत्पाद) विनियम, 2013 और आईआरडीए (संबद्ध उत्पाद) विनियम, 2013 जो क्रमशः असंबद्ध और संबद्ध जीवन बीमा उत्पादों का नियंत्रण करते हैं, का उद्देश्य बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित उत्पादों और उनकी विशेषताओं के तौर पर सामंजस्य को सुनिश्चित करना है तथा लाभों के भुगतान के तौर पर पारदर्शिता लाना है जिसके द्वारा सही पॉलिसी का चयन करने में ग्राहकों को समर्थ बनाया जा सके।

I.4.1.11 आईआरडीए (स्वास्थ्य बीमा) विनियम 2013 उत्पाद की विशेषताओं, प्रस्ताव फार्म में मानक घोषणा, अधिकाधिक पारदर्शिता और विक्रय साहित्य में प्रकटीकरण तथा वेब पोर्टलों पर प्रकटीकरणों पर अधिकाधिक बल देते हैं जिससे निर्णय लेने आदि के लिए उपयुक्त सूचना का प्रसार किया जा सके। स्वास्थ्य बीमा में मानकीकरण संबंधी दिशानिर्देश स्वास्थ्य बीमा में कई पहलुओं के मानकीकरण को उपलब्ध कराते हैं, जैसे स्वास्थ्य पॉलिसियों में आम तौर पर प्रयुक्त होनेवाले शब्दों के लिए परिभाषाएँ, गंभीर बीमारियों के लिए नाम और कार्यविधि, पूर्व-प्राधिकरण और दावा फार्म, पॉलिसियों को अस्पताल में भर्ती में अपवर्जित व्ययों की सूची, फाइल एण्ड यूज़ आवेदन, ग्राहक सूचना पत्रक तथा बीमाकर्ता और अन्य पक्ष प्रबंधक (टीपीए) और प्रदाता (अस्पताल) के बीच करार। ये दिशानिर्देश अस्पष्टता का निवारण करते हैं और अर्थनिर्णय में अधिकाधिक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं, जो पॉलिसीधारकों के सामान्य हित में है।

I.4.1.12 ऊपर निर्दिष्ट किये अनुसार बीमा ग्राहकों के हितों का संरक्षण करने के लिए उद्दिष्ट विभिन्न उपायों के अतिरिक्त, यदि किसी बीमाकर्ता द्वारा की जानेवाली सेवा में कमी के संबंध में शिकायत के लिए कोई कारण है, तो उसके शीघ्र समाधान के लिए एक प्रणाली का होना अनिवार्य है। शिकायत निवारण संबंधी दिशानिर्देश बीमाकर्ताओं को निदेश देते हैं कि वे कंपनी में शिकायत निवारण व्यवस्था का अनुमोदन करने और उसकी समीक्षा करने के लिए शीर्ष स्तर पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित पॉलिसीधारकों के संरक्षण की एक समिति रखें तथा विनिर्दिष्ट समय-सीमाओं के अंदर शिकायतें प्राप्त करने, उनकी प्राप्ति-सूचना देने और उनका समाधान करने के लिए एक समरूप प्रणाली स्थापित करें; एवं न केवल प्रधान कार्यालय/ कॉरपोरेट कार्यालय के स्तर पर, बल्कि प्रत्येक अन्य कार्यालय में शिकायत निवारण अधिकारी के रूप में एक अधिकारी को पदनामित करें।

I.4.1.13 अपनी शिकायतों के लिए बीमाकर्ताओं तक पहुँचने में ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए आईआरडीएआई ने ग्राहकों के लिए माध्यम उपलब्ध कराये हैं ताकि वे बीमाकर्ताओं के विरुद्ध अपनी शिकायतें उठा सकें। इनमें शामिल हैं, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल .... और एक निःशुल्क शिकायत कॉल सेंटर (155255)। इन माध्यमों के द्वारा पंजीकृत शिकायतें समाधान के लिए बीमाकर्ताओं के पास उठाई जाती हैं।

I.4.1.14 चूँकि आईआरडीएआई शिकायत निवारण के लिए सुविधा प्रदान करता है, परंतु शिकायतों के संबंध में न्यायनिर्णय नहीं करता, अतः सार्वजनिक शिकायत निवारण नियम, 1998 के अंतर्गत कार्यरत बीमा लोकपाल वैयक्तिक बीमा पद्धति से संबंधित शिकायत के कुछ आधारों पर शिकायतों के समाधान के लिए एक सरल, सस्ती, और त्वरित समझौताकारी और अधिनिर्णायक व्यवस्था के रूप में कार्य करता है।

I.4.1.15 पॉलिसीधारकों के संरक्षण में आईआरडीएआई की भूमिका आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 से भी बहुत आगे है। इसके अलावा, उपर्युक्त उपाय प्रवेश स्थान मानदंड, लाइसेंसीकरण, शोधक्षमता मार्जिन का अनुरक्षण, निवेश मानदंड और सार्वजनिक प्रकटीकरण आदि जैसी अन्य विनियामक अपेक्षाओं तथा स्थान पर (ऑनसाइट) निरीक्षण और विनियामक विवरणियों के माध्यम से परोक्ष (ऑफ़-साइट) निगरानी, बाजार आसूचना, लेखा-परीक्षा आदि जैसी पर्यवेक्षी व्यवस्थाओं के अतिरिक्त हैं और उन्हें छोड़कर नहीं हैं।

I.4.1.16 जैसा कि ऊपर कहा गया है, इस तथ्य पर विचार करते हुए कि आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम वर्ष 2002 में जारी किये गये हैं तथा बीमा परिदृश्य में कई परिवर्तन घटित हो चुके हैं, पॉलिसीधारकों के संरक्षण को बढ़ाने के लिए विनियमों का पुनरीक्षण करने की त्वरित आवश्यकता है। पॉलिसीधारक संरक्षण विनियमों को मजबूत बनाने के लिए आरआरडीएआई यथासमय आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2016 जारी करनेवाला है। उक्त विनियमों के अलावा, बीमा कंपनियों के लिए एक नागरिक चार्टर के संबंध में भी विचार किया जा रहा है।

शिकायत निवारण और उपभोक्ता शिक्षण

I.4.1.17 आईआरडीएआई का उपभोक्ता कार्य विभाग शिकायत निवारण की बीमाकर्ताओं की नीति की निगरानी करने के द्वारा पॉलिसीधारकों की शिकायतों के समधान को सुसाध्य बनाता है तथा बीमा उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कई पहलें करता है। आईआरडीएआई के शिकायत निवारण दिशानिर्देश यह अनिवार्य करते हैं कि सभी बीमाकर्ताओं के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित शिकायत निवारण नीति होनी चाहिए, वे प्रधान कार्यालय/ कॉरपोरेट कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक-वर्ग के स्तर के एक शिकायत निवारण अधिकारी को और प्रत्येक अन्य कार्यालय में एक शिकायत निवारण अधिकारी को पदनामित करें एवं शिकायतों से संबंधित रिपोर्टें प्राप्त करने और उनका विश्लेषण करने के लिए कॉरपोरेट अभिशासन दिशानिर्देशों के अनुसार एक पॉलिसीधारक संरक्षण समिति गठित करें। ये दिशानिर्देश यह अनिवार्य बनाते हैं कि प्रत्येक बीमाकर्ता शिकायतों के ऑनलाइन पंजीकरण और उनकी खोज (ट्रैकिंग) करने के लिए स्वचालित प्रणालियाँ रखे तथा कॉल अथवा ई-मेलों के द्वारा शिकायतें प्राप्त करने की प्रणालियाँ रखे एवं इन प्रणालियों को आईआरडीएआई के साथ समन्वित करे। इसके अलावा, इन दिशानिर्देशों में शिकायतों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए समय-सीमाएँ निहित हैं, जैसे प्राप्ति-सूचना देना, निवारण, समापन, आदि। शिकायत निवारण दिशानिर्देश और कॉरपोरेट अभिशासन दिशानिर्देश यह निदेश देते हैं कि पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण के लिए एक पॉलिसीधारक संरक्षण समिति एक अधिदेशात्मक समिति के रूप में अनिवार्यतः होनी चाहुए।

I.4.1.18 बीमाकर्ताओं के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त करने के लिए वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध कराने के लिए आईआरडीएआई ने आईआरडीएआई शिकायत केन्द्र (आईजीसीसी) स्थापित किया है जो एक निःशुल्क (टोल फ्री) टेलीफोन संख्या के माध्यम से और ई-मेल द्वारा शिकायतें प्राप्त करता है तथा समाधान की स्थिति प्रेषित करने के अलावा शिकायतों को पंजीकृत करता है। आईआरडीएआई ने शिकायतों के प्रबंध के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली के रूप में समन्वित शिकायत प्रबंध प्रणाली (आईजीएमएस) भी स्थापित की है जो न केवल शिकायतों का पंजीकरण और उनकी खोज करने के लिए एक ऑनलाइन प्रवेश द्वार (गेटवे) है, बल्कि बीमा कंपनियों द्वारा शिकायतों के निपटान की निगरानी करने के लिए आईआरडीएआई के लिए एक उद्योग-व्यापी शिकायत रिपोज़िटरी के रूप में भी कार्य करती है। आईजीसीसी का इंटरफेस आईजीएमएस के साथ है; तथा आईजीएमएस के माध्यम से आईआरडीएआई का बीमाकर्ताओं की शिकायत प्रणालियों के साथ इंटरफेस है।

I.4.1.19 उपभोक्ता कार्य विभाग संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों से बीमा कंपनियों पर शिकायतें प्राप्त करता है; तथा समाधान के लिए ये शिकायतें बीमाकर्ताओं के पास उठाता है। संभावित ग्राहकों और पॉलिसीधारकों को सूचित किया जाता है कि वे पहले अपनी शिकायतें संबंधित बीमा कंपनियों के पास दायर करें। यदि बीमा कंपनियाँ 15 दिन के निर्धारित समय के अंदर शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करतीं अथवा शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह शिकायत आईआरडीएआई के स्तर पर शिकायत को उठा सकता है/ सकती है। आईआरडीएआई संबंधित बीमा कंपनियों के

पास मामला उठाने के द्वारा समीक्षा/ पुनःजाँच के माध्यम से समाधान को सुसाध्य बनाता है। तथापि, आईआरडीएआई अपने द्वारा प्राप्त अथवा अपने स्तर पर प्रेषित प्रत्येक शिकायत की जाँच नहीं करता अथवा उसके संबंध में न्यायनिर्णय नहीं करता। यदि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं हैं, तो उन्हें मामला बीमा लोकपाल द्वारा अथवा किसी अन्य उपयुक्त फोरम अथवा न्यायालय द्वारा, जैसी स्थिति हो, न्यायनिर्णयन के लिए उठाना होगा।

I.4.1.20 विभाग आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 के अनुपालन के स्तर की जाँच करता है। आईजीएमएस समूचे उद्योग में शिकायतों का एक केन्द्रीय रिपोज़िटरी उपलब्ध कराती है तथा प्रणालीगत और नीति से संबंधित विषयों को पहचानने के लिए शिकायतों का मूल कारण विश्लेषण करने में आईआरडीएआई और बीमा कंपनियों की सहायता करती है। प्राधिकरण पॉलिसीधारकों की चिंताओं को पहचानता है तथा शिकायतों की शून्य सहिष्णुता के लिए बीमाकर्ताओ को उपयुक्त अनुदेश देता है/ उचित उपाय सुझाता है।

I.4.1.21 उपभोक्ता कार्य विभाग बीमा जागरूकता की व्याप्ति करने की दृष्टि से उपभोक्ता शिक्षण में भी सक्रिय रूप से लगा हुआ है। बीमा एक जटिल वित्तीय उत्पाद होने के कारण प्रस्तावाधीन बीमा उत्पादों के स्वरूप, उनकी उपयोगिता और शर्तों को समझने के लिए विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है। आईआरडीएआई की उपभोक्ता शिक्षण संबंधी पहलों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ता अपनी आवश्यकताओं को पहचाने, बीमा उत्पादों और उनके साथ संबद्ध जोखिमों को समझे ताकि वह बीमा खरीदते समय एक सुविचारित निर्णय ले सके। आईआरडीएआई द्वारा बीमा जागरूकता अभियान सभी संभव माध्यमों द्वारा संचालित किये जाते हैं जिनमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अर्थात् अखबारों के विज्ञापन और पुस्तिकाओं / कॉमिक पुस्तकों का प्रकाशन, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, सेमिनार, सामाजिक वेबसाइटें जैसे यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि शामिल हैं। उपभोक्ता शिक्षण वेबसाइट ... में सरल भाषा में जनता के लिए रोचकता से युक्त बीमा संबंधी विपुल सामग्री उपलब्ध है। इस सामग्री की पहुँच में विस्तार लाने के लिए आईआरडीएआई ने एक हिन्दी साइट प्रारंभ की है तथा पुस्तकें प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार की हैं ताकि उक्त सूचना देश भर में लोगों को अपनी पसंद की भाषा में उपलब्ध कराई जा सके। आईआरडीएआई अब विकसित की गई सामग्री के वितरण पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है जिसके लिए आईआरडीएआई बीमा उद्योग, अन्य विनियामक निकायों, वित्तीय साक्षरता केन्द्रों, सामान्य सेवा केन्द्रों आदि के साथ सहयोग कर रहा है तथा बीमा जागरूकता की व्याप्ति के लिए सारे राष्ट्र में जनता तक पहुँचने के लिए प्रयुक्त सभी उपलब्ध वैकल्पिक माध्यमों का उपयोग कर रहा है और इसके द्वारा बीमा समावेशन के स्तरों को बढ़ाने के लिए माँग की वृद्धि निर्मित कर रहा है। जीवन के प्रारंभिक स्तरों से वित्तीय साक्षरता प्रदान करने की दिशा में अन्य वित्तीय क्षेत्र विनियमनकर्ताओं के साथ कार्य करने के द्वारा वित्तीय शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय कार्यनीति को कार्यान्वित करने में आईआरडीएआई भी एक सक्रिय सहभागी है।

आईआरडीएआई की बीमा साक्षरता और उपभोक्ता जागरूकता संबंधी पहलें

I.4.1.22 प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य बाजार की कुशलता का संवर्धन करना और उपभोक्ता के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। प्राधिकरण इस तथ्य से पूरी तरह अवगत है कि दोनों जीवन और गैर-जीवन जोखिमों के लिए देश में बीमा रक्षा की वृद्धि केवल तभी संभव है जब उपभोक्ता के ज्ञान और बीमा शिक्षा में वृद्धि होती है।

किसी भी बीमा उत्पाद का चयन करते समय सुविज्ञतापूर्ण चयन करने के लिए अपेक्षित जानकारी, कौशल और विश्वास के साथ देश के सभी नागरिकों को संपन्न करते हुए बीमा साक्षरता का व्यापन अत्यंत आवश्यक है। बीमा शिक्षण उपभोक्ता की सहायता उसकी आवश्यकताओं और जोखिमों, जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए बीमे की उपलब्धता, बीमा उत्पाद रखने के मूल्य को समझने में तथा कोई भी बीमा पॉलिसी खरीदने से पहले और उसके बाद करणीय और अकरणीय के बारे में जानने में सहायता करता है। एक सुविज्ञ उपभोक्ता बीमा लोकपाल सहित अपने लिए उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्था के विभिन्न माध्यमों का जानकार होगा। बीमा शिक्षण इस प्रकार एक सूचनायुक्त तरीके से बीमा क्षेत्र की सेवाओं तक पहुँचने में तथा बाजार कौशल का संवर्धन करने में और बीमा उद्योग की सुव्यवस्थित वृद्धि के लिए संतुलित सूचना के प्रवाह में मदद करता है।

प्राधिकरण पर्याप्त सूचना का प्रसार करने, सार्वजनिक प्रकटीकरणों को अनिवार्य बनाने, मध्यवर्तियों के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकताएँ और आचरण-संहिता निर्धारित करने तथा बीमा जागरूकता की पहलें बढ़ाने आदि के माध्यम से बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों के द्वारा अनुसरण किये जानेवाले विवेकपूर्ण बाजार अनुशासन में विश्वास करता है।

इसके अलावा, उपभोक्ता शिक्षण को प्रेरित करने के लिए आईआरडीएआई ने बहुविध दृष्टिकोण अपनाया है तथा जनसाधारण में बीमा जागरूकता का संवर्धन करने के लिए सभी हितधारकों को प्रोत्साहित किया है।

I.4.1.23 वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आईआरडीएआई ने बीमा बेमिसाल ब्रैंड के अंतर्गत उपभोक्ता शिक्षा की अनेक पहलें की हैं, जो निम्नानुसार हैं :-

- छल-कपटपूर्ण कॉल करनेवालों और फर्ज़ी प्रस्तावों के विरुद्ध जनसाधारण को सतर्क करने के लिए हिन्दी सहित 12 क्षेत्रीय भाषाओं में निम्नलिखित तीन टीवीसी के प्रसारण के जरिये आईआरडीएआई द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से एक बड़ा अभियान ।

1. 'सच और झूठ में जानिए फर्क रहिए सतर्क' नारे के साथ आईआरडीएआई के नाम से छल-कपटपूर्ण कॉलों के बारे में पड़ोसी (शर्मा जी) को चेतावनी देते हुए।
2. 'सच और झूठ में जानिए फर्क रहिए सतर्क' नारे के साथ पुलिसवाले / हीरो के माध्यम से संदेश देना -- 'आईआरडीएआई बीमा और बोनस की घोषणा नहीं करता'
3. 'आईआरडीएआई आपके शुभचिंतक' नारे के साथ 'बचके बाबा रहना तू' के विषय पर कॉफ़ीहाउस में फ़र्ज़ी प्रस्ताव के बारे में चेतावनी देना।

- छल-कपट वाले कॉलरों के संकट को नियंत्रित करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखते हुए आईआरडीएआई ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संकेन्द्रित बीमा जागरूकता अभियान संचालित किया, जहाँ से अप्रामाणिक कॉलरों के बारे में अधिकांश शिकायतें उत्पन्न हो रही हैं। छल-कपट वाले कॉलरों के विरुद्ध चेतावनी तथा पॉलिसीधारकों के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी देते हुए मेट्रो रेलगाड़ियों के अंदर, मेट्रो स्टेशनों के अंदर और बाहर संदेश प्रदर्शित किये गये।

- 8 जनवरी 2015 को माननीय मुख्यमंत्री, त्रिपुरा श्री माणिक सरकार द्वारा प्रारंभ गिया गया बीमा जागरूकता अभियान आईआरडीएआई और त्रिपुरा सरकार का एक संयुक्त प्रयास है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बीमा के लाभों के बारे में जागरूक बनाना है। इस अभियान ने अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश किया तथा यह दो वर्षों के लिए तैयार की गई कार्य-योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है। अब तक जिन लोगों के पास नहीं पहुँच सके उन लोगों तक पहुँचने के लिए त्रिपुरा के विभिन्न जिलों में त्रिपुरा की राज्य सरकार द्वारा संचालित छह सेमिनारों को आईआरडीएआई ने प्रायोजित किया। इन सेमिनारों का उद्देश्य बीमे के महत्व का प्रसार करना था तथा आईआरडीएआई एवं बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने संबंधित विषयों पर वक्ताओं के रूप में सहभागियों को संबोधित किया। आईआरडीएआई की शिक्षण सामग्री का वितरण राज्य भर में स्कूलों, जिला पुस्तकालयों, जिला परिषदों, ग्राम समितियों, बड़े आकार वाली आदिवासी बहु-प्रयोजनीय सोसाइटियों (एलएएमपीएस)/ प्राथमिक कृषि सहकारी सोसाइटियों (पीएसीएस) के माध्यम से किया जा रहा है।

- आईआरडीएआई ने अपने स्थापना दिवस (19 अप्रैल) को बीमा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर आईआरडीएआई ने बीमा उद्योग के लिए तृतीय पैन इंडिया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर 'बीमाकर्ताओं की सर्वोत्तम बीमा जागरूकता नीतियाँ' विषय पर एक 'पैनल चर्चा' संचालित की गई। इसकी अध्यक्षता सदस्य (गैर-जीवन) ने की तथा जीवन बीमा परिषद, साधारण बीमा परिषद, भारतीय बीमा संस्थान के महासचिव एवं राष्ट्रीय बीमा अकादमी के निदेशक पैनल सदस्यों के रूप में इसमें

उपस्थित थे। यह वक्तव्य देते हुए पैनल एकमत थी कि बीमा जागरूकता देश में बीमा विकास के लिए कुंजी है।

- आईआरडीएआई ने सही खरीद के लिए कुछ सुझाव देते हुए बीमा संदेशों के साथ वर्ष 2016 के दीवार कैलेंडर और डेस्क कैलेंडर प्रकाशित किये।

- आईआरडीएआई ने एक बैठक में बीमाकर्ताओं द्वारा की गई बीमा जागरूकता पहलों की तुलना में उनकी बोर्ड द्वारा अनुमोदित बीमा जागरूकता नीति की समीक्षा की जिसमें अपनी बीमा जागरूकता नीति के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी बीमा कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किये गये।

- आईआरडीएआई ने राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीईआर) के माध्यम से वर्ष 2015 में बीमा जागरूकता अभियानों का प्रारंभोत्तर सर्वेक्षण प्रारंभ किया है। यह सर्वेक्षण प्रारंभ-पूर्व सर्वेक्षण के जागरूकता स्तरों की तुलना में बीमाकृत और अबीमाकृत लोगों के जागरूकता स्तरों की तुलना और उनका विश्लेषण करने के उद्देश्य से 2010 में संचालित प्रारंभ-पूर्व सर्वेक्षण के अनुवर्तन के रूप में किया गया।

- आईआरडीएआई राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षण केन्द्र (एनसीएफई) की कोर समिति के एक सदस्य के रूप में एक सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। एनसीएफई वित्तीय शिक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति के कार्यान्वयन के लिए भारत में वित्तीय क्षेत्र के सभी विनियमनकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से बनाई गई संस्था है तथा एनसीएफई की पहलों को आईआरडीएआई समर्थन दे रहा है। 2015-16 के दौरान एनसीएफई द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यकलापों का विवरण निम्नानुसार हैः-

क. तीसरा एनसीएफई राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता निर्धारण परीक्षा (एनसीएफई एनएफएलएटी)।

ख. अपनी वित्तीय शिक्षण वेबसाइट हिन्दी, तमिल, मराठी और बंगला भाषाओं में प्रारंभ की।

ग. सारे भारत में कक्षा 8 से 10 तक के सीबीएसई विद्यालय शिक्षकों के लिए वित्तीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम (एफईटीपी)।

घ. कक्षा से तक के स्कूली छात्रों के लिए वित्तीय शिक्षण की अभ्यास-पुस्तिकाएँ (वर्कबुक्स) प्रारंभ कीं।

एनसीएफई के सदस्य के रूप में एवं भारत में बीमा क्षेत्र के क्षेत्र विनियमनकर्ता के रूप में, दोनों प्रकार से आईआरडीएआई बीमा संबंधी विषय-वस्तु का अंशदान कर रहा है तथा सामान्य रूप से वित्तीय शिक्षण और विशेष रूप से बीमा शिक्षण के प्रसार के लिए स्कूलों, कालेजों और संस्थाओं के साथ कार्य कर रहा है।

I.4.2 बीमाकर्ताओं के शोधक्षमता मार्जिनों का अनुरक्षण

I.4.2.1 प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीए के अनुसार अपेक्षित शोधक्षमता (सॉल्वेन्सी) मार्जिन बनाये रखे। प्रत्येक बीमाकर्ता आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित राशि से अन्यून देयताओं की राशि की तुलना में आस्तियों के मूल्य के आधिक्य को बनाये रखेगा, जो अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन कहलाता है। आईआरडीए (बीमाकर्ताओं की आस्तियाँ, देयताएँ और शोधक्षमता मार्जिन) विनियम, 2000 में अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन की संगणना की पद्धति का विस्तृत रूप से विवरण दिया गया है।

जीवन बीमाकर्ताः

I.4.2.2 मार्च 2016 के अंत में सब 24 जीवन बीमाकर्ताओं ने 1.5 के निर्धारित शोधक्षमता मार्जिन का पालन किया।

गैर-जीवन बीमाकर्ताओं का शोधक्षमता अनुपात

I.4.2.3 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार निजी क्षेत्र के सभी 23 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं ने (स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) 1.50 के निर्धारित शोधक्षमता अनुपात का अनुपालन किया है।

सरकारी क्षेत्र के चार गैर-जीवन बीमाकर्ताओं में से तीन बीमाकर्ताओं ने 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार 1.50 के निर्धारित शोधक्षंमता

अनुपात का अनुपालन किया है। तथापि, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 1.26 के शोधक्षमता अनुपात की सूचना दी है।

I.4.2.4 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार विशेषीकृत बीमाकर्ताओं अर्थात एआईसी और ईसीजीसी ने 31 मार्च 2015 के उनके क्रमशः 3.18 और 6.61 की तुलना में क्रमशः 3.26 और 9.79 का शोधक्षमता अनुपात सूचित किया है।

पुनर्बीमाकर्ता

I.4.2.5 राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता, भारतीय साधारण बीमा निगम ने 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार 3.48 का शोधक्षमता अनुपात सूचित किया है (31 मार्च 2015 को यह 3.04 था)।

I.4.3 पुनर्बीमा की निगरानी

I.4.3.1 पुनर्बीमा के संबंध में प्राधिकरण को दिया गया अधिदेश आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(1) और उप-धारा (एफ) एवं बीमा अधिनियम, 1938 की धाराओं 34एफ, 101ए, 101बी और 101सी के उपबंधों में निहित है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण ने दोनों जीवन और गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा पुनर्बीमा से संबंधित विनियम बनाये हैं जो पुनर्बीमाकर्ताओं के पास पुनर्बीमा रखने के लिए आधारभूत नियम निर्धारित करते हैं। बीमा अधिनियम, 1938 के उपबंधों के अंतर्गत 'भारतीय पुनर्बीमाकर्ता' सभी प्रत्यक्ष गैर-जीवन बीमाकर्ताओं से प्रत्येक वर्ष निर्धारित रूप में बाध्यकर अध्यर्पण प्राप्त करने के लिए स्वयं को पात्र बनाते हैं। उक्त सीमाएँ भारत सरकार के अनुमोदन से पुनर्बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद निर्धारित किये गये हैं।

I.4.3.2 प्रत्येक बीमाकर्ता के लिए एक व्यापक और कुशल पुनर्बीमा कार्यक्रम की आवश्यकता होती है ताकि उसकी वित्तीय शक्ति की सीमाओं के अंदर परिचालन करने के लिए उसे समर्थ बनाया जा सके। यह बीमाकर्ता की शोधक्षमता को बनाये रखने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि दावे जब भी उत्पन्न हों तब उन्हें स्वीकार किया जा सके। अतः प्राधिकरण ने यह निर्धारित किया है कि प्रत्येक बीमाकर्ता अपने पुनर्बीमा कार्यक्रम के लिए अपने बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करेगा। विनियामक ढाँचा भी प्राधिकरण के पास वित्तीय वर्ष के लिए पुनर्बीमा कार्यक्रम उक्त वर्ष के प्रारंभ से कम से कम 45 दिन पहले दाखिल करने के लिए व्यवस्था करता है। इसके अतिरिक्त बीमाकर्ताओं से यह भी अपेक्षित है कि वे पुनर्बीमा व्यवस्थाओं से संबंधित समझौता पर्चियाँ अथवा कवर नोट प्राधिकरण के पास वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से 30 दिन के अंदर दाखिल करें। ये उपाय किसी भी बीमा कंपनी के लिए पर्याप्त और कुशल पुनर्बीमा व्यवस्थाओं के अस्तित्व से संबद्ध महत्व पर विशेष बल देते हैं। यह स्मरण रहे कि किसी बीमा कंपनी की शोधक्षमता की स्थिति का निर्धारण 'पुनर्बीमा को घटाने' के आधार पर किया जाता है।

I.4.3.3 उक्त विनियम यह भी अपेक्षा करते हैं कि प्रत्येक बीमाकर्ता को उसकी वित्तीय शक्ति और व्यवसाय के परिमाण के अनुरूप अधिकतम संभव प्रतिधारण बनाये रखना चाहिए। पुनर्बीमा कार्यक्रम को तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत निम्नानुसार बताये गये हैं :

1. देश के अंदर प्रतिधारण को अधिकतम करें;
2. पर्याप्त क्षमता विकसित करें;
3. उपगत पुनर्बीमा लागतों के लिए सर्वाधिक संभव सुरक्षा प्राप्त करें; तथा
4. व्यवसाय के प्रबंधन को सरल बनाएँ।

I.4.3.4 आईआरडीएआई ने पुनर्बीमा विनियम, 2002 में संशोधन लागू किये हैं तथा उन्हें मार्च 2003 में अधिसूचित किये हैं।

बीमाकर्ता/पुनर्बीमाकर्ता पुनर्बीमा व्यवसाय भारत के बाहर बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं के पास उनकी क्रेडिट रेटिंग, दावा अनुभव, दावा भुगतान क्षमता और शोधक्षमता पर विचार करने के बाद रख सकते हैं। तदनुसार कुल पुनर्बीमा संबंधी सीमा जो एक बीमाकर्ता भारत के बाहर किसी बीमाकर्ता/पुनर्बीमाकर्ता के पास रख सकता है, आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, आपाती जोखिमों के पुनर्बीमा के संबंध में सभी बीमाकर्ताओं/

पुनर्बीमाकर्ताओं को अपना पुनर्बीमा कार्यक्रम प्राधिकरण के पास दाखिल करने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए अधिदेश दिया गया है कि आपाती संचयनों के संबंध में पुनर्बीमा व्यवस्थाएँ विभिन्न यथार्थपरक आपदा परिदृश्य परीक्षण का प्रयोग करते हुए पर्याप्त हैं और उनके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित हैं। बीमा विधि संशोधन अधिनियम, 2015 का अनुसमर्थन होने के कारण पुनर्बीमा विनियम संशोधन की प्रक्रिया में हैं।

सीमापार पुनर्बीमाकर्ता

I.4.3.5 प्राधिकरण ने बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 114(जेडडी) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों के अधीन 'सीमापार पुनर्बीमाकर्ता' संबंधी दिशानिर्देश जारी किये हैं। ये दिशानिर्देश 1 अप्रैल 2016 से प्रभावी थे जो 6 जनवरी 2012 को जारी किये गये पहले के दिशानिर्देशों का अधिक्रमण करते हैं। ये दिशानिर्देश उन 'सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं' पर लागू हैं जिनकी भारत में भौतिक उपस्थिति नहीं है, परंतु जो भारतीय बीमा कंपनियों के साथ पुनर्बीमा व्यवसाय करते हैं।

प्राधिकरण ने इन दिशानिर्देशों के अनुसार सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं को विलक्षण पहचान संख्या (यूआईएन) के वार्षिक आबंटन की वर्तमान प्रक्रिया को समाप्त किया है। तथापि, सीमापार पुनर्बीमाकर्ता के लिए यह आवश्यक है कि वह प्रत्येक वर्ष एक बीमाकर्ता के माध्यम से प्राधिकरण को एक सूचना पत्रक प्रस्तुत करे। यह अनिवार्य कर दिया गया कि सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं के पास पिछले पाँच वर्षों की अवधि के लिए कम से कम बीबीबी (एस एण्ड पी के साथ) का क्रेडिट रेटिंग होना चाहिए और उनका पिछला दावा निष्पादन संतोषजनक होना चाहिए। पुनर्बीमाकर्ताओं को अपने स्वदेश में वैध संस्थाएँ होनी चाहिए तथा उन्हें अपने स्वदेश के पर्यवेक्षकों के द्वारा पर्यवेक्षित होना चाहिए। पुनर्बीमाकर्ता की शोधक्षमता स्वदेश के विनियमनकर्ता/ पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित मानकों से कम नहीं होनी चाहिए। उनकी वित्तीय शक्ति, प्रबंधन की गुणवत्ता और उनकी तकनीकी प्रारक्षण कार्यपद्धतियों की पर्याप्तता की निगरानी उनके स्वदेश के पर्यवेक्षी प्राधिकरण द्वारा की जानी चाहिए। प्राधिकरण उन पुनर्बीमाकर्ताओं को एक वर्ष की वैधता अवधि के साथ एक विलक्षण पहचान संख्या (यूआईएन संख्या) प्रदान करेगा, जो ऐसे राष्ट्रीय विनियामक परिवेश में पंजीकृत और/ या प्रमाणीकृत हैं जिनके साथ भारत सरकार ने डीटीए करार पर हस्ताक्षर किये हैं।

I.4.3.6 वर्ष 2015-16 में 244 पुनर्बीमाकर्ताओं और 90 लॉयड्स सिंडिकेटों को विलक्षण पहचान संख्या (यूआईएन) आबंटित की गई तथा 2016-17 के लिए प्राधिकरण ने 237 पुनर्बीमाकर्ताओं और 99 लॉयड्स सिंडिकेटों को 336 यूआईएन जारी की हैं।

सभी बीमाकर्ताओं / पुनर्बीमाकर्ताओं को 'सीमापार पुनर्बीमाकर्ता' संबंधी दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए निदेश दिया गया तथा कोई भी बीमाकर्ता/ पुनर्बीमाकर्ता ऐसी किसी संस्था के पास पुनर्बीमा व्यवसाय नहीं रख सकता जो पंजीकृत नहीं है और जिसके पास प्राधिकरण द्वारा आबंटित विलक्षण पहचान संख्या नहीं है।

प्राधिकरण ने उक्त दिशानिर्देशों में यह स्पष्ट रूप से कहा है कि पंजीकृत सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं के पास पुनर्बीमा व्यवसाय रखने का दायित्व भारतीय बीमाकर्ताओं अथवा भारतीय पुनर्बीमाकर्ताओं पर है। पुनर्बीमा व्यवसाय रखने से पहले यह सुनिश्चित करना भारतीय बीमाकर्ता अथवा भारतीय पुनर्बीमाकर्ता का दायित्व होगा कि सीमापार पुनर्बीमाकर्ता समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में अपेक्षाएँ पूरी करता है।

I.4.4 बीमा पूल आतंकवाद पूल

I.4.4.1 अंतरराष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा 9/11 के बाद आतंकवाद बीमारक्षा को हटाने के बाद अप्रैल 2002 में भारत में सभी गैर-जीवन बीमा कंपनियों द्वारा एक पहल के रूप में भारतीय बाजार आतंकवाद जोखिम बीमा पूल बनाया गया। इस पूल ने इस प्रकार सफल परिचालनों के 14 वर्ष पूरे किये हैं। सभी भारतीय गैर-जीवन बीमा कंपनियाँ और जीआईसी आरई उक्त पूल के सदस्य हैं। इस पूल का प्रशासन जीआईसी आरई द्वारा किया जाता है। यह पूल संपत्ति बीमा पॉलिसियों के अंतर्गत रक्षित आतंकवाद जोखिम के बीमा के लिए लागू है।

I.4.4.2 प्रति स्थान क्षतिपूर्ति की सीमा आईएनआर 1000 करोड़ के पिछले स्तर की तुलना में 1 अप्रैल 2014 से ₹1,500 करोड़ तक

बढ़ाई गई है। उसी तारीख से आतंकवाद पूल व्यवस्था के अंतर्गत प्रीमियम दरों का अधोमुखी संशोधन किया गया है।

I.4.4.3 दलालों / एजेंटों द्वारा बेहतर विपणन के साथ आतंकवाद जोखिम बीमा के लिए बाजार व्यापन में सुधार लाने के लिए दलालों/ एजेंटों के माध्यम से प्राप्त आतंकवाद बीमा व्यवसाय के लिए 01.01.2014 से आतंकवाद प्रीमियम पर 5% तक दलाली/ एजेंसी कमीशन की अनुमति दी गई।

I.4.4.4 उक्त पूल की प्रीमियम आय 2014-15 के ₹472.33 करोड़ की तुलना में 2015-16 में ₹475.93 करोड़ रही। पूल द्वारा 2015-16 के दौरान भुगतान किये गये दावे ₹2.04 करोड़ के थे। 2015-16 के दौरान पूल के लिए किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं दी गई।

I.4.4.5 पुनर्बीमाकर्ता (जीआईसी आरई) को बाध्यकर अध्यर्पणः अधिनियम के उपबंध

क) बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 101ए निर्धारित करती है कि प्रत्येक बीमाकर्ता भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के साथ प्राधिकरण द्वारा केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से, अधिनियम की धारा 101बी के अधीन गठित पुनर्बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद विनिर्दिष्ट रूप में प्रत्येक साधारण बीमा पॉलिसी पर बीमित राशि के निर्धारित प्रतिशत का पुनर्बीमा करेगा, जिन्हें 'बाध्यकर अध्यर्पण' अथवा 'सांविधिक अध्यर्पण' के रूप में भी जाना जाता है।

(ख) प्राधिकरण अधिसूचना द्वारा भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के पास पुनर्बीमित की जानेवाली प्रत्येक पॉलिसी पर बीमित राशि के प्रतिशतों को विनिर्दिष्ट कर सकता है तथा विभिन्न वर्गों के बीमा के लिए विभिन्न प्रतिशत विनिर्दिष्ट किये जा सकते हैं बशर्ते कि इस प्रकार विनिर्दिष्ट कोई भी प्रतिशत ऐसी पॉलिसी पर बीमित राशि के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(ग) धारा 101ए(4) में व्यवस्था है कि बीमा अधिनियम, 1938 की की धारा 101ए की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना भी इस धारा के अधीन किये जाने के लिए अपेक्षित पुनर्बीमा के किसी भी व्यवसाय के संबंध में शर्तें निर्धारित कर सकती है तथा ऐसी शर्तें भारतीय पुनर्बीमाकर्ताओं और अन्य बीमाकर्ताओं पर बाध्यकारी होंगी।

I.4.4.6 2015-16 के लिए पुनर्बीमाकर्ता (जीआईसी आरई) के प्रति बाध्यकर अध्यर्पण

1. भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के पास पुनर्बीमित की जानेवाली प्रत्येक साधारण बीमा पॉलिसी पर बीमित राशि के प्रतिशत अध्यर्पण 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 तक के वर्ष के दौरान संबद्ध बीमाओं के संबंध में 5% होंगे।

2. वर्ष 2013-14 के लिए उक्त बाध्यकर अध्यर्पण व्यवसाय की सभी व्यवस्थाओं पर 5% तक घटाया गया जबकि 2012-13 में यह 10% था (मोटर और स्वास्थ्य को छोड़कर -- वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा सहित जहाँ उक्त दर 7.5% थी)। बाध्यकर अध्यर्पण की दर वर्ष 2014-15 और 2015-16 के लिए 5% पर बनाये रखी गई है।

सारणी I.39 निवल प्रतिधारण (जीआईसी) 2015-16

व्यवसाय की व्यवस्था	देशी व्यवसाय %	विदेशी व्यवसाय %
फायर	55.51	90.74
मरीन कार्गो	92.84	83.93
मरीन हल	80.32	82.49
इंजीनियरिंग	77.60	95.95
विमानन	-	83.51
मोटर	100.00	100.00
विविध	92.15	100.00
जीवन	78.13	100.00
कुल	**85.70**	**92.69**

सारणी I.40 भारतीय बाजार आतंकवाद जोखिम बीमा समूह (पूल) में सदस्यों का अंश

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	सदस्य कंपनी	2015-16		2016-17	
		प्रति जोखिम क्षमता	अंश (% में)	प्रतिजोखिम क्षमता	अंश (% में)
1	भारतीय साधारण बीमा निगम	237.615	15.841	237.615	15.841
2	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि.	178.215	11.881	170.715	11.381
3	दी न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लि.	237.615	15.841	237.615	15.841
4	दी ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी लि.	178.215	11.881	178.215	11.881
5	युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि.	188.865	12.591	188.865	12.591
6	बजाज अलायंज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	74.640	4.976	74.640	4.976
7	भारती अक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.105	1.007	15.105	1.007
8	चोलामंडलम जनरल इँश्योरेंस कंपनी लि.	29.505	1.967	29.505	1.967
9	फ्यूचर जनराली जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.000	1.000	15.000	1.000
10	सरकारी बीमा निधि, गुजरात	15.000	1.000	15.000	1.000
11	एचडीएफसी एरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.105	1.007	15.105	1.007
12	आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	118.815	7.921	118.815	7.921
13	इफ़्को-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	59.400	3.960	59.400	3.960
14	कोटक-महिन्द्रा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	2015-16 में पूल का सदस्य नहीं		7.500	0.500
15	एल एण्ड टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.105	1.007	15.105	1.007
16	लिबर्टी वीडियोकॉन जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.105	1.007	15.105	1.007
17	मैगमा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	7.500	0.500	7.500	0.500
18	रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	0.750	0.050	0.750	0.050
19	रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	29.700	1.980	29.700	1.980
20	रॉयल सुंदरम अलायंस इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.000	1.000	15.000	1.000
21	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	4.995	0.333	4.995	0.333
22	श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	15.000	1.000	15.000	1.000
23	टाटा-एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	23.760	1.584	23.760	1.584
24	यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	9.990	0.666	9.990	0.666
	कुल	**1500**	**100**	**1500**	**100**

I.4.4.7 पुनर्बीमा सलाहकार समिति

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 101ए के अनुसार प्रत्येक बीमाकर्ता भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के पास प्राधिकरण द्वारा केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से पुनर्बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद विनिर्दिष्ट किये जानेवाले रूप में प्रत्येक साधारण बीमा पॉलिसी पर बीमित राशि के निर्धारित प्रतिशत का पुनर्बीमा करेगा, जो 'बाध्यकर अध्यर्पण' अथवा 'सांविधिक अध्यर्पण' के रूप में भी जाना जाता है। इस प्रयोजन के लिए प्राधिकरण अधिसूचना द्वारा क) भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के पास पुनर्बीमित की जानेवाली प्रत्येक पॉलिसी पर बीमित राशि के प्रतिशत विनिर्दिष्ट कर सकता है तथा बीमा के विभिन्न वर्गों के लिए विभिन्न प्रतिशत विनिर्दिष्ट किये जा सकते हैं, बशर्ते कि इस प्रकार विनिर्दिष्ट कोई भी प्रतिशत ऐसी पॉलिसी पर बीमित राशि के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा; तथा ख) वह अनुपात विनिर्दिष्ट कर सकता है जिसमें उपर्युक्त प्रतिशत भारतीय पुनर्बीमाकर्ता के बीच आबंटित किया जाएगा।

सारणी I.41
भारतीय व्यवसाय पर भारत के बाहर अध्यर्पित पुनर्बीमा (जीआईसी को छोड़कर)

(₹ करोड़)

वर्ग	2015-16		2014-15	
	अध्यर्पित प्रीमियम	अध्यर्पित निवल लाभ	अध्यर्पित प्रीमियम	अध्यर्पित निवल लाभ
फायर	2110.66	(303.75)	2220.44	(1,442.36)
मरीन कार्गो	317.58	(325.31)	375.84	(5.33)
मरीन हल	389.34	245.24	628.55	(207.02)
मोटर106.36	(99.64)	73.01	(28.36)	
विमानन	138.02	0.42	242.14	98.69
इंजीनियरिंग	562.30	149.41	646.75	3.39
अन्य विविध	3098.76	(508.46)	3021.31	211.93
कुल	**6723.03**	**(842.10)**	**7208.04**	**(1,369.06)**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े ऋणात्मक मूल्य दर्शाते हैं।

सारणी I.42
भारत में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में भारत के अंदर और भारत के बाहर रखा गया पुनर्बीमा (जीआईसी को छोड़कर)

वर्ग	2015-16		2014-15	
	भारत में रखा गया	भारत के बाहर रखा गया	भारत में रखा गया	भारत के बाहर रखा गया
फायर	36.68	24.82	29.86	28.98
मरीन कार्गो	13.24	14.96	9.34	16.9
मरीन हल	37.50	42.73	21.89	59.7
मोटर	8.93	0.26	8.35	0.2
विमानन	71.97	32.26	36.95	57.86
इंजीनियरिंग	34.75	23.74	27.24	27.3
अन्य विविध	12.04	8.19	12.14	11.09
कुल	**14.06%**	**7.23%**	**12.76%**	**9.31%**

I.4.4.8 भारतीय मोटर अन्य पक्ष अस्वीकृत जोखिम बीमा पूल (डीआर पूल) का विखंडनः

1. प्राधिकरण ने दिनांक 23 दिसंबर 2011 के अपने आदेश सं. आईआरडीए/एनएल/ओआरडी एमपीएल/277/12/2011 के द्वारा 01 अप्रैल 2012 से केवल देयता वाणिज्यिक वाहन अन्य पक्ष बीमा के लिए एक अस्वीकृत जोखिम पूल निर्मित किया है।

2. इस बीच, 23 मार्च 2015 को बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 अधिसूचित किया गया, जिसके द्वारा बीमाकर्ताओं के लिए यह अधिदेशात्मक कर दिया गया कि वे प्राधिकरण द्वारा निर्धारित तरीके से मोटर अन्य पक्ष व्यवसाय का कुछ न्यूनतम प्रतिशत पूरा करें।

3. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए एक ही प्रयोजन के लिए दो अधिदेशों को बनाये रखने की आवश्यकता नहीं थी और इस

सारणी I.43
सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में भारतीय व्यवसाय पर निवल प्रतिधारित प्रीमियम (जीआईसी को छोड़कर)

वर्ग	2015-16			2014-15		
	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल
फायर	62.00	30.96	48.70	63.76	31.31	50.94
मरीन कार्गो	81.62	67.18	74.01	84.12	65.41	75.44
मरीन हल	28.50	10.45	26.62	26.15	8.71	24.53
मोटर	94.68	88.62	91.46	95.3	89.17	92.04
इंजीनियरिंग	63.30	26.52	51.40	69.24	26.62	55.73
विमानन	1.22	60.09	13.42	10.45	50.77	18.25
अन्य विविध	88.22	69.01	81.00	86.23	68.16	78.6
कुल	**85.71**	**86.78**	**80.88**	**84.74**	**75.24**	**80.34**

कारण से प्राधिकरण ने 1 अप्रैल 2016 से वाणिज्यिक वाहन के लिए भारतीय मोटर अन्य पक्ष अस्वीकृत जोखिम पूल (ऐक्ट ओनली बीमा) को विखंडित करने का निर्णय किया।

4. वर्ष 2015-16 के लिए अस्वीकृत जोखिम प्रीमियम ₹413.11 करोड़ (100%) है तथा वर्ष 2015-16 के लिए डीआर पूल को अध्यर्पित प्रीमियम ₹309.83 करोड़ (75%) है। सरकारी क्षेत्र कंपनियों और निजी क्षेत्र कंपनियों के बीच प्रीमियम का विश्लेषित विवरण सारणी .45 में दिया गया है।

5. प्राधिकरण ने भारतीय साधारण बीमा निगम को प्रेषित दिनांक 10 फरवरी 2016 के अपने पत्र सं. आईआरडीए/ एनएल/ एमटीपी/ डीआरपी/ 2013-1501/2016 के द्वारा लेखों को अंतिम रूप देने के लिए अस्वीकृत जोखिम पूल के संबंध में वर्ष 2014-15 के लिए 184% पर अंतिम हानि अनुपात घोषित किया।

सारणी I.44
सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गैर-जीवन बीमाकर्ताओं का निवल प्रतिधारण (जीआईसी सहित)

वर्ग	2015-16	2014-15
फायर	63.01	64.54
मरीन कार्गो	81.01	81.59
मरीन हल	44.51	35.47
मोटर	99.20	99.67
इंजीनियरिंग	67.23	71.8
विमानन	27.15	38.91
अन्य विविध	84.28	88.14
कुल	**87.72**	**89.57**

सारणी I.45 वर्ष 2015-16 के लिए अस्वीकृत जोखिम पूल के अंतर्गत प्रीमियम

	डीआर पूल को अध्यर्पित प्रीमियम (75 %) (₹ करोड़)
सरकारी क्षेत्र	302.32
निजी क्षेत्र	7.51
कुल	**309.83**

I.4.4.9 मोटर अन्य पक्ष प्रीमियम दरों में संशोधन

1. दिनांक 15 अप्रैल 2011 की अधिसूचना सं. आईआरडीए/ एनएल/एनटीएफएन/एमओटीपी/ 066/04/2011 के अनुसार प्राधिकरण को केवल मोटर अन्य पक्ष देयता रक्षा के लिए प्रीमियम दरों की समीक्षा करनी चाहिए तथा उसमें विनिर्दिष्ट फार्मूले का उपयोग करते हुए वार्षिक तौर पर उनका समायोजन करना चाहिए।

2. तदनुसार, पूर्व के अखिल भारतीय मोटर प्रशुल्क के अनुसार वाहनों के प्रत्येक वर्ग पर उक्त फार्मूला लागू किया गया है।

तथापि, पॉलिसीधारकों पर दरों में वृद्धि के अचानक और प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए, प्राधिकरण ने तदनुसार मोटर बीमा के कुछ वर्गों में दर को बढ़ाने अथवा घटाने के द्वारा उक्त दरों को संतुलित किया तथा वर्ष 2016-17 के लिए मोटर अन्य पक्ष बीमा रक्षा हेतु संशोधित प्रीमियम दरें दिनांक 28 मार्च 2016 की अधिसूचना सं. आईआरडीए/ एनएल/ एनटीएफएन/ एमओटीपी/ 060/ 03/ 2015 के द्वारा अधिसूचित कीं।

I.4.5 बीमाकर्ताओं द्वारा निवेशों की निगरानी

I.4.5.1 सभी बीमाकर्ताओ से अपेक्षित है कि वे निवेश विनियमों के अंतर्गत निर्धारित रूप में निवेशों के स्वरूप का पालन करें। जीवन और गैर-जीवन बीमा क्षेत्र द्वारा किये गये निवेशों का विवरण नीचे दिया गया हैः

बीमा क्षेत्र के कुल निवेश

I.4.5.2 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार, बीमा क्षेत्र द्वारा किये गये निवेशों की संचित कुल राशि ₹26,90,194 करोड़ थी। वर्ष के दौरान यह 11.71 प्रतिशत बढ़ा है। जीवन बीमाकर्ताओं ने उद्योग द्वारा किये गये कुल निवेशों के अधिकांश भाग का लगातार अंशदान किया है जिनका अंश कुल निवेशों का 93.01 प्रतिशत है। इसी प्रकार सरकारी क्षेत्र की कंपनियों ने कुल निवेशों में एक बड़े भाग 79.24 प्रतिशत का अंशदान करना जारी रखा, हालांकि निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं द्वारा निवेश हाल के वर्षों में तीव्र गति से बढ़ रहे हैं।

I.4.5.3 जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा निवेश के लिए उपलब्ध निधियों के विभिन्न स्रोतों को पारंपरिक उत्पादों से निधियों एवं यूलिप उत्पादों से निधियों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा निवेशित निधियों की कुल राशि ₹25,02,068 करोड़ थी। उसमें ₹3,40,412 करोड़ (कुल निधियों का 13.61 प्रतिशत) यूलिप निधियों से आया है तथा शेष ₹21,61,656 करोड़ (86.39 प्रतिशत) का अंशदान पारंपरिक उत्पादों के द्वारा किया गया। पिछले पाँच वर्षों के दौरान यूलिप का अंश एक अधोमुखी प्रवृत्ति का सामना कर रहा है और इसका अंश पिछवे वर्ष उसके पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 2.53% नीचे आया।

सारणी I.46
बीमा क्षेत्र के कुल निवेश
(31 मार्च को)

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	जीवन		गैर-जीवन		कुल	
	2015	2016	2015	2016	2015	2016
सरकारी	1786312 (13.37)	2009119 (12.47)	103561 (10.42)	122560 (18.35)	1889873 (13.30)	2131679 (12.79)
निजी	461210 (20.37)	492949 (6.88)	57153 (24.18)	65565 (14.72)	518363 (20.78)	558514 (7.75)
कुल	**2247522 (14.82)**	**2502068 (11.33)**	**160714 (14.95)**	**188126 (17.06)**	**2408236 (14.83)**	**2690194 (11.71)**

टिप्पणी: 1. कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत में वृद्धि दर्शाते हैं।
2. 2016 सरकारी में विशेषीकृत बीमाकर्ता अर्थात ईसीजीसी और भारतीय कृषि बीमा कंपनी (एआईसी) शामिल हैं।

सारणी I.47
जीवन बीमाकर्ताओं के कुल निवेश : लिखत-वार
(31 मार्च को)

(₹ करोड़)

निम्नलिखित से निवेश	2015		2016	
	राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत
पारंपरिक उत्पाद				
1 केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियाँ	722955	38.36	831049	38.44
2 राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	430554	22.84	528206	24.44
3 आवास और बुनियादी संरचना	174512	9.26	186112	8.61
4 अनुमोदित निवेश	530568	28.15	583145	26.98
5 अन्य निवेश	26193	1.39	33145	1.53
क. कुल (1+2+3+4+5)	**1884782**	**100.00**	**2161656**	**100.00**
यूलिप निधियाँ				
6 अनुमोदित निवेश	352371	97.14	328974	96.64
7 अन्य निवेश	10369	2.86	11438	3.36
ख. कुल (6+7)	**362740**	**100.00**	**340412**	**100.00**
कुल जोड़ (क+ख)	**2247522**		**2502068**	

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान यूलिप निधि समग्र रूप में ₹22,328 करोड़ घट गई है।

I.4.5.4 जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा किये गये निवेशों के स्वरूप में 31 मार्च 2015 की तुलना में 31 मार्च 2016 को कोई खास परिवर्तन नहीं देखा गया है। केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियाँ और अनुमोदित निवेश जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा निवेशों के दो प्रमुख ज़रिये हैं।

I.4.5.5 निधियों के वर्गीकरण की पद्धति के आधार पर कुल निवेशों में जीवन निधि का अंशदान ₹16,97,453 करोड़ (67.84 प्रतिशत), पेंशन और सामान्य वार्षिकी एवं सामूहिक निधि का अंशदान ₹4,64,203 करोड़ (18.55 प्रतिशत) तथा यूलिप निधि का अंशदान ₹3,40,412 करोड़ (13.61 प्रतिशत) रहा। 2015-16 के दौरान कुल निवेश में पेंशन/ वार्षिकी निधियों का अंश 17.33 प्रतिशत से बढ़कर 18.55 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, जीवन निधियों के अंश 66.53 प्रतिशत से 67.84 प्रतिशत तक बढ़ गये हैं। तदनुरूपी तौर पर यूलिप निधियों का अंश 16.14 प्रतिशत से 13.61 प्रतिशत तक नीचे आया है।

सारणी I.48
जीवन बीमाकर्ताओं के निवेश : निधि-वार
(31 मार्च को)

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	जीवन निधि		पेंशन और सामान्य वार्षिकी एवं सामूहिक निधि		यूनिट सहबद्ध निधि		सभी निधियों का योग	
	2015	**2016**	**2015**	**2016**	**2015**	**2016**	**2015**	**2016**
एलआईसी	1359829	1527016	343813	412664	82671	69439	1786312	2009119
निजी	135480	170437	45660	51539	280069	270973	461210	492949
कुल	**1495309 (66.53)**	**1697453 (67.84)**	**389473 (17.33)**	**464203 (18.55)**	**362740 (16.14)**	**340412 (13.61)**	**2247522 (100.00)**	**2502068 (100.00)**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े कुल निधियों में से संबंधित निधियों का प्रतिशत है। .

सारणी I.49
निवेशों की वृद्धि : निधि-वार
(31 मार्च को)

(₹ करोड़)

निधि	2015		2016	
	कुल	वृद्धि % में	कुल	वृद्धि % में
जीवन	1495309	16.08	1697453	13.52
पेंशन और सामान्य वार्षिकी एवं सामूहिक निधि	389473	15.37	464203	19.19
पारंपरिक (क)	**1884782**	**15.93**	**2161656**	**14.69**
यूनिट सहबद्ध निधियाँ (ख)	362740	9.37	340412	-6.16
कुल (क+ख)	**2247522**	**14.82**	**2502068**	**11.33**

सारणी I.50
गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के कुल निवेश : लिखत-वार
(31 मार्च को)

(₹ करोड़)

लिखतों का स्वरूप	2015		2016	
	कुल	निधि में से %	कुल	निधि में से %
केन्द्र सरकार प्रतिभूतियाँ	42904	26.70	49994	26.57
राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	17120	10.65	22160	11.78
आवास और राज्य सरकार को आवास और एफएफई के लिए ऋण	14834	9.23	19503	10.37
बुनियादी संरचनागत निवेश	27277	16.97	31946	16.98
अनुमोदित निवेश	53734	33.43	58311	31.00
अन्य निवेश	4845	3.01	6212	3.30
कुल	**160714**	**100.00**	**188126**	**100.00**

टिप्पणी : 1. 2016 में ईसीजीसी और एआईसी ऑफ इंडिया शामिल हैं।
2. एफएफई : अग्निशमन उपस्कर

गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के निवेशः

I.4.5.6 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं ने बीमा उद्योग द्वारा किये गये कुल निवेशों में केवल 6.99 प्रतिशत का ही अंशदान किया है। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार इस क्षेत्र द्वारा किये गये निवेशों की कुल राशि ₹1,88,126 करोड़ थी। 2015-16 के दौरान निवेशों में निवल वृद्धि ₹27,412 करोड़ (पिछले वर्ष की तुलना में 17.06 प्रतिशत वृद्धि) थी।

I.4.5.7 निवेशों का स्वरूप पिछले वर्ष के समान ही बना रहा। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार गैर-जीवन बीमाकर्ताओं ने अनुमोदित निवेशों और केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों में क्रमशः ₹58,311 करोड़ (31 प्रतिशत) और ₹49,994 करोड़ (26.57 प्रतिशत) के निवेश किये हैं।

I.4.6 स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय

स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की प्रवृत्ति (वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा व्यवसाय को छोड़कर)

I.4.6.1 साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा संगृहीत सकल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम 2015-16 के दौरान ₹24,448 करोड़ था और यह पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ₹20,096 करोड़ था। 2015-16 के दौरान स्वास्थ्य बीमा खंड ने सकल प्रीमियम में 21.7 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त की है, जोकि पिछले पाँच वर्षों के दौरान सूचित की गई उच्चतम दर है। सरकारी क्षेत्र की चार साधारण बीमा कंपनियों ने लगातार 2015-16 में कुल स्वास्थ्य प्रीमियम के 64 प्रतिशत पर एक बड़े भाग का अंशदान करना जारी रखा जो पिछले वर्ष में इतना ही था। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने 2015-16 के दौरान कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का 16 प्रतिशत अंशदान किया है, और इस प्रकार उन्होंने पिछले वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। तथापि, निजी साधारण बीमाकर्ताओं के अंश में कुछ गिरावट है, जो 2014-15 के 22 प्रतिशत से 2015-16 में 20 प्रतिशत तक नीचे आया है। यह देखा जा सकता है कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान निजी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं का अंश 2011-12 के 27 प्रतिशत से 2015-16 में 20 प्रतिशत तक घट गया है, जबकि स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का अंश 12 प्रतिशत से 16 प्रतिशत तक ऊपर उठा है तथा सरकारी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं का अंश 61 प्रतिशत से 64 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

बॉक्स मद 1

स्वास्थ्य बीमा में नवोन्मेषण

आज उत्पाद विकल्प, सोशल मीडिया तथा व्यवहारगत और जीवन-शैली संबंधी परिवर्तन उपभोक्ताओं की मानसिक प्रवृत्तियों को बदल रहे हैं। सभी प्रकार के व्यवसायों के लिए नवोन्मेषण एक प्रमुख विभेदक बन गया है और बीमा इसका अपवाद नहीं है। विशेष रूप से स्वास्थ्य बीमा नवोन्मेषण के लिए एक बड़ा मंच उपलब्ध कराता है। नवोन्मेषण कोई नई बात नहीं है। औद्योगिक क्रांति से लेकर सूचना के युग की प्रौद्योगिकी ने असंख्य नवोन्मेषण देखे हैं, उदाहरण के लिए जो बीमा उद्योग सहित व्यवसाय और समाज में अंतर्ग्रथित हैं। जहाँ तक बीमा का संबंध है, नवोन्मेषण की पहचान वितरण, उत्पाद अभिकल्पन और कुशल सेवा से की जा सकती है जो किसी न किसी रूप में प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित हैं। मिसाल के लिए नकदीरहित सुविधा की गति पूरी तरह प्रोद्योगिकी के कारण ही संभव हो सकी है।

स्वास्थ्य बीमा तीव्र विस्तार का साक्षी रहा है तथा भविष्य के लिए भी इसकी उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। जबकि बहुविध कारक इस वृद्धि को प्रेरित करते हैं, वहीं स्वास्थ्य बीमा उत्पादों में नवोन्मेषण इनमें से एक महत्वपूर्ण कारक है। यदि उत्पादों के क्षेत्र में हाल ही में घटित नवोन्मेषणों पर दृष्टिपात किया जाए तो निम्नलिखित का स्थान प्रमुख रूप से दिखाई देगा -- संवर्धित कवरेज, कवरेज के नये प्रकार जो अब तक अपवर्जित व्ययों को सम्मिलित करते हैं, अस्पताल में भर्ती से संबंधित प्रासंगिक और अनुषंगी व्ययों का कवरेज, बीमाकृत व्यक्ति की सक्रिय स्वास्थ्य पहलें आदि।

जब हम संवर्धित कवरेज की बात करते हैं तो हम पाते हैं कि पार्किन्सन और अलझेइमेर की जैसी बीमारियों सहित गंभीर बीमारियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है जिन्हें आजकल कवर किया जा रहा है। वैयक्तिक दुर्घटना के प्रति प्रस्तावित कवरेज ने भी दुर्घटनाओं के विनिर्दिष्ट कारणों के लिए दुहरे या तिहरे लाभों के तौर पर वृद्धि देखी है, जैसे दुर्घटनाजनित छाले, अनुसूचित वाहनों की दुर्घटना, आदि। प्रतीक्षा अवधि / उत्तरजीविता अवधि की छूट/ पहले से विद्यमान बीमारी में कमी के लिए भी कवर प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा, अस्पताल में भर्ती से पहले के और उसके बाद के व्ययों के लिए विस्तारित कवरेज दिया जा रहा है।

अब तक अपवर्जित बीमारियों / चिकित्साओं के लिए सह-भुगतान अथवा कटौतीयोग्य के साथ कवरेज प्रदान किया जा रहा है। अवयव-दाताओं के व्ययों को कवर किया जा रहा है। आयुष चिकित्सा के व्ययों की प्रतिपूर्ति की जा रही है। अनुर्वरता (इनफेर्टिलिटी) के लिए कवरेज है। कुछ मामलों में जोखिम-भरी क्रीडाओं के लिए वर्धित लाभ (ऐड-ऑन) और आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध कवर दिया जा रहा है। गैर-चिकित्सीय व्ययों के लिए भी कवर प्रदान किया जा रहा है। बैरियाट्रिक शल्यचिकित्सा जो अब तक अपवर्जित रही, के लिए कुछ बीमाकर्ताओं द्वारा कवर किया जा रहा है। कुछ पॉलिसियों के अंतर्गत सहायक वस्तुओं, जैसे कृत्रिम अंगों के लिए भी कवर प्रदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य-लाभ / रिकवरी लाभ एक और ऐसा लाभ है जिसको कवर किया जा रहा है। कई अन्य नये कवर दिये जा रहे हैं। प्रसूति कवर जो पहले प्रायः सामूहिक पॉलिसियों के अंतर्गत ही उपलब्ध था, अब कुछ वैयक्तिक कवरों के अंतर्गत उपलब्ध कराया जा रहा है। कुछ मामलों में नवजात शिशुओं के लिए स्वचालित कवर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अनुसार टीका लगाने के लिए भी कवर दिया जाता है। दैनिक अस्पताल नकदी एक लोकप्रिय अभिकल्प बन गई है जहाँ बीमारक्षा का विश्व-भर में भी विस्तार किया गया है। आज मधुमेह और उच्चरक्तचाप के लिए विशिष्ट कवर उपलब्ध हैं। कई स्थानों पर बाह्यरोगी (आउटपेशेंट) कवर प्रारंभ किये जा रहे हैं। हवाई एम्बुलेंस के लिए कवर एक और नवोन्मेषण है। दूसरे डॉक्टर की राय के लिए कवर, साथ में आनेवाले व्यक्तियों के व्ययों के लिए कवर आदि भी आम बातें हो रही हैं। दुर्घटना के कारण अशक्तता की स्थिति में दैनिक निर्वाह के लिए घरेलू सहायता हेतु व्ययों के लिए कवर एवं अशक्त व्यक्तियों के लिए परिवर्तनों के लिए कवर आदि उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए शिक्षा के लाभ आदि सहित वर्धित लाभ (ऐड-ऑन) भी प्रारंभ किये जा रहे हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए 'पैकेज' और 'कॉम्बी' के रूप में स्वास्थ्य कवर भी उपलब्ध हैं। एक अन्य उल्लेखनीय नवोन्मेषण का कवरेज के लिए विस्तार भौगोलिक सीमाओं से आगे किया गया है कुछ कवर अब विश्व-भर में प्रस्तावित किये जा रहे हैं।

अनेक बीमाकर्ता एक अतिरिक्त / वैकल्पिक लाभ के रूप में अपने उत्पादों में संपूर्ण स्वास्थ्य (वेलनेस) कार्यक्रम अथवा मूल्य वर्धित (वैल्यू ऐडेड) सेवा भी उपलब्ध करा रहे हैं। जबकि विभिन्न बीमाकर्ताओं के पास विभिन्न अभिकल्प हैं, प्राथमिक उद्देश्य अपने स्वास्थ्य.को सुधारने के लिए बीमाकृत व्यक्ति की संलिप्तता और सहभागिता को बढ़ाना है ताकि लंबी अवधि में दावे के विस्तार और तीव्रता को कम किया जा सके। संपूर्ण स्वास्थ्य के लाभों में नियमित जिम गतिविधि, ऑनलाइन स्वास्थ्य जोखिम निर्धारण, निवारक जोखिम निर्धारण आदि जैसे संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यकलाप करने के लिए ऋण (क्रेडिट) शामिल किया जा सकता है। दावा संबंधी अनुभव का विचार किये बिना निवारक स्वास्थ्य रक्षा, उदाहरण के लिए स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच आम तौर पर प्रस्तावित किया जानेवाला लाभ बन रहा है। संपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी कुछ अन्य लाभों में 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए टीकाकरण, बीमारी / चिरकालिक स्थिति प्रबंध सेवाएँ आदि शामिल हैं।

नवीनतम विनियामक पहलें (आईआरडीएआई स्वास्थ्य सेवा विनियम, 2016 में घोषित) नवोन्मेषण को सुसाध्य बनाती हैं। उक्त विनियम पॉलिसीधारकों के हित को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण स्वास्थ्य और निवारक पहलुओं के लिए एक रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं। इनका संपूरण कुछ दिशानिर्देशों से किया गया है जो स्वास्थ्य बीमा में मानकीकरण दिशानिर्देश, 2016 का भाग बनते हैं। प्रायोगिक उत्पाद की संकल्पना का प्रारंभ बीमाकर्ताओं के लिए उत्पाद के सीमित जीवन के बारे में पॉलिसीधारक के प्रति पारदर्शी रहते हुए भी नवोन्मेषण के लिए अपनी ओर से प्रयास करने के लिए गुंजाइश प्रदान करता है।

सारणी I.51
पिछले पाँच वर्षों में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की प्रवृत्ति

(₹ करोड़)

क्षेत्र	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	8015 (61%)	9580 (62%)	10841 (62%)	12882 (64%)	15591 (64%)
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	3445 (27%)	4205 (27%)	4482 (26%)	4386 (22%)	4911 (20%)
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	1609 (12%)	1668 (11%)	2172 (12%)	2828 (14%)	3946 (16%)
उद्योग कुल	**13,069**	**15,453**	**17,495**	**20,096**	**24,448**
वार्षिक वृद्धि दर (% में)	**18.5%**	**18.2%**	**13.2%**	**14.9%**	**21.7%**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में बाजार अंश दर्शाते हैं।

चार्ट I.19 स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की प्रवृत्ति



स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का वर्गीकरण:

I.4.6.2 स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय को सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा, सामूहिक स्वास्थ्य बीमा (सरकार द्वारा प्रायोजित को छोड़कर अन्य) और वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। व्यवसाय के इन तीनों वर्गों में वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा ने पिछले पाँच वर्षों में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में अपने अंश में उल्लेखनीय वृद्धि सूचित की है, जो 2011-12 के 37 प्रतिशत से बढ़कर 2015-16 में 42 प्रतिशत हो गया है। दूसरी ओर, कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का अंश 2011-12 के 17 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 10 प्रतिशत रह गया है। इसी अवधि में सामूहिक स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय (सरकारी व्यवसाय को छोड़कर अन्य) का अंश लगभग 46 प्रतिशत पर स्थिर रहा है। इस स्थिति के होते हुए, यह देखा जा सकता है कि जबकि सामूहिक व्यवसाय स्थिर रहा है, वहीं सरकारी व्यवसाय का अंश कम हो रहा है।

सरकारी व्यवसाय से संगृहीत प्रीमियम की वास्तविक राशि के तौर पर पिछले पाँच वर्षों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं है। तथापि, दोनों वैयक्तिक और सामूहिक व्यवसाय (सरकारी को छोड़कर अन्य) से संगृहीत प्रीमियम की राशि इसी अवधि में दुगुनी से अधिक हो गई है।

सारणी I.52
स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का वर्गीकरण

(₹ करोड़)

व्यवसाय का वर्ग	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएँ आरएसबीवाई सहित	2225 (17%)	2348 (15%)	2082 (12%)	2474 (12%)	2425 (10%)
सामूहिक व्यवसाय (सरकारी व्यवसाय को छोड़कर अन्य)	5948 (46%)	7186 (47%)	8058 (46%)	8899 (44%)	11621 (48%)
वैयक्तिक व्यवसाय	4896 (37%)	5919 (38%)	7355 (42%)	8772 (44%)	10353 (42%)
कुल जोड़	**13,069**	**15,453**	**17,495**	**20,096**	**24,448**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में व्यवसाय के प्रत्येक वर्ग का अंश दर्शाते हैं।

चार्ट I.20 स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का वर्गीकरण
(सकल प्रीमियम के तौर पर)



सारणी I.53
स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या

(लाख में)

व्यवसाय का वर्ग	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएँ आरएसबीवाई सहित	1612 (76%)	1494 (72%)	1553 (72%)	2143 (74%)	2733 (76%)
सामूहिक (सरकारी व्यवसाय को छोड़कर अन्य)	300 (14%)	343 (17%)	337 (15%)	483 (17%)	570 (16%)
वैयक्तिक व्यवसाय	206 (10%)	236 (11%)	272 (13%)	254 (9%)	287 (8%)
कुल जोड़	**2118**	**2073**	**2162**	**2880**	**3590**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े सम्मिलित व्यक्तियों की कुल संख्या में व्यवसाय के प्रत्येक वर्ग का अंश दर्शाते हैं।

चार्ट I.21 सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या
व्यवसाय के विभिन्न वर्गों का अंश



सारणी I.54
व्यवसाय का वर्ग-वार निवल उपगत दावा अनुपात

(प्रतिशत%)

व्यवसाय का वर्ग	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएँ आरएसबीवाई सहित	90%	87%	93%	108%	109%
सामूहिक (सरकारी व्यवसाय को छोड़कर अन्य)	100%	104%	110%	116%	120%
वैयक्तिक व्यवसाय	85%	83%	83%	81%	77%
कुल योग	**94%**	**94%**	**97%**	**101%**	**102%**

स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत जारी की गई पॉलिसियों की संख्या और सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या:

I.4.6.3 2015-16 के दौरान साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने 35.90 करोड़ व्यक्तियों को समाविष्ट करते हुए लगभग 1.18 करोड़ स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियाँ जारी की हैं (2014-15 : 28.8 करोड़) तथा पिछले वर्ष सम्मिलित किये गये व्यक्तियों की संख्या में 24.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के तौर पर तीन-चौथाई भाग के व्यक्तियों को सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में शामिल किया गया तथा शेष एक-चौथाई हिस्से के व्यक्तियों को साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई सामूहिक और वैयक्तिक पॉलिसियों द्वारा समाविष्ट किया गया।

निवल उपगत दावा अनुपात की प्रवृत्ति

I.4.6.4 निवल उपगत दावा अनुपात (निवल आईसीआर) में वृद्धि की प्रवृत्ति 2015-16 में जारी रही। निवल आईसीआर 2011-12 और 2012-13 के लिए 94 प्रतिशत था तथा 2013-14 में 97 प्रतिशत, 2014-15 में 101 प्रतिशत और 2015-16 में 102% था।

चार्ट I.22 स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का निवल उपगत दावा अनुपात



स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के विभिन्न वर्गों के बीच निवल आईसीआर विशेष रूप से सामूहिक व्यवसाय (सरकारी से इतर) के लिए उच्च है, जो पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिए 100 प्रतिशत से अधिक था और इस अवधि में सुसंगत रूप में बढ़ता रहा है। दूसरी ओर, वैयक्तिक व्यवसाय का निवल आईसीआर क्रमिक गिरावट दर्शा रहा है

सारणी: I.55
स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का क्षेत्र-वार निवल उपगत दावा अनुपात

क्षेत्र	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	101%	103%	106%	112%	117%
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	78%	78%	87%	84%	81%
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	60%	61%	67%	63%	58%
उद्योग का औसत	**93%**	**95%**	**97%**	**101%**	**102%**

सारणी I.56 : वैयक्तिक दुर्घटना बीमा व्यवसाय के अंतर्गत सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या

(लाख में)

क्षेत्र	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	1578	1265	753	764	3609
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	456	698	972	2437	826
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	18	21	21	30	38
कुल उद्योग	**2052**	**1984**	**1746**	**3231**	**4473**

सारणी I.57
क्षेत्र-वार वैयक्तिक दुर्घटना बीमा प्रीमियम

(₹ करोड़)

	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	682 (49%)	650 (41%)	614 (36%)	708 (33%)	879 (34%)
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	672 (49%)	919 (57%)	1,060 (61%)	1351 (63%)	1561 (60%)
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	34 (2%)	40 (2%)	55 (3%)	94 (4%)	170 (6%)
कुल जोड़	**1,388**	**1,609**	**1,729**	**2,153**	**2,610**

टिप्पणीः कोष्ठक में आंकड़े कुल प्रीमियम में विभिन्न क्षेत्रों का अंश दर्शाते हैं।

जो 2011-12 के 85 प्रतिशत से 2015-16 में 77 प्रतिशत तक कम हो गया है। सरकारी व्यवसाय के संबंध में निवल आईसीआर में उल्लेखनीय वृद्धि है क्योंकि 2011-12 के दौरान विद्यमान 90 प्रतिशत से 2015-16 में 109 प्रतिशत तक इसमें उन्नति हुई है।

उपर्युक्त सारणी से हम देख सकते हैं कि सरकारी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं का निवल आईसीआर पिछले सभी पाँच वर्षों के लिए 100 प्रतिशत से अधिक था। इसके साथ ही, पिछले दो वर्षों में तीव्र वृद्धि है। दूसरी ओर, विश्लेषणाधीन अवधि के दौरान निजी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का निवल आईसीआर क्रमशः 80 प्रतिशत और 60 प्रतिशत के दायरे में है।

वैयक्तिक दुर्घटना व्यवसायः

I.4.6.5 2015-16 के दौरान बीमा उद्योग ने वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत कुल 44.73 करोड़ व्यक्तियों को सम्मिलित किया है। इसमें न्यू इंडिया एश्युरेंस कंपनी लि. द्वारा प्रधान मंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत सम्मिलित किये गये 25.75 करोड़ व्यक्ति शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान वैयक्तिक दुर्घटना बीमा व्यवसाय से सकल प्रीमियम आय ₹2610 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्शाती है। जबकि निजी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं ने कुल प्रीमियम के 60 प्रतिशत का अंशदान किया है, वहीं सरकारी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं ने प्रीमियम के 34 प्रतिशत का अंशदान किया है तथा शेष 6 प्रतिशत का अंशदान स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा किया गया है। व्यवसाय की इस व्यवस्था के लिए आईसीआर वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए 62.24 प्रतिशत था।

विदेश यात्रा बीमा

I.4.6.6 2015-16 के दौरान बीमा क्षेत्र ने 39.29 लाख व्यक्तियों को बीमारक्षा प्रदान करते हुए 22.39 लाख विदेश यात्रा बीमा पॉलिसियाँ जारी की हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए विदेश यात्रा

सारणी I.58
क्षेत्र वार विदेश यात्रा बीमा प्रीमियम

(₹ करोड़)

क्षेत्र	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	30 (9%)	43 (11%)	46 (10%)	41 (9%)	32 (6%)
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	295 (86%)	325 (84%)	393 (86%)	403 (86%)	467 (87%)
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	17 (5%)	19 (5%)	18 (4%)	21 (5%)	37 (7%)
कुल जोड़	**342**	**387**	**457**	**465**	**536**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े कुल प्रीमियम में विभिन्न क्षेत्रों का अंश दर्शाते हैं।

बीमा व्यवसाय से सकल प्रीमियम आय ₹536 करोड़ थी। पिछले वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान यह 465 करोड़ रुपये थी। व्यवसाय की इस व्यवस्था के लिए उपगत दावा अनुपात (आईसीआर) वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए 54.1 प्रतिशत था।

व्यवसाय की इस व्यवस्था में निजी साधारण बीमाकर्ता प्रमुख खिलाड़ी हैं, जिनका बाजार अंश सकल प्रीमियम में 87 प्रतिशत रहा है। कुल सकल प्रीमियम में सरकारी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं और स्टैंड अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने क्रमशः 6% और 7% के अंश का योगदान किया। निजी साधारण बीमाकर्ताओं में तीन कंपनियों अर्थात टाटा एआईजी (29 प्रतिशत बाजार अंश), बजाज अलायंज़ (21 प्रतिशत) और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड (15 प्रतिशत) ने कुल सकल प्रीमियम के दो-तिहाई हिस्से का अंशदान किया।

देशी यात्रा बीमा

I.4.6.7 देशी यात्रा बीमा व्यवसाय से सकल प्रीमियम आय 2015-16 के दौरान ₹21.80 करोड़ थी, जिसने पिछले वर्ष 2014-15 की तुलना में 35.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जबकि कोई भी स्टैंड-अलोन बीमाकर्ता देशी यात्रा बीमा पॉलिसियाँ नहीं बेचता, व्यवसाय की यह व्यवस्था केवल छह निजी साधारण बीमाकर्ताओं और सरकारी क्षेत्र के एक बीमकर्ता अर्थात नेशनल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा उत्पन्न की गई है। दो निजी बीमाकर्ताओं अर्थात आईसीआईसीआई लोम्बार्ड और टाटा एआईजी व्यवसाय की इस व्यवस्था में क्रमशः 64 प्रतिशत और 32 प्रतिशत पर बड़ा बाजार अंश धारित करते हैं। 2015-16 के दौरान उद्योग ने 22.57 लाख व्यक्तियों को बीमारक्षा प्रदान करते हुए 21.08 लाख बीमा पॉलिसियाँ जारी की हैं। व्यवसाय की इस व्यवस्था के लिए आईसीआर वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए 2.14 प्रतिशत था।

स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का राज्य-वार वितरण

I.4.6.8 स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के राज्य-वार वितरण ने भारत के विभिन्न राज्यों और संघ-राज्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का एक अधिक विषम वितरण दर्शाया है। जबकि पाँच राज्यों अर्थात महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली यूटी और गुजरात ने कुल स्वास्थ्य

सारणी I.59
क्षेत्र-वार देशी यात्रा बीमा सकल प्रीमियम

(₹ करोड़)

क्षेत्र	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	0.03	0.04	0.03	0.01	0.002
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	14.22	15.43	12.32	16.05	21.80
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	0.0	0.0	0.0	0.0	0.00
कुल जोड़	**14.25**	**15.47**	**12.35**	**16.06**	**21.80**

सारणी I.60
2015-16 के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में शीर्षस्थ 5 राज्यों का अंश

राज्य /सं.रा.क्षेत्र	सामूहिक व्यवसाय (आरएसबीवाई और सरकार प्रायोजित योजनाओं को छोड़कर)		सरकारी व्यवसाय (केवल आरएसबीवाई और अन्य सरकार प्रायोजित योजनाएँ)		वैयक्तिक व्यवसाय		कुल स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय	
	राशि ₹ करोड़ में	अखिल भारतीय प्रीमियम में अंश का %	राशि ₹ करोड़ में	अखिल भारतीय प्रीमियम में अंश का %	राशि ₹ करोड़ में	अखिल भारतीय प्रीमियम में अंश का %	राशि ₹ करोड़ में	अखिल भारतीय प्रीमियम में अंश का %
महाराष्ट्र	4251	37%	756	31%	2708	26%	7715	32%
तमिलनाडु	1694	15%	555	22%	859	8%	3107	13%
कर्नाटक	2064	18%	44	2%	587	6%	2695	11%
दिल्ली	915	8%	0	0%	1061	10%	1976	8%
गुजरात	149	1%	35	1%	1276	12%	1461	6%
शेष भारत	2548	21%	1084	44%	3862	38%	7494	30%
अखिल भारत कुल	**11621**	**100%**	**2474**	**100%**	**10353**	**100%**	**24448**	**100%**

टिप्पणी : राज्यों का स्थान-निर्धारण कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के आधार पर किया गया है।

चार्ट I.23 स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में राज्यों का अंश
वित्तीय वर्ष 2015-16



बीमा प्रीमियम के 69 प्रतिशत का अंशदान किया, वहीं शेष 31 राज्यों / संघ-राज्य क्षेत्रों ने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के 31 प्रतिशत का अंशदान किया। अकेले महाराष्ट्र राज्य ने ही कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के ₹7715 करोड़ (32 प्रतिशत) का अंशदान किया। दूसरी ओर, उत्तर-पूर्वी भारत (सिक्किम राज्य सहित) के 8 सहोदर राज्यों से स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम 2015-16 के लिए केवल ₹195 करोड़ (0.80 प्रतिशत) ही था।

स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का माध्यम-वार वितरण

I.4.6.9 वितरण के विभिन्न माध्यमों के बीच वैयक्तिक एजेंट 33 प्रतिशत पर लगातार कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के एक बड़े अंश का योगदान करते हैं। वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम म् उनका अंश 70 प्रतिशत पर अभी भी उच्चतर है।

'प्रत्यक्ष विक्रय ऑनलाइन को छोड़कर अन्य' स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के वितरण के लिए दूसरा प्रमुख माध्यम है। इस माध्यम ने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में 28 प्रतिशत का अंशदान किया है। सामूहिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में इस माध्यम का अंश 43 प्रतिशत पर बहुत अधिक है।

स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के वितरण के लिए एक और महत्वपूर्ण माध्यम दलाल है, जिन्होंने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के 24 प्रतिशत का अंशदान किया है। यहाँ भी, सामूहिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में दलालों का अंश 39 प्रतिशत पर अधिक है।

बैंकेश्युरेंस ने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के 7 प्रतिशत का अंशदान किया तथा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के ऑनलाइन विक्रय ने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के 2 प्रतिशत का अंशदान किया।

सारणी I.61
वितरण के विभिन्न माध्यमों का अंश वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए जारी की गई पॉलिसियों की संख्या और प्रीमियम की राशि

माध्यम का नाम	वैयक्तिक व्यवसाय		सामूहिक व्यवसाय		कुल (वैयक्तिक + सामूहिक)	
	जारी की गई पॉलिसियों की सं.	सकल प्रीमियम	जारी की गई पॉलिसियों की सं.	सकल प्रीमियम	जारी की गई पॉलिसियों की सं.	सकल प्रीमियम
दलाल	4%	4%	7%	39%	4%	24%
कॉरपोरेट एजेंट बैंक	13%	11%	44%	4%	14%	7%
कॉरपोरेट एजेंट बैंकों को छोड़कर अन्य	3%	5%	11%	1%	3%	2%
प्रत्यक्ष विक्रय ऑनलाइन	2%	2%	2%	2%	2%	2%
प्रत्यक्ष विक्रय - ऑनलाइन को छोड़कर अन्य	10%	8%	3%	43%	9%	28%
वैयक्तिक एजेंट	69%	70%	33%	6%	68%	33%
सूक्ष्म-बीमा एजेंट	0.02%	0.00%	0.04%	0.00%	0.02%	0.00%
वेब-संग्राहक	0.21%	0.23%	0.00%	0.00%	0.20%	0.10%
अन्य	0.01%	0.15%	0.03%	4.78%	0.01%	2.82%
सभी माध्यमों का कुल जोड़	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**

2015-16 के दौरान स्वास्थ्य बीमा दावा विकास

सारणी I.62
अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) के माध्यम से संभाले गये दावे

(संख्याएँ वास्तविक)(राशि ₹ लाख में)

विवरण	नकदी रहित		प्रतिपूर्ति		लाभ आधारित		कुल	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
अवधि के प्रारंभ में लंबित दावे	2,26,249	61,678	1,34,950	81,439	197	38	3,61,396	1,43,155
अवधि के दौरान पंजीकृत नये दावे	35,31,858	10,46,203	30,76,073	9,98,477	1,416	418	66,09,347	20,45,098
अवधि के दौरान निपटाये गये दावे	32,25,958	8,33,360	26,21,230	7,74,190	915	307	58,48,103	16,07,857
अवधि के दौरान निराकृत दावे	2,30,002	1,13,816	4,13,060	1,77,451	591	122	6,43,653	2,91,390
वर्ष के अंत में लंबित दावे	3,02,147	88,995	1,76,733	84,113	107	26	4,78,987	1,73,135

सारणी I.63
बीमाकर्ताओं द्वारा सीधे संभाले गये दावे

(संख्याएँ वास्तविक)(राशि ₹ लाख में)

विवरण	नकदी रहित		प्रतिपूर्ति		लाभ आधारित		कुल	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
अवधि के प्रारंभ में लंबित दावे	1,36,067	18,256	67,942	42,290	2,050	5,058	2,06,059	65,604
अवधि के दौरान पंजीकृत नये दावे	16,62,818	3,14,607	9,10,272	3,83,734	32,114	18,275	26,05,550	7,16,616
अवधि के दौरान निपटाये गये दावे	14,54,499	2,37,721	7,07,372	3,23,698	24,559	6,615	21,86,608	5,68,033
अवधि के दौरान निराकृत दावे	1,63,951	53,381	2,26,321	79,947	5,389	9,861	3,95,696	1,43,189
वर्ष के अंत में लंबित दावे	1,80,435	25,647	44,521	43,863	4,216	6,886	2,29,303	76,397

सारणी I.64
दोनों अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) द्वारा और आंतरिक रूप से सँभाले गये दावे

(संख्याएँ वास्तविक)(राशि ₹ लाख में)

विवरण	नकदी रहित		प्रतिपूर्ति		लाभ आधारित		कुल	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
अवधि के प्रारंभ में लंबित दावे	362316	79934	202892	123729	2247	5096	567455	208759
अवधि के दौरान पंजीकृत नये दावे	5194676	1360811	3986345	1382211	33530	18693	9214897	2761715
अवधि के दौरान निपटाये गये दावे	4680457	1071080	3328602	1097888	25474	6922	8034711	2175890
अवधि के दौरान निराकृत दावे	393953	167197	639381	257398	5980	9983	1039349	434579
वर्ष के अंत में लंबित दावे	482582	114643	221254	127977	4323	6912	708290	249532

दावों की अवधि का विवरण दावों का निपटान 2015-16

सारणी I.65
टीपीए के माध्यम से संभाले गये दावों का विवरण

(संख्या वास्तविक)(राशि ₹ लाख में)

लिया गया समय	नकदी रहित		प्रतिपूर्ति		लाभ आधारित		कुल	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1 महीना	27,05,759	6,62,435	20,21,775	5,19,587	597	125	47,28,131	11,82,147
1 से 3 महीने	4,35,985	1,49,349	4,04,534	1,77,382	201	82	8,40,720	3,26,814
3 से 6 महीने	67,117	16,943	1,39,397	49,196	57	31	2,06,571	66,170
6 से 12 महीने	14,567	3,255	46,934	16,445	38	40	61,539	19,740
1 से 2 वर्ष	2,096	632	6,734	10,514	15	22	8,845	11,168
2 वर्ष	434	746	1,856	1,066	7	7	2,297	1,818
कुल	**32,25,958**	**8,33,360**	**26,21,230**	**7,74,190**	**915**	**307**	**58,48,103**	**16,07,857**

सारणी I.66
बीमाकर्ताओं द्वारा आंतरिक रूप से संभाले गये दावे

(संख्या वास्तविक)(राशि ₹ लाख में)

लिया गया समय	नकदी रहित		प्रतिपूर्ति		लाभ आधारित		कुल	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1 महीना	14,14,423	2,30,873	5,96,769	2,62,387	23,625	5,236	20,34,997	4,98,495
1 से 3 महीने	29,142	5,415	66,504	31,735	752	1,131	96,398	38,281
3 से 6 महीने	699	883	35,206	17,116	126	216	36,031	18,214
6 से 12 महीने	10,166	347	5,587	6,021	35	27	15,786	6,396
1 से 2 वर्ष	36	191	1,867	5,529	8	1	1,911	5,721
2 वर्ष	33	11	1,439	911	12	5	1,484	926
कुल	**14,54,499**	**2,37,721**	**7,07,372**	**3,23,698**	**24,559**	**6,615**	**21,86,608**	**5,68,033**

सारणी I.67
दोनों टीपीए द्वारा और आंतरिक रूप से संभाले गये दावे

(संख्या वास्तविक)(राशि ₹ लाख में)

लिया गया समय	नकदी रहित		प्रतिपूर्ति		लाभ आधारित		कुल	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1 महीना	4120182	893308	2618544	781973	24222	5361	6763128	1680642
1 से 3 महीने	465127	154765	471038	209117	953	1213	937118	365095
3 से 6 महीने	67816	17826	174603	66311	183	247	242602	84384
6 से 12 महीने	24733	3602	52521	22466	73	67	77325	26136
1 से 2 वर्ष	2132	823	8601	16043	23	23	10756	16889
2 वर्ष	467	756	3295	1976	19	11	3781	2744
कुल	**4680457**	**1071080**	**3328602**	**1097888**	**25474**	**6922**	**8034711**	**2175891**

चार्ट: I.24 स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में विभिन्न माध्यमों का अंशदान



2015-16 के दौरान दावा विकास और अवधि

सारणियों I.62, I.63 और I.64 के विश्लेषण से की गई टिप्पणियाँ निम्नानुसार हैं :-

- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान साधारण बीमा और स्टैंड अलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने 80.35 लाख स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान किया है तथा दावों के प्रति ₹21,759 करोड़ का भुगतान किया है।

- निपटाये गये दावों की संख्या के तौर पर 73 प्रतिशत दावे टीपीए के माध्यम से निपटाये गये और शेष दावों का निपटान आंतरिक रूप से (इन-हाउस) किया गया।

- दावों के निपटान की विधि के तौर पर कुल दावों में से 58 प्रतिशत दावों का निपटान नकदी रहित विधि से किया गया। शेष 42 प्रतिशत दावे प्रतिपूर्ति की पद्धति के द्वारा किया गया है।

- वर्ष के दौरान बीमाकर्ताओं ने पंजीकृत दावों में से 82.13 प्रतिशत दावों का निपटान किया है तथा पंजीकृत दावों की संख्या के 10.62 प्रतिशत दावों को निराकृत किया है। शेष 7.25 प्रतिशत दावे 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार निपटान के लिए लंबित थे।

सारणी I.68
31 मार्च 2016 को विद्यमान टीपीए की सूची

क्रम सं.	टीपीए का नाम
1	युनाइटेड हेल्थकेअर पारेख टीपीए प्रा. लि.
2	मेडी असिस्ट इंडिया टीपीए प्रा. लि.
3	एमडी इंडिया हेल्थकेअर (टीपीए) सर्विसेज़ (प्रा.) लि.
4	पैरमाउन्ट हेल्थ सर्विसेज़ एण्ड इंश्योरेंस टीपीए प्रा. लि.
5	ई मेडीटेक (टीपीए) सर्विसेज़ लि.
6	हेरिटेज हेल्थ टीपीए प्रा. लि.
7	फ़ोकस हेल्थ सर्विसेज़ टीपीए प्रा. लि.
8	मेडीकेअर टीपीए सर्विसेज़ (आई) प्रा. लि.
9	फ़ैमिली हेल्थ प्लान (टीपीए) लि.
10	रक्षा टीपीए प्रा. लि.
11	वाइडल हेल्थ टीपीए प्राइवेट लिमिटेड
12	अन्युता टीपीए इन हेल्थकेअर प्रा. लि.
13	ईस्ट वेस्ट असिस्ट टीपीए प्रा. लि.
14	मेड सेव हेल्थ केअर टीपीए लि.
15	जेनिन्स इंडिया टीपीए लि.
16	अलंकित हेल्थ केअर टीपीए लिमिटेड
17	हेल्थ इंडिया टीपीए सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड
18	गुड हेल्थ टीपीए सर्विसेज़ लि.
19	विपुल मेड कॉर्प टीपीए प्रा. लि.
20	पार्क मेडीक्लेम टीपीए प्राइवेट लि.
21	सेफ़वे टीपीए सर्विसेज़ प्रा. लि.
22	अनमोल मेडीकेअर टीपीए लि.
23	डेडिकेटेड हेल्थकेअर सर्विसेज़ टीपीए (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
24	ग्रैण्ड हेल्थ केअर टीपीए सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड
25	रोथशील्ड हेल्थकेअर (टीपीए) सर्विसेज़ लिमिटेड
26	हैपी इंश्योरेंस टीपीए प्रा. लि.
27	एरिक्सन इंश्योरेंस टीपीए प्रा. लि.
28	हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए ऑफ़ इँडिया लि.

सारणी I.69
2015-16 के दौरान नवीकृत टीपीए पंजीकरणों की सूची

क्रम सं.	टीपीए का नाम
1	गुड हेल्थ टीपीए सर्विसेज़ लि.
2	जेनिन्स इँडिया टीपीए लि.
3	डेडिकेटेड हेल्थकेअर सर्विसेज़ टीपीए प्रा. लि.
4	हेल्थ इंडिया टीपीए सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड
5	ईस्ट वेस्ट असिस्ट टीपीए प्रा. लि.
6	अन्युता टीपीए इन हेल्थकेअर प्रा. लि.
7	ग्रैंड हेल्थकेअर सर्विसेज़ टीपीए प्रा. लि.

सारणियों I.65, I.66 और I.67 का विश्लेषण नीचे दिया गया है :-

- जबकि बीमाकर्ताओं ने पंजीकृत दावों के 93 प्रतिशत का निपटान एक महीने के अंदर किया है, अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) ने इसी अवधि में 81 प्रतिशत दावों को निपटाया है।
- केवल 0.18 प्रतिशत मामलों में ही दावों का निपटान एक वर्ष से अधिक विलंब के साथ किया गया।

I.4.6.10 अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए) की कार्यपद्धतिः

01 अप्रैल 2016 की स्थिति के अनुसार आईआरडीएआई द्वारा पंजीकृत 30 टीपीए थे, जबकि 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार 28 टीपीए थे। वर्ष 2015-16 के दौरान किसी नये टीपीए को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान नहीं किया गया। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार प्राधिकरण के पास पंजीकृत टीपीए की सूची सारणी सं. I.68 में दी गई है। 2015-16 के दौरान प्राधिकरण द्वारा नवीकृत टीपीए पंजीकरणों की सूची सारणी सं. I.69 मे दी गई है। प्राधिकरण ने 2 टीपीए के नवीकरण आवेदन अस्वीकृत किये हैं और उनका ब्योरा सारणी सं. I.70 में दिया गया है। उक्त टीपीए ने अपने नेटवर्कों में नये अस्पतालों को जोड़ने के द्वारा अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार किया है जैसा कि सारणी सं. I.71 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

सारणी I.70 उन टीपीए का विवरण जिनके पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान अस्वीकृत किया गया

क्रम सं.	टीपीए का नाम
1	श्री गोकुलम हेल्थ सर्विसेज़ टीपीए (प्रा.) लि.
2	स्पूर्ति मेडीटेक टीपीए सोल्यूशन्स प्रा. लि..

सारणी I.71- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान टीपीए द्वारा नियुक्त नेटवर्क प्रदाता

क्रम सं.	टीपीए का नाम	वर्ष के प्रारंभ में नेटवर्क में अस्पतालों की संख्या	वर्ष के दौरान नेटवर्क में जोड़े गये अस्पतालों की संख्या	वर्ष के दौरान नेटवर्क से हट गये/ हटाये गये अस्पतालों की संख्या	* वर्ष के अंत में नेटवर्क में अस्पतालों की कुल संख्या
1	अलंकित हेल्थ केअर टीपीए लि.	4081	0	0	4081
2	अनमोल मेडीकेअर टीपीए लि.	453	0	0	453
3	अन्युता टीपीए इन हेल्थ केअर प्रा. लि.	210	133	0	343
4	डेडिकेटेड हेल्थकेअर सर्विसेज़ टीपीए (इंडिया) प्रा. लि..	3524	4294	118	7700
5	ई मेडीटेक (टीपीए) सर्विसेज़ लि.	5418	255	154	5519
6	ईस्ट वेस्ट असिस्ट टीपीए प्रा. लि.	4145	50	39	4156
7	एरिक्सन टीपीए हेल्थकेअर प्रा. लि.	3493	444	1	3936
8	फ़ैमिली हेल्थ प्लान (टीपीए) लि.	4563	512	420	4655
9	फ़ोकस हेल्थ सर्विसेज़ टीपीए प्रा. लि.	1599	0	74	1525
10	जेनिन्स इंडिया टीपीए लि.	3842	225	44	4023
11	गुड हेल्थ टीपीए सर्विसेज़ लि.	4687	194	9	4872
12	ग्रैंड हेल्थ केअर टीपीए सर्विसेज़ प्रा. लि.	1682	82	0	1764
13	हैपी इंश्योरेंस टीपीए सर्विसेज़ प्रा. लि.	1327	28	0	1355
14	हेल्थ इंडिया टीपीए प्रा. लि.	4114	267	51	4330
15	हेरिटेज हेल्थ टीपीए प्रा. लि.	4031	1588	402	5217
16	एमडी इंडिया हेल्थकेअर सर्विसेज़ (टीपीए) प्रा. लि.	9395	1432	1735	9092
17	मेड सेव हेल्थ केअर टीपीए लि.	6833	1312	1812	6333
18	मेडी असिस्ट इंडिया टीपीए प्रा. लि.	5394	541	199	5736
19	मेडीकेअर टीपीए सर्विसेज़ (आई) प्रा. लि.	4396	438	256	4578
20	पैरमाउन्ट हेल्थ सर्विसेज़ (टीपीए) प्रा. लि.	10646	1302	252	11696
21	पार्क मेडीक्लेम टीपीए प्रा. लि.	1889	56	9	1936
22	रक्षा टीपीए प्रा. लि.	3367	1203	72	4498
23	रोथशील्ड हेल्थकेअर (टीपीए) सर्विसेज़ लि.	2953	76	0	3029
24	सेफ़वे टीपीए सर्विसेज़ प्रा. लि.	4271	215	42	4444
25	वाइडल हेल्थ टीपीए प्रा. लि.	6146	258	73	6331
26	युनाइटेड हेल्थकेअर पारेख टीपीए प्रा. लि.	4050	493	72	4471
27	विपुल मेड कॉर्प टीपीए प्राइवेट लि.	7676	1543	143	9076
28	हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए ऑफ़ इंडिया लि.	1411	102	114	1399

* अस्पतालों की सहबद्धता एक से अधिक टीपीए के साथ हो सकती है।

I.4.7 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में व्यवसाय

I.4.7.1 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र के प्रति बीमाकर्ताओ के दायित्वों के लिए लागू विनियमों (विनियम, 2002) ने वार्षिक आधार पर बीमाकर्ताओं द्वारा पूरे किये जानेवाले लक्ष्य निर्धारित किये हैं। इन विनियमों के अनुसार बीमाकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे (i) सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत जीवनों की संख्या के तौर पर वर्ष-वार निर्धारित लक्ष्यों; तथा (ii) ग्रामीण दायित्वों के अंतर्गत जीवन और गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा क्रमशः जोखिम-अंकन की जानेवाली पॉलिसियों के प्रतिशत एवं प्रत्यक्ष रूप से जोखिम-अंकित कुल सकल प्रीमियम आय के प्रतिशत के तौर पर वर्ष-वार निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें। ये विनियम बीमाकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे अपने परिचालनों के प्रारंभ के वर्ष के आधार पर इन खंडों में व्यवसाय का जोखिम-अंकन करें तथा लागू लक्ष्य प्रत्येक बीमाकर्ता के परिचालनों के वर्ष के साथ संबद्ध किये गये हैं। इन दायित्वों को पूरा करने के लिए उक्त विनियमों में आगे यह भी व्यवस्था है कि यदि कोई बीमा कंपनी अपने परिचालन वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में प्रारंभ करती है और संबंधित वित्तीय वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार छह महीने से कम अवधि के लिए परिचालन में है तो (i) उपर्युक्त अवधि के लिए कोई ग्रामीण अथवा सामाजिक लक्ष्य लागू नहीं होंगे; तथा (ii) विनियमों में निर्दिष्ट किये गये रूप में वार्षिक दायित्व अगले वित्तीय वर्ष से गणना में लिये जाएँगे जो अनुपालन के प्रयोजन के लिए परिचालनों के पहले वर्ष के रूप में माना जाएगा। उन मामलों में जहाँ कोई बीमा कंपनी वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में परिचालन प्रारंभ करती है, तो पहले वर्ष के लिए लागू दायित्व इन विनियमों में विनिर्दिष्ट दायित्वों का 50 प्रतिशत होंगे।

दायित्वों की पूर्ति जीवन उद्योग

पिछले 5 वर्षों के दौरान सभी जीवन बीमाकर्ताओं (दोनों सरकारी और निजी क्षेत्रों के) ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए निर्धारित दायित्व पूरे किये हैं। वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए केवल एक बीमाकर्ता तथा वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए दो बीमाकर्ताओं ने सामाजिक क्षेत्र के लिए निर्धारित दायित्वों को पूरा नहीं किया है जिनके विरुद्ध विनियामक कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

ग्रामीण क्षेत्र दायित्व

I.4.7.2 2015-16 के दौरान निजी क्षेत्र की सभी तेईस जीवन बीमा कंपनियों ने अपने ग्रामीण क्षेत्र दायित्वों को पूरा किया था। वर्ष 2015-16 में जोखिम-अंकित कुल पॉलिसियों के प्रतिशत के रूप में ग्रामीण क्षेत्र में उनके द्वारा जोखिम-अंकित पॉलिसियों की संख्या उनके लिए लागू दायित्वों के अनुसार थी।

I.4.7.3 सरकारी क्षेत्र का एकमात्र बीमाकर्ता, भारतीय जीवन बीमा निगम, 2015-16 के लिए ग्रामीण क्षेत्र में अपने दायित्वों का अनुपालनकर्ता रहा।

I.4.7.4 जीवन बीमाकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में 68.99 लाख पॉलिसियों का जोखिम-अंकन किया अर्थात 2015-16 में उनके द्वारा जोखिम-अंकित नई वैयक्तिक पॉलिसियों (267.08 लाख) के 25.8 प्रतिशत का जोखिम-अंकन ग्रामीण क्षेत्र में किया गया। एलआईसी ने नई पॉलिसियों के 25.70 प्रतिशत का एवं निजी बीमाकर्ताओं ने अपनी नई वैयक्तिक पॉलिसियों के 26.3 प्रतिशत का जोखिम-अंकन ग्रामीण क्षेत्र में किया।

सामाजिक क्षेत्र दायित्व

I.4.7.5 2015-16 के दौरान सभी 23 निजी जीवन बीमाकर्ताओं ने अपने सामाजिक क्षेत्र दायित्वों को पूरा किया था। सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा बीमारक्षा प्रदान किये गये जीवनों की संख्या आईआरडीए (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम 2002 में निर्धारित शर्तों से अधिक थी।

I.4.7.6 एलआईसी 2015-16 के लिए दायित्वों के रूप में निर्धारित संख्या से अधिक संख्या में जीवनों (226.04 लाख) को बीमारक्षा प्रदान करते हुए अपने सामाजिक क्षेत्र दायित्वों का अनुपालनकर्ता रहा। निजी जीवन बीमाकर्ताओं ने 111.13 लाख सामाजिक जीवनों को बीमारक्षा प्रदान की थी।

गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के दायित्व

I.4.7.7 सभी सरकारी और निजी क्षेत्र के बीमार्ताओं ने वर्ष 2015-16 के लिए ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों का अनुपालन किया।

I.4.7.8 स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्व

सभी पाँच स्टैंड अलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान अपने ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों का अनुपालन किया।

सारणी I.72 वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों में स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के अनुपालन का विवरण

बीमाकर्ता	पूरे किये गये वर्षों की संख्या	ग्रामीण क्षेत्र दायित्व (जीडीपी का %)			सामाजिक क्षेत्र दायित्व (जीवनों की संख्या)		
		लक्ष्य	उपलब्धि	पालन किया (हाँ/नहीं)	लक्ष्य	उपलब्धि	पालन किया (हाँ/नहीं)
अपोलो म्यूनिख	8	6%	6.30%	हाँ	35,000	37,392	हाँ
सिगना टीटीके	2	3%	6.44%	हाँ	7,500	8,463	हाँ
मैक्स बूपा	6	5%	6.36%	हाँ	25,000	197,186	हाँ
रेलिगेर	4	5%	5.52%	हाँ	15,000	86,265	हाँ
स्टार हेल्थ	10	7%	12%	हाँ	55,000	1,240,551	हाँ

सारणी : I.73 गैर-जीवन बीमाकर्ता (स्टैंडअलोन और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं को छोड़कर) 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार ग्रामीण अथवा सामाजिक क्षेत्र व्यवसाय

बीमाकर्ता	ग्रामीण क्षेत्र (सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम)				सामाजिक क्षेत्र (जीवनों की संख्या)	
	लक्ष्य (%) 2015-16	कुल जीडीपी (₹ लाख)	ग्रामीण क्षेत्र में जीडीपी (₹ लाख)	उपलब्धि (%)	2015-16 (लक्ष्य)	उपलब्धि
रॉयल सुंदरम	7.00	169412	13403	7.91	55000	109481
टाटा एआईजी	7.00	295856	39059	13.20	55000	1667299
रिलायंस	7.00	279156	27118	9.71	55000	282212
इफ़्को टोकियो	7.00	369133	41042	11.12	55000	3423261
आईसीआईसीआई लोम्बार्ड	7.00	809071	72907	9.01	55000	233707
बजाज अलायंज़	7.00	583215	43129	7.40	55000	557701
एचडीएफसी एरगो	7.00	337955	29733	8.80	55000	78790
चोलामंडलम	7.00	245200	30980	12.63	55000	701949
फ्यूचर जनराली	6.00	158239	38201	24.14	35000	519339
यूनिवर्सन सोम्पो	6.00	90379	23234	25.71	35000	4705218
श्रीराम जनरल	6.00	171227	13284	7.76	35000	35988
भारती अक्सा	6.00	127442	7876	6.18	35000	42110
रहेजा क्यूबीई	5.00	2876	271	9.43	25000	35497
एसबीआई जनरल	5.00	203985	71135	34.87	25000	1990474
एलएंडटी जनरल	5.00	47339	2907	6.14	20000	609028
लिबर्टी वीडियोकॉन	5.00	40872	2138	5.23	10000	10000
मैगमा एचडीआई	5.00	40394	23153	57.32	10000	87337
कोटक महिन्द्रा	0.00	371	0		0	
निजी कुल		**39,71,749**	**4,79,570**	**12.07**	**6,70,000**	**150,89,391**
न्यू इंडिया	7.00	1514951	246615	16.28	168,70,908	741,61,700
नेशनल	7.00	1209081	94593	7.82	2319041	2646194
युनाइटेड इंडिया	7.00	1225036	161218	13.16	684489	56974548
ओरियन्टल	7.00	831473	113092	13.60	665500	40873981
सरकारी कुल		**4780541**	**615517**	**12.88**	**20539938**	**174656423**
कुल जोड़		**8752291**	**1095087**	**12.51**	**21209938**	**189745814**

I.4.8 वित्तीय सूचना-प्रणाली और बीमांकिक मानक

नियुक्त बीमांकक प्रणाली

I.4.8.1 नियुक्त बीमांकक प्रणाली भारतीय बीमा उद्योग में एक दशक से भी अधिक समय से विद्यमान है। प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह एक बीमांकक की नियुक्ति करे जो नियुक्त बीमांकक के रूप में जाना जाता है। नियुक्त बीमांकक बीमाकर्ता के प्रबंधक-वर्ग को बीमांकिक परामर्श देने के लिए उत्तरदायी है, विशेष रूप से उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण, बीमा संविदा शब्दावली और अभिव्यक्तियों, निवेश और पुनर्बीमा; कंपनी की शोधक्षमता को सुनिश्चित करना और समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन करने के क्षेत्रों में। नियुक्त बीमांकक को बीमाकर्ता के कब्जे में अथवा उसके नियंत्रण के अंतर्गत विद्यमान समस्त सूचना अथवा सभी दस्तावेजों तक पहुँच होनी चाहिए, यदि नियुक्त बीमांकक के कार्यों और कर्तव्यों के उचित और प्रभावी कार्यनिष्पादन के लिए ऐसी पहुँच आवश्यक हो।

I.4.9 धन-शोधन निवारण / आतंकवाद वित्तपोषण का मुकाबला (एएमएल/सीएफटी) कार्यक्रम

एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश

I.4.9.1 धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) और उसके अधीन बनाये गये नियमों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीमा क्षेत्र को एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश (दिशानिर्देश) पहले मार्च 2006 में जारी किये गये। तब से बीमा क्षेत्र भारत में एक प्रभावी एएमएल/सीएफटी व्यवस्था की दिशा में कार्य करता रहा है। ये दिशानिर्देश पीएमएलए के अंतर्गत अपेक्षित रूप में ग्राहक के संबंध में उचित सावधानी की प्रक्रियाओं, सूचना देने के दायित्वों और अभिलेख-पालन की आवश्यकताओं के महत्व पर बल देते हैं।

I.4.9.2 बीमाकर्ताओं ने लेखा-परीक्षा समिति के माध्यम से अपने बोर्ड के विस्तृत पर्यवेक्षण के अधीन विभिन्न अपेक्षाओं के अनुपालन की दिशा में प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ स्थापित की हैं। बीमाकर्ता के आंतरिक लेखा-परीक्षा/निरीक्षण विभागों के माध्यम से प्रणालियों की प्रभावात्मकता की नियमित समीक्षा की जाती है। उक्त दिशानिर्देशों के अनुपालन की भी निगरानी आईआरडीएआई द्वारा दोनों प्रत्यक्ष (ऑन-साइट) और परोक्ष (ऑफ़-साइट) प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाती है।

नकदी स्वीकरण का प्रारंभ

I.4.9.3 बीमा क्षेत्र बहुत कुछ बैंकिंग क्षेत्र के समान है जहाँ दोनों ही देश में जनता के बीच बचत को प्रोत्साहित करने के लिए माध्यम और सहायक साधन हैं। देश में बीमा संबंधी कानूनों के अनुसार भी यह अनिवार्य है कि प्रत्येक कंपनी के व्यवसाय का कुछ अनुपात अवश्य ग्रामीण क्षेत्र से उत्पन्न हो। भारत में गाँवों की विपुल संख्या के होते हुए, जिसकी तुलना में बैंकों की व्याप्ति सीमित है, नकदी की स्वीकृति के संबंध में प्रतिबंधों के द्वारा उत्पन्न की गई बाधाओं को हटाने के लिए आईआरडीएआई ने बैंकिंग क्षेत्र में प्रचलित रूप में ही निर्धारित शर्त को पंक्तिबद्ध किया था। इसका उद्देश्य प्रभावी ढंग से ग्रामीण व्यवसाय प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनियों को प्रोत्साहित करना भी था और इसके परिणामस्वरूप बीमा के व्यापन और उसकी सघनता में सुधार लाना था।

I.4.9.4 यह अपेक्षा 26 मई 2011 की सीबीडीटी अधिसूचना एस.ओ. 1214 (ई) के भी अनुरूप थी जो आय-कर नियम, 1962 के नियम 114बी को संशोधित करती है और खंड (क्यू) को निविष्ट करती है जो प्रत्येक व्यक्ति से अपेक्षा करता है कि वह उन सभी लेनदेनों से संबंधित दस्तावेजों में अपनी स्थायी खाता संख्या (पैन) को उद्धृत करे जहाँ किसी बीमाकर्ता को जीवन बीमा प्रीमियम के रूप में एक वर्ष में कुल पचास हजार रुपये या उससे अधिक राशि का भुगतान निहित हो, जैसा कि बीमा अधिनियम 1938 (1938 का 4) की धारा 2 के खंड (9) में परिभाषित है।

I.4.9.5 'नकदी में प्रीमियम के स्वीकरण' के संबंध में अधिक सख्त नियंत्रण रखने के लिए आईआरडीएआई ने कठोर नियंत्रणों को अनिवार्य कर दिया है, जैसे ग्राहक से प्राप्त किये जानेवाले पैन संख्या के सत्यापन की आवश्यकता। बीमाकर्ताओं के लिए यह भी आवश्यक है कि वे पैन विवरण के प्रकटीकरण से बचने के लिए किसी भी प्रकार

के प्रयास को रोकने के लिए उपयुक्त व्यवस्था निर्धारित करें। बीमाकर्ताओं को निदेश दिया गया है कि इन अपेक्षाओं के संबंध में धोखा देने के संभव प्रयासों की स्थिति में वे इसकी सूचना संदिग्ध गतिविधि के रूप में भारतीय वित्तीय आसूचना यूनिट (एफआईयू-आईएनडी) को दें।

गैर-जीवन बीमा कंपनियों के लिए लागू एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश

I.4.9.6 इस तथ्य पर विचार करते हुए कि गैर-जीवन बीमा कंपनियों के लिए लागू एएमएल/सीएफटी अपेक्षाएँ जीवन बीमा कंपनियों पर लागू अपेक्षाओं से भिन्न हैं, उक्त दिशानिर्देशों का आशोधन किया गया है ताकि वे गैर-जीवन बीमा व्यवसाय के विशिष्ट लक्षणों के सूक्ष्म भेदों के अनुरूप हो सकें। विभिन्न संबंधित पहलुओं पर साधारण बीमा परिषद के माध्यम से सभी गैर-जीवन बीमा कंपनियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। गैर-जीवन बीमा कंपनियों पर यथाप्रयोज्य एएमएल/ सीएफटी ढाँचे की विभिन्न शर्तों/ अपेक्षाओं पर एक समेकिक परिपत्र फरवरी 2013 में जारी किया गया। इस परिपत्र के द्वारा बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे प्रत्येक उत्पाद की प्रोफाइल के अपने जोखिम-निर्धारण के आधार पर एएमएल/ सीएफटी अपेक्षाओं को लागू करें। स्टैंडअलोन मेडिकल और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के संबंध में पूर्व में दी गई छूट अब समाप्त की गई है।

जीवन बीमाकर्ताओं के लिए एएमएल/ सीएफटी दिशानिर्देशों का संशोधन

I.4.9.7 केन्द्र सरकार द्वारा 2013 में पीएमएल (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 में किये गये संशोधन के अनुसरण में जीवन बीमाकर्ताओं के लिए 2010 में जारी किये गये एएमएस/ सीएफटी संबंधी मास्टर परिपत्र में उक्त संशोधनों के अनुरूप संशोधन किया गया। संशोधित मास्टर परिपत्र का प्रारूप अभिमतों के लिए जीवन बीमा परिषद, जीवन विभाग और एफआईयू-आईएनडी को परिचालित किया गया। प्राप्त अभिमतों के आधार पर मास्टर परिपत्र को अंतिम रूप दिया गया। उक्त मास्टर परिपत्र 28.09.2015 को जारी किया गया।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग/ सूचना की साझेदारी

I.4.9.8 जून 2010 में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एपएटीएफ) में भारत की सदस्यता के बाद भारत एफएटीएफ सचिवालय के प्रति प्रतिबद्ध कार्य योजना पर कार्य कर रहा है। आईआरडीएआई ने वचनबद्ध विभिन्न कार्य बिन्दुओं पर कार्रवाई पूरी की है। मई 2013 से आईआरडीएआई अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के बहुराष्ट्रीय सहमति ज्ञापन (एमएमओयू) का एक हस्ताक्षरकर्ता है जो सहयोग और सूचना की साझेदारी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई (देशी अथवा विदेशी संस्था से संबंधित गोपनीय सूचना की साझेदारी) विनियम, 2013 प्रचलित हैं जिनमें इस बात की व्यवस्था है कि गोपनीय सूचना की साझेदारी किस तरीके से / किन निकायों के संबंध में अन्य विनियामक निकायों के साथ की जा सकती है।

विभिन्न एजेंसियों / विभागों के साथ समन्वय

I.4.9.9 आईआरडीएआई भारत में एएमएल/सीएफटी व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में विभिन्न एजेंसियों / विभागों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है तथा यह राजस्व विभाग द्वारा गठित एएमएल/ सीएफटी संबंधी राष्ट्रीय जोखिम निर्धारण (एनआरए) के लिए कार्यदल का भाग है। एफएटीएफ की संशोधित सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए आर्थिक कार्य विभाग (एफएटीएफ कक्ष) द्वारा गठित कोर कार्य दल (सीडब्ल्यूजी) का भी आईआरडीएआई एक हिस्सा है।

I.4.9.10 इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई धन-शोधन निवारण और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने संबंधी यूरेशियन समूह (ईएजी), जो एक एफएटीएफ शैली का क्षेत्रीय निकाय है, के साथ भी सक्रिय रूप से संबद्ध है। आईआरडीएआई ने नवंबर 2012 में नई दिल्ली में आयोजित 17वीं ईएजी प्लीनरी और कार्य दल की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया था तथा 'सूचना के आदान-प्रदान संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं' पर आलेख की परियोजना भारत को सौंपी गई है।

I.4.9.11 आईआरडीएआई ने वित्तीय आसूचना यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) के साथ नियमित इंटरऐक्शन प्रारंभ किया है तथा 'बीमा क्षेत्र के लिए लाल झंडा संकेतकों' पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के संबंध में उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ गठित कार्य दल में सक्रिय रूप से भाग लिया है। आईआरडीएआई केन्द्रीय केवाईसी रजिस्ट्री निर्मित करने की वित्तीय सेवाएँ विभाग की पहल का भी भाग है।

I.4.9.12 धन-शोधन निवारण अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों की अपेक्षाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में निरंतर समन्वित प्रयासों के भाग के रूप में आईआरडीएआई और एफआईयू-आईएनडी ने 29 जनवरी 2014 को परस्पर सहयोग संबंधी एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।

उक्त एमओयू के अनुसार, आईआरडीएआई और एफआईयू-आईएनडी निम्नलिखित सहित परस्पर हित के क्षेत्रों में परस्पर सहयोग करेंगेः

क) उनके संबंधित डेटाबेसों में उपलब्ध आसूचना और जानकारी की साझेदारी करना।

ख) वह कार्यविधि और तरीका निर्धारित करना जिसमें सूचना देनेवाली संस्थाएँ पीएमएल (अभिलेखों का अनुरक्षण) नियमों के अंतर्गत एफआईयू-आईएनडी को सूचना देंगी।

ग) सूचना देनेवाली संस्थाओं के लिए लोकसंपर्क और प्रशिक्षण संचालित करना।

घ) आईआरडीएआई द्वारा विनियमित सूचना देनेवाली संस्थाओं के एएमएल/ सीएफटी कौशल का दर्जा बढ़ाना।

ङ) बीमा क्षेत्र में धन-शोधन निवारण/ आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (एएमएल/ सीएफटी) जोखिमों और असुरक्षितताओं का निर्धारण।

च) बीमा क्षेत्र में संदिग्ध लेनदेन रिपोर्टों (एसटीआर) के लिए लाल झंडा संकेतकों की पहचान।

छ) पीएमएलए के अंतर्गत सूचना देनेवाली संस्थाओं के दायित्वों के साथ उनके अनुपालन का पर्यवेक्षण और निगरानी।

ज) संबंधित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत एक दूसरे के दायित्वों का अनुपालन।

I.4.10 फ़सल बीमा

I.4.10.1 राष्ट्रीय फ़सल बीमा कार्यक्रम (एनसीआईपी)

एनएआईएस को वापस लेने के परिणामस्वरूप 1 नवंबर 2013 से एनसीआईपी का प्रारंभ एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिवर्तन है। एनसीआईपी की तीन घटक योजनाएँ हैं अर्थात् आशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एमएनएआईएस), मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस) तथा नारियल बीमा योजना (सीपीआईएस)।

प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई):

I.4.10.2 यह योजना राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एनएआईएस) और आशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एमएनएआईएस) को प्रतिस्थापित करते हुए खरीफ 2016 से प्रारंभ किया गया है तथा इसका कार्यान्वयन एआईसी और 15 अन्य बीमा कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

पीएमएफबीवाई का उद्देश्य निम्नलिखित के द्वारा कृषि क्षेत्र में धारणीय उत्पादन को समर्थन देना है

- अप्रत्याशित घटनाओं के कारण उत्पन्न होनेवाली फ़सल हानि/ क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना
- किसानों की आय का स्थिरीकरण करना ताकि कृषि-कार्य में उनकी निरंतरता सुनिश्चित की जा सके।
- नवोन्मेष और आधुनिक कृषि प्रथाओं को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना
- कृषि क्षेत्र को ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना, जो खाद्य सुरक्षा के लिए अंशदान करेगा

- किसानों को उत्पादन जोखिमों से संरक्षण प्रदान करने के साथ-साथ फ़सल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र की वृद्धि और प्रतियोगात्मकता को बढ़ाना।

यह योजना सभी किसानों, दोनों ऋणी और गैर-ऋणी, के लिए उनकी जोत के आकार का विचार किये बिना उपलब्ध है। यह योजना अनाज, बाजरा, दालें, तिलहन और वार्षिक वाणिज्यिक और उद्यान-कृषि फ़सलों सहित सभी फ़सलों की बीमारक्षा को परिकल्पित करती है जिनके संबंध में पिछली उपज का डेटा उपलब्ध हो।

पीएमएफबीवाई के उपबंधों के अनुसार प्रमुख फ़सलों के लिए बीमा यूनिट ग्राम पंचायत अथवा अन्य समकक्षल यूनिट है। प्रीमियम दरें बीमांकिक हैं जो प्रीमियम में प्रारंभिक सब्सिडी द्वारा समर्थित हैं, किसान खाद्य फ़सलों और तिलहनों के लिए खरीफ़ मौसम में 2%, रबी मौसम में 1.5% तथा वार्षिक वाणिज्यिक बागबानी फ़सलों के लिए 5% का प्रीमियम अदा करेंगे। यदि बीमांकिक प्रीमियम उपर्युक्त प्रीमियम से कम है, तो किसान द्वारा बीमांकिक प्रीमियम का भुगतान किया जाएगा। बीमांकिक और उच्चतम प्रीमियम के बीच के अंतर की शेष राशि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा समान रूप से देय होगी। वित्त के जिला-स्तरीय फ़सल-वार मान का बीमित राशि के आधार के रूप में उपयोग किया जाएगा जिसपर क्षतिपूर्ति के तीन स्तर अर्थात 70%, 80% और 90% लागू होंगे। दावों की देयताओं के लिए बीमाकर्ता उत्तरदायी है।

- यह योजना 'क्षेत्र दृष्टिकोण आधार' पर कार्यान्वित की जाती है। बीमा का यूनिट प्रमुख फ़सलों के लिए ग्राम/ ग्राम पंचायत स्तर होगा तथा अन्य फ़सलों के लिए यह ग्राम/ ग्राम पंचायत के स्तर से अधिक आकार का यूनिट होगा।

- अनिवार्य प्राकृतिक जोखिमों के कारण फ़सल हानियों के लिए हानि निर्धारण क्षेत्र दृष्टिकोण पर होगा।

- किसी अधिसूचित क्षेत्र की अधिकांश बीमित फ़सलों की बुआई/ रोपण को प्रतिकूल मौसम की स्थितियों के कारण रोका जाता है, तो वे बीमित राशि के 25% की अधिकतम सीमा तक क्षतिपूर्ति दावों के लिए पात्र होंगी।

- तथापि स्थानीकृत जोखिमों (ओला-वृष्टि, भू-स्खलन और बाढ़) के कारण हानियाँ तथा विशिष्ट जोखिमों के कारण फ़सल-कटाई के बाद हानियाँ (चक्रवात/ चक्रवाती वर्षा और बेमौसम वर्षा) वैयक्तिक बीमाकृत किसान के प्रभावित बीमित क्षेत्र पर निर्धारित की जाएँगी।

- फ़सल मौसम के दौरान प्रतिकूल मौसमी स्थितियों, अर्थात बाढ़, सूखे के लंबे दौर, गंभीर सूखा तथा बेमौसम वर्षा की स्थिति में 'ऑन अकाउंट' दावों की व्यवस्था होगी।

संभावित दावों के 25% तक 'ऑन अकाउंट' भुगतान उपलब्ध कराया जाएगा, यदि मौसम के दौरान प्रत्याशित उपज, सामान्य उपज के 50% से कम होने की संभावना हो।

मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस):

I.4.10.3 उपर्युक्त दो उपज गारंटी बीमा योजनाओं के अलावा, भारत सरकार ने एक प्रायोगिक योजना अर्थात मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस) खरीफ 2007 से प्रारंभ की है, जो उसके प्रारंभ से एनसीआईपी के एक घटक के रूप में संपूर्ण योजना बन गई है। यह योजना एक बीमांकिक आधार पर परिचालित की जाती है तथा इसकी प्रीमियम सब्सिडी 25% से 50% तक के दायरे में है जिसकी साझेदारी केन्द्र और राज्यों द्वारा समान रूप से की जाती है। एआईसी ने खरीफ़ 2007 से प्रारंभ करते हुए सभी पिछले खरीफ़ और रबी मौसमों के दौरान विभिन्न राज्यों में उक्त योजना का कार्यान्वयन किया है। डब्ल्यूबीसीआईएस एक प्राचलिक (पैरामेट्रिक) बीमा उत्पाद है जो खेती की अवधि के दौरान प्रतिकूल मौसमी घटनाओं, जैसे अनावृष्टि और अतिवृष्टि, पाला, गरमी (तापमान), संबंधित नमी, हवा की गति आदि के विरुद्ध कृषक को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए अभिकल्पित है, जिनके संबंध में यह माना जाता है कि ये फ़सल की उपज को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करते हैं।

I.4.10.4 राज्य सरकार द्वारा मौसम के प्रारंभ से पहले फ़सलें और 'संदर्भ यूनिट क्षेत्र' (आरयूए) अधिसूचित किये जाते हैं। प्रत्येक आरयूए को एक संदर्भ मौसम स्टेशन (आरडब्ल्यूएस) के साथ संबद्ध किया जाता है, जिसके आधार पर भुगतानों/ दावों का प्रसंस्करण

सारणी I.74
मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस)

(₹ लाख में)

क्रम सं.	मौसम	बीमाकृत किसानों की संख्या	बीमित राशि	प्रीमियम	सूचित किये गये दावे
1	खरीफ 2012	3547463	724009.97	72647.97	54751.16*
2	रबी 2012-13	3706835*	646622.05*	57562.06*	77740.13
3	खरीफ 2013	5000339*	891262.43	89820.20	66692.59
4	रबी 2013-14	1287898	311593.89	28610.78	29801.44*
5	खरीफ 2014	2454658*	600656.92*	62087.91*	60645.91*
6	रबी 2014-15	326093	57810.13	5763.48	7472.92
7	खरीफ 2015	1654958	507562.59	50772.90	45536.60

* *(अद्यतन आंकड़े)*

किया जाता है। भुगतान संदर्भ मौसम स्टेशन (आरडब्ल्यूएस) में मापन किये गये रूप में वर्तमान मौसम के मानदंडों में प्रतिकूल विभिन्नताओं के आधार पर किये जाते हैं। डब्ल्यूबीसीआईएस के अंतर्गत दावा, क्षेत्र आधारित और स्वचालित है। कंपनी ने सेब, नींबू, अंगूर, आम, अनार, काजू, तेल ताड़, आदि जैसी बारहमासी फ़सलों सहित 35 से भी अधिक विभिन्न फ़सलों का बीमा किया। एआईसी द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन खरीफ़ 2014 के दौरान 14 राज्यों के 102 जिलों में तथा रबी 2014-15 के दौरान 11 राज्यों के 88 जिलों में किया गया।

I.4.10.5 खरीफ़ 2015 के दौरान 507.73 करोड़ रुपये के सकल प्रीमियम के साथ 5075.63 करोड़ रुपये की बीमित राशि सहित 0.23 करोड़ हेक्टेअर का बीमा करते हुए 0.17 करोड़ किसानों को सम्मिलित किया गया। खरीफ़ 2007 में प्रायोगिक योजना के तौर पर प्रारंभ से लेकर खरीफ़ 2015 तक डब्ल्यूबीसीआईएस ने 6527.90 करोड़ रुपये के प्रीमियम के आधार पर 69104.44 करोड़ रुपये की बीमित राशि के लिए 4.86 करोड़ हेक्टेअर क्षेत्र का बीमा करते हुए 3.62 करोड़ किसानों को समाविष्ट किया। 228.35 लाख से अधिक किसानों को लाभान्वित करते हुए 5237.07 करोड़ रुपये की राशि के दावे भुगतान-योग्य बन गये। खरीफ़ 2016 से लेकर आगे डब्ल्यूबीसीआईएस को पुनःसंरचित डब्ल्यूबीसीआईएस के रूप में जारी रखा जाएगा जिसमें सभी अन्य मानदंडों को यथावत रखते हुए किसानों की प्रीमियम दर 1.5% तक, एफसीओएस के लिए 2% तक और एसीएच फ़सलों के लिए 5% तक कम की गई है।

नारियल बीमा योजना (सीपीआईएस):

I.4.10.6 एआईसी ने नारियल बोर्ड के सहयोग से नारियल के लिए योजना अर्थात नारियल बीमा योजना (सीपीआईएस) अभिकल्पित की, जो अब एनसीआईपी की एक घटक है। यह योजना देश में नारियल उपजानेवाले सभी राज्यों / संघराज्य क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है। 4 से 60 वर्ष की आयु के दायरे में आनेवाले बौने और संकर नारियल वृक्ष तथा 7 से 60 वर्ष की आयु के दायरे में आनेवाले लंबे प्रकार के नारियल वृक्ष बीमारक्षा के लिए पात्र हैं। प्रीमियम पर 50% सब्सिडी नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) द्वारा अदा की जाएगी और 25% संबंधित राज्य सरकार द्वारा तथा शेष 25% का भुगतान किसान/उत्पादक द्वारा किया जाएगा। यदि प्रीमियम का 25% अंश वहन करने के लिए राज्य सरकार सहमत नहीं होती, तो किसानों / उत्पादकों से अपेक्षित होगा कि वे प्रीमियम के 50% का भुगतान करें, यदि वे बीमा योजना में रुचि रखते हों।

I.4.10.7 उपर्युक्त के अतिरिक्त, एआईसी ने विभिन्न फ़सलों के जोखिम का न्यूनीकरण करने के लिए विभिन्न फ़सल बीमा उत्पाद विकसित किये हैं अर्थात कॉफ़ी बोर्ड के सहयोग से वर्षा बीमा योजना कॉफी (आरआईएससी), रबड़ रोपण बीमा, जैव-इंधन वनस्पति बीमा (बॉयो-फ्युएल प्लांट्स इंश्योरेंस), अंगूर बीमा, आम मौसम बीमा, आलू संविदा कृषि बीमा, पल्पवुड वृक्ष बीमा, रबी मौसम बीमा, और वर्षा बीमा।

सारणी I.75
नारियल वृक्ष बीमा योजना (सीपीआईएस)

(₹ लाख में)

क्र सं.	मौसम	बीमाकृत किसानों की संख्या	बीमित राशि	प्रीमियम	सूचित किये गये दावे
1	2009-10	45	112.32	0.66	0.00
2	2010-11	35019	19904.24	106.08	30.26
3	2011-12	8454	5510.95	29.77	92.47
4	2012-13	12279	7843.90	40.57	77.27*
5	2013-14	13970	8694.60	70.87	106.35*
6	2014-15	2845	2500.56	17.60	30.75
7	2015-16	361	740.456	11.25	0.98

* (अद्यतन आंकड़े)

I.4.11 सूक्ष्म बीमाः

I.4.11.1 जनसाधारण के निम्नतर आय खंडों तक बीमा के व्यापन को सुसाध्य बनाने के लिए आईआरडीए ने सूक्ष्म बीमा विनियम बनाये थे। सूक्ष्म बीमा विनियम, 2005 ग्रामीण और शहरी निर्धन वर्ग के लिए वहनीय बीमा उत्पाद वितरित करने के लिए तथा सूक्ष्म बीमा को देश की व्यापकतर बीमा प्रणाली का अभिन्न अंग बनाने में समर्थ बनाने के लिए एक मंच उपलब्ध कराते हैं।

I.4.11.2 सूक्ष्म बीमा विनियम मुख्य रूप से निम्न आय वाले लोगों को बीमारक्षा, प्रीमियम और लाभ के मानकों के कुछ स्तरों का पालन करते हुए मानकीकृत लोकप्रिय बीमा उत्पादों के साथ सामान्य जोखिमों का सामना करने और उनसे निरापद होने में सहायता करने के लिए वहनीय बीमा उत्पादों के साथ संरक्षण देने पर महत्व देते हैं। ये विनियम सूक्ष्म बीमा उत्पादों का विपणन करने में बीमा कंपनियों के लिए एजेंटों के रूप में कार्य करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) को अनुमति देते हैं तथा दोनों जीवन और गैर-जीवन बीमाकर्ताओं को कॉम्बीसूक्ष्म बीमा उत्पादों (व्यवसाय की विभिन्न व्यवस्थाओं का संयोजन) को बढ़ावा देने के लिए अनुमति देते हैं।

I.4.11.3 प्राधिकरण ने व्यापक तौर पर सूक्ष्म बीमा विनियम, 2005 की समीक्षा की। इस संबंध में प्राधिकरण ने 13 मार्च 2015 को संशोधित विनियम अधिसूचित किये हैं जिनमें सूक्ष्म बीमा व्यवसाय के बेहतर व्यापन को सुसाध्य बनाने के लिए सूक्ष्म बीमा एजेंटों के रूप में नियुक्त किये जाने के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के व्यवसाय प्रतिनिधियों सहित और भी अनेक संस्थाओं, जैसे जिला सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अनुमति प्रदान की है।

जीवन बीमा क्षेत्र

I.4.11.4 जबकि वर्ष 2015-16 के लिए सूक्ष्म बीमा खंड के अंतर्गत नया व्यावसायिक प्रीमियम 9.15 लाख नई पॉलिसियों के अंतर्गत ₹35.94 करोड़ पर रहा है, सामूहिक व्यवसाय के प्रीमियम की राशि 2.93 करोड़ जीवनों को बीमारक्षा प्रदान करते हुए ₹302.43 करोड़ है।

एलआईसी ने इस संविभाग में प्राप्त व्यवसाय के एक महत्वपूर्ण घटक का अंशदान किया है जिसने 4.5 लाख पॉलिसियों के अंतर्गत वैयक्तिक नये व्यवसाय प्रीमियम के ₹19.54 करोड़ का संग्रह किया है तथा 2.26 करोड़ जीवनों को शामिल करते हुए सामूहिक प्रीमियम के ₹254.26 करोड़ प्राप्त किये हैं।

I.4.11.5 मार्च 2016 के अंत में सूक्ष्म बीमा एजेंटों की संख्या 27041 रही, जिसमें से 18574 एलआईसी से संबंधित थे तथा शेष एजेंटों ने निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया। 31.3.2016 की स्थिति के अनुसार 13 जीवन बीमाकर्ताओं के 27

सूक्ष्म बीमा उत्पाद उपलब्ध थे। इन 27 उत्पादों में से 20 वैयक्तिक उत्पाद थे और शेष 7 सामूहिक उत्पाद थे।

गैर-जीवन क्षेत्र

I.4.11.6 प्राधिकरण ने व्यापक रूप से सूक्ष्म बीमा विनियम, 2005 की समीक्षा की है और आईआरडीए (सूक्ष्म बीमा) विनियम, 2015 अधिसूचित किये हैं। सूक्ष्म बीमा, सूक्ष्म बीमा उत्पादों के माध्यम से प्रदत्त बीमा है जिसमें 'साधारण सूक्ष्म-बीमा उत्पाद' शामिल है। साधारण सूक्ष्म बीमा उत्पाद स्वास्थ्य बीमा संविदा, संपत्ति और सामान, जैसे झोंपड़ी, पशुधन अथवा उपकरणों को बीमारक्षा प्रदान करनेवाली किसी भी संविदा अथवा किसी भी वैयक्तिक दुर्घटना संविदा को सम्मिलित करते हैं जो वैयक्तिक अथवा सामूहिक आधार पर रुपये एक लाख के रूप में बीमारक्षा की अधिकतम राशि एवं न्यूनतम और अधिकतम एक वर्ष की अवधि की बीमारक्षा से युक्त हैं।

I.4.11.7 प्राधिकरण ने विभिन्न खंडों में सूक्ष्म बीमा को प्रचारित करने के लिए सूक्ष्म बीमा एजेंटों के रूप में नियुक्त किये जाने के लिए अधिक संस्थाओं अथवा व्यक्तियों को अनुमति प्रदान की है जिनमें शामिल हैं गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), स्वयं-सहायता समूह (एसएचजी), सूक्ष्म वित्त संस्था (एमएफआई), भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित एनबीएफसी-एमएफआई, जिला सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शहरी सहकारी बैंक, व्यवसाय प्रतिनिधि, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियाँ और अन्य सहकारी समितियाँ।

I.4.11.8 जनसाधारण के निम्न आय खंड को लक्ष्यीकृत करते हुए सभी पंजीकृत गैर-जीवन बीमा कंपनियों द्वारा लगभग बावन उत्पाद प्रस्तावित किये गये हैं, उदा. मवेशी सूक्ष्म बीमा, किसान कृषि पंपसेट सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, जनता वैयक्तिक दुर्घटना सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, रेशम-कीट (सिल्कवर्म) सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, भेड़ और बकरी सूक्ष्म बीमा पॉलिसी, संपूर्ण गृह सुरक्षा पॉलिसी आदि। इसके अलावा, साधारण बीमा व्यवसाय की विभिन्न व्यवस्थाओं के अंतर्गत एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 में वर्गीकृत रूप में सूक्ष्म, छोटे और मझौले उद्यमों को जारी की गई साधारण बीमा पॉलिसियाँ भी प्रति एमएसएम उद्यम 10,000 रुपये प्रीमियम प्रति वर्ष तक साधारण सूक्ष्म बीमा व्यवसाय के रूप में अर्हता प्राप्त करेंगी।

I.4.11.9 सूक्ष्म बीमा एक कम कीमत और उच्च परिमाण वाला व्यवसाय है, इसलिए इसकी सफलता और धारणीयता मुख्य रूप से इसके लेनदेनों की लागतों को कम रखने पर निर्भर हैं। बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 32बी और 32सी तथा आईआरडीए (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र के संबंध में बीमाकर्ताओं के लिए दायित्व निर्धारित करते हैं, जिन्होंने भी भारत में बीमाकर्ताओं के द्वारा सूक्ष्म बीमा उत्पादों के विकास और संवर्धन में बहुत कुछ अंशदान किया है।

सारणी I.76
2015-16 के लिए सूक्ष्म-बीमा संविभाग के अंतर्गत नया व्यवसाय

(प्रीमियम ₹ लाख में)

बीमाकर्ता	वैयक्तिक		सामूहिक		
	पॉलिसियाँ	प्रीमियम	योजनाएँ	प्रीमियम	रक्षित जीवन
निजी कुल	458655	1217.95	153	4816.67	6650805
एलआईसी	452291	1953.78	4844	25426.39	22603919
उद्योग कुल	**910946**	**3171.73**	**4997**	**30243.06**	**29254724**

टिप्पणी: नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल हैं.

सारणी I.77
जीवन बीमाकर्ताओं के सूक्ष्म-बीमा एजेंटों का विवरण -- 2015-16

बीमाकर्ता	1 अप्रैल 2015 को	परिवर्धन	विलोपन	31 मार्च 2016 को
निजी कुल	3382	6392	1307	8,467
एलआईसी	19379	997	1802	18,574
उद्योग कुल	**22761**	**7389**	**3109**	**27,041**

सारणी I.78
सूक्ष्म-बीमा संविभाग के अंतर्गत वैयक्तिक मृत्यु दावे -- 2015-16

(लाभ राशि ₹ लाख में)

जीवन बीमाकर्ता	कुल दावे		भुगतान किये गये दावे		निराकृत / अस्वीकृत दावे		वर्ष के अंत में लंबित दावें	
	पॉलिसियों की सं.	लाभ की राशि	पॉलिसियों की सं.	लाभ की राशि	पॉलिसियों की सं.	लाभ की राशि	पॉलिसियों की सं.	लाभ की राशि
निजी कुल	4490	607.82	4427	483.33	63	124.60	0	0.12
			98.60%	79.52%	1.40%	20.50%		-0.02%
एलआईसी	9749	1584.27	9632	1563.55	102	15.77	15	4.95
			98.80%	98.69%	1.05%	1.00%	0.15%	0.31%
उद्योग कुल	**14239**	**2192.09**	**14059**	**2046.88**	**165**	**140.37**	**15**	**4.83**
			98.74%	**93.38%**	**1.16%**	**6.40%**	**0.11%**	**0.22%**

टिप्पणी: प्रतिशत संबंधित कुल दावों में प्रतिशत निर्दिष्ट करते हैं.

सारणी I.79
सूक्ष्म-बीमा संविभाग के अंतर्गत सामूहिक मृत्यु दावे -- 2015-16

(लाभ राशि ₹ लाख में)

जीवन बीमाकर्ता	कुल दावे		भुगतान किय गये दावे		निराकृत / अस्वीकृत दावे		प्रतिलिखित दावे		वर्ष के अंत में लंबित दावे	
	जीवनों की सं.	लाभ की राशि	जीवनों की सं.	लाभ की राशि	जीवनों की सं.	लाभ की राशि	जीवनों की सं.	लाभ की राशि	जीवनों की सं.	लाभ की राशि
निजी कुल	14479	3305.00	14429	3290.91	43	11.69	0	0.00	7	2.40
			99.65%	99.57%	0.30%	0.35%			0.05%	0.07%
एलआईसी	117854	38123.00	117827	38111.30	26	11.40	0	0.00	1	0.30
			99.98%	99.97%	0.02%	0.03%			0.00%	0.00%
उद्योग कुल	**132333**	**41428.00**	**132256**	**41402.21**	**69**	**23.09**	**0**	**0.00**	**8**	**2.70**
			99.94%	**99.94%**	**0.05%**	**0.06%**			**0.01%**	**0.01%**

टिप्पणी: प्रतिशत संबंधित कुल दावों में प्रतिशत दर्शाते हैं।

सारणी I.80
सूक्ष्म-बीमा वैयक्तिक श्रेणी में निपटाये गये अवधि-वार मृत्यु दावे -- 2015-16

(पॉलिसियों की संख्या)

जीवन बीमाकर्ता	सूचना-प्राप्ति से अवधि					
	30 दिन के अंदर	31 से 90 दिन	91 से 180 दिन	181 दिन से 1 वर्ष	1 वर्ष से अधिक	कुल निपटाये गये दावे
निजी कुल	4155 93.86%	237 5.35%	35 0.79%	0 0.00%	0 0.00%	4427 100.00%
एलआईसी	7127 73.99%	2505 26.01%	0 0.00%	0 0.00%	0 0.00%	9632 100.00%
उद्योग कुल	**11282 80.25%**	**2742 19.50%**	**35 0.25%**	**0 0.00%**	**0 0.00%**	**14059 100.00%**

टिप्पणी: प्रतिशत निपटाये गये संबंधित कुल दावों में प्रतिशत दर्शाते हैं।.

सारणी I.81
सूक्ष्म-बीमा सामूहिक श्रेणी में निपटाये गये अवधि-वार मृत्यु दावे -- 2015-16

(जीवनों की संख्या)

जीवन बीमाकर्ता	अवधि					
	सूचना-प्राप्ति से 30 दिन के अंदर	31 से 90 दिन	91 से 180 दिन	181 दिन से 1 वर्ष	1 वर्ष से अधिक	कुल निपटाये गये दावे
निजी कुल	12871 90.28%	1203 8.44%	112 0.79%	68 0.48%	3 0.02%	14257 100.00%
एलआईसी	117818 99.99%	9 0.01%	0 0.00%	0 0.00%	0 0.00%	117827 100.00%
उद्योग कुल	**130689 98.94%**	**1212 0.92%**	**112 0.08%**	**68 0.05%**	**3 0.00%**	**132084 100.00%**

टिप्पणी: प्रतिशत निपटाये गये संबंधित कुल दावों में प्रतिशत दर्शाते हैं।.

I.4.12 प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये निदेश, आदेश और विनियम

I.4.12.1 प्राधिकरण ने 2014-15 के दौरान अनेक परिपत्र, निदेश और आदेश जारी किये। 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 तक की अवधि के दौरान जारी किये गये ऐसे सभी परिपत्रों, निदेशों और आदेशों की सूची अनुबंध सं. 8 में रखी गई है। इसके अतिरिक्त, 31 मार्च 2016 तक प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किये गये सभी विनियमों का विवरण अनुबंध सं. 9 में रखा गया है।

I.4.13 सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005

I.4.13.1 वर्ष 2015-16 के दौरान प्राधिकरण ने नीचे सारणी .82 में दर्शाये गये अधिकारियों को पदनामित किया है जो आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 5(1) के अनुसार केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के रूप में जारी हैं।

इसी अवधि के दौरान सुश्री मंजु अरोड़ा, वरिष्ठ सहायक निदेशक को प्राधिकरण के दिल्ली कार्यालय के लिए केन्द्रीय सहायक जनसूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है तथा श्री विकास राणे, कनिष्ठ अधिकारी को प्राधिकरण के मुंबई कार्यालय के लिए केन्द्रीय सहायक जनसूचना अधिकारी के रूप में आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 5(2) के अनुसार समनुदेशित कार्यों का निर्वाह करने के लिए आरटीआई अधिनियम, 2005 की उपर्युक्त धारा के अनुसार पदनामित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, इसी अवधि के दौरान श्री एच. अनंतकृष्णन, संयुक्त निदेशक (विधि), श्री जी. मल्लिकार्जुन, विशेष कार्य अधिकारी (कानूनी नीति) और श्री ए. रमणा राव, संयुक्त निदेशक को आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अनुसार समनुदेशित कार्यों का निर्वाह करने के लिए आरटीआई अधिनियम, 2005 की उपर्युक्त धारा के अनुसार प्रथम अपील प्राधिकारियों के रूप में पदनामित किया गया।

सारणी I.82
केन्द्रीय जनसूचना अधिकारियों की सूची

क्रम सं.	विभाग	सीपीआईओ का नाम
1	बीमांकिक	श्री डीएनकेएलएनके चक्रवर्ती
		श्री एनएसके प्रभाकर
2	जीवन	श्री चन्द्रशेखर वी
3	गैर-जीवन	श्री वेंकट राजू के.
4	स्वास्थ्य, टीपीए सहित	श्री एमडी अयाज
5	उपभोक्ता कार्य	श्री आर. पार्धसारधी
6	प्रशासन/एचआर/आंतरिक लेखा/अवशिष्ट विषय	श्री सोमेश्वर राव बूसी
7	मध्यवर्ती	श्री पी. हिमकिरण
		श्री बी. एस. वेंकटेश
8	एजेंसी वितरण	श्री राजेश्वर गंगुला
		सुश्री पी. कांतिश्री
9	एफ एण्ड ए (जीवन और गैर-जीवन)	श्री अम्मु वेंकट रमण
		सुश्री जमुना चौधरी
		श्री जी. शिवरामकृष्ण
10	श्री बिश्वजीत समद्दर	आंतरिक लेखा-परीक्षा और प्रवर्तन
11	निवेश	श्री बिश्वजीत दास
		श्री प्रसाद राव के.
12	सर्वेक्षक	श्रीमती निमिषा श्रीवास्तव
13	दिल्ली कार्यालय- संपर्क कार्य	श्रीमती मंजु अरोड़ा
14	निरीक्षण	श्री जी. शिवरामकृष्ण
		श्री जी. रामबाबू
15	आईटी/विधि/एसडीडी	सुश्री ए. सगीना
		श्री देवेन्द्र कुमार
		श्री अलीम अफ़ाक़
16	सतर्कता	श्री महेश अग्रवाल
		सुश्री नीतू शहदादपुरी
17	संचार और मीडिया	सुश्री ज्योति भगत

भाग-II
कार्यप्रणाली और परिचालनों की समीक्षा

II.1 बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों का विनियमन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने बीमा क्षेत्र के सुव्यवस्थित विकास के प्रयोजन के लिए विनियामक शर्तों में उल्लेखनीय परिवर्तन किये हैं। महत्वपूर्ण विनियामक परिवर्तनों में निम्नलिखित शामिल हैं:

आईआरडीएआई (समनुदेशन अथवा अंतरण की सूचना की प्राप्ति की लिखित अभिस्वीकृति प्रदान करने के लिए शुल्क) विनियम, 2015

II.1.1 बीमा अधिनियम की धारा 38(7) में किये गये संशोधन से यह अपेक्षा की गई है कि समनुदेशन/अंतरण की नोटिस की प्राप्ति की लिखित प्राप्ति-स्वीकृति प्रदान करने के लिए जो शुल्क अदा किया जाना चाहिए वह विनियमों के द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए। अतः प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (समनुदेशन अथवा अंतरण की नोटिस की प्राप्ति की लिखित प्राप्ति-सूचना प्रदान करने के लिए शुल्क) विनियम, 2015 निम्नलिखित को विनिर्दिष्ट करते हुए 29 अप्रैल 2015 को अधिसूचित किये हैं :

i. समनुदेशन अथवा अंतरण की सूचना की प्राप्ति की लिखित अभिस्वीकृति प्रदान करने के लिए शुल्क इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी की गई पॉलिसियों के संबंध में ₹50 (पचास रुपये मात्र) से अधिक नहीं होगा तथा इलेक्ट्रॉनिक को छोड़कर अन्य प्रकार से जारी की गई पॉलिसियों के संबंध में ₹100 (एक सौ रुपये मात्र) से अधिक नहीं होगा। बीमाकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे उक्त अभिस्वीकृति प्रदान करने की सेवा करते समय शुल्क की वसूली, किये गये वास्तविक व्ययों के आधार पर करें और वे इस संबंध में कोई अतिरिक्त लागतें भारित नहीं करेंगे।

ii. यह भी स्पष्ट किया गया है कि समनुदेशन अथवा अंतरण के संबंध में कोई भी अन्य शुल्क वसूल नहीं किया जायेगा।

आईआरडीएआई (जीवन बीमा की पॉलिसी के धारक द्वारा नामांकन के निरसन अथवा परिवर्तन को पंजीकृत करने के लिए शुल्क) विनियम, 2015

II.1.2 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 39(3) में किये गये संशोधन से यह अपेक्षा की गई कि नामांकन के निरसन अथवा परिवर्तन को पंजीकृत करने के लिए बीमाकर्ता द्वारा प्रभारित किया जानेवाले शुल्क को विनियमों के द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए। अतः प्राधिकरण ने निम्नलिखित को विनिर्दिष्ट करते हुए 29 अप्रैल 2015 को आईआरडीएआई (जीवन बीमा की पॉलिसी के धारक द्वारा नामांकन के निरसन अथवा परिवर्तन को पंजीकृत करने के लिए शुल्क) विनियम, 2015 अधिसूचित किये।

i. नामांकन के निरसन अथवा परिवर्तन को पंजीकृत करने के लिए शुल्क इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी की गई पॉलिसियों के संबंध में ₹50 (पचास रुपये मात्र) से अधिक नहीं होगा तथा इलेक्ट्रॉनिक रूप को छोड़कर अन्य प्रकार से जारी की गई पॉलिसियों के संबंध में ₹100 (सौ रुपये मात्र) से अधिक नहीं होगा।

ii. जीवन बीमा की पॉलिसी को जारी करते समय अथवा उसके बाद किसी भी समय अथवा नामांकन से संबंधित किसी भी अन्य सेवा के लिए नामांकन को पंजीकृत करने के लिए कोई शुल्क वसूल नहीं किया जायेगा। बीमाकर्ताओं को उक्त शुल्क की वसूली वास्तविक व्ययों के आधार पर करनी चाहिए और वे कोई अतिरिक्त लागतें प्रभारित नहीं करेंगे।

iii. नामांकन अथवा उसके निरसन अथवा उसके परिवर्तन को पंजीकृत करने के आशय की एक लिखित अभिस्वीकृति बीमाकृत व्यक्ति को प्रेषित की जाएगी।

iv. प्रस्ताव फार्म के माध्यम से पॉलिसी के प्रारंभ में पॉलिसीधारक द्वारा लागू किये गये तथा पॉलिसी दस्तावेज की अनुसूची में बीमाकर्ता द्वारा दर्ज किये गये नामांकन को बीमाकर्ता द्वारा विधिमान्य अभिस्वीकृति के रूप में माना जाएगा।

आईआरडीएआई (व्यवसाय के स्थान) विनियम, 2015

II.1.3 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीसी में किये गये संशोधनों को देखते हुए प्राधिकरण ने वर्तमान व्यवसाय के स्थान विनियम 2013 (भारत के अंदर स्थित कार्यालयों के लिए लागू) तथा दिनांक 21/01/2009 और 23/05/2013 के दोनों दिशानिर्देशों की समीक्षा की है जो क्रमशः विदेशी बीमा कंपनी (शाखा कार्यालय सहित) का कार्यालय खोलने तथा भारतीय बीमा कंपनी द्वारा भारत के बाहर विदेश में प्रतिनिधि/ संपर्क कार्यालय खोलने से संबंधित हैं। दोनों कार्यालय स्थान विनियम 2013 तथा इन दोनों दिशानिर्देशों के संबंधित उपबंधों को बीमा अधिनियम की धारा 64वीसी के अधीन निहित शक्तियों के अनुसार विनियम 2015 को अधिसूचित करने के लिए उपयुक्त रूप में अनुकूलित किया गया है। 2015 के विनियमों में (21 जुलाई 2015 को अधिसूचित) प्राधिकरण ने भारत के अंदर व्यवसाय के स्थान और भारत के बाहर व्यवसाय के स्थान खोलने के लिए मानदंडों को विनिर्दिष्ट किया है। कुछ मुख्य-मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं-

i. भारत के अंदर व्यवसाय के स्थानों के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि सभी बीमाकर्ताओं के पास बीमाकर्ता की व्यावसायिक योजनाओं के अतिरिक्त प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक व्यावसायिक योजना होगी तथा उसमें न केवल शहरी केन्द्रों, बल्कि अर्ध-शहरी और ग्रामीण केन्द्रों में भी खोलने के लिए प्रस्तावित व्यवसाय के नये स्थानों की कुल संख्या निहित होगी। उक्त विनियमों ने यह भी विनिर्दिष्ट किया है कि खोले गए सभी व्यवसाय के स्थानों पर पॉलिसीधारकों की न्यूनतम सेवाएँ प्रदान की जाएँगी, जैसे प्रीमियम की वसूली, प्रस्ताव जमाराशियों की वसूली अथवा पॉलिसी सेवा संबंधी अनुरोधों पर कार्रवाई करना।

ii. भारत के अंदर व्यवसाय के स्थान बंद करने अथवा स्थान बदलने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि सभी प्रस्तावित स्थान-परिवर्तनों अथवा समापनों के संबंध में उस व्यवसाय-स्थान द्वारा सेवा-प्रदत्त पॉलिसीधारकों को न्यूनतम दो महीने की सूचना उन्हें सेवाएँ प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराई गई वैकल्पिक व्यवस्थाओं की सूचना के साथ दी जाएगी।

iii. एक संपर्क कार्यालय (एलओ) अथवा एक प्रतिनिधि कार्यालय (आरओ) खोलने के लिए विनिर्दिष्ट मानदंड। आरओ अथवा एलओ द्वारा किये जाने के लिए अनुमत कार्यकलाप और अन्य संबंधित उपबंध।

iv. एक विदेशी शाखा कार्यालय खोलने के लिए विनिर्दिष्ट मानदंड, पात्रता मानदंड, विदेशी शाखा कार्यालय के अनुमोदन को नियंत्रित करनेवाली शर्तें तथा विदेशी शाखा कार्यालय के लिए परिचालनगत अपेक्षाएँ।

आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015

II.1.4 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 32बी के संशोधन में शब्द 'ग्रामीण' और नये उपबंध अब इस प्रकार पढ़े जाते हैं 'प्रत्येक बीमाकर्ता बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के प्रारंभ के बाद ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में जीवन बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय के ऐसे प्रतिशतों का दायित्व लेगा जैसे कि इस उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा सरकारी राजपत्र में विनिर्दिष्ट किये जा सकते हैं।' बीमा अधिनियम की धारा 32 बी के नये उपबंधों को लागू करने के लिए प्राधिकरण ने मौजूदा ग्रामीण अथवा सामाजिक क्षेत्र विनियम 2002 की समीक्षा की है तथा आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम 2015 अगस्त 28, 2015 को अधिसूचित किये। इन विनियमों की मुख्य-मुख्य बातें इस प्रकार हैं :

i. 2015 विनियमों में विनिर्दिष्ट दायित्व वित्तीय वर्ष 2016-17 से लागू हैं।

ii. दैनिक मजदूर, किराये का चालक और कुली जैसी श्रेणियों को जोड़ने के द्वारा असंगठित क्षेत्र की परिभाषा में वृद्धि की गई।

iii. उन उपबंधों को हटाया गया जिन्होंने आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 के प्रारंभ की तारीख को वर्तमान बीमाकर्ताओं के लिए अलग दायित्व निर्धारित किये थे तथा केवल 'बीमाकर्ता के कार्यकाल' के रूप में मानदंड के साथ ही सभी बीमाकर्ताओं के लिए प्रतिशतों के एकसमान मानदंड निर्धारित किये गये।

iv. स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए ग्रामीण और सामाजिक दायित्वों के अलग प्रतिशत निर्धारित किये गये क्योंकि स्वास्थ्य बीमा अब बीमा विधि संशोधन अधिनियम, 2015 के अनुसार व्यवसाय की एक अलग श्रेणी है।

v. जीवनों की पूर्ण संख्या के वर्तमान उपबंध के स्थान पर सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के कुल व्यवसाय पर जीवनों का प्रतिशत (%) निर्धारित किया गया है।

vi. सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ जहाँ समूचा प्रींमियम सरकार द्वारा वहन किया जाता है, दोनों ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के लिए हिसाब में नहीं ली जानी चाहिए तथा यह उपबंध वित्तीय वर्ष 2017-18 से लागू है।

vii. भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि. तथा भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम के लिए उनके व्यवसाय के स्वरूप के कारण कोई दायित्व निर्धारित नहीं किये गये हैं।

viii. सभी सूक्ष्म बीमा पॉलिसियाँ सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के लिए पात्र हैं तथा यदि ये ग्रामीण क्षेत्र में जारी की जाती हैं तो ये दोनों ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के लिए पात्र हैं।

ix. बीमाकर्ता इन विनियमों के अनुसार ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में व्यावसायिक दायित्वों के सही वर्गीकरण के लिए प्रभावी परिचालनगत प्रक्रियाएँ स्थापित करेगा।

x. इन दायित्वों की पूर्ति के लिए वास्तविक व्यावसायिक विवरण प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 90 दिन के अंदर सीईओ अथवा प्रधान अधिकारी द्वारा एक वार्षिक प्रमाणपत्र दाखिल करने की आवश्यकता है।

xi. ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के संबंध में बीमाकर्ताओं के दायित्वों की गणना करते समय पुनर्बीमा प्रीमियम को शामिल नहीं करना चाहिए।

आईआरडीएआई (मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015

II.1.5 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 की धारा 32डी का अनुपालन करने के लिए प्राधिकरण ने बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद, मोटर बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के न्यूनतम दायित्व के लिए कार्यपद्धति बताते हुए 2 जून 2015 को आईआरडीएआई (मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 जारी किये।

आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015

II.1.6 बीमा अधिनियम 1938 में संशोधन होने के परिणामस्वरूप, आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 2(1)(एफ) के अनुसार कॉरपोरेट एजेंटों को मध्यवर्ती और बीमा मध्यवर्ती के रूप में परिभाषित किया गया है। इसके कारण इस खंड के लिए विनियमों का नया सेट जारी करने की आवश्यकता हुई। इस दिशा में प्राधिकरण ने हितधारकों की टिप्पणियों के लिए कॉरपोरेट एजेंटों के लिए प्रस्तावित विनियमों के अंतर्गत दो एक्सपोज़र प्रारूप जारी किये हैं। उक्त प्रारूप के संबंध में बीमा सलाहकार समिति की बैठक में एवं प्राधिकरण की बैठक में चर्चा की गई है। प्राधिकरण द्वारा इसका अनुमोदन किया गया है तथा आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 दिनांक 20 अगस्त 2015 के फा. सं. आईआरडीए/आरईजी/12/102/ 2015 के जरिये अधिसूचित किये गये हैं जो 01.04.2016 को प्रवृत्त होंगे।

इस विनियम की कुछ मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं:

(क) एक कॉरपोरेट एजेंट (जीवन) अधिकतम तीन जीवन बीमाकर्ताओं के साथ उनके बीमा उत्पादों की अपेक्षा करने, उन्हें प्राप्त करने और सेवा प्रदान करने के लिए व्यवस्था कर सकता है।

(ख) एक कॉरपोरेट एजेंट (साधारण) अधिकतम तीन साथारण बीमाकर्ताओं के साथ उनके बीमा उत्पादों की अपेक्षा करने, उन्हें प्राप्त करने और सेवा प्रदान करने के लिए व्यवस्था कर सकता है। इसके अलावा, कॉरपोरेट एजेंट (साधारण) ऐसे बीमाकर्ताओं के साधारण बीमा उत्पादों की खुदरा व्यवस्थाओं और वाणिज्यिक व्यवस्थाओं की अपेक्षा करेगा, प्राप्त करेगा और सेवा प्रदान करेगा जिनके पास सभी बीमाओं को सम्मिलित करने पर प्रति जोखिम कुल बीमित राशि पाँच करोड़ रुपये से अधिक न हो।

(ग) एक कॉरपोरेट एजेंट (स्वास्थ्य) अधिकतम तीन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ उनके बीमा उत्पादों की अपेक्षा करने, उन्हें प्राप्त करने और सेवा प्रदान करने के लिए व्यवस्था कर सकता है।

(घ) कॉरपोरेट एजेंट (सम्मिश्र) के मामले में खंड (क) से (ग) तक में विनिर्दिष्ट रूप में शर्तें लागू होंगी।

(ङ) बीमा कंपनियों के साथ व्यवस्था में कोई भी परिवर्तन प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन के साथ और वर्तमान पॉलिसीधारकों की रख रखाव के लिए उपयुक्त व्यवस्थाओं के साथ ही किया जाएगा।

(च) एकमात्र बीमा वितरण करनेवाला आवेदक न्यूनतम पचास लाख की ईक्विटी शेयर पूँजी अथवा अंशदान और निवल मालियत (नेट वर्थ) रखेगा। वे हर समय उक्त नेट वर्थ को बनाये रखेंगे।

(छ) एक बार जारी किया गया पंजीकरण उसके निर्गम की तारीख से तीन वर्ष के लिए वैध होगा, जब तक कि उसे इन विनियमों के अनुसरण में निलंबित अथवा निरस्त नहीं किया जाता।

(ज) प्रत्येक कॉरपोरेट एजेंट प्राधिकरण के पास पंजीकरण की अपेक्षा करते समय बीमा उत्पादों की अपेक्षा करने और उनकी सर्विसिंग के तरीके पर बोर्ड अथवा उसके समकक्ष द्वारा अनुमोदित नीति दाखिल करेगा। उक्त नीति खुली संरचना के दर्शन को ग्रहण करने और उसके कार्यान्वयन में आगे बढ़ने के तरीके का समाधान करेगा। उक्त नीति अन्य बातों के साथ-साथ एकल अथवा बहुविध तालमेल व्यवस्थाएँ, तालमेल व्यवस्थाओं में भागीदार, व्यवसाय का मिश्रण, विक्रीत उत्पादों के प्रकार, शिकायत निवारण व्यवस्था और रिपोर्टिंग अपेक्षाएँ रखने में कॉरपोरेट एजेंट द्वारा अनुसरण किये जानेवाले दृष्टिकोण को सम्मिलित करेगी।

(झ) कॉरपोरेट एजेंट प्राधिकरण को अपने कार्यालयों का विवरण जिनमें वह बीमा उत्पादों का वितरण करना चाहता है तथा विनिर्दिष्ट व्यक्तियों का विवरण उनको प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये प्रमाणपत्र की संख्या सहित प्रकट करेगा। इसके अलावा, कॉरपोरेट एजेंट द्वारा किसी कार्यालय को खोलने अथवा बंद करने की सूचना प्राधिकरण को दी जाएगी।

अंतर्निहित जी-सेक के साथ विनिमय व्यापारित निधियों में निवेश संबंधी दिशानिर्देश (जीआईएलटी-ईटीएफ)

II.1.7 बीमाकर्ताओं को इस बात की अनुमति दी गई है कि वे म्युचुअल फंडों में निवेश के समान ही 'अनुमोदित निवेशों' के भाग के रूप में जीआईएलटी-ईटीएफ में निवेश करें। जीआईएलटी-ईटीएफ बाजार में सक्रिय रूप से व्यापारित सरकारी प्रतिभूतियों के समूह में अथवा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचकांक के घटकों में निवेश करते रहेंगे। बीमाकर्ता द्वारा न्यूनतम निवेश निर्माण एकक आकार (क्रिएशन यूनिट साइज) से कम नहीं होगा और किसी भी समय उसे क्रिएशन यूनिट साइज से कम नहीं किया जाएगा तथा निवेश के समय क्रिएशन यूनिट साइज का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक नहीं होगा। समग्र व्यय अनुपात योजना की दैनिक निवल आस्तियों के 0.50% से कम रहेगा।

II.2 बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध वैयक्तिक एजेंट

II.2.1 वर्ष 2015-16 ने वैयक्तिक एजेंटों की संख्या में 2.48 प्रतिशत की गिरावट देखी। उक्त संख्या 31 मार्च 2015 को यथाविद्यमान 20.68 लाख से घटकर 31 मार्च 2016 को 20.17 लाख रहा। जबकि निजी जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा 5.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, वहीं एलआईसी ने 8.77 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। सभी निजी जीवन बीमाकर्ताओं को एकसाथ लेने पर उनके वैयक्तिक एजेंटों की तुलना में एलआईसी के पास उच्चतर संख्या में वैयक्तिक एजेंट थे। वर्ष 2015-16 के अंत में जबकि एलआईसी के एजेंटों की संख्या 10.62 लाख रही, वहीं निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं की तदनुरूपी संख्या 9.55 लाख थी।

II.2.2 वर्ष 2015-16 के दौरान नियुक्त एजेंटों की कुल संख्या 6.66 लाख थी और सेवासमाप्त एजेंटों की संख्या 7.17 लाख थी। जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने 3.46 लाख एजेंटों को नियुक्त किया, वहीं 2.95 लाख एजेंटों की सेवा समाप्त की गई। दूसरी ओर, एलआईसी के मामले में 4.21 लाख एजेंटों की सेवा समाप्त की गई जबकि उसने 3.19 लाख एजेंटों को नियुक्त किया।

सारणी II.1
जीवन बीमाकर्ताओं के वैयक्तिक एजेंटों का विवरण 2015-16

बीमाकर्ता	1 अप्रैल 2015 को	परिवर्धन	विलोपन	31 मार्च 2016 को
निजी कुल	904303	345855	295153	955005
एलआईसी	1163604	319428	421472	1061560
उद्योग कुल	**2067907**	**665283**	**716625**	**2016565**

बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध मध्यवर्ती

कॉरपोरेट एजेंट:

II.2.3 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार 416 कॉरपोरेट एजेंट थे। जबकि 2015-16 के दौरान 70 नये एजेंट जुड़ गये थे, 157 कॉरपोरेट एजेंटों के लाइसेंस निरस्त किये गये थे। एलआईसी ने 35 कॉरपोरेट एजेंटों की सेवा समाप्त की थी और 12 नये लाइसेंस जारी किये थे। निजी बीमाकर्ताओं ने 122 कॉरपोरेट एजेंटों की सेवा समाप्त की थी जबकि 58 नये कॉरपोरेट एजेंट सम्मिलित किये गये थे।

सारणी II.2
जीवन बीमाकर्ताओं के कॉरपोरेट एजेंटों का विवरण 2015-16

बीमाकर्ता	1 अप्रैल 2015 को	परिवर्धन	विलोपन	31 मार्च 2016 को
निजी कुल	361	58	122	297
एलआईसी	142	12	35	119
उद्योग कुल	**503**	**70**	**157**	**416**

माध्यम-वार नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन

II.2.4 वैयक्तिक नया व्यवसाय जीवन

वैयक्तिक एनबी प्रीमियम के प्रति वैयक्तिक एजेंटों का अंशदान 2014-15 के 71.42% की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान घटकर 68.27% हो गया है।

एलआईसी ने वैयक्तिक एजेंटों के माध्यम से अपने वैयक्तिक एनबी प्रीमियम का 96.50% प्राप्त किया था जबकि निजी क्षेत्र के लिए वैयक्तिक एजेंटों का अंश 31.90% था।

II.2.5 कॉरपोरेट एजेंटों का अंश जो 2014-15 के दौरान 22.32 प्रतिशत था, वर्ष 2015-16 में 25.21 प्रतिशत तक बढ़ गया था। निजी जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्राप्त नये व्यवसाय प्रीमियम में कॉरपोरेट एजेंटों का अंश 2015-16 में 54.71 प्रतिशत पर उल्लेखनीय था (2014-15 में यह 50.72 प्रतिशत था)। दूसरी ओर, जबकि वैयक्तिक एजेंटों से एलआईसी ने नये व्यवसाय प्रीमियम का 96.50 प्रतिशत प्राप्त किया था, वहीं एलआईसी के लिए कॉरपोरेट एजेंटों का अंशदान 2.32 प्रतिशत था।

बैंक और अन्य कॉरपोरेट माध्यमों के बीच, कुल नये व्यवसाय में बैंकों का अंश 2014-15 के 20.84 प्रतिशत से बढ़कर 2015-16 में 23.82 प्रतिशत हो गया था।

सारणी II.3
2015-16 के लिए जीवन बीमाकर्ताओं का वैयक्तिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन - माध्यम-वार

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)

जीवन बीमाकर्ता	वैयक्तिक एजेंट	कॉरपोरेट एजेंट		दलाल	प्रत्यक्ष विक्रय	सूक्ष्म बीमा एजेंट	सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी)	वेब संग्राहक	आई एमएफ	ऑन लाइन	कुल वैयक्तिक नया व्यवसाय	रिफ़रल
		बैंक	अन्य*									
निजी कुल	31.90	51.70	3.00	3.64	8.65	0.01	0.004	0.00	0.00	1.10	100.00	0.06
एलआईसी	96.50	2.18	0.14	0.02	1.03	0.06	0.00	0.00	0.00	0.07	100.00	0.00
उद्योग कुल	**68.27**	**23.82**	**1.39**	**1.60**	**4.36**	**0.04**	**0.002**	**0.00**	**0.00**	**0.52**	**100.00**	**0.03**

*बैंकों को छोड़कर कोई अन्य संस्था, परंतु कॉरपोरेट एजेंट के रूप में लाइसेंस-प्राप्त।
इसमें इसका विदेशी नया व्यवसाय प्रीमियम शामिल नहीं है।
टिप्पणी: 1) नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल है। .
2) रेफरल व्यवस्थाओं द्वारा प्राप्त अग्रताएँ संबंधित माध्यमों में शामिल की गई हैं।

प्रत्यक्ष विक्रय के अंश ने 2015-16 में वैयक्तिक नये व्यवसाय का 4.36 प्रतिशत दर्ज किया जबकि ऑनलाइन विक्रय माध्यम ने वर्ष 2015-16 में 0.52% का अंश दर्ज किया। पूर्व में यह प्रत्यक्ष विक्रय माध्यम में शामिल था। जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने प्रत्यक्ष विक्रय के माध्यम से अपने नये व्यवसाय का 8.65 प्रतिशत प्राप्त किया, वहीं एलआईसी ने इस माध्यम के द्वारा अपने नये व्यवसाय का 1.03 प्रतिशत प्राप्त किया। निजी बीमाकर्ताओं ने ऑनलाइन विक्रय के माध्यम से अपने नये व्यवसाय प्रीमियम का 1.1% प्राप्त किया, जबकि एलआईसी ने इस माध्यम से 0.07% प्राप्त किया।

वैयक्तिक व्यवसाय के अंतर्गत उद्योग के प्रति दलाल माध्यम, सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंट माध्यम और सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) का अंशदान क्रमशः 1.60%, 0.04% और 0.002% हैं।

सामूहिक नया व्यवसाय

II.2.6 प्रत्यक्ष विक्रय लगातार सामूहिक व्यवसाय के लिए प्रबल माध्यम बना हुआ है, प्रीमियम में जिसका अंश 2015-16 के दौरान 95.03 प्रतिशत है। पिछले वर्ष में तदनुरूपी अंश 93.05 प्रतिशत था। इस माध्यम ने निजी और सरकारी क्षेत्रों के सामूहिक एनबी प्रीमियम के प्रति क्रमशः 82.56% और 98.00% का योगदान किया था।

सारणी II.4
2015-16 के लिए जीवन बीमाकर्ताओं का सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन -माध्यम-वार

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)

जीवन बीमाकर्ता	वैयक्तिक एजेंट	कॉरपोरेट एजेंट		दलाल	प्रत्यक्ष विक्रय	सूक्ष्म बीमा एजेंट	सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी)	वेब संग्राहक	आई एमएफ	ऑन लाइन	कुल वैयक्तिक नया व्यवसाय	रिफ़रल
		बैंक	अन्य*									
निजी कुल	0.77	8.79	4.71	3.17	82.56	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	100.00	0.00
एलआईसी	1.91	0.00	0.07	0.02	98.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	100.00	0.00
उद्योग कुल	**1.69**	**1.69**	**0.96**	**0.63**	**95.03**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**100.00**	**0.00**

*बैंकों को छोड़कर कोई अन्य संस्था, परंतु कॉरपोरेट एजेंट के रूप में लाइसेंस-प्राप्त।
इसमें इसका विदेशी नया व्यवसाय प्रीमियम शामिल नहीं है।
टिप्पणी: 1) नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल है। .
2) रेफरल व्यवस्थाओं द्वारा प्राप्त अग्रताएँ संबंधित माध्यमों में शामिल की गई हैं। .

सारणी II.5
2015-16 के लिए जीवन बीमाकर्ताओं का नया व्यवसाय प्रीमियम (वैयक्तिक और सामूहिक) - माध्यम-वार

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)

जीवन बीमाकर्ता	वैयक्तिक एजेंट	कॉर्पोरेट एजेंट		दलाल	प्रत्यक्ष विक्रय	सूक्ष्म बीमा एजेंट	सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी)	वेब संग्राहक	आई एमएफ	ऑन लाइन	कुल वैयक्तिक नया व्यवसाय	रिफ़रल
		बैंक	अन्य*									
निजी कुल	20.13%	35.48%	3.65%	3.47%	36.59%	0.00%	0.00%	0.00%	0.00%	0.68%	100.00%	0.04%
एलआईसी	33.68%	0.73%	0.09%	0.02%	65.43%	0.02%	0.00%	0.00%	0.00%	0.02%	100.00%	0.00%
उद्योग कुल	**29.68%**	**10.99%**	**1.14%**	**1.04%**	**56.92%**	**0.02%**	**0.0007%**	**0.00%**	**0.00%**	**0.22%**	**100.00%**	**0.01%**

**बैंकों को छोड़कर कोई अन्य संस्था, परंतु कॉरपोरेट एजेंट के रूप में लाइसेंस-प्राप्त।*
इसमें इसका विदेशी नया व्यवसाय प्रीमियम शामिल नहीं है।
टिप्पणी: 1) नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल है।
2) रेफरल व्यवस्थाओं द्वारा प्राप्त अग्रताएँ संबंधित माध्यमों में शामिल की गई हैं।

निजी बीमाकर्ताओं के सामूहिक व्यवसाय के लिए एक और महत्वपूर्ण वितरण माध्यम बैंकों का था। वर्ष 2015-16 के दौरान बैंकों ने निजी बीमाकर्ताओं के मामले में कुल सामूहिक व्यवसाय का 8.79 प्रतिशत अंशदान किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष में 10.36 प्रतिशत पर रहा।

एलआईसी ने अपने पारंपरिक वैयक्तिक एजेंसी बल के माध्यम से सामूहिक व्यवसाय का 1.91 प्रतिशत प्राप्त किया था जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने इस माध्यम के द्वारा 0.77 प्रतिशत प्राप्त किया।

सामूहिक व्यवसाय के अंतर्गत उद्योग के एनबी प्रीमियम के प्रति दलालों के माध्यम का अंशदान 0.63% था।

वैयक्तिक और सामूहिक व्यवसाय का कुल योग

II.2.7 समग्र स्तर पर (वैयक्तिक और सामूहिक व्यवसाय को एकसाथ मिलाकर) 'प्रत्यक्ष विक्रय' ने 2014-15 के 49.67 प्रतिशत की तुलना में कुल नये व्यवसाय के 56.92 प्रतिशत का अंशदान किया था। कुल प्रीमियम में वैयक्तिक एजेंटों का अंश 2014-15 के 36.44 प्रतिशत से घटकर 29.68 प्रतिशत हो गया था।

बैंकों तथा बैंकों को छोड़कर अन्य कॉरपोरेट एजेंटों द्वारा किया गया अंशदान क्रमशः 10.99 प्रतिशत और 1.14 प्रतिशत था। दलालों का योगदान 1.04% था। ऑनलाइन विक्रय माध्यम ने नये व्यवसाय प्रीमियम का 0.22% अंशदान किया था। सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंटों और सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) का अंशदान क्रमशः 0.02% और शून्य प्रतिशत पर था।

सर्वेक्षक और हानि निर्धारक

चार्ट II.1: जीवन बीमाकर्ताओं का वैयक्तिक नया व्यवसाय प्रीमियम - माध्यम-वार



चार्ट II.2: जीवन बीमाकर्ताओं का सामूहिक नया व्यवसाय प्रीमियम-माध्यम-वार



चार्ट II.3: जीवन बीमाकर्ताओं का नया व्यवसाय प्रीमियम (वैयक्तिक और सामूहिक)



II.2.8 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 द्वारा संशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64 यूएम के अनुसार प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में शैक्षिक योग्यता तथा भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) की सदस्यता सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में कार्य करने के लिए किसी भी व्यक्ति के लिए सांविधिक अपेक्षाएँ हैं। आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 योग्यता के मानदंड अनुसूची , अनुबंध1 में विनिर्दिष्ट करता है।

इसके अलावा, अधिनियम की धारा 64 यूएम की उप-धारा 4 कहता है कि 'भारत में घटित और साधारण बीमा की किसी भी पॉलिसी पर मूल्य में प्राधिकरण द्वारा विनियमों में विनिर्दिष्ट राशि के समान अथवा उससे अधिक का भारत में भुगतान अथवा निपटान किये जाने के लिए अपेक्षित हानि के संबंध में उत्पन्न होनेवाला अथवा बीमाकर्ता को सूचित कोई भी दावा भुगतान के लिए तब तक स्वीकार नहीं किया जाए अथवा उसका निपटना न किया जाए, जब तक ऐसे किसी व्यक्ति से घटित हानि पर एक रिपोर्ट प्राप्त नहीं की जाती जो सर्वेक्षक और हानि निर्धारक ('अनुमोदित सर्वेक्षक और हानि निर्धारक' के रूप में भी उल्लिखित) के रूप में कार्य करने के लिए इस धारा के अधीन जारी किया गया लाइसेंस धारित करता है। आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 का विनियम 12 सर्वेक्षण संबंधी सीमा निम्नानुसार निर्धारित करता हैः

विनियम 12(2) -- सर्वेक्षकों अथवा हानि निर्धारकों की नियुक्ति बीमाकर्ताओं अथवा बीमाकृत व्यक्ति द्वारा निम्नलिखित के संबंध में बीमा की पॉलिसी के अंतर्गत हानि का निर्धारण करने के लिए की जाएगी

(क) मोटर बीमा पचास हजार रुपये से अधिक

(ख) मोटर बीमा को छोड़कर अन्य एक लाख रुपये से अधिक

विनियम 12(3) उपर्युक्त सीमा की समीक्षा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक तीन वर्ष में की जाएगी।

II.2.9 बीमा मध्यवर्ती होने के नाते, सर्वेक्षकों को बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 42डी के अधीन पंजीकरण प्राप्त करना होगा तथा लाइसेंस का नवीकरण हर तीन वर्ष में करवाना होगा। अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक की अवधि के दौरान प्रशिक्षण नामांकन, वैयक्तिक और कॉरपोरेट सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों को नये लाइसेंस प्रदान करने और लाइसेंसों का नवीकरण करने का विवरण नीचे दिया गया है।

सारणी II.6 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों को जारी किये गये लाइसेंस		
	2014-15	**2015-16**
नये लाइसेंस		
वैयक्तिक	182	260
कॉरपोरेट	5	8
उप- जोड़	**187**	**268**
नवीकरण		
वैयक्तिक	2137	1537
कॉरपोरेट	20	24
उप-जोड़	**2157**	**1561**
प्रशिक्षणार्थी नामांकन	**753**	**947**

शिकायतें सर्वेक्षक और हानि निर्धारक

II.2.10 प्राधिकरण का सर्वेक्षक लाइसेंसीकरण विभाग सर्वेक्षकों से सर्वेक्षण कार्यों के लिए सूचीकरण (एम्पैनलमेंट), बीमा कंपनियों द्वारा सर्वेक्षण शुल्क का भुगतान न करना, आईआईआईएसएलए द्वारा सदस्यका का अस्वीकरण, आदि के संबंध में शिकायतें प्राप्त करता है। ऐसी शिकायतें संबंधित बीमा कंपनियों और आईआईआईएसएलए को उनके स्तर पर समाधान के लिए प्रेषित की जाती हैं। पॉलिसीधारक भी सर्वेक्षकों/ सर्वेक्षक फर्मों के विरुद्ध सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रति न मिलने, सर्वेक्षण रिपोर्ट की निर्गम में विलंब, कदाचार, आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 का उल्लंघन, आदि के संबंध में शिकायत करते हैं। ऐसी शिकायतों के संबंध में समस्याओं के त्वरित निपटान के लिए सर्वेक्षकों के साथ संपर्क किया जाता है। उपर्युक्त के अलावा, विभाग द्वारा सर्वेक्षकों और कॉरपोरेट सर्वेक्षक फर्मों के विरुद्ध विभिन्न आरटीआई पत्र और मंत्रालय की शिकायतें भी प्राप्त की जाती हैं।

II.2.11 वर्ष 2015-16 के दौरान प्राधिकरण ने 97 शिकायतें प्राप्त कीं, 108 का समाधान किया गया है और 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार 1 बकाया है।

बीमा दलाल

II.2.12 प्राधिकरण ने 2003 से भारतीय बाजार में परिचालन करने के लिए बीमा दलालों को अनुमति दी तथा आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2002 के उपबंधों के अनुसरण में पहला दलाली लाइसेंस 30 जनवरी 2003 को जारी किया गया। इन विनियमों का अधिक्रमण वर्ष 2013-14 में आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2013 द्वारा किया गया। इन विनियमों ने प्रत्यक्ष बीमा दलालों के लिए ₹50 लाख, पुनर्बीमा दलालों के लिए ₹200 लाख और सम्मिश्र बीमा दलालों के लिए ₹250 लाख की पूँजीगत अपेक्षा निर्धारित की। उक्त विनियम बीमा दलाली में विदेशी ईक्विटी सहभागिता के संबंध में 26% की सीमा निर्धारित करता है। तथापि, यह सीमा भारत सरकार द्वारा 49% तक बढ़ाई गई जो भारतीय बीमा कंपनियाँ (विदेशी निवेश) नियम, 2015 के जरिये अधिसूचित की गई। बीमा दलाली क्रमशः लोकप्रिय हो रही है तथा पंजीकरणों की संख्या 2003 से लेकर 457 तक बढ़ गई है (31.03.2016 की स्थिति के अनुसार)।

II.2.13 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत दलालों की 457 की कुल संख्या में से विधिमान्य दलाल 368 थे और 89 प्रचलित नहीं हैं। 368 विधिमान्य दलालों में से 315 प्रत्यक्ष दलाल हैं, 47 सम्मिश्र दलाल और 6 पुनर्बीमा दलाल हैं। प्राधिकरण ने 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 तक की अवधि के दौरान 38 नये लाइसेंस जारी किये हैं जिनमें से 36 लाइसेंस प्रत्यक्ष बीमा दलाल श्रेणी में हैं और 2 सम्मिश्र बीमा दलाल श्रेणी में हैं। एक वर्तमान लाइसेंस का ग्रेड प्रत्यक्ष बीमा दलाल से बढ़ाकर सम्मिश्र बीमा दलाल किया गया है तथा एक वर्तमान लाइसेंस का ग्रेड प्रत्यक्ष (साधारण) से बढ़ाकर प्रत्यक्ष (जीवन और साधारण) कर दिया गया है। इसके अलावा, 1 प्रत्यक्ष बीमा दलाल और 1 प्रत्यक्ष पुनर्बीमा दलाल का लाइसेंस उनके अपने अनुरोध के अनुसार मिला दिया गया है और एक सम्मिश्र बीमा दलाल के रूप में परिवर्तित किया गया है।

सारणी II.7
सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों से संबंधित शिकायतें

संबंधित अवधि	अवधि के प्रारंभ में बकाया	प्राप्त	समाधान किया गया	अवधि के अंत में बकाया
अप्रैल 2014 मार्च 2015	27	46	61	12
अप्रैल 2015-- मार्च 2016	12	97	108	1

II.2.14 समक्षाधीन अवधि के दौरान प्राधिकरण ने 124 बीमा दलाल लाइसेंसों का नवीकरण किया है। संशोधित विनियमों के अनुसार बीमा दलाल अपने लाइसेंस की समाप्ति से 90 दिन पहले नवीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। प्राधिकरण बीमा दलालों के अनुपालन स्तरों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कदम उठा रहा है। इनमें से कुछ के अंतर्गत कार्यशालाओं का संचालन, भारतीय बीमा दलाल संघ के साथ नियमित रूप से परस्पर सक्रियता, आदि शामिल हैं।

कागज-रहित परिवेश की दिशा में अग्रसर होने के लिए एक निवारक कदम के रूप में विभाग ने नये लाइसेंसों और नवीकरण हेतु आवेदनों के लिए 1 जनवरी 2016 से विभाग में व्यावसायिक विश्लेषणात्मक परियोजना (बीएपी) कार्यान्वित किया, जिसे 1 अप्रैल 2016 से लागू किया गया।

निम्नलिखित सारणी 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार भारत में बीमा दलाली उद्योग की सांख्यिकी दर्शाती हैः

सारणी II.8
बीमा दलालों की सांख्यिकी

कुल शेयर पूँजी	₹464.59 करोड़
कुल निवल मालियत (नेट वर्थ)	₹2022.38 करोड़
कुल एफडीआई	₹14.75 करोड़

वेब संग्राहक

II.2.15 प्राधिकरण ने बीमा पॉलिसियों की ऑनलाइन तुलना और वितरण करने के लिए वेब संग्राहक के रूप में ज्ञात एक प्रणाली विकसित करने के लिए पहल की। यह पहल ई-कॉमर्स में विकासशील प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए बीमा पॉलिसियों के संभावित खरीदारों के हित के लिए की गई। प्राधिकरण ने प्रारंभ में नवंबर 2011 में विभिन्न बीमा कंपनियों के बीमा उत्पादों की तुलना के लिए लाइसेंस हेतु आवेदन करने के लिए प्रौद्योगिकीगत प्रगति का उन्नयन करने के संबंध में उत्साही उद्यमियों को समर्थ बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किये थे। उक्त दिशानिर्देशों के आधार पर प्राधिकरण ने 6 वेब संग्राहकों को लाइसेंस जारी किये थे।

सारणी II.9
31.03.2016 को बीमा दलालों के राज्य-वार कार्यालय

क्रम सं.	भारत के राज्यों के नाम	शाखाओं की संख्या
1	महाराष्ट्र	281
2.	दिल्ली का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	148
3.	तमिलनाडु	138
4.	गुजरात	117
5.	उत्तर प्रदेश	107
6.	पश्चिम बंगाल	103
7.	कर्नाटक	101
8.	तेलंगाना	72
9.	केरल	60
10.	आंध्र प्रदेश	55
11.	राजस्थान	50
12.	हरियाणा	39
13.	पंजाब	36
14.	मध्य प्रदेश	33
15.	बिहार	30
16.	असम	26
17.	झारखंड	25
18.	ओडिशा (उड़ीसा)	23
19.	छत्तीसगढ़	22
20.	चंडीगढ़	17
21.	हिमाचल प्रदेश	12
22.	उत्तराखंड	9
23.	जम्मू और कश्मीर	7
24.	गोवा	5
25.	त्रिपुरा	2
26.	मेघालय	1
27.	मिजोरम	1
28.	सिक्किम	1
29.	अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह	1
30.	पुदुचेरी (पांडिचेरी)	1
	कुल योग	1523

तदुपरांत प्राधिकरण ने 'आईआरडीए (वेब संग्राहक) विनियम, 2013' जारी किये तथा उक्त विनियमों के अधीन 5 वेब संग्राहकों को लाइसेंस प्रदान किये। वर्तमान में 16 वेब संग्राहक विद्यमान हैं।

सारणी II.10
प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित वेब संग्राहक
(31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं.	वेब संग्राहक का नाम
1	मैंगोट्री सोल्यूशन्स प्रा. लि.
2.	कॉमेट इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
3.	पॉलिसीएक्स.कॉम इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
4	ओए इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर्स प्रा. लि.
5	फ़िनगूल इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
6	ईज़ी पॉलिसी इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
7	पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
8	माई इंस्योरेंस क्लब इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
9	ग्रेट इंडिया इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
10	मिंट वाइज़ इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर्स प्रा. लि.
11	बून इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
12	कम्पेअर पॉलिसी इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
13	बॉय स्मार्ट पॉलिसी इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
14	एमएसएफ इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
15	पॉलिसी मंत्र इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.
16.	डेस्टिनेशन इंश्योरेंस वेब अग्रेगेटर प्रा. लि.

सामान्य सेवा केन्द्र विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी)

II.2.18 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रवर्तन के परिणामस्वरूप सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) को मध्यवर्ती और बीमा मध्यवर्ती की परिभाषा में शामिल किया गया है। अधिनियम में संशोधनों के परिणाम के तौर पर सामान्य सेवा केन्द्रों संबंधी दिशानिर्देशों को विनियमों के रूप में परिवर्तित किया गया। उक्त विनियमों में निम्नलिखित परिवर्तन शामिल हैं :

1) सीएससी उत्पाद की परिभाषा

2) सीएससी-एसपीवी के लिए आचरण-संहिता

3) ऑन बोर्डिंग प्रभार

4) पारिश्रमिक

5) जीवन और साधारण बीमा उत्पादों के लिए लागू प्रकार, प्रक्रिया और शर्तें

6) प्राधिकरण के आदेशों पर एसएटी को अपील

7) सामंजस्य लाने के लिए छोटे व्याकरणिक परिवर्तन

सीएससी विनियमों द्वारा प्रस्तावित बीमा सेवाओं की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं :

1. सीएससी-एसपीवी बीमा उत्पादों का विपणन करेंगे तथा उन बीमा कंपनियों के सीएससी नेटवर्क के माध्यम से अन्य बीमा संबंधी सेवाएँ भी प्रस्तावित करेंगे जिन्होंने सीएससी-एसपीवी के साथ करार किया है।

2. सीएससी-एसपीवी सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ लिमिटेड, विशेष प्रयोजन माध्यम है जो सीएससी नेटवर्क के माध्यम से भारत के नागरिकों को सरकारी, निजी और सामाजिक क्षेत्र सेवाओं के वितरण को सुसाध्य बनाने के लिए निगमित है।

3. निम्नलिखित के लिए न्यूनतम पात्रता शर्तें, शैक्षिक योग्यताएँ और प्रशिक्षण की अपेक्षा को विनियमों में विनिर्दिष्ट किया गया है
   - क. सीएससी-एसपीवी का प्रधान अधिकारी
   - ख. सीएससी-एसपीवी का आरएपी।

4. सीएससी-एसपीवी के प्रधान अधिकारी उपयुक्तता का निर्धारण करने के लिए योग्य और उचित (फिट एण्ड प्रोपर) मानदंड प्रस्तावित किये गये हैं।

5. सीएससी-एसपीवी को पंजीकरण, विधिमान्यता प्रदान करने और पंजीकरण के नवीकरण की प्रक्रिया भी विनिर्दिष्ट की गई है।

6. सीएससी ढाँचे के अंदर सेवा भागीदार एजेंसी हैं जिसमें राज्य द्वारा पदनामित एजेंसी अथवा सेवा केन्द्र एजेंसी अथवा सीएससी योजना के अंतर्गत अन्य कोई एजेंसी शामिल है जो ग्राम-स्तरीय उद्यमी (वीएलई) को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करेगी।

7. ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) ग्राम-स्तरीय उद्यमी (वीएलई) व्यक्ति होगा जो बीमा उत्पादों का विपणन करने और बीमे से संबंधित सेवाएँ प्रदान करने के लिए सामान्य सेवा केन्द्र का परिचालन और प्रबंध करने के लिए पंजीकृत और सीएससी- एसपीवी द्वारा प्राधिकृत हो। उसे 20 घंटे का

प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए, एनआईईएलआईटी द्वारा संचालित परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए तथा उसके पास 10वीं कक्षा या उसकी समकक्ष न्यूनतम योग्यता होनी चाहिए।

8. उक्त विनियमों में प्रधान अधिकारी, आरएपी, सीएससी-एसपीवी और बीमाकर्ताओं के लिए आचरण-संहिता तथा कर्तव्य और दायित्व निर्धारित किये गये हैं। इन विनियमों में ग्राहकों की शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया की रूपरेखा दी गई है।

9. सीएससी-एसपीवी, सेवा भागीदार एजेंसी और आरएपी के बीच पारिश्रमिक, प्रदत्त कमीशन के क्रमशः 8% से अनधिक, 12% से अनधिक और 80% से अन्यून अनुपात में विनिर्दिष्ट किया गया है। तथापि, आरएपी द्वारा प्रस्तावित की जानेवाली बीमा संबंधी सेवाओं के संबंध में निर्णय करना सीएससी-एसपीवी और बीमाकर्ता के बीच छोड़ दिया गया है।

10. प्रति बीमाकर्ता ₹20 लाख के ऑन-बोर्डिंग प्रभार, जो एक निलंब (एस्क्रो) खाते में अदा किये जाते हैं, बीमाकर्ताओं से सीएससी-एसपीवी द्वारा माँगने की अनुमति दी गई है ताकि आरएपी स्तर पर बॉयो-मेट्रिक और आईआरआईएस उपस्कर की बुनियादी संरचना को सुसाध्य बनाया जा सके, जिन्हें सक्रिय होने के समय निर्मुक्त किया जाता है।

11. सीएससी-एसपीवी इस माध्यम के अंतर्गत एकमात्र उत्पादों का विपणन करेंगे जिनके संबंध में शब्द 'सीएससी' प्रारंभ में होंगे। मोटर बीमा के अंतर्गत बीमित राशि को छोड़कर इन पॉलिसियों में अधिकतम अनुमत बीमित राशि ₹2 लाख है। वर्तमान में फाइल एण्ड यूज़ दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा जीवन बीमाकर्ताओं के नियमित प्रीमियम भुगतान से युक्त लाभरहित असंबद्ध परिवर्ती बीमा उत्पाद एवं नियमित प्रीमियम भुगतान से युक्त विशुद्ध सावधि बीमा उत्पाद अनुमोदित किये गये हैं। इसी प्रकार, मोटर बीमा, वैयक्तिक दुर्घटना बीमा, मवेशी/पशुधन बीमा, किसान की पैकेज पॉलिसी तथा साधारण बीमा का अग्नि (फायर) और संबद्ध जोखिमपूर्ण निवास बीमा को प्राधिकरण ने अनुमोदन प्रदान किया है।

12. सीएससी-एसपीवी और आरएपी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के लिए क्रियाविधि भी प्रस्तावित विनियमों में विनिर्दिष्ट की गई है।

13. उक्त विनियमों में बीमाकर्ताओं और सीएससी-एसपीवी द्वारा प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानेवारी रिपोर्टें भी विनिर्दिष्ट की गई हैं।

14. सीएससी-एसपीवी माध्यम के संबंध में सांख्यिकी 1.4.2016 से 31.8.2016 तक की अवधि के लिए निमानुसार हैः

क. उन आरएपी की संख्या जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिन्हें प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं - 11,621

ख. संगृहीत कुल प्रीमियम (नया और नवीकरण) ₹117.42 करोड़

ग. कुल नया बीमा प्रीमियम ₹6.62 करोड़ (साधारण) + ₹0.28 करोड़ (जीवन)

घ. कुल नवीकरण प्रीमियम ₹110.52 करोड़ (जीवन)

ङ. सेवा प्रदत्त ग्राहकों की कुल संख्या -- 3.78 लाख

च. बीमाकर्ताओं की संख्या जिनके साथ करार हस्ताक्षरित किये गये हैं : साधारण 16, स्वास्थ्य 3, जीवन 18 (14 नवीकरण) + 4 (नये और नवीकरण)

छ. बेची गई पॉलिसियों की संख्या i) मोटर अन्य पक्ष 56,484; ii) पीए 4,521; iii) जीवन बीमा 2,622; iv) फ़सल 1,187; v) अन्य 223

ज. मोटर व्यापक, यात्रा बीमा, फ़सल बीमा और सरकारी बीमा योजनाओं जैसे नये उत्पाद अनुमोदित उताप्दों की सूची में जोड़े गये हैं।

बिक्री केंद्र विक्रेता गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमाकर्ता

II.2.17 प्राधिकरण ने पाया कि ऐसे कई व्यक्ति हैं जो बीमा पॉलिसियों की अपेक्षा और विपणन से संबंधित सरल और नेमी कार्यकलापों से संबद्ध हैं। उदाहरण के लिए मोटर बीमा, यात्रा बीमा, वैयक्तिक दुर्घटना बीमा, आदि में अधिकांश उत्पादों के लिए बहुत कम जोखिम-अंकन अपेक्षित है। ये अधिकांश तौर पर पहले से जोखिम अंकित होते हैं जिनमें संभावित ग्राहक द्वारा दी गई सूचना के आधार पर प्रणाली द्वारा बीमा पॉलिसी स्वचालित रूप से उत्पन्न की जाती है। ऐसे उत्पाद के लिए आवश्यक हस्तक्षेप अल्पतम है तथा ऐसे व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण और परीक्षा न्यूनतर परिमाण की हो सकती है।

देश में बीमा व्यवसाय की वृद्धि को सुसाध्य बनाने तथा बीमा व्यापन और बीमा सघनता को बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने अपनी विकासात्मक कार्यसूची के भाग के रूप में 'बिक्री केंद्र विक्रेताओं' संबंधी निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किये।

उक्त दिशानिर्देशों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :

1. 'बिक्री केंद्र विक्रेता' जो केवल प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कुछ पहले से जोखिम-अंकित उत्पादों की अपेक्षा और विपणन कर सकते हैं।

2. प्रत्येक 'बिक्री केंद्र विक्रेता' उसकी आधार कार्ड संख्या अथवा उसके पैन कार्ड द्वारा पहचाना जाएगा।

3. प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित ऐसे पहले से जोखिम-अंकित उत्पादों की अपेक्षा और विपणन करनेवाले व्यक्ति 'बिक्री केंद्र विक्रेता' कहलाएँगे।

4. उक्त 'बिक्री केंद्र विक्रेता' कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होगा।

5. वह 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के लिए विनिर्दिष्ट ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए उस बीमा कंपनी अथवा बीमा मध्यवर्ती द्वारा एनआईईएलआईटी को प्रायोजित किया जाएगा जिसके पास वह कार्य करेगा।

6. उक्त ऑनलाइन प्रशिक्षण और परीक्षा के लिए शुल्क ₹500 से अधिक नहीं होगा जो एनआईईएलआईटी को या तो उस बीमा कंपनी द्वारा या उस बीमा मध्यवर्ती द्वारा अदा किया जाएगा जो उस व्यक्ति को प्रायोजित कर रहा है।

7. प्रशिक्षण मॉड्यूल की मेजबानी एनआईईएलआईटी वेबसाइट पर प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित रूप में की जाएगी।

8. वह एनआईईएलआईटी द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित होगा जो परीक्षा निकाय होगा।

9. परीक्षा में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने के बाद उसे एनआईईएलआईटी द्वारा 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के रूप में प्रमाणित करते हुए एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

10. एक 'बिक्री केंद्र विक्रेता' किसी बीमा कंपनी अथवा बीमा मध्यवर्ती का प्रतिनिधित्व कर सकता है।

11. उक्त 'बिक्री केंद्र विक्रेता' केवल निम्नलिखित पूर्व-जोखिम-अंकित उत्पाद ही बेच सकता है।

    क. दुपहिया, निजी कार और वाणिज्यिक वाहनों के लिए मोटर व्यापक बीमा पैकेज पॉलिसी।

    ख. दुपहिया, निजी कार और वाणिज्यिक वाहनों के लिए अन्य पक्ष देयता (ऐक्ट ओनली) पॉलिसी।

    ग. वैयक्तिक दुर्घटना पॉलिसी

    घ. यात्रा बीमा पॉलिसी

    ङ. गृह बीमा पॉलिसी

    च. प्राधिकरण द्वारा विशिष्ट रूप से अनुमोदित कोई अन्य पॉलिसी।

12. 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के माध्यम से बेची गई प्रत्येक पॉलिसी अलग से पहचानी जाएगी और नाम से पहले 'पीओएस (उत्पाद का नाम)' होगा।

13. बीमा कंपनी प्राधिकरण के पास सूचनार्थ फाइल एण्ड यूज़ दिशानिर्देशों के अधीन उत्पाद को फाइल करेगी।

14. प्रत्येक प्रस्ताव फार्म चाहे वह कागज पर हो अथवा कागज-रहित रूप में हो, बीमा पॉलिसी और अन्य संबंधित दस्तावेज आधार कार्ड संख्या अथवा पैन कार्ड को दर्ज करने के लिए व्यवस्था से युक्त होंगे जिससे पॉलिसी को 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के साथ संबद्ध किया जा सके जो उपर्युक्त पॉलिसी को बेच रहा है।

15. प्रस्ताव फार्म अथवा बीमा पॉलिसी में 'बिक्री केंद्र विक्रेता' की आधार कार्ड संख्या अथवा पैन कार्ड संख्या को दर्ज करने के लिए बीमा कंपनी उत्तरदायी होगी। बीमा कंपनी 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के आचरण के लिए जिम्मेदार होगी जो उसका प्रतिनिधित्व कर रहा है।

16. बीमा मध्यवर्ती के माध्यम से किये जानेवाले विक्रय के लिए बीमा मध्यवर्ती प्रस्ताव फार्म में 'बिक्री केंद्र विक्रेता' की आधार कार्ड संख्या अथवा पैन कार्ड संख्या को दर्ज करेगा और बीमा पॉलिसी में ऐसा ही करने के लिए बीमा कंपनी से अपेक्षा करेगा। बीमा मध्यवर्ती अपने द्वारा नियुक्त 'बिक्री केंद्र विक्रेता' के आचरण के लिए जिम्मेदार होगा तथा बिक्री केंद्र विक्रेता की ओर से कोई भी कदाचार उसे अधिनियम के अनुसार दंड के लिए भागी बनायेगा।

17. बीमा मध्यवर्ती के पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण करते समय जिन कारकों पर विचार किया जाएगा उनमें से एक बीमा मध्यवर्ती के रजिस्टरों में विद्यमान 'बिक्री केंद्र विक्रेता' का आचरण होगा।

18. 31 अगस्त 2016 की स्थिति के अनुसार विवरण निम्नानुसार हैः

क) पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या 2,536

ख) उम्मीदवारों की संख्या जिन्होंने परीक्षा दी -- 1,639

ग) उम्मीदवारों की संख्या जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की 838

घ) प्रायोजक एजेंसियाँ -- i) बीमाकर्ता -- 8 ii) बीमा दलाल -- 25; कॉरपोरेट एजेंट -- 4

ङ) प्रायोजक एजेंसियों के 'बिक्री केंद्र विक्रेताओं' (पीओएस) की संख्या -
i)बीमाकर्ता -- 115 ii) बीमा दलाल -- 670; कॉरपोरेट एजेंट -- 53

च) 16 साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के 192 उत्पाद अनुमोदित किये गये।

छ) अनुमोदित उत्पादों की सूची में मवेशी/ पशुधन बीमा, कृषि पंपसेट बीमा, अग्नि (फायर) और संबद्ध जोखिमपूर्ण निवास, फ़सल बीमा और सरकार द्वारा प्रायोजित बीमा योजनाओं जैसे नये उत्पाद सम्मिलित किये गये।

II.3 बीमा शिक्षण से संबद्ध व्यावसायिक संस्थान

II.3.1 भारतीय बीमा क्षेत्र ने बीमा शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए माँग में वृद्धि देखी है। इस स्थिति के होते हुए प्राधिकरण बीमा शिक्षण से संबद्ध सभी व्यावसायिक संस्थानों तथा भारत में और विदेशों में बीमा शिक्षण से संबंधित अन्य प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थानों और संगठनों के साथ संपर्क में रहता है।

II.3.2 प्राधिकरण ने वर्ष 2002 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से बीमा और संबंधित विषयों में प्रशिक्षण और व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए एक व्यावसायिक संस्थान अर्थात् बीमा और जोखिम प्रबंध संस्थान (आईआईआरएम) की स्थापना की। प्राधिकरण उक्त संस्थान के प्रयासों में उसे लगातार समर्थन दे रहा है।

II.3.3 भारतीय बीमा संस्थान (आईआईआई) वेब संग्राहकों, कॉरपोरेट एजेंटों और बीमा विपणन फर्मों के लिए प्रशिक्षण निकाय और परीक्षा निकाय दोनों है। वह दलालों के लिए प्रशिक्षण निकाय तथा एजेंटों की भर्ती-पूर्व परीक्षाओं के लिए परीक्षा निकाय भी है। इस संस्थान ने सर्वेक्षकों की विभिन्न परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु तैयार कर रहा है तथा सर्वेक्षकों की परीक्षाएँ भी संचालित कर रहा है। इस संस्थान ने सामान्य सेवा केन्द्र दिशानिर्देशों के अधीन ग्राम स्तरीय उद्यमियों के लिए पाठ्यक्रम भी तैयार किया है।

सारणी II.11
2015-16 की अवधि के लिए दायर किये गये मामलों का विवरण

क्रम सं.	दायर किये गये मामलों का ब्योरा	गैर-जीवन	एच आर	स्वास्थ्य	सीएडी	जीवन	दलाल	कुल
1.	सर्वोच्च न्यायालय	1	0	0	0	0	0	1
2.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर रिट याचिकाएँ	23	6	5	0	2	2	38
3.	प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण	0	0	0	0	0	5	5
4.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर रिट अपीलें, एलपीए	0	0	0	0	0	0	0
5.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर समीक्षा/पुनःस्थापन याचिकाएँ	0	0	0	0	0	0	0
6.	उच्च न्यायालयों में दायर अवमानना याचिकाएँ	1	0	0	0	0	0	1
7.	उपभोक्ता मामले (डीसीएफ+एससीडीआरसी)	0	0	0	46	0	0	46
8.	दीवानी व लोक अदालत मामले	0	0	0	20	0	0	20
9.	एमएसीटी मामले	0	0	0	1	0	0	1
10.	जनहित वाद	0	0	0	0	0	0	0
11.	आपराधिक याचिकाएँ	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	**25**	**6**	**5**	**67**	**2**	**7**	**112**

सारणी II.12 2015-16 की अवधि के लिए निपटाये गये/ खारिज किये गये मामलों का विवरण

क्रम सं.	विवरण	गैर जीवन		एचआर		स्वास्थ्य		सीएडी		जीवन		दलाल		कुल	
		क	ख	क	ख	क	ख	क	ख	क	ख	क	ख	क	ख
1.	सर्वोच्च न्यायालय	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई रिट याचिकाएँ	0	6	0	0	0	1	0	0	0	1	0	0	0	8
3.	प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	1	0
4.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई रिट अपीलें, एलपीए	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
5.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई समीक्षा/पुनःस्थापन याचिकाएँ	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
6.	उच्च न्यायालयों में निपटाई गई अवमानना याचिकाएँ	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7.	उपभोक्ता मामले	0	0	0	0	0	0	0	7	0	0	0	0	0	7
8.	दीवानी व लोक अदालत मामले	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
9	एमएसीटी मामले	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
10	जनहित वाद	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
11	आपराधिक याचिकाएँ	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	**0**	**6**	**0**	**0**	**0**	**1**	**0**	**7**	**0**	**1**	**0**	**0**	**1**	**15**

क आईआईडीएआई को निदेशों के साथ* * ख आईआरडीएआई को निदेशों के बिना*

II.3.4 भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तित और स्थापित तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित एक संस्थान है। सर्वेक्षक का लाइसेंस प्रदान करने के लिए इस संस्थान की सदस्यता अनिवार्य है। यह संस्थान एक स्व-नियंत्रित निकाय के रूप में कार्य करता है।

II.3.5 भारतीय बीमांकक संस्थान (आईएआई) की परिषद में प्राधिकरण का संविधिक प्रतिनिधित्व है, जो भारत में बीमांककों के व्यवसाय के विनियमन के लिए एक सांविधिक और व्यावसायिक निकाय है। इसके उद्देश्यों में अन्य बातों के साथ-साथ बीमांकक के व्यवसाय के सदस्यों द्वारा किये जानेवाले व्यवहार को विनियमित करना भी शामिल है। बीमा शिक्षण से संबंधित एक और उल्लेखनीय समन्वित प्रबंध विद्यालय राष्ट्रीय बीमा अकादमी (एनआईए), पुणे है जो संस्थागत और वैयक्तिक आधार पर अनुसंधान और परामर्श संबंधी कार्यकलापों का प्रवर्तन, विकास और पोषण करता है।

II.4 वाद, अपीलें और न्यायालयों के निर्णय

II.4.1 2015-16 के दौरान सर्वोच्च न्यायालय, विभिन्न उच्च न्यायालयों, सिविल अदालतों, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरणों (एमएसीटी), और लोक अदालतों के समक्ष दायर किये गये मामलों के तौर पर वादों एवं निपटाये गये / खारिज किये गये मामलों का भी विवरण सारणी II.11 और II.12 में दिया गया है।

II.5 बीमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग

II.5.1 आईआरडीएआई घरेलू तौर पर विनियामक उपाय प्रारंभ करने और उन्हें कार्यान्वित करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के महत्व को स्वीकार करता है। इस संदर्भ में और अपने विनियामक उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए आईआरडीएआई विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों, फोरमों और विदेशी विनियमनकर्ताओं के साथ संबंध बनाया हुआ है। आईआरडीएआई वित्तीय वर्ष 2015-16 में भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में निरंतर सक्रिय रूप से संलिप्त रहा है और योगदान कर रहा है।

प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संलिप्तता अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के साथ जारी है, जो बीमा क्षेत्र के पर्यवेक्षण के लिए सिद्धांत, मानक और अन्य सहायक सामग्री विकसित करने और उनके कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार एक अंतरराष्ट्रीय मानक निर्धारक निकाय है। आईएआईएस सदस्यों के लिए अपने अनुभवों की साझेदारी करने तथा बीमा पर्यवेक्षण और बीमा बाजारों को समझने के लिए एक मंच उपलब्ध कराता है। आईआरडीएआई के प्रतिनिधियों ने आईएआईएस समिति की विभिन्न बैठकों में भाग लिया है तथा मानक निर्धारण और कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों में योगदान किया है।

आईआरडीएआई वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बेंक (आरबीआई) को वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के बीमा क्षेत्र संबंधी मामलों में चालू कार्य के संबंध में निरंतर विचार और निविष्टियाँ उपलब्ध कराता रहा है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड ऐसा अंतरराष्ट्रीय निकाय है जिसे विश्व में वित्तीय क्षेत्र विनियामक सुधारों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने का दायित्व जी20 द्वारा अधिदेशात्मक तौर पर सौंपा गया है।

बीमा क्षेत्र के विनियमनकर्ता के रूप में अपनी अन्य परिवर्ती प्रतिबद्धताओं के भाग के रूप में आईआरडीएआई ने अंतरराष्ट्रीय विषयों/ संधियों और वित्तीय क्षेत्र संबंधी वार्ताओं के संबंध में भारत सरकार को निविष्टियाँ उपलब्ध कराई हैं, विदेशी प्रतिनिधियों की मुलाकातों की मेजबानी और आयोजन किया है।

द्विपाक्षिक वचनबद्धता के तौर पर आईआरडीएआई ने सूचना और बीमा पर्यवेक्षण संबंधी अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से बीमा पर्यवेक्षण के क्षेत्र में पारस्परिक हितों और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीमा प्राधिकरण के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) किया।

बीमा संबंधी पहलुओं पर अन्य देशों को क्षमता निर्माण सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आईआरडीएआई ने अल्पतम विकसित देशों (एलडीसी) को बीमा के विभिन्न पहलुओं पर उनके ज्ञान को सुधारने और उसका संवर्धन करने के उद्देश्य के साथ बीमा सेवाओं के क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव किया। यह प्रस्ताव संपर्क के विवरण के साथ आईआरडीएआई की वेबसाइट में 'अंतरराष्ट्रीय कार्य' खंड के अंतर्गत रखा गया है।

अध्ययन दौरे के भाग के रूप में अफगानिस्तान बीमा कार्मिक संघ (एआईपीए) का एक प्रतिनिधि मंडल फरवरी 2016 में हैदराबाद स्थित आईआरडीएआई के कार्यालय में आया। इस परस्पर सक्रियता के दौरान उक्त प्रतिनिधि मंडल को भारत में विद्यमान विनियामक संरचना और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

आईएआईएस के साथ संबंधः

II.5.2 1994 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) लगभग 140 देशों का निरूपण करनेवाले प्रायः 200 अधिकार-क्षेत्रों के बीमा पर्यवेक्षक प्राधिकरणों का प्रतिनिधित्व करता है।

आईएआईएस वैश्विक बीमा सिद्धांत, मानक और मार्गदर्शी पत्र जारी करता है, बीमा पर्यवेक्षण से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करता है तथा बीमा पर्यवेक्षकों के लिए बैंठकें और सेमिनार आयोजित करता है। आईएआईएस वित्तीय क्षेत्र के अन्य मानक निर्धारक निकायों एवं वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ घनिष्ठतापूर्वक कार्य करता है। यह एक वार्षिक सम्मेलन आयोजित करता है जहाँ पर्यवेक्षक, उद्योग के प्रतिनिधि और अन्य व्यवसायी बीमा क्षेत्र की गतिविधियों और बीमा विनियमन को प्रभावित करनेवाले विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं।

एक कार्यकारी समिति जिसके सदस्य विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, आईएआईएस का नेतृत्व करती है। एशियाई क्षेत्र से उक्त कार्यकारी समिति में 5 सदस्य प्रतिनिधित्व करते हैं। अध्यक्ष, आईआरडीएआई एशियाई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करनेवाले सदस्यों में से एक हैं तथा अन्य सदस्य चीन, जापान, कोरिया और सिंगापुर के बीमा विनियमनकर्ता हैं।

आईएआईएस समितियाँ / कार्यदल

II.5.3 आईआरडीएआई की दो प्रमुख समितियों अर्थात वित्तीय स्थिरता एवं तकनीकी और कार्यान्वयन समितियों में सहभागिता है। ये समितियाँ वित्तीय स्थिरता और कार्यान्वयन एवं आईएआईएस पर्यवेक्षी सामग्री आदि के मूल्यांकन के क्षेत्र में मानक निर्धारण कार्यकलापों की निगरानी करती हैं।

आईएआईएस समिति की प्रणाली के अंतर्गत प्रत्येक समिति ने अपने कर्तव्यों के निर्वाह में सहायता के लिए विभिन्न कार्य दलों / कार्य बलों की स्थापना की है। आईआरडीएआई की सहभागिता वित्तीय समावेशन, कॉरपोरेट अभिशासन, बाजार व्यवहार, समष्टि विवेकपूर्ण नीति और निगरानी तथा पूँजी विकास के पहलुओं की जाँच करनेवाले आईएआईएस कार्य दलों में है। आईआरडीएआई ने आईएआईएस के वित्तीय समावेशन कार्य दल में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है तथा इंसके एक नामिती ने उक्त कार्य दल की अध्यक्षता की।

आईआरडीएआई आईएआईएस के कार्य में समितियों/ कार्य दल/ कार्य बलों की बैठकों में भाग लेने तथा आईएआईएस के सर्वेक्षणों/ प्रश्नावलियों/ समीक्षाओं के लिए प्रतिक्रिया उपलब्ध कराने के द्वारा योगदान करता है। उक्त विचार-विमर्श और जानकारी का आदान-प्रदान वैश्विक बीमा मानकों के निर्माण और अंगीकरण के रूप में परिवर्तित होते हैं। आईएआईएस की समितियों/ कार्य दलों/ कार्य बलों की बैठकों में सहभागिता ने अत्यंत उपयोगी निविष्टियाँ उपलब्ध कराई हैं तथा वे आईआरडीएआई के अपने घरेलू नियम-निर्माण में बहुत उपयोगी रही हैं।

बीमा विनियमनकर्ताओं का एशियाई फोरम

II.5.4 बीमा विनियमनकर्ताओं का एशियाई फोरम (एएफआईआर) एशिया और ओशनिया क्षेत्रों के बीमा पर्यवेक्षकों का एक मंच है जिसकी स्थापना 2005 में क्षेत्रीय बीमा विनियमन सहयोग पर बीजिंग घोषणा के आधार पर की गई थी। उक्त घोषणा की सूची में 16 अधिकार-क्षेत्र हैं जिन्होंने दिनांक 23-05-2005 की बीजिंग घोषणा पर हस्ताक्षर किये थे और वे हैं पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, हांगकांग, ताईपेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, जोर्डन, कोरिया गणराज्य, मकाऊ, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिपीन्स, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम (16 में से 15 एशियाई हैं और 1 मध्य पूर्व का है)। एडीबी, ईयू, आईएआईएस, ओईसीडी, विश्व बैंक, मिशन रिस्किस नैचुरेलिस (फ्रांस) जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने एएफआईआर की बैठकों में प्रस्तुतकर्ता / वक्ता के रूप में भाग लिया।

एएफआईआर की स्थापना बीमा उद्योग और विनियमन से संबंधित विषयों पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए की गई है। इसके अंतर्गत बीमा विनियामक और पर्यवेक्षी प्राधिकरण हैं जो एशियाई-ओशनिक क्षेत्र के स्तर पर सामान्य लक्ष्य प्राप्त करने के लक्ष्य से एकसाथ आये हैं।

एएफआईआर के सदस्य वार्षिक तौर पर बैठक करते रहे हैं जहाँ प्रत्येक सहभागी अधिकार-क्षेत्र बारी-बारी से मेजबान आयोजक है। सर्वप्रथम एएफआईआर सम्मेलन बीजिंग में 2006 में आयोजित किया गया और उसके उपरांत सिओल (2007), सिंगापुर (2008), चीनी-ताईपेई (2009), जापान (2010), थाईलैंड (2011), मकाऊ (2012), हैदराबाद, भारत (2013), बीजिंग (2014) और कोलंबो (2015) में इसके सम्मेलन आयोजित किये गये। एएफआईआर एशिया में एकमात्र बीमा पर्यवेक्षी नेटवर्क है। उक्त सम्मेलन अधिकार-

क्षेत्रों के लिए सदस्य-देशों में हो रही गतिविधियों से स्वयं परिचित होने तथा परस्पर हित की समस्याओं और विषयों पर विचारों के विनिमय के लिए एक मिलन स्थल उपलब्ध कराता है।

एएफआईआर का 10वाँ सम्मेलन जुलाई 27-28 को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित किया गया जिसमें एएफआईआर के कार्यों की आगे और पहचान करने और एएफआईआर तंत्र में सुधार लाने के लिए सचिवालय के समर्थन के साथ एक कार्य बल (टास्क फोर्स) बनाने के लिए सहभागी सहमत हुए। नियमित कार्यसूची के अलावा, कोलंबो में एएफआईआर ने एएफआईआर को औपचारिक रूप देने के संबंध में प्रमुख मुद्दों पर, जैसे निधीयन और अभिशासन की संरचना पर विस्तृत रूप से चर्चा की। एएफआईआर की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एएफआईआर ने यह आवश्यक पाया कि संकेन्द्रित क्षेत्रों और आगे बढ़ने के लिए विशिष्ट कार्यकलापों की पहचान की जाए। तदनुसार, एक कार्य बल (चीन, हांगकांग, भारत, जापान, कोरिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और आईएआईएस सचिवालय) नवंबर 2015 में स्थापित किया गया तथा सदस्य कई चर्चाओं के उपरांत एक समझौते पर पहुँच गये कि एएफआईआर को चार पहलुओं पर फोकस करना होगा जो उन श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं अर्थात सूचना का आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण, क्षेत्रीय सहयोग और अभिशासन (गवर्नेंस) की संरचना।

तदनुसार, उक्त कार्य बल (टास्क फोर्स) ने चर्चा-पत्रों पर महीनों कार्य किया तथा सम्मेलन कॉलों और आमने-सामने की गई बैठकों के माध्यम से वे सर्वसम्मति पर पहुँच गये। ये चार चर्चा-पत्र ताईपेई में एएफआईआर की वार्षिक बैठक में चर्चा के लिए प्रस्तावित प्रमुख सामग्री हैं।

आईआरडीएआई, भारत ने इन चर्चा-पत्रों की तैयारी के लिए मार्गदर्शी दस्तावेज के रूप में एक रूपरेखा पत्र अभिकल्पित करने के द्वारा अंशदान किया तथा 'क्षमता निर्माण' पर चर्चा-पत्र का प्रारूप बनाने के द्वारा अपनी सेवा प्रदान की।

आईआरडीएआई, भारत एएफआईआर फोरम में एक सक्रिय सहभागी है तथा एशियाई अधिकार-क्षेत्रों के बीच समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता का समर्थन करता है। एक बड़ी अर्थव्यवस्था और एक बड़े बीमा बाजार का प्रतिनिधित्व करनेवाले विनियमनकर्ता के रूप में यह प्रत्याशित है कि आईआरडीएआई विनियामक इंटरफेस के लिए चिंतन-प्रक्रिया में एक प्रमुख भूमिका का निर्वाह करेगा और क्षेत्र के क्षमता-निर्माण में योगदान करेगा।

अन्य वचनबद्धताएँ :

II.5.5 जी20/ वित्तीय स्थिरता बोर्ड : वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो वित्तीय प्रणालियों की असुरक्षितताओं का समाधान करने तथा वित्तीय स्थिरता के हित में सुदृढ़ विनियामक, पर्यवेक्षी और अन्य नीतियों के विकास और कार्यान्वयन को संचालित करने के लिए स्थापित किया गया है। एफएसबी का एक मुख्य अधिदेश है वित्तीय विनियमन पर जी20 की नीतिगत घोषणाओं को कार्यान्वित करना। एफएसबी में भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय (एमओएफ), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) द्वारा किया जाता है।

एफएसबी की बैठकों में चर्चित बीमा संबंधी विषयों पर अपने विचार और अभिमत वित्त मंत्रालय अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक को उपलब्ध कराने के द्वारा आईआरडीएआई एफएसबी के कार्य में अंशदान करता है। आईआरडीएआई एफएसबी के सर्वेक्षणों / प्रश्नावलियों / समीक्षाओं के लिए प्रतिक्रियाएँ भी देता है।

II.5.6 भारत की एफएसबी समकक्ष समीक्षा एफएसबी समकक्ष समीक्षाएँ एफएसबी के अंदर सहमति-प्राप्त वित्तीय क्षेत्र मानकों और नीतियों के कार्यान्वयन एवं अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने में उनकी प्रभावात्मकता पर फोकस करती हैं। वैश्विक वित्तीय स्थिरता की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के भाग के रूप में भारत 2015 में एक एफएसबी समकक्ष (पियर) समीक्षा के अधीन रहा। एफएसबी ने एक समकक्ष समीक्षा टीम उक्त समकक्ष समीक्षा करने के लिए नियुक्त की। उक्त समकक्ष समीक्षा ने दो विषयों को समाविष्ट किया: (1) समष्टि विवेकपूर्ण नीतिगत ढाँचा और (2) गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों का विनियमन और पर्यवेक्षण। वित्त मंत्रालय एवं वित्तीय विनियमनकर्ता (सेबी, आरबीआई, आईआरडीए, पीएफआरडीए) ने एफएसबी समकक्ष समीक्षा टीम द्वारा परिचालित विभिन्न प्रश्नावलियों के उत्तर दिये। एफएसबी समकक्ष समीक्षा टीम ने भी अपनी समकक्ष समीक्षा कार्य के भाग के रूप में मार्च 07-11, 2016 के दौरान भारत में एक ऑनसाइट दौरा किया। एफएसबी समकक्ष समीक्षा की रिपोर्ट 2016 की दूसरी छमाही में प्रकाशित होनेवाली है।

II.5.7 ओईसीडी आईएनएफईः वित्तीय शिक्षा संबंधी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क (आईएनएफई) वित्तीय साक्षरता के महत्व को पहचानकर ओईसीडी सरकारों द्वारा 2008 में प्रारंभ किया गया। आईआरडीएआई अप्रैल 2012 में ओईसीडी आईएनएफई का सदस्य बना। यह वित्तीय शिक्षा पर विचारों और अनुभवों का विनिमय करने के लिए सरकारों को एक विलक्षण नीतिगत फोरम उपलब्ध कराता है। यह वित्तीय साक्षरता और वित्तीय समावेशन के संबंध में विश्व भर में की गई पहलुओं का साझा करने के लिए सहभागियों को समर्थ बनाता है। प्रभावपूर्ण मूल्यांकन के लिए सिद्धांतों और वैश्विक पद्धतियों का एक्सपोज़र वित्तीय सक्षमता और संवर्धन के लिए नवोन्मेष पद्धतियों के बारे में शिक्षा ग्रहण करने में सहायता करता है।

द्विपक्षीय वचनबद्धता

II.5.8 द्विपक्षीय वचनबद्धता के तौर पर आईआरडीएआई ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीमा प्राधिकरण के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) (दिनांक 11/02/2016) कर लिया। इस एमओयू का उद्देश्य सहयोग के लिए एक ढाँचे के माध्यम से तथा विनियामक और संबंधित पर्यवेक्षी सूचना के विनिमय के द्वारा परस्पर समझ में वृद्धि करते हुए बीमा पर्यवेक्षण के क्षेत्र में संबंधित प्राधिकरणों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है जिससे उनकी संबंधित विधियों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

मंत्रालय संदर्भः विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संधियों और वार्ताओं के प्रति अंशदान

II.5.9 2015-16 के दौरान आईआरडीएआई ने बीमा सेक्टर से संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं के संबंध में भारत सरकार के साथ एक प्रभावी और उपयोगी संयोजन के प्रति योगदान करना जारी रखा।

इस दिशा में आईआरडीएआई विभिन्न द्विपाक्षिक वार्ताओं के लिए बीमा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न प्रश्नों, कार्यसूची मदों और विषयों पर वित्त मंत्रालय को निविष्टियाँ उपलब्ध कराता है। स्विस वाइस प्रेसिडेंट एवं कनाडियन पेन्शन, हैनोवर रे और अन्य के प्रमुखों के साथ बैठकों के लिए भी सरकार को निविष्टियाँ उपलब्ध कराई गईं।

आईआरडीएआई ने दूसरी भारत-कनाडा आर्थिक और वित्तीय क्षेत्र नीति वार्ता, वित्तीय बाजारों संबंधी भारत-जापान वार्ता, भारत-यूके आर्थिक वार्ता, भारत-अमेरिका विनियामक वार्ता, ब्रिक्स आर्थिक भागीदारी करार, वित्तीय सेवाओं के संदर्भ में भारत-आस्ट्रेलिया सेवाओं संबंधी वार्ता, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी, घरेलू विनियमन में अनुशासन तथा विश्व व्यापार संगठन और अन्य के बीच वित्तीय सेवाओं में भारत के संशोधित प्रस्ताव के लिए भी निविष्टियाँ उपलब्ध कराईं।

अल्पतम विकसित देशों के बीमा क्षेत्र के विकास के लिए तकनीकी सहायताः

II.5.10 अल्पतम विकसित देश (एलडीसी) विश्व समुदाय के निर्धनतम सदस्य हैं। आज की स्थिति में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अभिहित 48 एलडीसी हैं जिनमें से 34 अब विश्व व्यापार संगठन के सदस्य हैं जबकि अन्य नौ विश्व व्यापार संगठन में सम्मिलित होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों ने एलडीसी को विशेष अधिमान देने के लिए सहमति दी है जो विश्व व्यापार संगठन के अन्य सदस्यों को प्रदान नहीं किया जा सकता।

विश्व व्यापार संगठन के अधिदेश, विश्व व्यापार संगठन के विधि-कार्यान्वयन संबंधी (मिनिस्टीरियल) सम्मेलनों के निर्णयों और अल्पतम विकसित देशों (एलडीसी) द्वारा किये गये अनुरोधों के अनुसार विश्व व्यापार संगठन के विकसित देश एवं विकासशील देश सदस्यों से अपेक्षित है कि यदि वे इस प्रकार करने की स्थिति में हों तो स्वैच्छिक रूप से एलडीसी को सेवाओं में व्यापार में अधिमानी व्यवहार प्रदान करने पर विचार करें।

भारत अल्पतम विकसित देशों के पक्ष का प्रबल समर्थक रहा है। भारत सरकार ने विश्व व्यापार संगठन में सेवाओं में व्यापार में अल्पतम विकसित देशों (एलडीसी) को भारत द्वारा अधिमानी व्यवहार की अधिसूचना के लिए अपना अनुमोदन दिया। अधिमानी व्यवहार के क्षेत्रों में एलडीसी को तकनीकी सहायता देने की व्यवस्था और क्षमता निर्माण शामिल हैं। बीमा क्षेत्र में भारत एलडीसी के कार्मिकों को प्रशिक्षण में प्राथमिकता देने और बीमा परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दिशा में आईआरडीएआई ने विकासशील / अल्पतम विकसित देशों को बीमा के विभिन्न पहलुओं के संबंध में उनके ज्ञान को सुधारने

और उसे बढ़ाने के उद्देश्य के साथ, उनकी आवश्यकता के आधार पर तकनीकी निविष्टियाँ प्रदान करने के रूप में समर्थन देने के लिए पहल की है। यह प्रस्ताव संपर्क के विवरण के साथ आईआरडीएआई की वेबसाइट में 'अंतरराष्ट्रीय कार्य' खंड के अंतर्गत रखा गया है।

II.6 शिकायतें

समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीएमएस)

II.6.1 आईआरडीएआई द्वारा प्रारंभ की गई आईजीएमएस बीमा उद्योग की शिकायतों का भंडार (रिपोज़िटरी) है जो न केवल बीमाकर्ताओं के साथ ग्राहकों की शिकायतें उठाने के लिए, बल्कि बीमाकर्ताओ के विरुद्ध पंजीकृत ग्राहक शिकायतों पर विभिन्न विश्लेषणात्मक रिपोर्टें उत्पन्न करने के लिए भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है।

प्रशासन और सार्वजनिक शिकायतें विभाग (डीएआरपीजी), भारत सरकार

II.6.2 आईआरडीएआई के आईजीएमएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों के अलावा, बीमाकर्ताओं के विरुद्ध डीएआरपीजी पोर्टल में दर्ज शिकायतें भी आईआरडीएआई को भेजी जाती हैं। आईआरडीएआई नियमित रूप से जीएआरपीजी के पोर्टल में पहुँचता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि बीमा क्षेत्र से संबंधित शिकायतें डाउनलोड की जाती हैं और बीमाकर्ताओं द्वारा उनकी जाँच करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

जीवन बीमाकर्ता

II.6.3 2015-16 के दौरान बीमा कंपनियों ने अपने द्वारा सँभाली कई शिकायतों में से 99.56 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया। निजी जीवन बीमाकर्ताओ ने सूचित की गई शिकायतों के 99.36 प्रतिशत का समाधान किया, जबकि एलआईसी ने 100 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया, जिसके परिणामस्वरूप 31.3.2016 को एलआईसी के पास कोई लंबित शिकायतें नहीं थीं।

जैसा कि उपर्युक्त से देखा जा सकता है, शिकायत निवारण दिशानिर्देशों के तौर पर आईजीएमएस के अनुसार वर्गीकरण 2014-15 की तुलना में 2015-16 के दौरान अनुचित व्यवसाय प्रथाओं के अंतर्गत शिकायतों में 3% की सीमांत कमी तथा दावों, अन्य और पॉलिसी सर्विसिंग के अंतर्गत सूचित शिकायतों में 1% वृद्धि निर्दिष्ट करता है। प्रस्ताव प्रसंस्करण और यूलिप संबंधी शिकायतों के अंतर्गत शिकायतों ने पिछले 2 वर्षों के दौरान कुल शिकायतों में से वही अंश बनाये रखा है।

चार्ट II.4 पिछले 2 वर्षों के दौरान प्राप्त जीवन शिकायतों का वर्गीकरण



गैर-जीवन बीमाकर्ता

II.6.4 गैर-जीवन बीमा कंपनियों ने वर्ष 2015-16 के दौरान सँभाली गई शिकायतों के 98.41 प्रतिशत का समाधान किया है। निजी गैर-जीवन बीमा कंपनियों ने अपने द्वारा सँभाली गई शिकायतों के 98.96 प्रतिशत और सरकारी गैर-जीवन बीमा कंपनियों ने 97.12 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया है। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार कुल 971 शिकायतें समाधान के लिए लंबित थीं, जिनमें से 446 निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों से संबंधित थीं और 525 सरकारी क्षेत्र की बीमा कंपनियों की थीं।

उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि 2014-15 की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान प्रीमियम के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों में 1% कमी और दावों के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों में 1% वृद्धि है। सभी अन्य श्रेणियों के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों ने पिछले वर्ष के अंश को ही बनाये रखा है।

सारणी II.13
2015-16 के दौरान शिकायतों की स्थिति (आईजीएमएस के अनुसार) जीवन बीमाकर्ता

बीमाकर्ता	1 अप्रैल 2015 को बकाया	2015-16 के दौरान सूचित की गई शिकायतें	2015-16 के दौरान समाधान की गई	31 मार्च 2016 को बकाया
एलआईसी	0	64750	64750	0
निजी	6109	139951	145125	935
कुल	**6109**	**204701**	**209875**	**935**

सारणी II.14
2015-16 के दौरान शिकायतों की स्थिति - गैर-जीवन बीमाकर्ता

बीमाकर्ता	1 अप्रैल 2015 को बकाया	2015-16 के दौरान सूचित की गई शिकायतें	2015-16 के दौरान समाधान की गई	31 मार्च 2016 को बकाया
सरकारी	437	17806	17718	525
निजी	1662	41277	42493	446
कुल	**2099**	**59083**	**60211**	**971**

चार्ट II.5 पिछले 2 वर्षों के दौरान पंजीकृत गैर-जीवन शिकायतों का शिकायत प्रकार-वार वर्गीकरण



चार्ट II.6 पिछले 3 वर्षों के दौरान पॉलिसी प्रकार-वार गैर-जीवन शिकायतें



पॉलिसी प्रकार के अंतर्गत शिकायतों का विश्लेषण निर्दिष्ट करता है कि मोटर बीमा के अंतर्गत सूचित की गई शिकायतों की तुलना में पिछले 2 वर्षों के दौरान स्वास्थ्य बीमा संबंधी शिकायतें अधिक हैं।

शिकायतें 2014-15 की तुलना में 2015-16

II.6.5 जीवन बीमा उद्योग -- सूचित की गई शिकायतों की संख्या में वर्ष 2015-16 में लगभग 26.62% की कमी रही है (2014-15 के 278992 की तुलना में 2015-16 में 204701)। 31.3.2016 को लंबित शिकायतों के संबंध में यह पाया गया है कि

सारणी II.15
शिकायतें - 2014-15 की तुलना में 2015-16 - जीवन

क्र. सं.	बीमाकर्ता	2014-15			2015-16					
		वर्ष के दौरान सूचित	वर्ष के दौरान कार्रवाई कृत	वर्ष के अंत में लंबित	प्रारंभिक शेष	वर्ष के दौरान सूचित	दोहरी शिकायतें	सूचित वास्तविक शिकायतें	वर्ष के दौरान कार्रवाई कृत	वर्ष के अंत में लंबित
(i)	सरकारी कुल:	80944	80944	0	0	65512	762	64750	64750	0
(ii)	निजी कुल:	198048	193119	6109	6109	145395	5444	139951	145125	935
	कुल जोड़:	**278992**	**274063**	**6109**	**6109**	**210907**	**6206**	**204701**	**209875**	**935**

सारणी II.16
शिकायतें - 2014-15 की तुलना में 2015-16 - गैर-जीवन

क्र. सं.	बीमाकर्ता	2014-15			2015-16					
		वर्ष के दौरान सूचित	वर्ष के दौरान कार्रवाई कृत	वर्ष के अंत में लंबित	प्रारंभिक शेष	वर्ष के दौरान सूचित	दोहरी शिकायतें	सूचित वास्तविक शिकायतें	वर्ष के दौरान कार्रवाई कृत	वर्ष के अंत में लंबित
(i)	सरकारी कुल:	15860	16105	437	437	17808	2	17806	17718	525
(ii)	निजी कुल:	44828	43318	1662	1662	41802	525	41277	42493	446
	कुल जोड़:	**60688**	**59423**	**2099**	**2099**	**59610**	**527**	**59083**	**60211**	**971**

चार्ट II.7 शिकायतों की गति - उद्योग पिछले दो वर्ष



31.3.2015 को लंबित 6109 शिकायतों की तुलना में 935 शिकायतें लंबित थीं।

II.6.6 गैर-जीवन बीमा उद्योग - 2014-15 में सूचित की गई संख्या की तुलना में वर्ष 2015-16 में 1605 शिकायतों की कमी रही है (2014-15 की 60688 की तुलना में 2015-16 में 59083)। लंबित शिकायतों के संबंध में 31.3.2015 को लंबित 2099 की तुलना में 31.3.2016 को लंबित शिकायतों की संख्या 971 रही।

II .6.7 उद्योग -- उद्योग ने वर्ष 2015-16 में 75896 शिकायतों की उल्लेखनीय कमी देखी है। वर्ष 2014-15 की 339680 की तुलना में वर्ष 2015-16 में 263784 शिकायतें सूचित की गईं। प्रतिशत के तौर पर अभिव्यक्त की गई शिकायतों की संख्या में कमी लगभग 22.34% है।

31.3.2016 को लंबित शिकायतों के संबंध में 6 जीवन बीमाकर्ताओं और 6 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं ने शून्य लंबित दर्शाया है।

वर्ष के दौरान डीएआरपीजी पोर्टल में दर्ज शिकायतों में से 1874 शिकायतें आईआरडीएआई को प्रेषित की गई हैं। वर्ष के दौरान कुल 1698 शिकायतें निपचाई गई हैं। 31.3.2016 की स्थिति के अनुसार 237 शिकायतें लंबित थीं।

सारणी II.17
शिकायतें 2014-15 की तुलना में 2015-16 उद्योग (जीवन + गैर-जीवन)

बीमाकर्ता	2014-15			2015-16					
	वर्ष के दौरान सूचित	वर्ष के दौरान कार्रवाई कृत	वर्ष के अंत में लंबित	प्रारंभिक शेष	वर्ष के दौरान सूचित	दोहरी शिकायतें	सूचित वास्तविक शिकायतें	वर्ष के दौरान कार्रवाई कृत	वर्ष के अंत में लंबित
(जीवन + गैर-जीवन)	339680	333486	8208	8208	270517	6733	263784	270086	1906

सारणी II.18
बीमाकर्ता जिन्होंने 31.3.2016 को लंबित शिकायतों की संख्या शून्य दर्ज की है

क्रम सं.	बीमाकर्ता का प्रकार	बीमाकर्ता का नाम	निम्न तारीख को लंबित	
			31.3.2016	31.3.2015
1	जीवन बीमाकर्ता	एलआईसी	0	0
2		अवीवा लाइफ	0	0
3		भारती अक्सा लाइफ	0	351
4		आईडीबीआई फेडरल लाइफ	0	0
5		मैक्स लाइफ	0	4
6		टाटा एआईए लाइफ	0	113
7	गैर-जीवन बीमाकर्ता	एल एण्ड टी जनरल	0	5
8		मैगमा एचडीआई जनरल	0	9
9		मैक्स बूपा हेल्थ	0	0
10		रहेजा जनरल	0	0
11		श्रीराम जनरल	0	0
12		यूनिर्सल सोम्पो	0	0

सारणी II.19
डीएआरपीजी पोर्टल में दर्ज की गई और आईआरडीएआई को भेजी गई शिकायतों की प्राप्ति और निपटान (1.4.2015 से 31.3.2016 तक की अवधि के दौरान)

शिकायत का स्रोत	आगे लाया गया शेष	उक्त अवधि के दौरान प्राप्ति	कुल प्राप्तियाँ	उक्त अवधि के दौरान निपटाये गये मामले	31/03/2016 को अंतिम शेष
डीएआरपीजी	15	213	228	202	26
डीपीजी	5	98	103	100	3
स्थानीय/इंटरनेट	35	618	653	597	56
पेंशन	1	3	4	3	1
पीएमओ	0	934	934	785	149
राष्ट्रपति सचिवालय	5	8	13	11	2
कुल	**61**	**1874**	**1935**	**1698**	**237**

सारणी II.20
आईआरडीएआई को भेजी गई शिकायतें - 31.3.2016 को लंबित

संस्था का नाम	01/04/2015 को आगे लाई गई	प्राप्त शिकायत	निपटाई गइ शिकायत	31/03/2016 को लंबित	0 से 15 दिन तक लंबित	16 से 30 दिन तक लंबित	31 से 60 दिन तक लंबित	60 दिन से अधिक लंबित
आईआर डीएआई	61	1874	1698	237	133	54	50	0

31.3.2016 की स्थिति के अनुसार लंबित 237 शिकायतों में से किसी भी शिकायत का समाधान निर्धारित टीएटी से अधिक लंबित नहीं था।

II.7 बीमा संघ और बीमा परिषदें

जीवन बीमा परिषद

II.7.1 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 23 मार्च 2015 को अधिसूचित की गई। जीवन बीमा परिषद एक सांविधिक निकाय है जो बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64सी के अधीन स्थापित की गई थी। संशोधन के अनुसार कार्यकारिणी समिति कार्य के संचालन के लिए उप-नियम बना सकती है। उक्त कार्यकारिणी समिति में चार चुने गये सदस्य होंगे, एक प्रसिद्ध व्यक्ति होगा जो बीमा व्यवसाय से संबंधित नहीं होगा, तीन व्यक्ति प्राधिकरण द्वारा नामित होंगे जो बीमा एजेंटों, मध्यवर्तियों और पॉलिसीधारकों का प्रतिनिधित्व करेंगे, स्वयं-सहायता समूहों और बीमा सहकारी समितियों में प्रत्येक से एक-एक प्रतिनिधि होगा। जीवन परिषद ने तदनुसार सदस्य कंपनियों के सीईओ और अन्य प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ सिलसिलेवार बैठकों का आयोजन करने के बाद उप-नियम बनाये तथा एक निर्बाध और पारदर्शी तरीके से चुनाव भी आयोजित किये।

जीवन बीमा परिषद की ईसी के सदस्य निम्नानुसार हैं

1. श्री एस. के. राय, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम (ईसी का अध्यक्ष)
2. श्री अनूप राऊ, सीईओ, रिलायंस निप्पोन लाइफ
3. श्री तरुण चुघ, सीईओ, पीएनबी मेट लाइफ
4. श्री संदीप घोष, सीईओ, भारती-अक्सा लाइफ
5. प्रो. अनूप कुमार सिन्हा, श्रेणीः 'प्रसिद्ध व्यक्ति जो बीमा व्यवसाय से संबद्ध नहीं है'
6. श्री भरत पारेख, श्रेणीः 'वैयक्तिक एजेंट'
7. श्री विनीत अरोड़ा, श्रेणीः 'मध्यवर्ती'
8. श्री एम. पी. नागेन्द्र मूर्ति, श्रेणीः 'पॉलिसीधारक'
9. डॉ. एल. एच. मंजुनाथ, श्रेणीः स्वयं सहायता समूह।

वित्तीय वर्ष 2015-16 में जीवन परिषद ने 2 ईसी बैठकों और 1 आम सभा का आयोजन किया।

II.7.2 2015-16 में परिषद द्वारा किये गये कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण

- त्रिपुरा राज्य में बीमा जागरूकता अभियान की समीक्षा बैठक

  आईआरडीएआई ने जीवन और साधारण बीमा कंपनियों की एक समीक्षा बैठक 30 सितंबर 2015 को मुंबई में आयोजित की, जिन्होंने त्रिपुरा राज्य में बीमा जागरूकता अभियान चलाने के लिए सहमति दी थी। बीमा कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2015-16 की पहली छमाही में उनके द्वारा किये गये कार्यकलापों का एक प्रस्तुतीकरण किया तथा उन्होंने वित्तीय वर्ष 2015-16 की अगली छमाही में उनके द्वारा किये जाने के लिए प्रस्तावित कार्यकलापों की एक रूपरेखा प्रस्तुत की।

- सुमीत बोस समिति की रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए सीईओ की बैठक-- जीवन परिषद ने 01 अक्तूबर 2015 को मुंबई में सुमीत बोस समिति की रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए सदस्य कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की एक बैठक आयोजित की। जीवन परिषद ने समय बढ़ाने की अपेक्षा करने के बाद उक्त समिति की रिपोर्ट पर अपनी विस्तृत प्रतिक्रिया प्रेषित की।

- बजट-पूर्व बैठक केन्द्र बजट 2016-17 -- जीवन परिषद ने वित्त मंत्रालय से दिनांक 8 अक्तूबर 2015 प्राप्त किया जिसमें परिषद से अनुरोध किया गया कि वह केन्द्र बजट 2016-17 के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के संबंध में प्रस्ताव भेजे। तदनुसार जीवन परिषद ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के संबंध में सदस्य कंपनियों के विचार माँगे और अंतिम अभ्यावेदन वित्त मंत्रालय को 20 अक्तूबर 2015 को प्रेषित किया। जीवन परिषद को नई दिल्ली में 11 दिसंबर 2015 को एक बजट-पूर्व प्रस्तुतीकरण करने के लिए एक अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर सचिव, जीवन परिषद के साथ चयनित सदस्य कंपनियों के कर-प्रमुख उपस्थित थे।

- वित्त अधिनियम 2014 की धारा 194डीए पर अभ्यावेदन

  इस संबंध में जीवन बीमा परिषद ने पीडब्ल्यूसी की सेवाएँ प्राप्त कीं और वित्त मंत्रालय को एक अभ्यावेदन दिया और उसके आधार पर उसके संबंध में स्पष्टीकरण माँगने के लिए वित्त मंत्रालय के साथ अनुवर्तन जारी रखा।

- धोखाधड़ी निगरानी ढाँचा परिषद की आम सभा की प्रतिसूचना (फीडबैक) और मार्गदर्शन के आधार पर जीवन बीमा परिषद ने 21 अगस्त 2015 को जीवन बीमा के लिए धोखाधड़ी रिपोज़िटरी के संबंध में पहली बैठक आयोजित की। कोर समिति से प्राप्त निविष्टियों के आधार पर 3 विक्रेताओं को प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित किया गया तथा उद्योग के प्रतिनिधियों द्वारा मेसर्स एक्सपेरियन को चयनित सूची में रखा गया। 6 नवंबर 2015 को परिषद ने मानक करार का प्रारूप बनाने और एक्सपेरियन के साथ उद्योग द्वारा साझा किये जानेवाले एकसमान डेटा मानक बनाने के लिए उद्योग के प्रतिनिधियों और मेसर्स एक्सपेरियन के साथ एक और बैठक आयोजित की।

- प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) यह योजना भारत सरकार द्वारा मई 2015 में प्रारंभ की गई। उपर्युक्त योजना के अंतर्गत सभी मृत्यु.दावों की एक दावा रजिस्ट्री विकसित करने और उसका रखरखाव करने का कार्य एक अधिदेश के साथ डीएफएस, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जीवन बीमा परिषद को सौंपा गया। जीवन बीमा परिषद ने 5 जून 2015 को प्रारंभिक चर्चा के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित ऋण सूचना कंपनियों (सीआईसी) को आमंत्रित किया तथा इसके उपरांत 10 जून 2015 को सभी पंजीकृत सीआईसी की क्षमताएँ जानने के लिए उनके साथ एक और बैठक आयोजित की। विक्रेता के रूप में सिबिल को चयनित सूची में रखा गया तथा परिषद की ओर से मृत्यु दावा रजिस्ट्री विकसित करने और उसका रखरखाव करने का कार्य उन्हें सौंपा गया। उक्त रजिस्ट्री प्रचलित है तथा इस योजना के अंतर्गत दावों के दुहराव से बचने (डी-डूप्लिकेशन) के लिए बीमा कंपनियाँ इस सुविधा का उपयोग कर रही हैं। सचिव, जीवन परिषद ने पीएमजेजेबीवाई योजना के संबंध में स्टांप ड्यूटी से छूट के लिए चयनित सदस्य कंपनियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रधान सचिव, महाराष्ट्र शासन से भेंट की।

- त्रिपुरा के संबंध में बीमा जागरूकता -- बीमाकर्ता प्रत्येक महीने की 5वीं तारीख से पहले मासिक गतिविधियों की रिपोर्ट परिषद को प्रस्तुत करते हैं जिसमें त्रिपुरा अंगीकरण कार्यकलाप एवं बीमा जागरूकता नीति के कार्यान्वयन के भाग के रूप में की गई समग्र पहलें शामिल हैं। बीमाकर्ता एनसीएईआर सर्वेक्षण फार्मेट का प्रयोग करते हुए विभिन्न उपभोक्ता जागरूकता पहलों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए नमूना सर्वेक्षण संचालित करते हैं। परिषद बीमाकर्ताओं के साथ समन्वय करती है तथा मासिक गतिविधियों की रिपोर्टें अपनी वेबसाइटों पर प्रकाशित करती है।

- सीएससी अपडेट मेसर्स सीएससी ई-गवर्नैंस सर्विसेज़ प्रा. लि., एक विशेष प्रयोजन माध्यम (सीएससी-एसपीवी) को सीएससी-नेटवर्क के माध्यम से बीमा सेवाओं के वितरण में समर्थ बनाने के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है। जीवन बीमा परिषद भुगतान की एनईएफटी विधि के माध्यम से सीएससी ई-गवर्नैंस सर्विसेज़ इंडिया लि. को प्रति लाइसेंसप्राप्त आरएपी (ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति) ₹5,000 की दर से 'ऑन बोर्डिंग मूल (कॉर्पस) निधि' की अभिरक्षक है। सीएससी-एसपीवी सक्रियकृत केन्द्रों का विवरण कॉर्पस निधि से आहरित राशि के साथ तदनुसार जीवन बीमा परिषद की वेबसाइट पर जीवन बीमा परिषद को सीएससी-एसपीवी द्वारा उपलब्ध कराई गई सक्रियकृत ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) की सूची के अनुसार प्रदर्शित किया जाता है। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार जीवन बीमा परिषद को सीएससी-एसपीवी द्वारा उपलब्ध कराई गई सक्रियकृत ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) की संख्या 3373 है।

- क्विज प्रतियोगिता आईआरडीएआई ने 19 अप्रैल 2016 को 'बीमा जागरूकता दिवस' मनाने के उपलक्ष्य में बीमा कंपनियों के लिए पैन इंडिया इंश्योरेंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस संबंध में जीवन बीमा परिषद ने क्विज प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है।

- प्रबंधन के व्यय पर आईआरडीएआई विनियमों के प्रारूप संबंधी बैठक जीवन परिषद ने चयनित सीईओ, सीएफओ और नियुक्त बीमांकको के एक प्रतिनिधि मंडल को लेकर प्रबंधन के व्यय (ईओएम) संबंधी आईआरडीएआई के विनियमों के प्रारूप

के संबंध में चर्चा करने के लिए 25 जनवरी 2016 को अध्यक्ष, आईआरडीएआई से भेंट की। सदस्यों ने उक्त ईओएम विनियमों के प्रारूप और उद्योग पर उसके प्रभाव के संबंध में आईआरडीएआई के विचारार्थ एक लंबी चर्चा की।

- एजेंसी कमीशन पर आईआरडीएआई विनियमों के प्रारूप पर बैठक जीवन परिषद ने कमीशन संबंधी आईआरडीएआई विनियमों के प्रारूप पर चर्चा करने के लिए 20 फरवरी 2016 को मुंबई में सदस्य कंपनियों के सीईओ की एक बैठक आयोजित की। सदस्यों ने विस्तृत रूप से चर्चा की और यह सहमति हुई कि परिषद इस पर विचार-विमर्श करने के लिए अध्यक्ष आईआरडीएआई से मिलने के लिए चयनित कंपनियों का एक प्रतिनिधि मंडल ले जाएगी। तदनुसार परिषद सदस्य कंपनियों के चयनित सीईओ का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष, आईआरडीएआई से मिलने 22 फरवरी 2016 को हैदराबाद ले गई। प्रतिनिधि मंडल ने उक्त विनियमों के प्रारूप के संबंध में चिंताएँ सामने रखीं तथा आईआरडीएआई ने प्रतिनिधियों द्वारा बताये गये अभिमतों पर विचार करने के लिए सहमति जताई।

- इंड-एएस पर जीवन परिषद और साधारण परिषद की संयुक्त बैठक जीवन परिषद ने साधारण बीमा परिषद के साथ इंड-एएस के कार्यान्वयन के लिए रूपरेखा पर चर्चा करने और इसके लिए उद्योग की तैयारी का मूल्यांकन करने के लिए सभी सदस्य कंपनियों के सीएफओ और सीआईओ की एक संयुक्त बैठक 17 मार्च 2016 को मुंबई में आयोजित की। श्री वी. आर. अय्यर, सदस्य (एफ एण्ड आई), आईआरडीएआई ने बैठक की अध्यक्षता की। आईआरडीएआई के वरिष्ठ अधिकारियों और इंड-एएस के कार्य दल के साथ संबद्ध परामर्शदाताओं ने भी इस बैठक में भाग लिया।

- माल और सेवा कर (जीएसटी) जीवन परिषद ने वित्त मंत्रालय के पास जीएसटी के संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल भेजा। परिषद ने जीएसटी प्ररिनिधि मंडल द्वारा चर्चा के लिए अध्यक्ष सीबीईसी, जीएसटी आयुक्त (दिल्ली) के साथ बैठकें कीं।

- आईआईबी करार सदस्य कंपनियों ने 31 जुलाई 2015 को मुंबई में आईआईबी, आईएआई और जीवन परिषद के बीच एमएमआईसी के लिए व्यावसायिक सहयोग करार के संबंध में विचार-विमर्श किया। बैठक के आधार के तौर पर यह निर्णय किया गया कि आईआईबी की एक बैठक जीवन कंपनियों के नियुक्त बीमांककों के साथ आयोजित की जाए। तदनुसार आईआईबी की एक बैठक नियुक्त बीमांककों के साथ 14 अगस्त 2015 को हैदराबाद में आयोजित की गई। आईआईबी, आईएआई और जीवन परिषद के बीच एमएमआईसी के लिए व्यावसायिक सहयोग करार पर 11 सितंबर 2015 को हस्ताक्षर किये गये। करार के अनुसार आईआईबी द्वारा प्रस्तुत वार्षिक बजट अनुमानों के आधार पर वापस न करने योग्य अनुदान के रूप में अध्ययन संचालित करने के लिए आईआईबी के कार्यकलापों के लिए परिषद वित्त और निधि प्रदान करेगी जिसका समायोजन वार्षिक तौर पर आईआईबी द्वारा प्रस्तुत लेखा-परीक्षित लेखों के आधार पर किया जायेगा।

- परिषद की वेबसाइट लगातार सांख्यिकीय डेटा, नवीनतम बीमा समाचार और अन्य सूचना उपलब्ध करा रही है। इसके अभिकल्प का ग्रेड बढ़ाने तथा आईआरडीए और अन्य जीवन बीमाकर्ताओं की वेबसाइटों के साथ इसकी अंतर-संबद्धता के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तौर पर विभिन्न भूभागों से हिटों की संख्या उल्लेखनीय रूप में बढ़ गई। परिषद ने इस वित्तीय वर्ष 2015-16 से अपनी वेबसाइट में निम्नलिखित डेटा प्रदर्शित करना प्रारंभ किया

  - जीवन कंपनियों के उत्पादों की संख्या संबंधी डेटा
  - जीवन कंपनियों के वैयक्तिक एजेंटों संबंधी डेटा
  - जीवन कंपनियों के नये व्यवसाय का डेटा

  जीवन परिषद की वेबसाइट सभी जीवन बीमाकर्ताओं के यूनिट सहबद्ध उत्पादों के दैनिक एनएवी को भी प्रदर्शित करती है।

- **जीवन परिषद ने आईआरडीएआई और भारत सरकार को कई अभ्यावेदन प्रस्तुत किये तथा कुछ प्रमुख अभ्यावेदन निम्नानुसार हैं :**

- सूक्ष्म बीमा संबंधी विषयों पर अभ्यावेदन।
- यूलिप के अंतर्गत समापन मानदंडों के लिए समान अवसर क्षेत्र उपलब्ध कराने के लिए अपील
- जीवन बीमा व्यवसाय के संबंध में सीईएनवीएटी नियम, 2004 के नियम 6(1) के स्पष्टीकरण 3 और 4 की प्रयोज्यता के संबंध में स्पष्टीकरण
- एफएटीसीए अभ्यावेदन
- पदनामित शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ)
- पॉलिसीधारकों से संबंधित अदावी राशियों के संबंध में कार्रवाई
- आय की गणना और प्रकटीकरण मानक (आईसीडीएस)
- नवीकरण शुल्क पर सेवा कर की वसूली
- सभी स्वास्थ्य बीमा प्रदाताओं के बीच समान अवसर क्षेत्र के लिए दिशानिर्देशों के सामान्य सेट के लिए विनती
- बैंक (कॉरपोरेट एजेंट) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के लिए अधिदेशात्मक प्रशिक्षण से छूट देने के लिए विनती
- प्रचलन में विद्यमान निराधार (ऑर्फ़न) पॉलिसियों की सर्विसिंग
- बोनस अधिनियम, 1965 के भुगतान के संबंध में पूर्वव्यापी संशोधन

- सचिव, जीवन परिषद ने सेवा कर, मुंबई क्षेत्र की क्षेत्रीय सलाहकार समिति (आरएसी) की बैठक में एक सदस्य के रूप में फरवरी 2016 में भाग लिया तथा जीवन बीमा क्षेत्र से संबंधित विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये।
- परिषद सीआईआई, एफआईसीसीआई, एएसएसओसीएचएएम, आईसीएआई, एमएमए, बीआईएस, आदि द्वारा आयोजित बैठकों और सम्मेलनों के साथ सक्रिय रूप से संबद्ध रही
- सचिव, जीवन परिषद ने आईआईआई के शिक्षा बोर्ड के निदेशक और आईआईआई की पाठ्यक्रम समिति के सदस्य के रूप में आईआईआई द्वारा आयोजित बैठकों में भाग लिया।
- सचिव, जीवन परिषद भारत सरकार द्वारा गठित बीमा कीमत सूचकांक समिति का सदस्य है।

सचिव, जीवन परिषद ने आईआईबी की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) के सदस्य और आईआईबी की वित्त और एचआर समिति के सदस्य के रूप में आईआईबी द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में भाग लिया।

साधारण बीमा परिषद

II.7.3 भारत में साधारण बीमा व्यवसाय, स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय, पुनर्बीमा और अन्य विशेषीकृत बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ता साधारण बीमा परिषद (जीआई काउंसिल) के सदस्य हैं। वर्ष के दौरान वर्तमान साधारण बीमा परिषद को साधारण बीमा कंपनियों, स्वास्थ्य बीमा कंपनियों और पुनर्बीमा कंपनियों के स्व-विनियामक प्रतिनिधि निकाय के रूप में पुनर्गठित किया गया। इसके अतिरिक्त, बीमा विधि संशोधन अधिनियम, 2015 धारा 64 एफ (2) के अनुसार जीआई काउंसिल ने परिषद की कार्यकारी समिति का पुनर्गठन किया है जिसमें साधारण बीमा परिषद के सदस्यों में से 4 (चार) चुने गये प्रतिनिधि होंगे जो परिषद की उप-विधियों में निर्धारित किये जानेवाले तरीके से अपनी वैयक्तिक क्षमता में चुने जाएँगे, एक प्रसिद्ध व्यक्ति होगा जो बीमा व्यवसाय से संबंधित नहीं होगा और प्राधिकरण द्वारा नामित किया जाएगा तथा चार व्यक्ति जो बीमा एजेंटों, अन्य पक्ष प्रशासकों, सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों एवं पॉलिसीधारकों का प्रतिनिधित्व करेंगे और आईआरडीएआई द्वारा नामित किये जाएँगे। बीमा अधिनियम की धारा 64 एल(1) के अनुसार परिषद के पास निम्नलिखित सांविधिक कार्य हैं :

i) साधारण बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं को आचरण के मानक और सुदृढ़ प्रथाएँ स्थापित करने के विषय में तथा साधारण बीमा पॉलिसियों के धारकों को कुशल सेवा प्रदान करने के विषय में सहायता और परामर्श प्रदान करना;

ii) कमीशन और अन्य व्ययों के विषय में भारत में व्यवसाय करनेवाले ऐसे बीमाकर्ताओं के व्ययों को नियंत्रित करने के विषय में प्राधिकरण को परामर्श देना;

iii) साधारण बीमा पॉलिसियों के धारकों के हितों के विपरीत तरीके से कार्य करनेवाले किसी ऐसे बीमाकर्ता के मामले में प्राधिकरण की जानकारी में लाना;

iv) प्राधिकरण के अनुमोदन से खंड (i) से (ii) तक में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय के लिए प्रासंगिक अथवा अनुषंगी विधि से कार्य करना, जैसा कि भारत के राजपत्र में में परिषद द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है।

II.7.4 परिषद की वर्तमान सदस्य-संख्या 30 है, अर्थात 4 सरकारी क्षेत्र कै बीमाकर्ता, 18 निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता, 5 स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता, दो विशेषीकृत बीमाकर्ता (एआईसी और ईसीजीसी) तथा भारतीय राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता, जीआईसी आरई। वर्ष के दौरान परिषद ने सदस्य कंपनियों के विभिन्न जोखिम-अंकन विभागों के प्रमुखों, सीएफओ, और अन्य वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों के लिए अपने विचारों, अनुभवों का विनिमय करने और विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग को प्रभावित करनेवाले सामान्य सरोकारों के बारे में चर्चा करने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया। इन फोरमों ने प्रतियोगी कंपनियों में उनके प्रतिस्थानियों के बीच मैत्री और सौहार्द का भी निर्माण किया। इन फोरमों की गतिविधियाँ मुख्य व्यापार कार्यकलापों में सर्वोत्तम प्रथाओं और मानकों के अंगीकरण में वृद्धि करने, ग्राहक सेवा मानकों को बढ़ाने, बाजार अनुशासन तथा एक स्वस्थ तरीके से गैर-जीवन बीमा बाजार के विकास को बनाये रखने के लिए उद्योग के लिए मूलभूत आधार हैं। कुल मिलाकर परिषद के तत्वावधान में 15 औपचारिक बैठकें आयोजित की गईं जिनमें ईटीएएसएस, स्वास्थ्य, मोटर, संपत्ति, कराधान और अनुपालन के विषय समाविष्ट किये गये। रिपोर्ट में एक अन्य उल्लेखनीय महत्वपूर्ण गतिविधि परस्पर सक्रिय (इंटर ऐक्टिव) सत्र है जिसमें महा सचिव ने भोपाल में स्थित नेशनल जुडिशियल अकादमी में एमएसीटी दावों संबंधी कार्य करनेवाले 23/24 राज्यों के माननीय न्यायाधीशों के साथ भाग लिया। इस अवसर का उपयोग मोटर टीपी दावों के संबंध में उद्योग की स्थिति को रेखांकित करने के लिए किया गया जिसमें मोटर दुर्घटनाओं के शिकार व्यक्तियों के प्रति बीमा उद्योग का वित्तीय योगदान तथा न्यायालयों के अधिनिर्णयों की बढ़ती हुई प्रवृत्ति कैसे पॉलिसीधारकों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए बीमाकर्ताओं के संसाधनों पर वित्तीय प्रवाह का कारण बन रही है, सूचित किया गया। सहभागी बीमाकर्ताओं के लिए ऑन आईटी समर्थित सदस्य सेवाएँ (i) अग्नि (फायर) एलओबी के लिए ईटीएएसएस सह-बीमा मॉड्यूल के परिचालन का प्रारंभ, (ii) एसीओआरडी ऑनलाइन संदेश प्रणाली के माध्यम से मासिक आंकड़े, और (iii) पीएमएसबीवाई के अंतर्गत समेकित दावा डेटाबेस उपलब्ध कराना, सफल चालू गतिविधियाँ / परियोजनाएँ हैं।

II.8 बीमा लोकपाल

II.8.1 2015-16 के दौरान सारे भारत में व्याप्त सत्रह लोकपाल केन्द्रों ने कुल 26177 शिकायतें प्राप्त की हैं। जबकि 17257 शिकायतें (66 प्रतिशत) जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित हैं, शेष 8920 शिकायतें (34 प्रतिशत) गैर-जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित हैं। यह मार्च 2015 के अंत में लोकपालों के विभिन्न कार्यालयों के पास लंबित 6782 शिकायतों के अतिरिक्त है।

II.8.2 2015-16 के दौरान लोकपालों ने 30266 शिकायतों का निपटान किया है। इन शिकायतों में से लोकपालों ने 49.56 प्रतिशत शिकायतों को अस्वीकार्य / विचार करने के लिए अयोग्य के रूप में घोषित किया। कुल शिकायतों के 29.31 प्रतिशत के लिए अधिनिर्णय / सिफारिशें जारी की गईं। इसके अलावा, 9.54 प्रतिशत शिकायतें वापस ली गईं/ निपटाई गईं, जबकि लगभग 11.59 प्रतिशत शिकायतें खारिज की गईं। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार 2693 शिकायतें लंबित थीं।

सारणी II.21

2015-16 के दौरान बीमा लोकपालों द्वारा शिकायतों का निपटान

बीमाकर्ता	1.4.2015 को बकाया शिकायतें	2015-16 के दौरान प्राप्त	कुल	2015-16 के दौरान निपटाई गई शिकायतें	निम्नलिखित निपटाई गई शिकायतों की संख्या				शिकायतें 31.3.2016 को बकाया
					(I)	(II)	(III)	(IV)	
जीवन	4397	17257	21654	19645	5431 27.65	1956 9.96	1924 9.79	10334 52.60	2009
गैर-जीवन	2385	8920	11305	10621	3440 32.39	932 8.78	1583 14.90	4666 43.93	684
संयुक्त	**6782**	**26177**	**32959**	**30266**	**8871** **29.31**	**2888** **9.54**	**3507** **11.59**	**15000** **49.56**	**2693**

टिप्पणियाँ :

(I) सिफारिशें / अधिनिर्णय (II) वापस लेना / निपटान (III) खारिज करना (IV) अस्वीकरण / विचार करने योग्य नहीं

भाग III
प्राधिकरण के सांविधिक और विकासात्मक कार्य

आईआरडीए अधिनियम, 1999 (आईआरडीए अधिनियम) की धारा 14 बीमा व्यवसाय और पुनर्बीमा व्यवसाय का विनियमन करने, संवर्धन करने तथा उनकी सुव्यवस्थित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण के कर्तव्य निर्धारित करती है। उपर्युक्त धारा की उप-धारा (2) में प्राधिकरण की शक्तियाँ और कार्य निर्धारित किये गये हैं। वार्षिक रिपोर्ट के अध्याय में प्राधिकरण द्वारा अपने कार्यों का निर्वहण एवं अपने को दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2015-16 में संपन्न की गई प्राधिकरण की गतिविधियों को समाविष्ट किया गया है।

III.1 आवेदक को पंजीकरण प्रमाणपत्र का निर्गम, ऐसे पंजीकरण का नवीकरण, आशोधन, प्रत्याहरण, निलंबन अथवा निरसन

III.1.1 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने बीमा अधिनियम, 1938, साधारण बीमा व्यवसाय (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 और बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 में संशोधन करने के लिए भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति 20 मार्च 2015 को प्राप्त की।

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 2 का संशोधन इस प्रकार परिभाषित करता है 'भारतीय बीमा कंपनी' से अभिप्रेत है कोई भी बीमाकर्ता, जो एक कंपनी होते हुए शेयरों द्वारा सीमित है, तथा (क) जो एक सरकारी कंपनी के रूप में कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन गठित और पंजीकृत है अथवा बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रारंभ से एक वर्ष के अंदर ऐसी कंपनी के रूप में परिवर्तित है; (ख) जिसमें संविभाग निवेशकों सहित, विदेशी निवेशकों द्वारा ईक्विटी शेयरों की कुल धारिताएँ ऐसी भारतीय बीमा कंपनी की प्रदत्त ईक्विटी पूँजी के उनचास प्रतिशत से अधिक नहीं हैं, जो निर्धारित किये जानेवाले तरीके से भारतीय स्वामित्व और नियंत्रण में है।

स्पष्टीकरण.-- इस उप-खंड के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति 'नियंत्रण' में उनकी अपनी शेयरधारिता अथवा प्रबंध अधिकारों अथवा शेयरधारकों के करारों अथवा मतदान करारों के कारण सहित, अधिकांश निदेशकों को नियुक्त करने अथवा प्रबंध अथवा नीतिगत निर्णयों को नियंत्रित करने का अधिकार शामिल होगा;'

बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रवर्तन के परिणामस्वरूप, **भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (भारतीय बीमा कंपनियों का पंजीकरण) (सातवाँ संशोधन) विनियम, 2016, 22.2.2016 को अधिसूचित किये गये।**

मेसर्स कोटक महिन्द्रा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पंजीकरण प्रमाणपत्र नवंबर 2015 में प्रदान किया गया।

मेसर्स एडेवेइस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और मेसर्स कोहिनूर रीइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (अब मेसर्स आईटीआई रीइंश्योरेंस लिमिटेड के रूप में नाम परिवर्तित किया गया है) ने पंजीकरण के लिए माँग-पत्र (आर1) प्रस्तुत किया।

III.1.2 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 2 का संशोधन इस प्रकार परिभाषित करता है 'भारत में स्थापित शाखा के माध्यम से पुनर्बीमा व्यवसाय में लगी हुई विदेशी कंपनी'। इस उप-खंड के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति 'विदेशी कंपनी' से अभिप्रेत होगा भारत के बाहर किसी भी देश की विधि के अधीन स्थापित अथवा निगमित कंपनी अथवा निकाय तथा इसमें लॉयड्स अधिनियम, 1871 (युनाइटेड किंगडम) अथवा उसके किसी भी सदस्य के अधीन स्थापित लॉयड्स शामिल है;'

- बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रवर्तन के परिणामस्वरूप, विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं और लॉयड्स को भारत में शाखा स्थापित करने के लिए प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति दी जा रही है। प्राधिकरण ने इसके संबंध में दो अलग विनयम अधिसूचित किये हैं और वे निम्नानुसार हैं :

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (लॉयड्स को छोड़कर अन्य विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के शाखा कार्यालयों का पंजीकरण और परिचालन) विनियम, 2015, 19.10.2015 को।

- आईआरडीएआई (लॉयड्स को छोड़कर अन्य विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के शाखा कार्यालयों का पंजीकरण और परिचालन) (पहला संशोधन) विनियम, 2016, 28.1.2016 को।

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (लॉयड्स इंडिया) विनियम, 2016, 9 मार्च 2016 को।

उपर्युक्त विनियमों की अधिसूचना के परिणामस्वरूप, नवंबर, 2015 के दौरान भारत में विदेशी पुनर्बीमा शाखा कार्यालय के पंजीकरण के लिए निम्नलिखित विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं ने आवेदन कियाः

- म्यूनिख रे, जर्मनी
- स्विस रे, स्विट्जरलैंड
- हैनोवर रे, जर्मनी
- स्कोर रे, फ्रांस
- आरजीए रे, कनाडा

मेसर्स जेन रे, जर्मनी ने भी जून, 2016 के दौरान पंजीकरण के आवेदन के लिए माँग-पत्र दाखिल किया है।

III.1.3 निर्धारिक प्रक्रिया के अनुसार, विनियमित संस्थाओं का स्थान पर (ऑन-साइट) निरीक्षण करना निरीक्षण विभाग का दायित्व है। पूरी की गई रिपोर्टें टिप्पणियों/ अनुपालन के लिए निरीक्षित संस्थाओं को भेजी जा रही हैं तथा उसके बाद अंतिम निरीक्षण रिपोर्ट प्रवर्तन विभाग को प्रेषित की जाती है। निरीक्षण की गई संस्थाओं की प्रतिक्रियाओं/ अनुपालनों का विश्लेषण किया जाता है तथा प्रवर्तन विभाग द्वारा अंतिम रूप दी गई प्रस्तावित कार्रवाई की प्रक्रिया संबंधित पूर्णकालिक सदस्यों (डब्ल्यूटीएम) को उनकी टिप्पणियों/ निविष्टियों के लिए 10 दिन के समय के अंदर प्रस्तुत की जाती है। डब्ल्यूटीएम से प्राप्त टिप्पणियों का ध्यान रखने के बाद प्रस्तावित कार्रवाई की प्रक्रिया अनुमोदन के लिए अध्यक्ष को प्रस्तुत की जाएगी। इस प्रकार, सभी निरीक्षण रिपोर्टों को कारण निदर्शन सूचना, वैयक्तिक सुनवाई, दंड, चेतावनी, आदि जैसी अंतिम कार्रवाइयों के माध्यम से समाप्त किया जा रहा है। भारत सरकार ने बीमा विधि (संशोधन) अध्यादेश 2014 का प्रवर्तन 26 दिसंबर 2014 को किया है जो बाद में बीमा विधि (संशोधन) विधेयक 2015 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया और संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया तथा अंतिम रूप से 22 मार्च 2015 को अधिनियमित किया गया। इसके अनुसार दंड के उपबंधों में संशोधन किया गया तथा दंड लागू करना अधिनियम की कुछ धाराओं के संबंध में न्यायनिर्णयन की प्रक्रिया के द्वारा होगा। न्यायनिर्णयन अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा जो कम से कम आईआरडीएआई में संयुक्त निदेशक के स्तर का होगा। दंड के परिमाण के संबंध में निर्णय लेने से पहले ध्यान में रखे जानेवाले कारक अधिनियम में दिये गये हैं। आईअरडीएआई के आदेशों के विरुद्ध सभी अपीलें प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) के पास स्थित होंगी। लगाये जानेवाले मौद्रिक दंडों का विवरण अनुबंध 10(i) और 10(ii) में दिया गया है।

III.1.4 उपर्युक्तानुसार लगाये जानेवाले मौद्रिक दंड के अलावा, अन्य संस्थाओं के संबंध में पाये गये अननुपालनों पर भी अन्य दंडात्मक कार्रवाइयाँ प्रारंभ की गईं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण ने उन विनियमित संस्थाओं को भी चेतावनियाँ, विशिष्ट आदेश/ निदेश जारी किये, जो विनियामक शर्तों का पालन न करते हुए पायी गईं।

III.2 पॉलिसी के समनुदेशन, पॉलिसीधारकों द्वारा नामांकन, बीमायोग्य हित, बीमा दावे के निपटान, पॉलिसी के अभ्यर्पित मूल्य और बीमा संविदाओं की अन्य शर्तों से संबंधित मामलों में पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण।

III.2.1 प्राधिकरण ने विक्रय स्थल, दावे के स्थान, आदि पर बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों के लिए विभिन्न कर्तव्य और अकर्तव्य (डूज़ एण्ड डोंट्ज़) की हिदायतें देते हुए विनियम जारी किये हैं। प्राधिकरण ने उक्त विनियमों के अंतर्गत पॉलिसीधारकों को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने के लिए समय-सीमाएँ भी निर्धारित की हैं। इसके अतिरिक्त, उक्त विनियम पॉलिसीधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए बीमाकर्ताओं को एक प्रभावी व्यवस्था स्थापित करने का भी

अधिदेश देते हैं। प्राधिकरण ने अपने उपभोक्ता कार्य विभाग (सीएडी) के माध्यम से जीवन और गैर-जीवन बीमा कंपनियों के लिए एक 'शिकायत निवारण कक्ष' स्थापित किया है। निर्धारित समय के अंदर बीमाकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतों का समाधान करवाने के लिए पॉलिसीधारकों की मदद करने में एक सहायक भूमिका अदा करने के अलावा, प्राधिकरण एक निरंतर आधार पर उन अंतर्निहित समस्याओं की जाँच करता है जो शिकायतों के लिए कारण बनती हैं तथा संबद्ध प्रणालीगत समस्याओं को ठीक करने की दिशा में कार्य करता है। प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं द्वारा शिकायतों के निवारण के लिए दिशानिर्देश भी जारी किये हैं जिनके अनुसार सभी बीमाकर्ताओं को अधिदेश दिया गया है कि वे बोर्ड द्वारा अनुमोदित शिकायत निवारण नीति प्रचलित रखें तथा कॉरपोरेट अभिशासन के लिए दिशानिर्देशों में निर्धारित रूप में एक पॉलिसीधारक संरक्षण समिति गठित करें। उक्त दिशानिर्देशों में शिकायत निवारण प्रक्रियाएँ, टर्नअराउंड समय भी निर्धारित हैं तथा वे परिस्थितियाँ भी निर्धारित हैं जिनमें शिकायत को समाप्त समझा जाता है। पॉलिसीधारकों/ मंत्रालयों/ विनियमनकर्ताओं और अन्य सांविधिक एजेंसियों से प्राप्त शिकायतों/ परिवादों पर कार्रवाई करते समय सख्त अनुपालन करने के लिए उपर्युक्त दिशानिर्देश समय-समय पर दोहराये गये हैं। बीमा क्षेत्र में विश्वास और भरोसे को बढ़ाने के लिए गंभीरता, तत्परता और समानुभूति के साथ पॉलिसीधारकों की शिकायतों पर कार्रवाई करने के संबंध में न केवल फ्रंटलाइन स्टाफ को, बल्कि संगठन के सभी स्तरों पर ग्राहक सेवा स्टाफ/ अधिकारियों को भी सुग्राही बनाने के लिए विद्यमान प्रणालियों की समीक्षा करने की आवश्यकता के बारे में भी बल दिया गया है।

III.2.2 बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 में निहित उपबंधों के परिणामस्वरूप, प्राधिकरण ने उस अधिकतम शुल्क को निर्धारित करते हुए विनियम जारी किये हैं जो निम्नलिखित के लिए बीमाकर्ताओं द्वारा प्रभारित किया जा सकता है

क) समनुदेशन की सूचना की लिखित प्राप्ति-स्वीकृति प्रदान करना

ख) जीवन बीमा के पॉलिसीधारक द्वारा नामांकन के निरसन अथवा परिवर्तन को पंजीकृत करना जो इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी की गई पॉलिसियों के लिए 50/- रुपये और इलेक्ट्रॉनिक से इतर रूप में जारी की गई पॉलिसियों के लिए 100/- रुपये होगा।

III.2.3 प्राधिकरण ने सभी बीमा कंपनियों को सूचित किया है कि वे अपरिहार्य परिस्थितियों के अंतर्गत, पॉलिसी में विनिर्दिष्ट समय के बाद सूचित किये गये अथवा प्रस्तुत किये गये वास्तविक दावों को अस्वीकार न करें। सूचना अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने में विलंब के कारण किसी दावे को अस्वीकार करने का बीमाकर्ता का निर्णय सुदृढ़ तर्क अथवा विधिमान्य कारणों पर आधारित होना चाहिए, क्योंकि सूचना देने के समय का खंड न तो संपूर्ण है और न ही इसे अलग रूप से देखा जा सकता है। इस स्थिति के होते हुए बीमाकर्ता किसी दावे को तब तक अस्वीकार नहीं करेगा, जब तक कि विलंब के लिए कारणों का विशिष्ट रूप से पता नहीं लगाया जाता, उन्हें अभिलिखित नहीं किया जाता और बीमाकर्ता स्वयं इस बात से संतुष्ट न हों कि उन दावों को अन्य प्रकार से भी अस्वीकृत किया जाता भले ही उन्हें समय पर क्यों न सूचित किया गया हो।

III.2.4 अदावी राशियों से संबंधित कई समस्याओं का समाधान निम्नानुसार परिपत्रों के माध्यम से किया गया हैः

क) अदावी राशियों की परिभाषा दी गई 'अदावी राशि के अंतर्गत मृत्यु दावा, परिपक्वता दावा, उत्तरजीविता लाभ, वापसी के लिए देय प्रीमियम, प्रीमियम के लिए समायोजित नहीं की गई प्रीमियम जमाराशि और क्षतिपूर्ति दावों आदि के रूप में पॉलिसीधारक को देय कोई भी राशि शामिल है जो दावा राशि के निपटान के लिए नियत तारीख से छह महीने से अधिक अदावाकृत रही हो।'

ख) अदावी राशियों का अनुरक्षण मुद्रा बाजार लिखतों और/ या अनुसूचित बैंकों की मीयादी जमाराशियों में अधिदेशित निवेश के साथ एक एकल वियोजित (सेग्रिगेटेड) निधि के रूप में करने की आवश्यकता है। व्ययों की वसूली के लिए 20 आधार अंकों पर उच्चतम सीमा रखी गई है। अदावी राशियों का प्रकटीकरण वेबसाइट पर करना आवश्यक है और बैंक खाते को सभी नई पॉलिसियों के लिए संबद्ध करना

अधिदेशात्मक कर दिया गया है। पॉलिसीधारकों को सूचना देना अधिदेशात्मक किया गया है तथा समयावधि (एजिंग) की सूचना देने के लिए एक फार्मेट निर्धारित किया गया है। किसी विनियोजन अथवा प्रतिलेखन (राइट बैक) की अनुमति नहीं दी गई है।

ग) अदावी राशियों की गणना शोधक्षमता मार्जिन के लिए नहीं की जाएगी तथा अदावी राशियों और लेखा-टिप्पणियों में प्रकटीकरणों के लिए समयावधि (एजिंग) के संबंध में सूचना-प्रणाली (रिपोर्टिंग) निर्धारित की गई है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर आगे के लिए, अर्जित की गई निवेश आय को अदावी राशि निधि में आबंटित करना अधिदेशात्मक किया गया है। यह भी निर्धारित किया गया कि बीमाकर्ता बीमाकृत व्यक्तियों/पॉलिसीधारकों/ दावेदारों को इस प्रकार जमा की गई निवेश आय के साथ ही, अभिनिर्धारित अदावी राशि का भुगतान करे। न्यायालय सहित किसी सांविधिक निकाय द्वारा दिये गये किसी अधिनिर्णय/ आदेश की स्थिति में यदि ब्याज का कोई घटक सम्मिलित हो, तो उसपर आगे कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

III.2.5 सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों अथवा मोटर अन्य पक्ष बीमा के दावेदारों की सहायता करने की दृष्टि से मोटर वाहनों की बीमा स्थिति से संबंधित डेटा तक पहुँच हेतु समर्थ बनाने के लिए प्राधिकरण ने बीमा सूचना ब्यूरो के माध्यम से एक वेब आधारित सुविधा उपलब्ध कराई है। इस सुविधा के अंतर्गत उपयोगकर्ताओं को वाहन, बीमा की स्थिति और पॉलिसी जारी करनेवाले कार्यालय के पते का विवरण उपलब्ध कराया जाता है।

III.2.6 जीवन बीमा पॉलिसियों की सर्विसिंग में बीमा एजेंटों के निर्गम द्वारा निर्मित अंतराल को ध्यान में रखते हुए तथा बीमा पॉलिसियों की निरंतरता को बढ़ावा देने के लिए भी, प्राधिकरण ने यह निर्धारित किया है कि बीमा कंपनियाँ व्यपगत देखभाल-रहित (ऑर्फ़न) जीवन बीमा पॉलिसियों का आबंटन वैयक्तिक बीमा एजेंटों को करें जिनका लाइसेंस प्रचलन में हो। आबंटित एजेंट का विवरण बीमाकर्ता द्वारा संबंधित पॉलिसीधारक को सूचित किया जाएगा।

III.2.7 जबकि स्वास्थ्य बीमा की तेजी से वृद्धि हो रही है, मुख्य पॉलिसी शर्तों के परिवर्ती अर्थनिर्णयों के संबंध में शिकायतें मिल रही हैं। भावी ग्राहक/ पॉलिसीधारक की प्रत्याशा का समाधान करने के लिए प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में सामान्य रूप से प्रयुक्त 46 शब्दों की परिभाषा, 11 गंभीर बीमारियों के नाम और उनके विस्तार एवं क्षतिपूर्ति पॉलिसियों के अंतर्गत अपवर्जन व्ययों की एक सूची का मानकीकरण किया है। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा विनियम, 2013 अधिसूचित किये गये हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य पॉलिसियों के लिए 15 दिन की निःशुल्क अवलोकन (फ्री-लुक) अवधि, दावों पर निर्णय की सूचना देने के लिए अंतिम दस्तावेज की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन की समय-सीमा, सुवाह्यता (पोर्टबिलिटी) से संबंधित उपबंध, मानक परिभाषाएँ और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष उपबंध निर्धारित किये गये हैं।

III.2.8 बंद की गई संबद्ध बीमा पॉलिसियों के व्यवहार संबंधी विनियम, 2010 में आशोधन किया गया ताकि अवरुद्धता अवधि (लॉक-इन-पीरियड) की समाप्ति का विचार किये बिना, बंद करने की तारीख से दो वर्ष के अंदर पॉलिसियों का पुनःप्रवर्तन करने का अधिकार पॉलिसीधारक को दिया जा सके।

III.2.9 जीवन बीमा कंपनियों को निदेश दिया गया कि वे सभी विज्ञापनों में सचेतक संदेश देते हुए फ़र्जी फोन कॉलों और अवास्तविक / कपटपूर्ण प्रस्तावों के बारे में जनसाधारण के बीच जागरूकता का प्रसार करें।

III.2.10 यह देखने के बाद कि आस्थगित वार्षिकी योजनाओं में, निहित तारीख से पहले पॉलिसीधारकों से वार्षिकी विकल्प प्राप्त न होने के कारण निहित तारीख पर वार्षिकी के प्रारंभ में विलंब हो रहा है तथा वार्षिकीग्राहियों को असुविधा/ हानि हो रही है, पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने के लिए प्राधिकरण ने आस्थगित पेंशन/ वार्षिकी योजनाओं के संबंध में जहाँ सभी वार्षिकियाँ 1 अप्रैल 2016 से देय होनेवाली हैं, निम्नानुसार अधिदेश लागू किया है।

- बीमाकर्ता प्रस्ताव के स्तर पर प्रस्तावकर्ता द्वारा विधिवत प्रयुक्त वार्षिकी विकल्प प्राप्त करेगा। प्रस्ताव फार्मों में आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। इसे प्रस्ताव/ पॉलिसी अभिलेख में लिया जाएगा।

- सभी आस्थगित वार्षिकी पॉलिसियों में जहाँ जीवन बीमाकर्ता ने प्रस्ताव के स्तर पर प्रस्तावकर्ता द्वारा प्रयुक्त वार्षिकी विकल्प प्राप्त नहीं किया है, वहाँ वह आगे और समय की हानि के बिना प्राप्त किया जा सकता है और पॉलिसी अभिलेखों में लिया जा सकता है।

- निहित तारीख से कम से कम 6 महीने पहले बीमाकर्ता उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के अंतर्गत वार्षिकी राशि और चयनित विकल्प की सूचना देते हुए पॉलिसीधारक को एक सूचना-पत्र भेजेगा। बीमाकर्ता पॉलिसीधारक को नवीनतम सूचना के आधार पर अपने निर्णय की समीक्षा करने और पूर्व में अपने द्वारा चयनित किये गये विकल्प के बजाय किसी अन्य वार्षिकी विकल्प का चयन करने के लिए एक अवसर प्रदान करेगा। उस सूचना-पत्र में बीमाकर्ता पॉलिसीधारक को एक विशिष्ट तारीख देते हुए स्पष्ट रूप से सूचित करेगा कि संशोधित विकल्प, यदि कोई हो, के लिए अंतिम तारिख निहित तारीख से कम से कम 90 दिन पहले है।

- यदि निहित तारीख से कम से कम 90 दिन पहले कोई संशोधित विकल्प प्राप्त नहीं होता है, तो बीमाकर्ता बिन्दु 2 पर बताये गये रूप में प्रस्ताव के स्तर पर प्रयुक्त/ बाद में संगृहीत मूल विकल्प के अनुसार आगे बढ़ सकता है और वार्षिकी भुगतानों के लिए कार्रवाई कर सकता है। यदि पॉलिसीधारक द्वारा किसी संशोधित विकल्प का प्रयोग किया जाता है जो बीमाकर्ता द्वारा निहित तारीख से कम से कम 90 दिन पहले प्राप्त किया जाता है, तो वार्षिकी भुगतानों के संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए तथा संशोधित विकल्प के अनुसार भुगतान किया जाना चाहिए।

III.2.10 आंध्र प्रदेश और ओडिशा में चक्रवात हुदहुद के कारण जान और माल को हुई हानि के परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाले बीमा दावों पर कार्रवाई करने के लिए प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं को सूचित किया है कि वे कार्यविधि को सरल बनाएँ और दावा निपटान में शीघ्रता लाने के लिए कुछ सक्रिय कदम उठाएँ।

III.2.11 प्राधिकरण ने यह अधिदेशित किया कि 'सभी बीमा उत्पाद संभावित पॉलिसीधारक को 4% और 8% के सकल निवेश प्रतिलाभों पर गारंटीकृत और अगारंटीकृत लाभों को समझाते हुए तथा समय-समय पर आईआरडीएआई अथवा जीवन बीमा परिषद द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में आवश्यकतानुरूप तैयार किया गया लाभ विवरण उपलब्ध कराएँगे'। यह भी सूचित किया गया कि जब भी यह विवरण विज्ञापनों में दिया जाएगा, तब फॉंट आकार में समान प्रमुखता के साथ, एक ही स्थान पर और एक ही पृष्ठ पर 4% और 8% के निवेश प्रतिलाभों सहित दोनों ही परिदृश्यों के साथ होना चाहिए, ताकि संभावित ग्राहक दोनों परिदृश्यों की तुलना कर सकें; जिससे प्रतिफल के आधार पर संभव लाभ को बेहतर ढंग से समझाया जा सके।

III.2.12 उल्लेखनीय व्यावसायिक वृद्धि के साथ निरंतरता की दरों में सुधार लाने के लिए, प्राधिकरण ने कार्यपद्धति तथा नियुक्त बीमांकक की रिपोर्ट के साथ बोर्ड द्वारा अनुमोदित निरंतरता रिपोर्ट जैसी अन्य आवश्यकताओं को अधिदेशात्मक किया। इस अधिदेश का उद्देश्य सभी विनियामक रिपोर्टिंग और आंतरिक मूल्यांकनों में निरंतरता दर की गणना में समरूप और सुव्यवस्थित कार्यपद्धति को प्राप्त करना भी है।

III.3 मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों और एजेंटों के लिए आवश्यक योग्यताएँ, आचरण-संहिता और व्यावहारिक प्रशिक्षण विनिर्दिष्ट करना

बीमा व्यवसाय में सभी मध्यवर्तियों के लिए लाइसेंसीकरण और आचरण-संहिता को आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 के अधीन बनाये गये विनियमों में बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक (लाइसेंसीकरण, व्यावसायिक अपेक्षाएँ और आचरण संहिता) विनियम, 2000, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा दलाल) विनियम, 2002, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016 और भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 द्वारा स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया गया है।

विनियामक पर्यवेक्षण को आगे और मजबूत करने के लिए प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित विनियामक ढाँचा निर्धारित किया गया है।

1) बीमाकर्ताओं और रेफ़रल कंपनियों के बीच तालमेल को सरल और कारगर बनाने के लिए आईआरडीए (बीमा उत्पादों के वितरण के लिए डेटाबेस की साझेदारी) विनियम, 2010। यह रेफ़रल संस्थाओं को देय पारिश्रमिक की उच्चतम सीमाएँ भी निर्धारित करता है तथा वह ढाँचा भी निर्धारित करता है

जिसके अंतर्गत रेफ़रल संस्थाओं और बीमाकर्ताओं को बीमा व्यवसाय संचालित करना चाहिए।

2) अन्य जीवन और / या गैर-जीवन बीमा कंपनियों की सेवाओं का उपयोग अपने उत्पादों के वितरण हेतु करने के लिए कृषि बीमा कंपनी को अनुमति प्रदान करते हुए दिनांक 11.09.2013 का परिपत्र सं. आईआरडीए/ डीआईएसटी/ जीडीएल/ एमआईएससी/ 183/ 09/ 2013 जारी किया।

3) 'बीमा एजेंटों की नियुक्ति के लिए दिशानिर्देश, 2015' अधिसूचित करते हुए दिनांक 16.03.2015 का परिपत्र सं. आईआरडीए/ एजीटीएस/ सीआईआर/ जीएलडी/ 046/ 03/ 2015 जारी किया जो 01.04.2015 से प्रवृत्त होगा।

4) दिनांक 22.04.2015 के परिपत्र सं. आईआरडीए/ एजीटीएस/ सीआईआर/ जीएलडी/ 081/ 04/ 2015 के अनुसार दिनांक 01.07.2015 से नई पाठ्यक्रम सामग्री आईसी 32 प्रारंभ की गई है। जो उम्मीदवार आईसी-32 में अर्हता प्राप्त करेंगे, वे स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता द्वारा एजेंटों के रूप में नियुक्त किये जाने के लिए पात्र होंगे। आईसी 33 के लिए नया पाठ्यक्रम भी स्वास्थ्य बीमा संबंधी अध्यायों के साथ 01.07.2015 से प्रारंभ किया गया है।

5) दिनांक 18.11.2015 के परिपत्र संदर्भः आईआरडीएआई/ सीएजीटीएस/ जीडीएल/ एलसीई/ 202/ 11/ 2015 के अनुसार आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अनुदेश जारी किये।

6) आईआरडीएआई (कॉरपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 पर स्पष्टीकरणों के संबंध में दिनांक 10.02.2016 का परिपत्र सं. आईआरडीए/ सीएजीटीएस/ सीआईआर/ एलसीई/ 029/ 02/ 2016 जारी किया।

III.4 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के लिए आचरण संहिता विनिर्दिष्ट करना

III.4.1 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के कर्तव्य और दायित्व आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 के अध्याय में विनिर्दिष्ट किये गये हैं। विनियम 13 में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें कही गई हैं कि:

- यह प्रत्येक लाइसेंसप्राप्त सर्वेक्षक और हानि निर्धारक का कर्तव्य होगा कि वह किसी भी आकस्मिकता से उत्पन्न होनेवाली हानियों (चाहे बीमाकृत हों अथवा नहीं) का अन्वेषण, प्रबंध, परिमाण निर्धारण, प्रमाणीकरण और निपटारा करे तथा उसके संबंध में बीमाकर्ता अथवा बीमाकृत व्यक्ति को सूचित करे।

- सभी लाइसेंसप्राप्त सर्वेक्षक और हानि निर्धारक उपर्युक्त कार्य सक्षमता, वस्तुनिष्ठता और व्यावसायिक सत्यनिष्ठता के साथ करेंगे तथा आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 में निर्धारित रूप में आचरण-संहिता का कड़ाई से पालन करेंगे।

III.4.2 इसके अलावा, पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने के लिए प्राधिकरण ने आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हित का संरक्षण) विनियम, 2002 बनाये हैं। उपर्युक्त विनियम के विनियम 9 के अंतर्गत गैर-जीवन पॉलिसी के संबंध में दावों के निपटान पर कार्रवाई करते समय सर्वेक्षकों और हानि-निर्धारकों द्वारा आचरण-संहिता का पालन करने पर अतिरिक्त रूप से बल दिया गया है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, प्राधिकरण ने सर्वेक्षकों से संबंधित निम्नलिखित परिपत्र/आदेश जारी किये हैं :

- सर्वेक्षकों और हानि-निर्धारकों की नियुक्ति के संबंध में साधारण बीमाकर्ताओं के सभी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को दिनांक 14 जुलाई 2015 का एक परिपत्र सं. आईआरडीए/ एनएल/ सीआईआर/ एमआईएससी/ 129/ 07/ 2015 जारी किया गया और उनको इस विनियामक अपेक्षा का कठोरतापूर्वक पालन करने के लिए सूचित किया गया कि साधारण बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमा की पॉलिसी के अंतर्गत बीस हजार रुपये से अधिक हानि का निर्धारण करने के लिए दावे की सूचना प्राप्त होने से 72 घंटे के अंदर सर्वेक्षक और हानि निर्धारक की नियुक्ति बीमाकर्ता और बीमाकृत व्यक्ति को छोड़कर कोई अन्य व्यक्ति नहीं कर सकता।

- आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 सरकारी राजपत्र में 3 नवंबर 2015 को

अधिसूचित किये गये। ये विनियम बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक (लाइसेंसीकरण, व्यावसायिक अपेक्षाएँ और आचरण-संहिता) विनियम, 2000 का अधिक्रमण करते हैं।

- आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 (सर्वेक्षक विनियम) के विनियम 10 के अनुसार सर्वेक्षकों और हानि-निर्धारकों की समिति के पुनर्गठन के संबंध में दिनांक 22 दिसंबर 2015 का एक आदेश सं. आईआरडीए/ एसयूआर/ ओआरडी/ एमआईएससी/ 226/ 12/ 2015। समिति की कार्यावधि समिति का गठन होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। यह समिति अपने कार्यों का निर्वहण सर्वेक्षक विनियम के विनियम 11 में निर्धारित रूप में करेगी।

- लाइसेंस सं. 15006 के अंतर्गत श्री संजीव सोनी, सर्वेक्षक और हानि-निर्धारक के मामले में दिनांक 12 फरवरी 2016 का आदेश सं. आईआरडीए/ एसयूआर/ ओआरडी/ एमआईएससी/ 028/ 02/ 2016।

- चार आंचलिक रिक्तियों के लिए भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) के आठवें परिषद चुनाव संचालित करने के लिए चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में 16 फरवरी 2016 का आदेश सं. आईआरडीए/ एसयूआर/ एमआईएससी/ ओआरडी/ 030/ 02/ 2016।

- श्री मुनीश पाराशर, एसएलए 72810 और मेसर्स पुरी क्रॉफर्ड आईएसएलए प्राइवेट लिमिटेड एसएलए 72398 के मामले में दिनांक 25 फरवरी 2016 का आदेश सं. आईआरडीए/ एसयूआर/ ओआरडी/ एमआईएससी/ 034/ 02/ 2016 ।

III.5 बीमा व्यवसाय के संचालन में कुशलता को बढ़ावा देना

बीमा भंडार (रिपोज़िटरीज़)

III.5.1 बीमा रिपोज़िटरी प्रणाली बीमा पॉलिसियों को अमूर्तीकृत (डीमेटीरियलाइज़) करने के लिए प्राधिकरण की एक पहल है। उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्राधिकरण ने अप्रैल 2011 में बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पॉलिसियों के इलैक्ट्रॉनिक निर्गम के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये। बीमा भंडार (रिपोजिटरी) के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकरण ने पाँच संस्थाओं को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किये।

III.5.2 प्राधिकरण ने आगे मौजूदा प्रणाली को बढ़ावा देने और बाजार की प्रवृत्ति को समझने के लिए 'बीमा रिपोजिटरी प्रणाली के प्रायोगिक प्रारंभ संबंधी दिशानिर्देश' जारी किये। इस पहल पर प्रतिसूचना (फीडबैक) अत्यंत सकारात्मक रही तथा लगभग 1.8 लाख ईएलए (इलैक्ट्रॉनिक बीमा खाते) खोले गये हैं। इसके अलावा, लगभग 50,000 पॉलिसीधारकों ने अपनी हॉर्ड कॉपी को इलैक्ट्रॉनिक रूप में परिवर्तित करने के लिए रुचि दर्शाई।

III.5.3 इसके उपरांत, मई 2015 में प्राधिकरण ने 'बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पॉलिसियों के इलैक्ट्रॉनिक निर्गम संबंधी संशोधित दिशानिर्देश' जारी किये हैं। वर्तमान में कुल 8,07,705 ईएलए खाते हैं तथा कुल 4,11,832 पॉलिसियों को इलेक्ट्रॉनिक पद्धति में परिवर्तित किया गया है।

अनुमोदित बीमा रिपोजिटरियों की सूची सारणी III.1 में दी गई है।

सारणी III.1
प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित बीमा भंडार (रिपोजिटरीज़)
(31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं.	नाम
1	नेशनल बीमा पॉलिसी रिपोजिटरी, एनएसडीएल डेटाबेस प्रबंध लिमिटेड
2	सीडीएसएल बीमा रिपोजिटरी लिमिटेड
3	सीएएमएस रिपोजिटरी सर्विसेज़ लिमिटेड, चेन्नै
4	कार्वी बीमा रिपोजिटरी लिमिटेड, हैदराबाद

इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रबंध और निपटान प्रणाली (ईटीएएसएस)

III.5.4 इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रबंध और निपटान प्रणाली (ईटीएएसएस) एक समाशोधन गृह (क्लियरिंग हाउस) प्रणाली है जो सह-बीमा और पुनर्बीमा लेनदेनों से संबंधित दस्तावेजों और लेखा-विवरणों की साझेदारी को सुसाध्य बनाती है तथा अंतर-संस्था शेषों के सुगमतापूर्वक समाधान में सहायता पहुँचाने के लिए अभिकल्पित

है। ईटीएएसएस स्वचालित वार्ता, लेनदेन स्थापन, जोखिमों का बंधन, प्रलेखीकरण, लेखांकन, शेष राशियों का समाधान और निपटान, संदेश-प्रेषण, जोखिम प्रबंध, आदि के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्यात्मकता उपलब्ध कराती है। ईटीएएसएस प्रणाली सदस्यों की सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी आवश्यकताओं का समाधान करने के साथ ही, पुनर्बीमा और सह-बीमा परिचालनों में संपूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए प्रयास करेगी।

III.5.5 प्राधिकरण ने उक्त ईटीएएसएस प्रणाली का विकास और कार्यान्वयन करने का दायित्व साधारण बीमा (जीआई) परिषद को सौंपा था। जीआई परिषद ने ईटीएएसएस के विकास, परीक्षण और कार्यान्वयन के दौरान गैर-जीवन बीमाकर्ताओं को संबद्ध किया। इसके पहले चरण में ईटीएएसएस का अभिकल्पन 'अग्नि' (फायर) सह-बीमा लेनदेनों का समर्थन करने के लिए किया गया तथा इसका प्रारंभ औपचारिक रूप से 27 अप्रैल 2015 को किया गया। प्राधिकरण ने ईटीएएसएस के सुचारु परिचालन को सुसाध्य बनाने तथा उसके निरंतर विकास और संरक्षण के लिए 11 मई 2015 को 'ईटीएएसएस प्रशासन के लिए दिशानिर्देश' जारी किये थे। जीआई परिषद को 'प्रशासक' के रूप में प्राधिकृत किया गया है और उन्हें सह-बीमा की अन्य व्यवस्थाओं और बाद में पुनर्बीमा की आवश्यकताओं को समर्थन देने के लिए ईटीएएसएस प्रणाली का विस्तार करने का दायित्व सौंपा गया है।

III.5.6 जीआई परिषद ने ऑनलाइन निपटानों के साथ ही, व्यवसाय की फायर व्यवस्था (एलओबी) में सह-बीमाओं के साथ व्यवहार करनेवाली ईटीएएसएस के चरण 2 का प्रयोग (लाइव) 01 अप्रैल 2016 को प्रारंभ किया है। ईटीएएसएस चरण 2 फायर एलओबी में सह-बीमाओं के लिए कंपनियों के बीच समाधान और निपटानों के लिए एक साझे का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने में सफल रहा है। ईटीएएसएस चरण 2 के एक भाग के रूप में जीआई परिषद ने हार्डवेअर और सुरक्षा की विशेषताओं को अपग्रेड करना भी प्रारंभ किया है जिससे ईटीएएसएस प्लेटफार्म पर लेनदेन करने के लिए डेटा सुरक्षित रखा जा सके और कंपनियों को सुरक्षित पहुँच की पद्धतियाँ उपलब्ध कराई जा सकें। जीआई परिषद ईटीएएसएस चरण 3 की भी योजना बना रही है जिसके 01 जनवरी 2017 तक परिचालित होने की संभावना है जिससे निवल राशियों के निर्बाध अंतरण के लिए व्यवस्था के साथ उक्त प्लेटफार्म के माध्यम से सभी सह-बीमाओं को सँभाला जा सकेगा।

डेटा मानक

III.5.7 बीमा क्षेत्र में बहुविध संस्थाओं की आईटी प्रणालियों के सरल इंटरफेसिंग को सुसाध्य बनाने के लिए प्राधिकरण ने डेटा मानकों के संकलन का कार्य प्रारंभ किया था। डेटा मानक सूचना के आदान-प्रदान के लिए सामान्य परिभाषाएँ उत्पन्न करते हैं। यह संगठन के अंदर और बाहर दोनों ही जगह बहुविध प्रणालियों के सरल इंटरफेसिंग में सहायता करता है।

III.5.8 बीमा रिपोजिटरी प्रणाली का समर्थन करने के लिए मानक विस्तार्य मार्कअप भाषा (एक्सएमएल) योजना (स्कीमा) जिसमें क्षेत्र परिभाषाएँ, क्षेत्र की विशेषताएँ और संदेश की विषय-वस्तु निहित हैं, का पूर्व में जीवन खंड के लिए बहुविध खिलाड़ियों के बीच डेटा के विनिमय के लिए साझा किया गया था। इसी प्रकार, व्यवसाय की 'स्वास्थ्य' और 'मोटर' व्यवस्थाओं की आवश्यकताओं को समर्थन देने के लिए योजनाओं (स्कीमाओं) को अंतिम रूप दिया गया है। ये योजनाएँ (स्कीमाज़) बीमा रिपोजिटरी प्रणाली में गैर-जीवन बीमा लेनदेनों की 'वैयक्तिक व्यवस्थाओं' का समर्थन करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र

III.5.9 भारत सरकार ने देश में वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र से अत्यधिक मूल्य वाली नौकरियों का निर्माण करने के उद्देश्य से तथा वित्ताय वैश्वीकरण के लिए एक मार्ग खोलने के लिए गिफ्ट (जीआईएफटी) सिटी, गुजरात में एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (आईएफएससी) की स्थापना की थी। आईएफएससी का एक मुख्य उद्देश्य ऐसा परिवेश उपलब्ध कराना है जहाँ नीति में नये विचारों के साथ नियंत्रित प्रयोग हो सकें। इस पहल के एक भाग के रूप में भारत सरकार ने प्राधिकरण के विनियामक पर्यवेक्षण के अधीन अनुमति दी जा सकनेवाली एक गतिविधि के रूप में पुनर्बीमा व्यवसाय की पहचान की थी। प्राधिकरण ने 6 अप्रैल 2015 को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र दिशानिर्देश, 2015 जारी किये थे, जो विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के अंदर

पुनर्बीमा व्यवसाय/ विनिर्दिष्ट प्रत्यक्ष बीमा व्यवसाय करने के लिए एसईजेड में एक आईएफएससी बीमा कार्यालय (आईआईओ) स्थापित करने के लिए प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किये गये किसी बीमाकर्ता अथवा किसी विदेशी विनियामक अथवा पर्यवेक्षी प्राधिकारी के पास पंजीकृत किसी बीमाकर्ता को अनुमति प्रदान करते हैं। तथापि, आईआईओ आईआरडीएआई (एसईजेड में बीमा व्यवसाय का विनियमन) नियम, 2015 के समग्र विस्तार के अंदर बीमा और पुनर्बीमा के व्यवसाय का जोखिम-अंकन करने के लिए निर्धारित शर्तों का अनुसरण करेगा। प्राधिकरण को गिफ्ट सिटी, गुजरात में आईआईओ खोलने के लिए 'दी न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' से आवेदन प्राप्त हुआ है। आईएफएससी इस प्रकार देश में 'पुनर्बीमा केन्द्र' (हब) के निर्माण के लिए अपेक्षित प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगा। जहां विदेशी पुनर्बीमा के साथ साथ घरेलू व्यवसाय भी किये जा सकेंगे।

III.6 बीमा और पुनर्बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध व्यावसायिक संगठनों का संवर्धन और विनियमन करना

III.6.1 जीवन बीमा परिषद और साधारण बीमा परिषद जो बीमा अधिनियम, 1938 के अधीन सांविधिक निकाय हैं, क्रमशः जीवन बीमा कंपनियों और गैर-जीवन बीमा कंपनियों का निरूपण करती हैं। ये परिषदें विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष विचार-विमर्श और प्रतिनिधित्व, बीमा संबंधी जागरूकता की व्याप्ति, वर्तमान / प्रस्तावित विनियामक शर्तों के संबंध में निविष्टियाँ उपलब्ध कराने के द्वारा उद्योग की स्वस्थ संवृद्धि की दिशा में योगदान करती हैं। इन स्व-विनियामक निकायों का विकास उद्योग की संवृद्धि के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संबंध में अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए उद्योग के लिए शुभ संकेत देता है।

इसी प्रकार की व्यवस्थाओं में प्राधिकरण द्वारा लाइसेंसीकृत दलालों से यह आवश्यक रूप से अपेक्षित है कि वे भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई) के सदस्य हों।

III.6.2 भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) एक ऐसा संस्थान है जो प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तित और स्थापित है तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित है। सर्वेक्षक का लाइसेंस प्रदान करने के लिए उक्त संस्थान की सदस्यता अनिवार्य है। यह संस्थान स्व-विनियामक निकाय के रूप में कार्य करता है।

स्वास्थ्य बीमा फोरम

III.6.3 उक्त स्वास्थ्य बीमा फोरम, प्राधिकरण, स्वास्थ्य बीमा प्रदान करनेवाले बीमाकर्ताओं, अन्य पक्ष प्रबंधकों, सरकार, अस्पतालों, चिकित्सा महाविद्यालयों और उद्योग निकायों सहित, स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधित्व के साथ 2 फरवरी 2012 को गठित किया गया। इस फोरम के गठन का मूलभूत उद्देश्य जनसाधारण, जो स्वास्थ्य बीमा सेवाओं के अंतिम उपभोक्ता हैं, को सेवा के वितरण में सुधार लाने की दृष्टि से स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय से संबंधित सभी हितधारकों के लिए एक साझे का प्लेटफार्म उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य बीमा के संबंध में दोनों उत्पादों और वितरणयोग्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करना है।

III.6.4 वर्ष 2015-2016 के दौरान उक्त फोरम की एक बैठक माह दिसंबर 2015 में हुई। चर्चा के लिए लिये गये विषय थे, गंभीर बीमारियों के नामों में संशोधन, मानक परिभाषाओं में आशोधन, मानसिक और शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों आदि के लिए बीमारक्षा अभिकल्पित करना, बीमा के नेटवर्क में अस्पतालों की रजिस्ट्री (रोहिणी), बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के आलोक में आईआरडीएआई द्वारा टीपीए विनियमों की समीक्षा एवं वर्तमान विनियमों में अन्य संशोधन।

फोरम का उद्देश्य उप-समूहों के द्वारा इन क्षेत्रों में आगे और कार्य करना तथा स्वास्थ्य बीमा उद्योग में नये खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्थकारी परिवेश का निर्माण करना और इसके द्वारा हमारे देश के सभी लोगों के लिए वहनीय स्वास्थ्य बीमा की उपलब्धता में वृद्धि करना है।

बॉक्स मद 2

बीमा कंपनियों के लिए कॉरपोरेट अभिशासन का ढाँचा

कंपनी अधिनियम, 1956 को एक बड़ी सीमा तक कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है, जिसने कंपनियों के अभिशासन के संबंध में कई शर्तें लागू की थीं। बीमा अधिनियम, 1938 में भी दिसंबर 2014 में उल्लेखनीय रूप में संशोधन किया गया था और इसके परिणामस्वरूप प्राधिकरण द्वारा कई नये विनियम जारी किये गये थे। इस पृष्ठभूमि में यह आवश्यक समझा गया कि बीमा विधि के उपबंधों एवं भारत में बीमा कंपनियों के लिए लागू कॉरपोरेट अभिशासन प्रथाओं और दिशानिर्देशों के संबंध में समीक्षा की जाए।

प्राधिकरण ने सभी हितधारकों के साथ परस्पर सक्रियता के उपरांत 18 मई 2016 को बीमा कंपनियों के लिए संशोधित कॉरपोरेट अभिशासन दिशानिर्देश जारी किये। संशोधित दिशानिर्देश कॉरपोरेट अभिशासन प्रथाओं, बीमा कंपनियों के एमडी/ सीईओ/ डब्ल्यूटीडी और अन्य प्रबंधन के प्रमुख व्यक्तियों (केएमपी) की नियुक्ति एवं सांविधिक लेखा-परीक्षकों की नियुक्ति से संबंधित शर्तों को सम्मिलित करते हैं। उक्त दिशानिर्देशों द्वारा सभी बीमाकर्ताओं से यह अपेक्षा की गई है कि वे कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के संबंध में अनुपालन की स्थिति निर्दिष्ट करते हुए वार्षिक आधार पर प्राधिकरण को एक जाँच-सूची प्रस्तुत करें। ये वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर आगे लागू हैं।

बीमा उद्योग के विशिष्ट स्वरूप को ध्यान में रखते हुए उक्त दिशानिर्देशों में बोर्ड की समितियों, लेखा-परीक्षकों, स्वतंत्र निदेशकों की योग्यताओं और अनुभव के मानदंडों, कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और बाध्यताओं, आदि से संबंधित विशेष उपबंध शामिल किये गये हैं। इन दिशानिर्देशों ने बीमा कंपनियों के लिए निर्धारित शर्तों को कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों के साथ घनिष्ठ रूप से पंक्तिबद्ध किया है। प्रबंधन के प्रमुख व्यक्तियों (केएमपी) और निदेशक मंडल के सदस्यों की नियुक्ति और रिपोर्टिंग को कॉरपोरेट अभिशासन दिशानिर्देशों में एकीकृत किया गया है। बीमा कंपनियों के लिए बोर्ड द्वारा केएमपी की नियुक्ति के लिए नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा सिफारिश की उचित प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है तथा ऐसी नियुक्तियों के संबंध में उचित सावधानी के उपयुक्त अभिलेख रखने की आवश्यकता है।

उक्त दिशानिर्देशों में बीमा कंपनियों द्वारा वार्षिक रिपोर्टों में विभिन्न प्रकार के प्रकटीकरण करने के लिए भी व्यवस्था की गई है। ये दिशानिर्देश बीमा कंपनियों के अभिशासन मानकों और प्रथाओं एवं प्रकटीकरण की अपेक्षाओं के संबंध में सूचीबद्ध संस्थाओं के साथ न्यूनतम मानदंड निर्दिष्ट (बेंचमार्क) करने की अपेक्षा करते हैं।

प्राधिकरण ने भी एमडी और सीईओ तथा गैर-कार्यकारी निदेशकों के पारिश्रमिक के संबंध में मार्गदर्शी निर्देश जारी किये हैं। यह मार्गदर्शन मुख्य रूप से नियत और परिवर्ती, दोनों प्रकार के पारिश्रमिक के विभिन्न घटकों तथा इनके भुगतान की विधि से संबंधित है। पारिश्रमिक और क्षतिपूर्ति नीति तथा प्रोत्साहनों का भुगतान एक बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अधीन होना चाहिए और इसे समूचे संगठन में एकसमान रूप से कार्यान्वित किया जाना चाहिए।

III.7 अधिनियम के प्रयोजनों के कार्यान्वयन के लिए शुल्क और अन्य प्रभारों की उगाही

III.7.1 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों के लिए वर्तमान शुल्क की संरचना अनुबंध 2 में निर्दिष्ट की गई है।

III.8 बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय से संबद्ध अन्य संगठनों की लेखा-परीक्षा सहित उनसे सूचना माँगना, उनका निरीक्षण करना, उनकी जाँच और अन्वेषण का संचालन करना:

III.8.1 प्राधिकरण, निरीक्षण विभाग के माध्यम से विनियमित संस्थाओं द्वारा संबंधित अधिनियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों/ परिपत्रों, निदेशों, मानकों, आदि के उपबंधों के अनुपालन के संबंध में उनका स्थान-पर (ऑन-साइट) पर्यवेक्षण करता है।

III.8.2 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 33 और आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(एच) बीमा कंपनियों, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध अन्य संगठनों की जाँच सहित, स्थान पर (ऑन-साइट) निरीक्षण करने के लिए सांविधिक उपबंध निर्धारित करती हैं। पर्यवेक्षी निरीक्षण कम से कम एक दो-मुखी दृष्टिकोण अर्थात परोक्ष (ऑफ़-साइट) जाँच और स्थान पर (ऑन-साइट) निरीक्षण, को संबद्ध करता है। संबंधित अभिलेखों, लेखा-बहियों और व्यावसायिक कार्यकलापों की जाँच के द्वारा विनियमित संस्थाओं की कार्यपद्धति के

मूल्यांकन के लिए स्थान पर उनके व्यापक और संकेन्द्रित निरीक्षण किये गये। विभिन्न विनियामक उपबंधों और सभी अन्य प्रयोज्य विधियों की विशिष्ट अनुपालन स्थिति, प्रवर्तकों/ निदेशकों की जोखिम-वहन-क्षमता, व्यवसाय की आयोजना, जोखिम प्रबंध तथा कॉरपोरेट अभिशासन ढाँचे और समग्र जोखिम रूपरेखा (प्रोफाइल) का मूल्यांकन करने के लिए निरीक्षण संबंधी मानक नियम-पुस्तकें (मैनुअल्स) उपयुक्त रूप से आवश्यकतानुसार तैयार की गईं।

III.8.3 वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, निरीक्षण विभाग ने 58 निरीक्षण संचालित किये, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः

- **5 जीवन बीमा कंपनियाँ**
- **3 साधारण बीमा कंपनियाँ**
- **2 स्वास्थ्य बीमा कंपनियाँ**
- **11 बीमा दलाल**
- **14 अन्य पक्ष प्रबंधक (टीपीए)**
- **10 वेब संग्राहक**
- **9 कॉरपोरेट एजेंट, और**
- **4 संकेन्द्रित (फोकस्ड) निरीक्षण।**

संकेन्द्रित निरीक्षणों के क्षेत्रों में, बीमाकर्ताओं की शिकायत निवारण व्यवस्था, मध्यवर्तियों और अन्य संबंधित संस्थाओं के विशिष्ट वर्ग को भुगतान, और प्राधिकरण द्वारा प्राप्त की गई विशिष्ट शिकायतें, शामिल थीं।

III.9 बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 64यू के अधीन साधारण बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित की जानेवाली दरों, लाभों और शर्तों का नियंत्रण और विनियमन जो प्रशुल्क सलाहकार समिति द्वारा उतनी नियंत्रित और विनियमित नहीं हैं

III.9.1 मोटर अन्य पक्ष बीमा रक्षा को छोड़कर प्रशुल्क व्यवसाय के सभी वर्गों के लिए 1 जनवरी 2007 से गैर-जीवन उद्योग को प्रशुल्क से मुक्त (डीटैरिफिंग) करने के साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले कदम उठाये गये कि उत्पादों के कीमत-निर्धारण में बीमा कंपनियों को स्वतंत्रता हो। मोटर अन्य पक्ष बीमारक्षा के लिए, जो मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के उपबंधों के अंतर्गत अपेक्षित एक सांविधिक बीमा रक्षा है, प्राधिकरण ने दरों और शर्तों का निर्धारण करने के अधिकार अपने पास रख लिये हैं। प्राधिकरण ने दिनांक 15 अप्रैल 2011 के आदेश सं. आईआरडीए/ एनएल/ एनटीएफएन/ एमओटीपी/ 066/ 04/ 2011 के अनुसार अधिसूचित किया कि दरों के संशोधन के बीच लंबे अंतराल पॉलिसीधारकों एवं बीमा कंपनियों पर एक परिहार्य दबाव डालते हैं और इसलिए दरों की समीक्षा और समायोजन प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित फार्मूले के अनुरूप वार्षिक तौर पर किया जाएगा। निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रीमियम दरों में संशोधन को लागत मुद्रास्फीति सूचकांक, औसत दावा राशियों, मोटर टीपी व्यवसाय की सर्विसिंग में अंतर्ग्रस्त बारंबारता और व्ययों के साथ संबद्ध और स्थिर रखा गया है।

(क) प्राधिकरण ने भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ता का दायित्व) विनियम, 2015 2 जून 2015 को अधिसूचित किये।

(ख) प्राधिकरण ने ई-गाड़ियों ए3/ए4, ई-रिक्शाओं सी1(बी) के लिए मोटर अन्य पक्ष प्रीमियम दरों एवं किराये अथवा पारिश्रमिक सी4 के लिए यात्रियों को ले जानेवाली मोटरीकृत दुपहिया वाहनों के लिए यात्री प्रीमियम के संबंध में एक परिपत्र (संदर्भः आईआरडीए/ एनएल/ सीआईआर/ एमओटीपी/ 196/ 11/ 2015 दिनांक 4 नवंबर 2015) जारी किया।

(ग) प्राधिकरण ने (दिनांक 15 मार्च 2016 के परिपत्र संदर्भः सं. आईआरडीए/ एनएल/ सीआईआर/ एनआईएससी/ 051/ 03/ 2016 के अनुसार) 1 अप्रैल 2016 से वाणिज्यिक वाहन (केवल बीमा संबंधी कार्य) के लिए भारतीय मोटर अन्य पक्ष अस्वीकृत जोखिम समूह को विघटित करने का निर्णय किया।

(घ) प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए मोटर अन्य पक्ष देयता बीमा रक्षा के लिए प्रीमियम दरों के संबंध में एक आदेश जारी किया (संदर्भः आईआरडीए/ एनएल/ एनएफटीएन/ एमओटीपी/ 060/ 03/ 2015 दिनांक 28.03.2016)।

(ङ) भारतीय बीमा सूचना ब्यूरो ने दिनांक 2 फरवरी 2016 के संदर्भः आईआईबी/ ओएलबी/ 29/ 2015-16 द्वारा मानक फायर और विशेष जोखिमों (एसएफएसपी नीति) के संबंध में हानि लागतों से संबंधित 'जोखिम के कीमत-निर्धारण' संबंधी दिशानिर्देश जारी किये।

III.10 उस रूप और तरीके को विनिर्दिष्ट करना जिसमें बीमाकर्ताओं और अन्य बीमा मध्यवर्तियों द्वारा लेखा-बहियाँ रखी जाएँगी तथा लेखा-विवरण प्रस्तुत किये जाएँगे

III.10.1 बीमाकर्ताओं के वित्तीय विवरण समय-समय पर यथासशोधित आईआरडीए (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 और समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अंतर्गत भी निर्धारित रूप और तरीके से तैयार किये जाते हैं। लेखा-बहियाँ इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित मदें प्रस्तुत करने के लिए रखी जाती हैं।

मध्यवर्तियों के मामले में, लेखा-बहियों और वित्तीय विवरणों का रखरखाव संबंधित विनियमों/ परिपत्रों/ दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में और तरीके से किया जाएगा।

जहाँ कहीं भी प्राधिकरण ने वह रूप और तरीका निर्धारित नहीं किया है जिसमें लेखा-बहियों का अनुरक्षण किया जाना चाहिए, वहाँ कंपनी अधिनियम/ नियम और अन्य प्रयोज्य अधिनियम/ नियम लागू होंगे।

III.11 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों के निवेश का विनियमनः

III.11.1 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों के निवेश का विनियमन समय-समय पर यथासंशोधित आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000 द्वारा तथा समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों द्वारा किया जाता है।

III.11.2 निवेश के वैकल्पिक अवसर प्रदान करनाः

2015-16 के दौरान, प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं को म्युचुअल फंडों में निवेशों की पद्धति में 'अनुमोदित निवेशों' के भाग के रूप में जीआईएलटी-ईटीएफ में निवेश करने की अनुमति दी। जीआईएलटी-ईटीएफ बाजार में सक्रिय रूप से व्यापारित सरकारी प्रतिभूतियों के समूह में अथवा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध घटक के सूचकांक में निवेश करेंगे। बीमाकर्ता द्वारा न्यूनतम निवेश, निर्माण यूनिट आकार से कम नहीं होगा और वह किसी भी समय निर्माण यूनिट आकार से कम नहीं किया जाएगा तथा निर्माण यूनिट आकार निवेश के समय ₹50 लाख से अधिक नहीं होगा। समग्र व्यय अनुपात योजना की दैनिक निवल आस्तियों के 0.50% से कम होगा।

III.12 शोधक्षमता मार्जिन के अनुरक्षण का विनियमनः

III.12.1 प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीए के अनुसार अपेक्षित शोधक्षमता (साल्वेन्सी) मार्जिन का अनुरक्षण करे। प्रत्येक बीमाकर्ता आईआरडीए द्वारा निर्धारित राशि से अन्यून देयताओं की राशि की तुलना में आस्तियों के मूल्य के आधिक्य का अनुरक्षण करेगा, जो अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन के रूप में जाना जाएगा। आईआरडीए (बीमाकर्ताओं की आस्तियाँ, देयताएँ और शोधक्षमता मार्जिन) विनियम, 2000 में अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन की संगणना की पद्धति का विस्तार से वर्णन किया गया है।

III.12.2 जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में, न्यूनतम अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन पचास करोड़ रुपये (पुनर्बीमाकर्ता के मामले में एक सौ करोड़ रुपये) है तथा इसे प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से गणना कर प्राप्त किया जाएगा। बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 में शोधक्षमता के नियंत्रण स्तर के रूप में कहलानेवाले शोधक्षमता मार्जिन का स्तर विनिर्दिष्ट किया गया है, जिसका उल्लंघन करने पर, प्राधिकरण बीमाकर्ता को छह महीने से अनधिक विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर कमी को सुधारने के लिए कार्रवाई की योजना निर्दिष्ट करते हुए एक वित्तीय योजना प्रस्तुत करने के लिए निदेश देगा।

III.12.3 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में, अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन बीमाकर्ता अथवा पुनर्बीमाकर्ता के लिए न्यूनतम पूँजीगत अपेक्षा के पचास प्रतिशत का अधिकतम अथवा निम्नानुसार संगणित आरएसएम-1 और आरएसएम-2 का उच्चतर होगाः

- आरएसएम-1 से अभिप्रेत है - निवल प्रीमियमों पर आधारित अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन, तथा यह उस राशि के बीस प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जाएगा जो कारक ए और निवल प्रीमियमों द्वारा गुणा किये गये सकल प्रीमियमों का उच्चतर है। आरएसएम1 के परिकलन के प्रयोजन के लिए आवर्ती आधार पर पिछले 12 महीनों के प्रीमियम को हिसाब में लिया जाएगा।
- आरएसएम-2 से अभिप्रेत है निवल उपगत दावों पर आधारित अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन, तथा यह उस राशि के तीस प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जाएगा जो कारक बी और निवल उपगत दावों के द्वारा गुणा किये गये सकल उपगत दावों का उच्चतर है।

बॉक्स मद 3

भारतीय लेखांकन मानकों (इंड - एएस) की अधिसूचना

कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 कंपनी कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा 16 फरवरी 2015 को जी.एस.आर. 111 (ई) के जरिये अधिसूचित किये गये। उक्त नियम 1 अप्रैल 2015 से प्रवृत्त हुए तथा ये विनिर्दिष्ट कंपनियों के लिए एक चरणबद्ध तरीके से लागू हैं। तथापि, बीमा कंपनियों, बैंकिंग कंपनियों और गैर-बैंकिंग कंपनियों को इस अपेक्षा से छूट प्राप्त है।

बीमा क्षेत्र में इंड एएस पर प्रेस प्रकाशनी:

दिनांक 18 जनवरी 2016 की प्रेस प्रकाशनी में एमसीए ने बीमा क्षेत्र के लिए इंड एएस के कार्यान्वयन के लिए एक रूपरेखा निर्धारित की है। इसकी अपेक्षानुसार बीमाकर्ताओं/ बीमा कंपनियों को 31 मार्च 2018 को और उसके बाद समाप्त अवधियों के लिए तुलनात्मक विवरणों के साथ 1 अप्रैल 2018 से प्रारंभ करते हुए और उससे आगे लेखांकन अवधियों के लिए इंड एएस आधारित वित्तीय विवरण तैयार करने होंगे। बीमाकर्ता इंड एएस को तभी लागू करेंगे यदि वे कुछ विनिर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करेंगे। उसके पहले उन्हें इंड एएस को अपनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तथापि, यह विधि की वर्तमान अपेक्षाओं का पालन करने के लिए मूल कंपनी/ निवेशक से अपेक्षित रूप में उसकी मूल कंपनी/ निवेशक द्वारा समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के प्रयोजनों के लिए इंड एएस अनुपालनकर्ता वित्तीय विवरण उपलब्ध कराने से बीमाकर्ता/ बीमा कंपनी को नहीं रोकता।

इंड एएस के संबंध में आईआरडीएआई की पहलें

प्राधिकरण ने इंड एएस के लिए बीमा उद्योग को तैयार करने तथा जहाँ भी आवश्यक हो वहाँ उपयुक्त दिशानिर्देश उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित पहलें की हैं-

1. प्राधिकरण ने दिनांक 17 नवंबर 2015 के आदेश संदर्भ आईआरडीए/एफएण्डए/ ओआरडी/ एसीटीएस/ 201/ 11/ 2015 के अनुसार एक कार्यान्वयन दल का गठन किया है। इस कार्यान्वयन दल में लेखाकार, बीमांकक, उद्योग के विशेषज्ञ और प्राधिकरण के अधिकारी हैं।

उस कार्यान्वयन दल के लिए विचारार्थ विषयों के अंतर्गत यह अधिदेशात्मक किया गया है कि वह इंड एएस को कार्यान्वित करने के निहितार्थों की जाँच करे, कार्यान्वयन संबंधी समस्याओं का समाधान करे तथा भारतीय बीमा क्षेत्र में इंड एएस की ओर अभिमुख होने के लिए परिचालन दिशानिर्देशों के निर्माण को सुसाध्य बनाए।

उक्त कार्यान्वयन दल के अंतर्गत विभिन्न उप-समूह बनाये गये जिससे विभिन्न इंड एएस के संबंध मेँ संकेन्द्रित अध्ययन किया जा सके। उप-समूहों की कई बैठकें हैदराबाद और मुंबई में संपन्न हुईं। विभिन्न उप-समूहों की रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

2. इंड एएस वित्तीय विवरणों का प्रोफार्मा

प्राधिकरण ने दिनांक 1 मार्च 2016 के परिपत्र द्वारा निदेश दिया है कि बीमाकर्ताओं को 31 दिसंबर 2016 को समाप्त तिमाही से और उसके आगे इंड एएस वित्तीय विवरणों का प्रोफार्मा प्रस्तुत करना होगा।

बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे इंड एएस के कार्यान्वयन की दिशा मेँ प्रणालियों और प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक परिवर्तनों की योजना बनाएँ तथा अपने संबंधित संगठनों के अंदर संचालन समिति स्थापित करें जिसमें कार्यान्वयन की प्रक्रिया को प्रारंभ करने के लिए बहु-कार्यात्मक क्षेत्रों से लिये गये सदस्य होंगे। कार्यान्वयन की प्रक्रिया का पर्यवेक्षण बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति द्वारा किया जाना अपेक्षित है। उक्त इंड एएस कार्यान्वयन योजना में जिन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान (फैक्टर) करने की आवश्यकता है, उनमें शामिल हैं इंड एएस तकनीकी अपेक्षाएँ अर्थात वर्तमान लेखांकन ढाँचे और इंड एएस के बीच अंतरों का नैदानिक विश्लेषण, वित्तीय स्थितियों को प्रभावित करनेवाले महत्वपूर्ण लेखांकन नीतिगत निर्णय, लेखांकन नीतियों का प्रारूपण, प्रकटीकरणों की तैयारी, प्रलेखीकरण, प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरणों की तैयारी, इंड एएस में परिवर्तन के लिए समय-निर्धारण, तथा वास्तविक परिवर्तन के पहले लेखांकन प्रणालियों और संपूर्ण रिपोर्टिंग प्रक्रिया को प्रायोगिक तौर पर चलाना। बीमाकर्ताओं को

(जारी...)

जारी... बॉक्स मद 3

भारतीय लेखांकन मानकों (इंड-एएस) की अधिसूचना

यह भी सूचित किया गया कि वे प्रणालीगत परिवर्तनों का मूल्यांकन करें; व्यावसायिक प्रभाव का अध्ययन करें और संसाधन संबंधी अपेक्षाओं का मूल्यांकन करें।

बीमाकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे शोधक्षमता विनियमन अपेक्षाओं को हिसाब में लेते हुए पूँजी पर्याप्तता सहित अपनी वित्तीय स्थिति पर इंड एएस के कार्यान्वयन के प्रभाव का आकलन करें और अपने बोर्डों को तिमाही प्रगति रिपोर्टें प्रस्तुत करें। इंड एएस के कार्यान्वयन के लिए कार्यनीति और इस संबंध में की गई प्रगति का प्रकटीकरण वित्तीय वर्ष 2015-16 से लेकर कार्यान्वयन होने तक वार्षिक रिपोर्ट में किया जाएगा।

3. प्रशिक्षण और लोकसंपर्क

प्राधिकरण ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के साथ समन्वय करते हुए आईआरडीएआई के अधिकारियों के लिए छह दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राधिकरण बीमा क्षेत्र में इंड एएस के कार्यान्वयन की सुचारु प्रक्रिया को सुसाध्य बनाने के लिए विभिन्न मंचों पर उद्योग से संपर्क कर रहा है।

उद्योग द्वारा तैयारियाँ

बीमा कंपनियों ने अपने संबंधित संगठनों में अपेक्षाओं को कार्यान्वित करने के लिए संचालन समितियों / केन्द्रीय (नोडल) अधिकारियों को नियुक्त किया है।

आईएएसबी द्वारा बीमा संविदाओं संबंधी मानक में संशोधन

अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (बोर्ड) ने 17 मई 2016 को नये बीमा संविदा मानक को कार्यान्वित करने से पहले नये वित्तीय लिखत मानक आईएफआरएस 9, जो आईएफआरएस 4 को प्रतिस्थापित करेगा, को कार्यान्वित करने से उत्पन्न होनेवाली समस्याओं का समाधान करने के लिए वर्तमान बीमा संविदा मानक, आईएफआरएस 4 में संशोधन घोषित किये हैं। निर्दिष्ट संशोधन निम्नानुसार हैं :

- नये बीमा संविदा मानक से पहले आईएफआरएस 9 को लागू करते समय वित्तीय आस्तियों के मापन में कुछ परिवर्तनों के कारण उत्पन्न होनेवाली अस्थिरता को लाभ या हानि से हटाने का विकल्प उन कंपनियों को देना जो बीमा संविदाएँ जारी करती हैं; तथा
- 2021 तक आईएफआरएस 9 को लागू करने से एक वैकल्पिक अस्थायी छूट उन कंपनियों को देना जिनके प्रधान कार्यकलाप बीमा से संबंधित हैं।

आईसीएआई के साथ प्राधिकरण ने, प्रस्तावित परिवर्तनों पर उद्योग के विचार जानने के लिए उनसे भेंट की तथा आईसीएआई आईएफआरएस 4 में किये गये इसी प्रकार के संशोधन भारत में समतुल्य मानक अर्थात् इंड एएस 104 में लाने के लिए कार्य कर रहा है।

वर्तमान जीएएपी से इंड एएस में सुचारु रूप से परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए विनियमनकर्ता उद्योग और आईसीएआई के साथ ध्यानपूर्वक कार्य कर रहा है।

III.13 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों के बीच विवादों का न्यायनिर्णयन

III.13.1 आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2013 के विनियम 51(3) के अनुसार, किसी बीमा दलाल और बीमाकर्ता अथवा किसी अन्य व्यक्ति के बीच बीमा दलाल के रूप में उसकी नियुक्ति के दौरान अथवा अन्य प्रकार से उत्पन्न होनेवाला कोई भी विवाद इस प्रकार प्रभावित व्यक्ति द्वारा प्राधिकरण को संदर्भित किया जाएगा; तथा शिकायत अथवा अभ्यावेदन के प्राप्त होने पर प्राधिकरण उस शिकायत की जाँच कर सकता है एवं यदि आवश्यक पाया जाता है तो इन विनियमों के अनुसार जाँच अथवा निरीक्षण अथवा अन्वेषण संचालित करने के लिए अग्रसर हो सकता है।

III.13.2 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने न्यायनिर्णयन के लिए इस प्रकार का कोई अनुरोध प्राप्त नहीं किया है।

III.14 पैरा '6' में उल्लिखित व्यावसायिक संगठनों के संवर्धन और विनियमन के लिए योजनाओं के वित्तपोषण हेतु बीमाकर्ता की प्रीमियम आय के प्रतिशत को विनिर्दिष्ट करना

III.14.1 प्राधिकरण ने पैरा (6) में उल्लिखित व्यावसायिक संगठनों के संवर्धन और विनियमन के लिए योजनाओं का वित्तपोषण करने हेतु बीमाकर्ता की प्रीमियम आय का कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं किया है।

बॉक्स मद 4

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 105 सी के अधीन
न्यायनिर्णयन की कार्यवाही

बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने बीमा अधिनियम की विभिन्न धाराओं में उल्लिखित कुछ अपेक्षाओं का उल्लंघन करने के लिए उल्लंघनों का न्यायनिर्णयन करना और दोषी संस्थाओं पर दंड लागू करना प्रारंभ किया। बीमा अधिनियम की धारा 105सी (1) में उल्लिखित केवल विशिष्ट उल्लंघनों के संबंध में ही दंड लगाने के लिए न्यायनिर्णयन करना होगा।

प्राधिकरण निर्धारित तरीके से जाँच आयोजित करने के लिए न्यायनिर्णयन अधिकारी के रूप में संयुक्त निदेशक (अब महा प्रबंधक) से अन्यून हैसियत के किसी अधिकारी अथवा उसके समतुल्य अधिकारी को नियुक्त करेगा। न्यायनिर्णयन अधिकारी (एओ) जाँच रिपोर्ट जारी करने से पहले संबंधित को अपनी बात कहने के लिए सुनवाई का एक उचित अवसर देगा। प्राधिकरण संबंधित की बात सुनने के बाद संबंधित धाराओं में की गई व्यवस्था के अनुसार दंड लगा सकता है।

एओ द्वारा दंड की मात्रा की सिफारिश करते समय और प्राधिकरण द्वारा ऐसा दंड लगाते समय निम्नलिखित कारकों के प्रति उचित ध्यान दिया जाएगा, अर्थात.-

क) चूक के परिणामस्वरूप, जहाँ भी परिमाण निर्धारित किया जा सकता है वहाँ असंगत लाभ अथवा अनुचित लाभ की राशि;
ख) चूक के परिणामस्वरूप पॉलिसीधारकों को हुई हानि की राशि; और
ग) चूक का आवृत्तीय स्वरूप।

अधिनियम की धारा 114(2)(एलए) के अनुसरण में न्यायनिर्णयन अधिकारी द्वारा जाँच आयोजित करने की विधि केन्द्र सरकार द्वारा 17 फरवरी 2016 को अधिसूचित बीमा (न्यायनिर्णयन अधिकारी द्वारा जाँच आयोजित करने के लिए प्रक्रिया) नियम, 1976 के अनुसार निर्धारित की गई। न्यायनिर्णयन प्रक्रिया में मोटे तौर पर निम्नलिखित शामिल हैं :

- न्यायनिर्णयन अधिकारी (एओ) के रूप में संयुक्त निदेशक (अब महा प्रबंधक) से अन्यून हैसियत का एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।
- एओ पहले दौर में, उल्लंघन करने के तौर पर आरोपित व्यक्ति को उससे कारण दर्शाने की अपेक्षा करते हुए एक नोटिस जारी करेगा कि उसके विरुद्ध जाँच क्यों नहीं आयोजित की जानी चाहिए।
- उक्त नोटिस में उस अपराध का स्वरूप निर्दिष्ट किया जाएगा जिसे करने का आरोप लगाया गया है।
- उक्त व्यक्ति द्वारा दर्शाया गया कारण, यदि कोई हो, पर विचार करने के बाद यदि एओ जाँच आयोजित करने का निर्णय करता है तो वह उस व्यक्ति की उपस्थिति के लिए एक तारीख निर्धारित करते हुए नोटिस जारी करेगा।
- संबंधित दस्तावेज, साक्ष्य आदि प्रस्तुत करने के लिए मामले के तथ्यों और परिस्थितियों से अवगत किसी व्यक्ति को समन करने और उसकी उपस्थिति को प्रवर्तित करने के लिए एओ के पास शक्ति है।
- निर्धारित तारीख को एओ उक्त व्यक्ति पर जो अपराध करने का आरोप लगाया गया है, वह अपराध उस व्यक्ति को स्पष्ट करेगा और उल्लंघन किये गये अधिनियम के उपबंध स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करेगा।
- एओ जाँच के लिए संगत दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए उक्त व्यक्ति को एक अवसर देगा।
- एओ संबंधित सभी तथ्यों और उक्त व्यक्ति द्वारा की गई प्रस्तुतियों को ध्यान में रखने के बाद यदि वह संतुष्ट है कि उक्त व्यक्ति ने धारा 105सी(1) में विनिर्दिष्ट किसी भी धारा के उपबंधों का उल्लंघन किया है, अपनी रिपोर्ट में ऐसे दंड की सिफारिश कर सकता है जो वह अधिनियम के संबंधित उपबंधों के अनुसार उचित समझता है।

धारा 105सी(1) में उल्लिखित धाराओं का एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं.	बीमा अधिनियम, 1938 की धारा	अपेक्षा
1	2सीबी(2)	भारत में संपत्तियों/भारत में पंजीकृत जहाज/विमान का बीमा प्राधिकरण की अनुमति के बिना विदेशी बीमाकर्ता के पास नहीं किया जा सकता।
2	34(बी)(4)	कार्यालय से प्रबंधकीय व्यक्तियों (निदेशक/सीईओ) को हटाने के लिए प्राधिकरण द्वारा धारा 34(बी)(1 और 2) के अधीन जारी किये गये आदेशों का उल्लंघन

(जारी...)

जारी... बॉक्स मद 4

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 105 सी के अधीन न्यायनिर्णयन की कार्यवाही

3	40(3)	लाइसेंसरहित संस्थाओं को कमीशन/पारिश्रमिक/प्रतिफल का भुगतान तथा विनियम (40(1)) द्वारा विनिर्दिष्ट विधि का अनुसरण किये बिना इन प्रतिफलों का भुगतान भी।
		मध्यवर्तियों के द्वारा ऐसे प्रतिफलों की प्राप्ति के लिए भी दंड लगाया जा सकता है (40(2))
4	41(2)	रिबेट का निषेध
5	42(4)	अपेक्षित योग्यताओं के बिना बीमा एजेंट के रूप में कार्य करना तथा एक जीवन, एक स्वास्थ्य, एक साधारण और एकल व्यवस्था वाले (मोनो लाइन) बीमाकर्ताओं में से प्रत्येक व्यवस्था में एक से अधिक बीमाकर्ता के लिए एजेंट के रूप में कार्य करना
6	42(5)	निर्धारित आचरण-संहिता का पालन करने में एजेंट की चूक (प्रतिस्थानिक दायित्व)
7	42(डी)(8)	प्राधिकरण से पंजीकरण प्राप्त किये बिना बीमा मध्यवर्ती के रूप में कार्य करना
8	42(डी)(9)	यदि उपर्युक्त उल्लंघन कंपनी/फर्म द्वारा किया गया हो
9	52एफ	प्रशासक से दस्तावेज / संपत्ति रोक रखना
10	105बी	धारा 32बी के अधीन ग्रामीण और सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ
11	105बी	ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ, धारा 32सी के अधीन ग्रामीण क्षेत्र के दायित्वों, असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, फ़सल बीमा दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ
12	105बी	धारा 32डी के अधीन मोटर वाहनों के अन्य पक्ष जोखिम में जोखिम-अंकन दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ

III.15 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में बीमाकर्ताओं द्वारा किये जानेवाले जीवन बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय के प्रतिशत को विनिर्दिष्ट करना

III.15.1 आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015, 24 अगस्त 2015 को अधिसूचित किये गये हैं तथा ये आईआरडीए (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2002 का अधिक्रमण करेंगे। इन विनियमों में उल्लिखित दायित्व वित्तीय वर्ष 2016-17 से लागू होंगे। वित्तीय वर्ष 2015-16 तक समय-समय पर यथासशोधित आईआरडीए (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2002 के अनुसार दायित्व लागू थे।

बीमाकर्ताओं के दायित्व निम्नानुसार हैं :

III.15.2 ग्रामीण क्षेत्र

(क) जीवन बीमाकर्ता के संबंध में संबंधित वर्षों में अंकित पॉलिसियों की कुल संख्या के निम्नलिखित प्रतिशत इसके नीचे दर्शाये गये हैं :-

क्र सं	प्रारंभ से वित्तीय वर्ष	पॉलिसियों की संख्या का प्रतिशत
1	पहला वर्ष	7%
2	दूसरा वर्ष	9%
3	तीसरा वर्ष	12%
4	चौथा वर्ष	14%
5	पाँचवाँ वर्ष	16%
6	छठवाँ और सातवाँ वर्ष	18%
7	आठवाँ और नौवाँ वर्ष	19%
8	दसवाँ वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वर्ष	20%

(ख) साधारण बीमाकर्ता के संबंध में संबंधित वर्षों में प्रत्यक्ष रूप से अंकित सकल प्रीमियम आय का प्रतिशत नीचे दर्शाया गया हैः-

क्र सं	प्रारंभ से वित्तीय वर्ष	प्रत्यक्ष रूप से अंकित सकल प्रीमियम का प्रतिशत
1	पहला वर्ष	2%
2	दूसरा वर्ष	3%
3	तीसरे वर्ष से सातवें वर्ष तक	5%
4	आठवाँ वर्ष	6%
5	नौवाँ वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वर्ष	7%

(ग) स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के संबंध में :-

साधारण बीमाकर्ताओं के लिए निर्धारित दायित्वों का 50%.

III.15.3 सामाजिक क्षेत्र

- सभी बीमाकर्ताओं के संबंध में (जीवन, गैर-जीवन, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य) :-

वर्षों में बीमाकर्ता का कार्यकाल (एज)	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में प्राप्त कुल व्यवसाय** पर संगणित 'सामाजिक क्षेत्र जीवनों का प्रतिशत'
1	0.5%
2	1%
3	1.5%
4	2%
5	2.5%
6	3%
7	3.5%
8	4%
9	4.5%
10 और उससे अधिक	5%

**इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए कुल व्यवसाय वैयक्तिक बीमा के मामले में जारी की गई पॉलिसियों की कुल संख्या तथा सामूहिक बीमा के मामले में समाविष्ट जीवनों की संख्या है। पारिवारिक सदस्यों के जीवनों को सम्मिलित करनेवाली वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के मामले में ऐसी पॉलिसी के अंतर्गत समाविष्ट जीवन, लक्ष्य के निर्धारण और वास्तविक कार्यनिष्पादन -- दोनों में गणना में लिये जा सकते हैं।

उस स्थिति में जहाँ बीमाकर्ता वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में परिचालन प्रारंभ करता है तथा संबंधित वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को छह महीने से कम अवधि के लिए परिचालन में है,

(i) उपर्युक्त अवधि के लिए कोई ग्रामीण और सामाजिक दायित्व लागू नहीं होंगे, और

(ii) विनियमों में निर्दिष्ट रूप में वार्षिक दायित्वों की गणना वित्तीय वर्ष 2016-17 से की जाएगी, वह परिचालनों के पहले वर्ष के रूप में माना जाएगा तथा पहले वर्ष के लिए लागू दायित्व सामाजिक क्षेत्र के लिए 2500 जीवन होंगे, ग्रामीण क्षेत्र के लिए दायित्व पहले वर्ष के लिए निर्धारित प्रतिशत के आधे होंगे।

III.15.4 इसके अतिरिक्त, सूक्ष्म बीमा को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों को सूक्ष्म बीमा विनियमों के साथ पंक्तिबद्ध करने के लिए अनुपालन की विधि सूक्ष्म बीमा विनियमों के साथ संबद्ध की गई है।

भाग IV
संगठनात्मक विषय

IV.1 संगठन

IV.1.1 श्री टी.एस. विजयन, जो 21 फरवरी, 2013 से भारत सरकार द्वारा प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त हैं, उक्त पद पर जारी हैं। श्री एम राम प्रसाद, पूर्णकालिक सदस्य (गैर-जीवन) 1 मई 2015 को प्राधिकरण की सेवाओं से निवृत्त हुए थे। श्री डी.डी. सिंह, पूर्णकालिक सदस्य (वितरण) और सुश्री पूर्णिमा गुप्ते, पूर्णकालिक सदस्य (बीमांकक) वर्ष के दौरान प्राधिकरण में जारी रहे।

भारत सरकार ने प्राधिकरण के निम्नलिखित तीन पूर्णकालिक सदस्यों को नियुक्त किया थाः

i) श्रीमती विजयलक्ष्मी राजाराम अय्यर, पूर्णकालिक सदस्य (एफएण्डआई) 15 जून 2015 से।

ii) श्री नीलेश साठे, पूर्णकालिक सदस्य (जीवन) 1 जुलाई 2015 से।

ii) श्री जोसेफ प्लाप्पल्लिल जे, पूर्णकालिक सदस्य (गैर-जीवन) 29 मार्च 2016 से।

IV.1.2 प्रो. वी. के. गुप्ता, निदेशक, प्रबंध विकास संस्थान, (एमडीआई), गुड़गाँव, प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य की अवधि 21 फरवरी 2016 को समाप्त हो गई। सीए एम. देवराज रेड्डी, अध्यक्ष, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान 12 फरवरी 2016 से सीए मनोज फडणीस के स्थान पर प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य बने। श्री आलोक टंडन, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय को श्री अनूप वाधवान, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय के स्थान पर 14 सितंबर 2015 से प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। श्री एस. बी. माथुर, भूतपूर्व अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ष के दौरान प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में जारी रहे।

IV.2 प्राधिकरण की बैठकें

IV.2.1 वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्राधिकरण की पाँच बैठकें आयोजित की गईं। इसी अवधि में बीमा सलाहकार समिति की पाँच बैठकें बुलाई गईं। विवरण इसके नीचे दिया जाता हैः

प्राधिकरण की बैठकें :

1) प्राधिकरण की 88वीं बैठक 24 जून 2015 को आयोजित की गई

2) प्राधिकरण की 89वीं बैठक 12 अक्तूबर 2015 को आयोजित की गई

3) प्राधिकरण की 90वीं बैठक 24 नवंबर 2015 को आयोजित की गई

4) प्राधिकरण की 91वीं बैठक 04 जनवरी 2016 को आयोजित की गई

5) प्राधिकरण की 92वीं बैठक 11 मार्च 2016 को आयोजित की गई

बीमा सलाहकार समिति (आईएसी) की बैठकें :

1) आईएसी की 26वीं बैठक 12 जून 2015 को आयोजित की गई

2) आईएसी की 27वीं बैठक 05 अक्तूबर 2015 को आयोजित की गई

3) आईएसी की 28वीं बैठक 22 दिसंबर 2015 को आयोजित की गई

4) आईएसी की 29वीं बैठक 08 फरवरी 2016 को आयोजित की गई

5) आईएसी की 30वीं बैठक 19 फरवरी 2016 को आयोजित की गई

IV.3 मानव संसाधन

IV.3.1 स्टाफ संख्या और अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता की समीक्षा समय-समय पर की जाती है। 31-03-2016 की स्थिति के अनुसार प्राधिकरण की स्टाफ संख्या निम्नानुसार थीः-

क्रम सं.	श्रेणी	31-03-2015 को	31-03-2016 को
1	I	142	141
2	III	3	19

- वर्ष 2015-16 के दौरान संयुक्त निदेशक के संवर्ग में एक अधिकारी सेवानिवृत्त हुआ था और सहायक के संवर्ग में सोलह कर्मचारी प्राधिकरण की सेवाओं में सम्मिलित हुए थे।

- 24 कनिष्ठ अधिकारियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया जनवरी 2016 में प्रारंभ की गई।

- एनएआईसी फेलोस कार्यक्रम के लिए चार अधिकारियों को नामित किया गया।

- कनिष्ठ अधिकारी, सहायक निदेशक और वरिष्ठ सहायक निदेशक के संवर्ग में पदोन्नत अधिकारियों के लिए प्रवेश/उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये।

आईआरडीएआई द्वारा किये गये क्षमता निर्माण के उपाय

IV.3.2 एफएसएलआरसी की गैर-विधायी सिफारिश के कार्यान्वयन के भाग के रूप में तथा आईआरडीएआई के अधिकारियों को सामान्य रूप से एफएसएलआरसी सिफारिशों और भारतीय वित्तीय कोड एवं विशेष रूप से गैर-विधायी सिफारिशों की विषय-वस्तु और आशय (इंपोर्ट) के बारे में अवगत कराने के लिए विधि विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन किया गया, ताकि आईआरडीएआई का प्रत्येक कर्मचारी एफएसएलआरसी, आईएफसी और गैर-विधायी सिफारिशों के मुख्य पहलुओं से परिचित हो सके।

i) एनएएलएसएआर, हैदराबाद के द्वारा आईआरडीएआई के अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय कार्यकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम (आवसीय) का संचालन विनियम के प्रारूपण, कानूनी प्रणाली को अद्यतन करना जिसके अंतर्गत प्राधिकरण परिचालन करता है, आरटीआई से संबंधित विधि और बीमा के क्षेत्रों में हाल की अंतरराष्ट्रीय प्रवृत्तियों के विषयों पर किया गया, जिसमें 5 समूहों में 152 सहभागियों को जून-अगस्त 2015 के दौरान प्रशिक्षण दिया गया।

ii) जाँच के संचालन, प्रवर्तन और न्यायनिर्णयन के संबंध में ईडी, सेबी के साथ न्यायनिर्णयन और एसएटी को अपील संबंधी परस्पर सक्रिय (इंटर-ऐक्टिव) सत्र का आयोजन 27-11-2015 को किया गया।

ii) 05.12.2015 को 'विनियम के प्रारूपण सिद्धांत और सर्वोत्तम प्रथाएँ' पर एक सत्र डॉ. के. एन. चतुर्वेदी, भूतपूर्व सचिव, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित किया गया जिसमें 60 कर्मचारियों ने भाग लिया।

iv) भारतीय वित्तीय कोड एवं एफएसएलआरसी द्वारा की गई गैर-विधायी सिफारिशों पर विधि विभाग द्वारा तीन आंतरिक (इन-हाउस) सत्र संचालित किये गये जिनमें सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया।

एफएसएलआरसी, आईएफसी और एनएलआर के बारे में सूचना आईआरडीएआई के सभी स्टाफ-सदस्यों द्वारा पहुँच के लिए इंट्रानेट पर भी रखी गई।

IV.4 महिला कर्मचारियों के लिए आंतरिक समिति

IV.4.1 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतिकार) अधिनियम, 2013' के उपबंधों के अनुसार इस संबंध में शिकायतों का निवारण करने एवं उक्त अधिनियम में निर्धारित विभिन्न उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से 1 मार्च 2013 के कार्यालय आदेश संदर्भ आईआरडीए/एडीएमएन/ओआरडी/पीईआर/41/3/2013 द्वारा एक आंतरिक शिकायत समिति गठित की गई है।

IV.4.2 उक्त समिति ने अधिनियम के उपबंधों के संबंध में कर्मचारियों को शिक्षित करने एवं कर्मचारियों के लिए अभिमुखता कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता महसूस की।

IV.5 राजभाषा का संवर्धन

IV.5.1 भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने कार्यालय के कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने एवं राजभाषा अधिनियम, 1963 और उसके अधीन बनाये गये नियम 1976 के उपबंधों का उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संगठित प्रयास करना जारी रखा।

IV.5.2 इन नियमों और उपबंधों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण का राजभाषा विभाग प्राधिकरण के विभागों द्वारा अपेक्षित रूप में हिन्दी से अंग्रेजी और विलोमतः अनुवाद की व्यवस्था करता है, दस्तावेजों पर हिन्दी में हस्ताक्षर करने, बैठकें हिन्दी में संचालित करने, रजिस्टरों में प्रविष्टियाँ हिन्दी में करने, कार्यालय नोट द्विभाषिक रूप में बनाने, तकनीकी और गैर-तकनीकी दस्तावेजों के द्विभाषिक अग्रेषण पत्र बनाने, ई-मेलों में द्विभाषिक संपर्क विवरण का प्रयोग करने, कार्यालय नोटों पर हिन्दी में टिप्पणियाँ लिखने, आदि के द्वारा अपने दैनंदिन कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रोत्साहित करता है।

IV.5.3 संसद के पटल पर रखे जानेवाले सभी दस्तावेज भी द्विभाषिक रूप में तैयार किये गये हैं। भारत के संविधान, राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम, वार्षिक कार्यक्रम और समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों में निहित संघ की राजभाषा नीति का उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किये गये। राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के दायरे में आनेवाले सभी दस्तावेज अर्थात् महत्वपूर्ण अधिसूचनाएँ/ विनियम, परिपत्र, आदेश, प्रशासनिक और अन्य रिपोर्टें, वार्षिक रिपोर्टें, प्रेस विज्ञप्तियाँ, लाइसेंस, संविदाएँ, करार द्विभाषिक रूप में बनाये गये। राजभाषा नियमों के नियम 5 और नियम 7(2) का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए हिन्दी में हस्ताक्षरित पत्रों, अभ्यावेदनों/ अपीलों/ आरटीआई आवेदनों के उत्तर हिन्दी में दिये गये।

IV.5.4 प्राधिकरण के राजभाषा विभाग द्वारा विकसित किये गये ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा दिये गये फार्मेट के अनुसार राजभाषा विभाग ने प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के हिन्दी ज्ञान से संबंधित डेटा का संग्रहण किया, जिसे कार्यालय के इंट्रानेट पर उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार, राजभाषा विभाग ने उक्त मंत्रालय द्वारा दिये गये फार्मेट के अनुसार सभी विभागों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट से संबंधित डेटा का संग्रहण किया।

IV.5.5 प्राधिकरण ने वर्ष 2015-16 में राजभाषा विभाग में राजभाषा सहायक की नियुक्ति के लिए भर्ती की कार्रवाई संचालित की, जिसने माह जुलाई 2016 में सेवा में सम्मिलित हुआ।

IV.5.6 दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय (डीआरओ) में राजभाषा विभाग निर्मित किया गया तथा राजभाषा विभाग के प्रमुख के रूप में एक वरिष्ठ अधिकारी को और राजभाषा अधिकारी के रूप में एक अन्य अधिकारी को पदनामित किया गया। प्रधान कार्यालय के मार्गदर्शन में डीआरओ में राजभाषा के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना इन दोनों अधिकारियों का कर्तव्य है।

IV.5.7 राजभाषा विभाग ने दैनिक आधार पर प्राधिकरण के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को द्विभाषिक रूप में उदाहरण के साथ 'आज का शब्द' और 'आज का सुविचार' प्रेषित किया। हिन्दी पुस्तकें पढ़ने और अपना हिन्दी ज्ञान बढ़ाने में रुचि विकसित करने के लिए सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्राधिकरण के पुस्तकालय में हिन्दी में उपलब्ध पुस्तकों की सूची सबको भेजी गई।

IV.5.8 प्राधिकरण ने 14 सितंबर 2015 से प्रारंभ करते हुए हिन्दी पखवाड़ा मनाया जिसका उद्घाटन प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस आयोजन के लिए प्रत्येक विभाग से कम से कम एक अधिकारी को लेते हुए एक हिन्दी पखवाड़ा समारोह समिति का गठन किया गया। इस उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जैसे निबंध लेखन, आशुभाषण और अंताक्षरी। हिन्दी भाषा संवर्धन सामग्री से युक्त एक पेन-ड्राइव प्राधिकरण के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों के बीच वितरित किया गया। पखवाड़े का समापन उत्सव एक सांस्कृतिक समारोह के रूप में एक बड़े सम्मेलन हॉल में आयोजित किया गया। समापन समारोह में बीमा उद्योग से एक अनुभवी हिन्दी अधिकारी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना एवं सदस्य (जीवन और राजभाषा), मुख्य अतिथि और प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप-प्रज्वलन के साथ किया गया। पखवाड़ा उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में जिन अधिकारियों / कर्मचारियों ने भाग लिया, उन सभी को दो वर्गों (हिन्दी भाषी और अहिन्दी भाषी) में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार वितरित किये गये।

IV.5.9 प्राधिकरण अपनी तिमाही गृह-पत्रिका 'स्पंदन' द्विभाषिक रूप में प्रकाशित करता है, जिसमें दोनों हिन्दी और अंग्रेजी में रचनाएँ प्रकाशित की जाती हैं।

IV.5.10 प्राधिकरण का संचार विभाग भी एक वेबसाइट 'policyholder.gov.in' संचालित करता है और यह वेबसाइट भी द्विभाषिक है। यह विभाग 'बीमा बेमिसाल' कहलानेवाले उपभोक्ता जागरूकता अभियान में बहुत-सारी हिन्दी सामग्री नियमित रूप से प्रकाशित कर रहा है जिसका वितरण जनसाधारण, स्कूली छात्रों, आदि के बीच किया जाता है। इस विभाग ने सार्वजनिक जागरूकता के वीडियो और कार्टून फिल्में भी हिन्दी में बनाई हैं। प्राधिकरण ने अपना तारीख-कैलेंडर द्विभाषी रूप में प्रकाशित किया है।

IV.6 अनुसंधान और विकास

IV.6.1 वार्षिक रिपोर्ट और भारतीय बीमा सांख्यिकी पर पुस्तिका (हैंड-बुक) के संकलन के लिए केन्द्रीय स्थल (नोडल पॉइन्ट) के रूप में विभाग का रहना जारी है, जो समय-शृंखला डेटा से युक्त एक वार्षिक प्रकाशन है।

IV.6.2 2008 में भारतीय बीमा संबंधी हैंड-बुक के प्रथम संस्करण के प्रकाशन के परिणामस्वरूप, अनुसंधान और विकास विभाग ने उद्योग में विभिन्न हितधारकों की बढ़ती हुई आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए इस प्रकाशन के दायरे का विस्तार करना जारी रखा। इस हैंड-बुक का 8वाँ संस्करण मार्च 2016 में प्रकाशित किया गया जिसमें 93 समय-शृंखला डेटा सारणियाँ शामिल की गईं। विभाग द्वारा इस हैंड-बुक के 9वें संस्करण के विस्तार और विषय-वस्तु में सुधार करने के लिए प्रयास जारी है जिसके दिसंबर 2016 में प्रकाशित होने की संभावना है।

IV.6.3 आर एण्ड डी अनुभाग विभिन्न प्रकार का डेटा भारतीय रिज़र्व बैंक, एमओएसपीआई और डीएफएस को उपलब्ध कराता रहा है। डेटा के कुछ प्रकारों का स्वरूप आवधिक है।

IV.6.4 भारत सरकार ने बीमा क्षेत्र के लिए दो उप-समितियों का गठन किया है, एक 'सेवा उत्पादन सूचकांक' के निर्माण और दूसरी 'सेवा कीमत सूचकांक' के निर्माण के लिए है। बीमा क्षेत्र के लिए सेवा उत्पादन सूचकांक विकसित करने हेतु सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा फरवरी 2012 में गठित उप-समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट एमओएसपीआई को 14.07.2015 को प्रस्तुत की।

IV.6.5 दिसंबर 2011 में औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बीमा क्षेत्र के लिए सेवा कीमत सूचकांक के विकास के लिए गठित उप-समिति ने बहुविध दृष्टिकोणों से कार्य किया। सेवा कीमत सूचकांक संबंधी रिपोर्ट का प्रारूप विशेषज्ञ समिति को 30.09.2015 को तकनीकी सलाहकार समिति के साथ उसकी संयुक्त बैठक में प्रस्तुत किया गया। विशेषज्ञ समिति के सुझावों के आधार पर 15-16.02.2016 को आयोजित उप-समिति की सातवीं बैठक में कार्यपद्धति की समीक्षा की गई। बीमा क्षेत्र कीमत सूचकांक संबंधी अंतिम रिपोर्ट के अनुवर्ती वर्ष में प्रस्तुत किये जाने की संभावना है।

IV.6.6 उक्त दोनों उप-समितियों की अध्यक्षता श्री श्रीराम तरणीकांति, कार्यकारी निदेशक द्वारा की गई तथा आईआरडीएआई से एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी द्वारा भी इनमें प्रतिनिधित्व किया गया। दोनों उप-समितियों को क्षेत्रीय विकास विभाग (एसडीडी) का आर एण्ड डी खंड सचिवीय सहायता प्रदान करता रहा है। इसके अलावा, इन उप-समितियों के कार्य की प्रगति में विभाग के अधिकारी घनिष्ठ रूप से संबद्ध रहे हैं।

IV.6.7 आर एण्ड डी अनुभाग विश्व औसत की तुलना में हमारे देश में कम बीमा व्यापन के लिए कारण और इसके साथ संबंधित विभिन्न वितरण माध्यमों की भूमिका का पता लगाने के लिए अनुसंधान परियोजना संचालित कर रहा है।

IV.7 सूचना प्रौद्योगिकी की स्थिति

प्रभावी पर्यवेक्षण और निगरानी केवल तभी संभव है जब सशक्त आईटी प्रणालियाँ विद्यमान हों। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग इस दिशा में निरंतर अग्रसर है तथा इस वर्ष के दौरान विभाग द्वारा किये गये कुछ कार्यकलाप निम्नानुसार हैं :

IV.7.1 व्यावसायिक विश्लेषण-पद्धति परियोजना (बीएपी)

समूची प्रणाली का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया गया तथा प्रयोक्ता स्वीकृति परीक्षण (यूएटी), प्रयोक्ता प्रशिक्षण (दोनों आंतरिक और बाह्य प्रयोक्ताओं के लिए) और पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूलों के लिए नियंत्रित उपयोग (गो-लाइव) का संचालन करने के बाद इसे परिचालित किया गया। प्रयोक्ता विभागों द्वारा औपचारिक परिपत्र जारी किये गये तथा विनियमित संस्थाओं ने विवरणियाँ/ डेटा ऑनलाइन फाइल करना प्रारंभ किया है। विनियमित संस्थाएँ समांतर रूप में अयांत्रिक प्रणाली के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तुति जारी रखेंगी। जैसे ही इन मॉड्यूलों के परिचालन पूरी तरह सुस्थिर हो जाएँगे, अयांत्रिक रूप में फाइलिंग को क्रमशः छोड़ दिया जाएगा।

IV.7.2 आंतरिक अनुप्रयोग

इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित नये अनुप्रयोग आंतरिक रूप से विकसित किये गये और विभिन्न विभागों के लिए कार्यान्वित किये गये।

i) संचालित एचओडी बैठकों के प्रस्तुतीकरणों का अपलोडिंग करने के लिए अनुप्रयोग।

ii) विभिन्न रिपोर्टों तथा राज्य-स्तरीय अधिकारियों (एसएलओ) द्वारा आयोजित राज्य-स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की बैठकों के कार्यवृत्तों का अपलोडिंग करने के लिए अनुप्रयोग।

iii) कानूनी मामलों के रखरखाव के लिए अनुप्रयोग।

iv) शिकायतें दर्ज करने और निगरानी करने के लिए आईटी हेल्प डेस्क हेतु अनुप्रयोग।

इस वर्ष के दौरान वर्तमान आंतरिक अनुप्रयोगों में विभिन्न संवर्धन किये गये और उनका सारांश निम्नानुसार हैः

i) सीमापार पुनर्बीमा में फाइलिंग कार्यविधि।

ii) सम्मेलन कक्ष का बुकिंग।

सतर्कता संबंधी सूचना, आंतरिक लेखा-परीक्षा एवं क्षेत्रीय विकास विभाग संबंधी सूचना के प्रसार हेतु अलग ऊर्ध्वाधरों (वर्टिकलों) को शामिल करने के लिए इंट्रानेट साइट का भी ग्रेड बढ़ाया गया है। आईटी

विभाग एक सहयोगपूर्ण कार्य परिवेश को कार्यान्वित करने के लिए इंट्रानेट पोर्टल में सुधार करने की भी प्रक्रिया में है।

IV.7.3 एसएपी-ईआरपी कार्यान्वयन

अंतरालों की पहचान करने और ईआरपी अनुप्रयोग की उपयोगिता को आगे और बढ़ाने के लिए भी ईआरपी अनुप्रयोग के लिए एक विस्तृत अंतराल विश्लेषण संचालित किया गया। इस गतिविधि के अतिरिक्त, इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्य भी किये गयेः

क) खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से नये एएमसी विक्रेता का चयन

ख) परिदृश्य में गुणवत्ता प्रणाली की स्थापना

ग) वर्तमान एसएपी ईआरपी प्रणाली में अंतरालों (फार्म 16 को छोड़कर) का निर्धारण

IV.7.4 अन्य गतिविधियाँ

वर्ष के दौरान विभाग द्वारा पूरी की गई गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं :

क) क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय के बीच संबद्धता की स्थापना।

ख) मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय (एमआरओ) के लिए नेटवर्किंग की स्थापना।

ग) नकली ई-मेल प्रेषण (ई-मेल स्पूफिंग) को रोकने के लिए संदेश प्रणाली का कठोरीकरण।

घ) एकीकृत आशंका प्रबंध प्रणाली का ग्रेड बढ़ाना।

ङ) सशक्त निगरानी के लिए ऐन्टी-वाइरस प्रणाली का ग्रेड बढ़ाना।

च) महत्वपूर्ण डेटाबेसों के लिए परोक्ष (ऑफ़-साइट) सहायक व्यवस्थाओं (बैक-अपों) का कार्यान्वयन।

IV.8 लेखा

IV.8.1 वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए प्राधिकरण के लेखे भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) को प्रस्तुत किये गये हैं। आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 17 के उपबंधों के अनुसरण में लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के साथ लेखा-परीक्षित लेखे संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किये जाने के लिए भारत सरकार को प्रेषित करना अपेक्षित है।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए लेखा-परीक्षित लेखे लोकसभा के समक्ष 18 दिसंबर 2015 को तथा राज्यसभा के समक्ष 15 दिसंबर 2015 को प्रस्तुत किये गये।

IV.9 आईआरडीएआई जर्नल

IV.9.1 उद्योग के विभिन्न हितधारकों और पर्यवेक्षकों के बीच सूचना के अबाधित प्रसार के लिए एक पारदर्शी माध्यम के रूप में आईआरडीएआई 2002 से प्रति माह आईआरडीएआई जर्नल का प्रकाशन कर रहा है। यह जर्नल अपनी शक्ति उन विशेषज्ञों से प्राप्त करती है जिन्होंने समय-समय पर इसमें अपनी रचनाएँ देकर सहयोग किया है। आईआरडीएआई जर्नल के लिए आलेख सामान्यतः बीमा के क्षेत्र के सुविज्ञ व्यक्तियों और विशेषज्ञों द्वारा लिखे जाते हैं। आईआरडीएआई जर्नल अपने पाठकगण के लिए बीमा से संबंधित सूचना और समाचारों का संग्रहण, प्रसंस्करण और प्रसार करने का प्रयास करता है तथा अपने पाठकों के लिए मूल्यवान रचनाएँ प्रकाशित करना इसका उद्देश्य है।

जर्नल में जीवन, गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमा के संबंध में प्रकाशित सांख्यिकीय सूचना शिक्षाविदों एवं नीति-निर्धारकों के लिए आगे और विश्लेषण करने में सहायक होती है।

जर्नल के पाठकों की संख्या क्रमशः बढ़ रही है तथा कई नये लेखक इस जर्नल के लिए लिखने में काफी रुचि दर्शा रहे हैं। यह देशी और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के सूचनाप्रद विषयों पर विभिन्न अभिमतों के

लिए एक अच्छे स्रोत के रूप में परिणत हुआ है। जर्नल की वेब प्रति लगातार सूचना का स्रोत बनी हुई है तथा यह विभिन्न हितधारकों के लिए अनेक सामयिक विषयों को समाविष्ट करती है।

IV.9.2 मासिक जर्नल का प्रत्येक अंक उद्योग के लिए संगत एक प्रासंगिक विषय पर केन्द्रित है। वर्ष 2015-16 के दौरान जर्नल ने स्वास्थ्य बीमा, ग्राहक सेवा, बीमा उद्योग में शिकायतों पर कार्रवाई, फसल बीमा, बीमा उद्योग में मध्यवर्तियों की भूमिका, बीमा उद्योग में सीएसआर गतिविधियाँ, आदि विभिन्न विषयों को ग्रहण किया है। किसी विशिष्ट क्षेत्र में विचारों और धारणाओं के एक व्यापकतम दायरे को समाविष्ट करने के अतिरिक्त, इस प्रथा ने विभिन्न अंशदाताओं के आलेखों को शामिल करने में समर्थ बनाया है तथा इसके द्वारा जर्नल में बौद्धिक विषय-वस्तु के दायरे को विस्तृत कर दिया है।

अपने प्रारंभ से ही, मार्च 2016 तक जर्नल को बाह्य व्यक्तियों ने सँभाला है तथा पहली बार प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से यह कार्य आंतरिक संपादक को सौंपने का निर्णय किया है। जर्नल के प्रकाशन की आवधिकता अब मासिक से तिमाही के रूप में परिवर्तित की गई है तथा जर्नल का पहला तिमाही अंक अप्रैल-जून 2016 है।

IV.10 आभार-प्रदर्शन

IV.10.1 आईआरडीएआई बोर्ड के सदस्यों, बीमा सलाहकार समिति के सदस्यों, पुनर्बीमा सलाहकार समिति, वित्तीय सेवाएँ विभाग (वित्त मंत्रालय), परामर्शदात्री समिति के सदस्यों, सभी बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों को अपने समुचित कार्यसंचालन में उनके अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए; तथा आईआरडीएआई के अधिकारियों और कर्मचारियों की सुसंबद्ध टीम को उनके कर्तव्यों के कुशल निर्वहण के लिए अपनी सराहना और हार्दिक कृतज्ञता को अभिलेखबद्ध करना चाहता है। प्राधिकरण अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) सहित, जनसाधारण के सदस्यों, प्रेस, सभी व्यावसायिक निकायों और अपनी परिषदों के माध्यम से बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को भी समय-समय पर दिये गये उनके मूल्यवान सहयोग के लिए अपने विशेष आभार अभिलिखित करता है।

विवरण

विवरण 1

बीमा व्यापन की अंतरराष्ट्रीय तुलना*

(प्रतिशत में)

देश	2014**			2015**		
	कुल	जीवन	गैर-जीवन	कुल	जीवन	गैर-जीवन
आस्ट्रेलिया	6.0	3.8	2.2	5.7	3.5	2.2
ब्राजील	3.9	2.1	1.9	3.9	2.1	1.8
फ्रांस	9.1	5.9	3.1	9.3	6.2	3.1
जर्मनी	6.5	3.1	3.4	6.2	2.9	3.4
रूस	1.4	0.2	1.2	1.4	0.2	1.2
दक्षिण अफ्रीका	14.0	11.4	2.7	14.7	12.0	2.7
स्विट्जरलैंड	9.2	5.1	4.1	9.2	5.1	4.1
युनाइटेड किंगडम	10.6	8.0	2.6	10.0	7.5	2.4
संयुक्त राज्य अमेरिका	7.3	3.0	4.3	7.3	3.1	4.2
एशियाई देश						
हांगकांग	14.2	12.7	1.4	14.8	13.3	1.5
भारत	**3.3**	**2.6**	**0.7**	**3.4**	**2.7**	**0.7**
जापान	10.8	8.4	2.4	10.8	8.3	2.6
मलेशिया	4.8	3.1	1.7	5.1	3.4	1.7
पाकिस्तान	0.8	0.5	0.3	0.8	0.5	0.3
पीआर चीन	3.2	1.7	1.5	3.6	2.0	1.6
सिंगापुर	6.7	5.0	1.6	7.3	5.6	1.7
दक्षिण कोरिया	11.3	7.2	4.1	11.4	7.3	4.1
श्रीलंका	1.1	0.5	0.7	1.2	0.5	0.7
ताइवान	18.9	15.6	3.3	19.0	15.7	3.2
थाईलैंड	5.8	3.6	2.2	5.5	3.7	1.8
विश्व	**6.2**	**3.4**	**2.7**	**6.2**	**3.5**	**2.8**

स्रोत: स्विस आरई, सिगमा खंड 4/2015 और 3/2016.
** बीमा व्यापन का मापन जीडीपी (अमेरिकी डॉलर में) की तुलना में प्रीमियम (अमेरिकी डॉलर में) के अनुपात के रूप में किया जाता है।*
*** डेटा कैलेंडर वर्ष 2014 और 2015 से संबंधित है।*
डेटा वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 से संबंधित है।

विवरण 2

बीमा सघनता की अंतरराष्ट्रीय तुलना*

(अमेरिकी डॉलर में)

देश	2014**			2015**		
	कुल	जीवन	गैर-जीवन	कुल	जीवन	गैर-जीवन
आस्ट्रेलिया	3736	2382	1354	2958	1830	1128
ब्राजील	422	222	200	332	178	154
फ्रांस	3902	2552	1350	3392	2263	1129
जर्मनी	3054	1437	1617	2563	1181	1381
रूस	181	20	161	117	15	102
दक्षिण अफ्रीका	925	748	176	843	688	155
स्विट्जरलैंड	7934	4391	3542	7370	4079	3292
युनाइटेड किंगडम	4823	3638	1185	4359	3292	1067
संयुक्त राज्य अमेरिका	4017	1657	2360	4096	1719	2377
एशियाई देश						
हांगकांग	5647	5071	575	6271	5655	616
भारत	**55**	**44**	**11**	**55**	**43**	**12**
जापान	3778	2926	852	3554	2717	837
मलेशिया	524	338	186	472	316	157
पाकिस्तान	11	7	4	12	8	4
पीआर चीन	235	127	109	281	153	128
सिंगापुर	3759	2840	919	3825	2932	894
दक्षिण कोरिया	3163	2014	1149	3034	1940	1094
श्रीलंका	40	17	23	43	19	25
ताइवान	4072	3371	701	4094	3397	698
थाईलैंड	323	198	125	319	215	104
विश्व	**662**	**368**	**294**	**621**	**346**	**276**

स्रोत: स्विस आरई, सिगमा खंड 4/2015 और 3/2016
** बीमा सघनता का मापन कुल जनसंख्या की तुलना में प्रीमियम (अमेरिकी डॉलर में) के अनुपात के रूप में किया जाता है।*
*** डेटा कैलेंडर वर्ष 2014 और 2015 से संबंधित है।*
डेटा वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 से संबंधित है।

विवरण 3

प्रथम वर्ष जीवन बीमा प्रीमियम (एकल प्रीमियम सहित)

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
एइगॉन लाइफ	--	--	--	--	--	--	--	--	31.21	150.37	274.87	207.65	135.90	147.22	207.50	136.33
अवीवा	--	--	13.47	76.96	192.29	407.12	721.35	1053.98	724.56	798.37	745.39	801.86	687.40	593.76	556.89	320.80
बजाज अलायंज़	--	7.14	63.39	179.55	857.45	2716.77	4302.74	6674.48	4491.43	4451.10	3465.82	2717.31	2987.90	2592.03	2702.10	2884.52
भारती अक्सा	--	--	--	--	--	--	7.78	113.24	292.93	437.43	347.78	224.59	248.92	375.61	474.20	539.49
बिड़ला सनलाइफ	0.32	28.11	129.57	449.86	621.31	678.12	882.72	1965.01	2820.85	2960.01	2080.30	1926.17	1836.51	1697.49	1937.94	2220.31
केनरा एचएसबीसी	--	--	--	--	--	--	--	--	296.41	622.62	817.29	687.10	606.72	608.07	476.98	859.18
डीएचएफएल प्रामेरिका	--	--	--	--	--	--	--	--	3.37	37.38	74.15	103.16	140.01	172.95	579.59	727.02
एडेलवेइस टोकियो	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	10.88	47.33	80.72	122.42	183.59
एक्साइड लाइफ	--	4.19	17.66	72.10	282.42	283.98	467.66	704.44	688.95	642.43	660.49	638.14	638.20	567.81	644.75	632.85
फ्यूचर जनराली	--	--	--	--	--	--	--	2.49	149.97	486.08	448.61	345.03	240.43	224.90	252.41	255.59
एचडीएफसी स्टैंडर्ड	0.002	32.78	129.31	209.33	486.15	1042.65	1648.85	2685.37	2651.11	3257.51	4059.33	3857.47	4436.07	4038.93	5492.10	6487.22
आईसीआईसीआई प्रुडेन्शियल	5.97	113.33	364.11	750.84	1584.34	2602.50	5162.13	8034.75	6811.83	6333.92	7862.14	4441.09	4808.62	3759.59	5332.13	6765.75
आईडीबीआई फेडरल	--	--	--	--	--	--	--	11.90	316.78	400.56	444.95	311.01	345.14	315.69	484.50	588.40
इंडियाफर्स्ट	--	--	--	--	--	--	--	--	--	201.59	704.77	982.31	1316.42	1681.36	1538.67	1478.10
कोटक महिन्द्रा	--	7.58	35.21	125.51	373.99	396.06	614.94	1106.62	1343.03	1333.98	1253.14	1164.27	1188.10	1271.81	1540.18	2209.66
मैक्स लाइफ	0.16	38.80	67.31	137.28	233.63	471.36	912.11	1597.83	1842.91	1849.08	2061.39	1901.72	1899.34	2261.60	2572.60	2881.71
पीएनबी मेटलाइफ	--	0.48	7.70	23.41	57.52	148.53	340.44	825.35	1144.70	1061.85	706.22	1076.97	840.08	675.89	829.06	1003.17
रिलायंस निप्पोन	--	0.28	6.32	27.21	91.33	193.56	932.11	2751.05	3513.98	3920.78	3034.94	1809.29	1376.57	1933.99	2069.69	1558.33
सहारा	--	--	--	--	1.74	26.34	43.00	122.12	134.01	124.83	91.83	71.14	61.43	65.09	38.44	43.43
एसबीआई लाइफ	--	14.69	71.88	207.05	484.85	827.82	2563.84	4792.82	5386.64	7040.74	7589.58	6531.32	5182.88	5065.48	5529.16	7106.58
श्रीराम लाइफ	--	--	--	--	--	10.33	181.17	309.99	314.47	419.50	571.99	390.99	420.65	389.83	498.52	693.79
स्टार यूनियन दाई-ईची	--	--	--	--	--	--	--	--	50.19	519.87	758.69	964.77	744.80	562.85	629.93	654.19
टाटा एआईए	--	21.14	59.77	181.59	297.55	464.53	644.82	964.51	1142.67	1322.01	1332.21	939.55	560.16	433.76	312.05	740.79
निजी कुल	**6.45**	**268.51**	**965.69**	**2440.71**	**5564.57**	**10269.67**	**19425.65**	**33715.95**	**34152.00**	**38372.01**	**39385.84**	**32103.78**	**30749.58**	**29516.43**	**34821.81**	**40970.80**
		(4061.70)	**(259.65)**	**(152.74)**	**(127.99)**	**(84.55)**	**(89.16)**	**(73.56)**	**(1.29)**	**(12.36)**	**(2.64)**	**(-18.49)**	**(-4.22)**	**(-4.01)**	**(17.97)**	**(17.66)**
एलआईसी	9700.98	19588.77	15976.76	17347.62	20653.06	28515.87	56223.56	59996.57	53179.08	71521.90	87012.35	81862.25	76611.50	90808.79	78507.72	97891.5096
		(101.93)	(-18.44)	(8.58)	(19.05)	(38.07)	(97.17)	(6.71)	(-11.36)	(34.49)	(21.66)	(-5.92)	(-6.41)	(18.53)	(-13.55)	(24.69)
उद्योग कुल	**9707.43**	**19857.28**	**16942.45**	**19788.32**	**26217.64**	**38785.54**	**75649.21**	**93712.52**	**87331.08**	**109893.91**	**126398.18**	**113966.03**	**107361.08**	**120325.22**	**113329.52**	**138862.31**
		(104.56)	**(-14.68)**	**(16.80)**	**(32.49)**	**(47.94)**	**(95.04)**	**(23.88)**	**(-6.81)**	**(25.84)**	**(15.02)**	**(-9.84)**	**(-5.80)**	**(12.08)**	**(-5.82)**	**(22.53)**

टिप्पणी: 1) कोष्ठक में आंकड़े प्रतिशत में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्शाते हैं।
2) -- द्योतित करता है कि व्यवसाय प्रारंभ नहीं किया गया है।
3) पिछले वर्ष के आंकड़े बीमाकर्ताओं द्वारा संशोधित किये गये हैं।

विवरण 4

कुल जीवन बीमा प्रीमियम

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
एइगॉन लाइफ	--	--	--	--	--	--	--	--	31.21	165.65	388.61	457.32	430.50	453.00	559.20	501.60
अवीवा	--	--	13.47	81.50	253.42	600.27	1147.23	1891.88	1992.87	2378.01	2345.17	2415.87	2140.67	1878.10	1796.25	1493.15
बजाज अलायंज़	--	7.14	69.17	220.80	1001.68	3133.58	5345.24	9725.31	10624.52	11419.71	9609.95	7483.80	6892.70	5843.14	6017.30	5897.31
भारती अक्सा	--	--	--	--	--	--	7.78	118.41	360.41	669.73	792.02	774.16	744.52	872.65	1053.32	1208.33
बिड़ला सनलाइफ	0.32	28.26	143.92	537.54	915.47	1259.68	1776.71	3272.19	4571.80	5505.66	5677.07	5885.36	5216.30	4833.05	5233.22	5579.71
केनरा एचएसबीसी	--	--	--	--	--	--	--	--	296.41	842.45	1531.86	1861.08	1912.15	1823.42	1657.02	2059.96
डीएचएफएल प्रामेरिका	--	--	--	--	--	--	--	--	3.37	38.44	95.04	167.01	236.79	305.86	735.10	920.21
एडेलवेइस टोकियो	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	10.88	54.83	110.90	193.08	310.07
एक्साइड लाइफ	--	4.19	21.16	88.51	338.86	425.38	707.20	1158.87	1442.28	1642.65	1708.95	1679.98	1742.36	1830.67	2027.48	2046.99
फ्यूचर जनराली	--	--	--	--	--	--	--	2.49	152.60	541.51	726.16	779.58	678.29	634.16	604.25	592.50
एचडीएफसी स्टैंडर्ड	0.002	33.46	148.83	297.76	686.63	1569.91	2855.87	4858.56	5564.69	7005.10	9004.17	10202.40	11322.68	12062.90	14829.90	16312.98
आईसीआईसीआई प्रुडेन्शियल	5.97	116.38	417.62	989.28	2363.82	4261.05	7912.99	13561.06	15356.22	16528.75	17880.63	14021.58	13538.24	12428.65	15306.62	19164.39
आईडीबीआई फेडरल	--	--	--	--	--	--	--	11.90	318.97	571.12	811.00	736.70	804.68	826.25	1069.62	1239.67
इंडियाफर्स्ट	--	--	--	--	--	--	--	--	--	201.60	798.43	1297.93	1690.08	2143.36	2034.11	1967.40
कोटक महिन्द्रा	--	7.58	40.32	150.72	466.16	621.85	971.51	1691.14	2343.19	2868.05	2975.51	2937.43	2777.78	2700.79	3038.05	3971.68
मैक्स लाइफ	0.16	38.95	96.59	215.25	413.43	788.13	1500.28	2714.60	3857.26	4860.54	5812.63	6390.53	6638.70	7278.54	8171.62	9216.16
पीएनबी मेटलाइफ	--	0.48	7.91	28.73	81.53	205.99	492.71	1159.54	1996.64	2536.01	2508.17	2677.50	2429.52	2240.59	2461.19	2827.83
रिलायंस निप्पोन	--	0.28	6.47	31.06	106.55	224.21	1004.66	3225.44	4932.54	6604.90	6571.15	5497.62	4045.39	4283.40	4621.08	4398.12
सहारा	--	--	--	--	1.74	27.66	51.00	143.49	206.47	250.59	243.41	225.95	205.38	204.63	166.86	157.05
एसबीआई लाइफ	--	14.69	72.39	225.67	601.18	1075.32	2928.49	5622.14	7212.10	10104.03	12945.29	13133.74	10450.03	10738.60	12867.11	15825.36
श्रीराम लाइफ	--	--	--	--	--	10.33	184.16	358.05	436.17	611.27	821.52	644.16	618.07	594.24	734.66	1022.11
स्टार यूनियन दाई-ईची	--	--	--	--	--	--	--	--	50.19	530.37	933.31	1271.95	1068.80	948.75	1134.68	1307.47
टाटा एआईए	--	21.14	81.21	253.53	497.04	880.19	1367.18	2046.35	2747.50	3493.78	3985.22	3630.30	2760.43	2323.70	2122.66	2478.96
